अध्ययन क्षेत्र में नलकूपों की संख्या 72.44 प्रतिशत है। क्षेत्र में सबसे ज्यादा नलकूपों की संख्या कबीरधाम जिले में है। यहाँ नलकूपों की संख्या 99.47 प्रतिशत है। दूसरे क्रम में नारायणपुर 97.07 व बेमेतरा 97.06, तथा तीसरे क्रम में धमतरी जिला(97 प्रतिशत) का स्थान आता है। यह जिला नदी बेसिन के आस पास के कारण यहां संख्या अधिक है। सबसे कम (3.55 प्रतिशत) नलकूपों की संख्या जशपुर तथा बलरामपुर जिला में (9.18 प्रतिशत) है। यह उत्तरी पहाड़ी पठारी क्षेत्र एवं पाट प्रदेश होने के कारण नलकूपों की संख्या कम है। अध्ययन क्षेत्र के गरियाबंद जिला में नलकूपों की संख्या 90.15 प्रतिशत, रायपुर जिला में 90.19, कोंडागांव में 91.80 प्रतिशत, दुर्ग जिले में 92.22 दंतेवाड़ा में 93.82, महासमुंद में 94.99 ,बालोद में 94.84 तथा कांकेर में 95.43 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र के शेष जिलों में नलकूपों की संख्या बहुत ही कम है। यहां नलकूपों की संख्या 22.54 से लेकर 88.19 प्रतिशत तक है। इसके अंतर्गत गौरेला पेंड्रामरवाही 22.54 कोरबा 22.95, सूरजपुर 30.02 ,सरगुजा 34.36 बीजापुर 46.46, सुकमा 62.61 प्रतिशत है। बस्तर जिला में 74.50 प्रतिशत, बिलासपुर 78.23, जांजगीर 62.98 रायगढ़ 64.46 एवं मुंगेली 88.19 प्रतिशत हैं।

अध्ययन क्षेत्र में नलकूपों द्वारा सबसे अधिक सिंचित क्षेत्र के अंतर्गत जिलों में क्रमश: नारायणपुर 100 प्रतिशत दंतेवाड़ा 97.81 कांकेर 95.59 तथा बेमेतरा 93.51 एवं कबीरधाम 81.03 सुकमा 79.25, महासमुंद (71.35 प्रतिशत) का स्थान आता है। इन जिलों में सिंचाई की अन्य सुविधाओं की कमी के कारण नलकूपों का द्वारा सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत अधिक है।

अध्ययन क्षेत्र में तालाबों की संख्या एवं सिंचित क्षेत्र वितरण प्रतिरूप – देश में तालाबों द्वारा सिंचाई मुख्यत: दक्षिणी प्रायद्वीप के पूर्वी भाग में अधिक लोकप्रिय है जहां की धरातलीय उच्चावच कठोर उबड़-खाबड़ निचले पठारी भागों में मौसमी नदियों को बांधकर या ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर सिंचाई की स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए खुदाई कर तालाब बनवाया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के दक्षिणी क्षेत्रों में विशेष कर सिंचाई के लिए उपयोग में आने वाले तालाबों की संख्या अधिक है। अध्ययन क्षेत्र में तालाबो द्वारा सिंचित क्षेत्र 2,710.6 हेक्टेयर है। यह कुल सिंचित क्षेत्र का 1.30 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र में सिंचाई के लिए उपयोग में आने वाले तालाबों की संख्या 5.31 प्रतिशत है। प्रदेश में तालाबों की संख्या सबसे ज्यादा बीजापुर जिले में 46.35 प्रतिशत है। यह तालाबों की अधिकता के कारण तालाबो द्वारा सिंचिंत क्षेत्र प्रतिशत सबसे अधिक है 96.53 प्रतिशत क्षेत्र तालबों से सिंचित होता है। दूसरे स्थान पर सबसे अधिक तालाबों की संख्या सुकमा 35.95 प्रतिशत तथा तीसरे स्थान पर जांजगीर चांपा 25.27 एवं कोरबा मे संख्या 24.20 प्रतिशत है। सबसे कम तालाबों की संख्या कबीरधाम जिले में है। यहां तालाबों की संख्या शून्य है। राज्य के कबीरधाम, नारायणपुर मुंगेली,जिलों में तालाबो द्वारा सिंचित क्षेत्र प्रतिशत शून्य है। धमतरी, दुर्ग, बालोद, नारायणपुर तथा कोंडागांव जिले में तालाबों की संख्या एक प्रतिशत से भी कम है। इन जिलों में तालाबों की संख्या कम होने की कारण सिंचाई के लिए अन्य साधनों का उपयोग किया जाता है।

सारणी क्र. 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

अध्ययन क्षेत्र मे कुओं की सख्या एवं सिंचाई वितरण प्रतिरूप – कुआं धरातल में एक छोटा छिद्र है जिसमें से सिंचाई और पीने के लिए भौम जल निकाला जाता है। यह एक सस्ता ,भरोसेमंद और लोकप्रिय सिंचाई का साधन है। कुआं उन क्षेत्रों में लोकप्रिय है जहां पर्याप्त भौम जल उपलब्ध है और जल स्तर की गहराई 15 मीटर से अधिक नहीं पाई जाती है।

भारत में सबसे अधिक कुएं पंजाब से बिहार तक गंगा के मैदान में पाए जाते हैं। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र ,मध्यप्रदेश, तमिलनाडु , आंध्रप्रदेश एवं कर्नाटक में इनका भरपूर वितरण पाया जाता है। अध्ययन क्षेत्र में कुएँ के जल का उपयोग सिंचाई हेतु किया जाता है। कुएँ के द्वारा सिंचित क्षेत्र 13,755 हेक्टेयर है। यह कुल सिंचित क्षेत्र का 0.67 प्रतिशत है। तालाबों की ही भांति कुओं द्वारा सिंचाई में कई कठिनाइयां हैं उनकी निर्भरता भौम जल संसाधन पर है जिसका वितरण पूरे देश में एक सा नहीं है। अध्ययन क्षेत्र के उत्तरी एवं दक्षिणी पहाड़ी पठारी क्षेत्रों में कुआं खोदना अपेक्षाकृत कठिन है। भौम जल के अधिक दोहन और गिरते जल स्तर के कारण प्रथम संस्तर से जल अधिग्रहण करने वाले अधिकांश कुएँ

सुख जा रहे हैं। भौम जल के अंधाधुन्ध अनियोजित निकासी से आगे आने वाले दिनों में भयंकर जल संकट की संभावना है ।

अध्ययन क्षेत्र में सिंचाई के लिए उपयोग में आने वाले कुओं की संख्या 21.83 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र में सबसे अधिक कुओं की संख्या जशपुर जिले में 91.05 प्रतिशत प्रथम स्थान पर है। द्वितीय स्थान बलरामपुर जिला 85.83 प्रतिशत तृतीय स्थान सूरजपुर जिला जहां संख्या 66.57% है। अर्थात राज्य के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में कुओं की अधिकता है। अध्ययन क्षेत्र के कबीरधाम जिला में कुओं की संख्या सबसे कम 0.11 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र में जहां सिंचाई के लिए उपयोग में आने वाले कुओं की संख्या अत्यंत कम है, उनमें नारायणपुर जिला 0.73 कांकेर 0.76 सुकमा 0.87 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र के शेष जिलों में कुओं की संख्या का प्रतिशत 1.39 से लेकर 51.92 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र में कुओं से सबसे अधिक सिंचित जिला जशपुर है। यहां कुओं से 15.76 प्रतिशत क्षेत्र सिंचित होता है। इसके बाद सूरजपुर 14.21, बलरामपुर 12.87, कोरबा 7.24, सरगुजा 6.29, एवं गोरेल्ला पेंडरा – मरवाही का 5.19 प्रतिशत क्षेत्र कुओं द्वारा संचित होता है। अत: राज्य के उत्तरी– पूर्वी क्षेत्र में कुओं की अधिकता के कारण सिंचित क्षेत्र प्रतिशत अधिक है। राज्य के अधिकांशत: जिलों में कुओं द्वारा सिंचित क्षेत्र 1% से भी कम है ।

जलाशयों की संख्या एवं वितरण प्रतिरूप – अध्ययन क्षेत्र में जलाशयों द्वारा सिंचित क्षेत्र 1,008 हेक्टेयर है। यह कुल सिंचित क्षेत्र का 0.4 है। अध्ययन क्षेत्र में जलाशयों की संख्या 0.21 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र के कोरिया जिले में इनकी संख्या सबसे अधिक 0.89 प्रतिशत है। इसके बाद नारायणपुर 0.73 राजनांदगांव तथा गरियाबंद 0.43 एवं रायगढ़ 0.42 प्रतिशत है। अध्ययन क्षेत्र के दंतेवाड़ा सुकमा, बीजापुर आदि क्षेत्रों में जलाशयों की कमी है। अध्ययन क्षेत्र में सिंचाई एवं उद्योग आदि के लिए वृहत स्तर पर जलाशयों का निर्माण किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र में प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं – प्रदेश में कृषि एवं उद्योग क्षेत्र को निरंतर जल उपलब्ध कराने की उद्देश्य से क्षमता आधार पर विभिन्न सिंचाई परियोजनाएं स्थापित की गई है। प्रदेश में सर्वप्रथम सिंचाई परियोजना महानदी एवं धमतरी जिले में स्थापित किया गया था। प्रदेश में सिंचाई के लिए तीन (वृहद मध्यम और लघु) परियोजनाएं हैं।

छत्तीसगढ़ में स्थापित 8 प्रमुख वृहद सिंचाई परियोजनाएं हैं। तांदुला परियोजना बालोद जिला में तांदुला नदी पर, संजय गांधी (खारंग) परियोजना अध्ययन क्षेत्र के रतनपुर, बिलासपुर जिला के खारंग नदी पर ,राजीव गांधी (मनियारी) परियोजना खुडिया, मुंगेली जिला में मनियारी नदी पर, मिनीमाता (हसदो बांगो) परियोजना कोरबा जिला में हसदो नदी पर, सिकासर परियोजना गरियाबंद जिला में पैरी नदी पर, जोक व्यपवर्तन परियोजना महासमुंद जिला में जोक नदी पर, वीरनारायण सिंह (कोडार) परियोजना महासमुंद जिला में कोडार नदी पर, पंडित रविशंकर (महानदी) परियोजना धमतरी जिला में महानदी पर परियोजनाएं स्थापित है।

इसके अतिरिक्त अध्ययन क्षेत्र में निर्माणाधीन 4 वृहद सिंचाई परियोजनाएं भी सम्मिलित है। इन परियोजनाओं में सोढूर धमतरी जिला में सोढूर नदी पर, अरपा भैंसाझार कोटा, बिलासपुर जिला में अरपा नदी पर, समोदा व्यपवर्तन परियोजना रायपुर जिले में महानदी पर, दिलीप सिंह जूदेव (केलो) परियोजना रायगढ़ जिला में केलो नदी पर निर्माणाधीन है। महानदी सिंचाई परियोजना की कुल सिंचाई क्षमता 2.64 लाख हेक्टेयर, मिनीमाता हसदो बांगो परियोजना, कोरबा की सिंचाई क्षमता 4,20,580 हेक्टेयर , राजीव गांधी कुड़िया परियोजना मुंगेली की सिंचाई क्षमता 11515 हैकटेयर, संजय गांधी खारंग परियोजना बिलासपुर की सिंचाई क्षमता 8300 हैकटेयर तथा इसी तरह स्वर्ग की दिलीप शिव जयदेव खेलो परियोजना रायगढ़ की सिंचाई क्षमता 22810 हेक्टेयर है। अध्ययन क्षेत्र में बृहद स्तर पर सिंचाई परियोजनाएं निर्मित होने के बावजूद भी सिंचाई के लिए पर्याप्त नहरो की व्यवस्था नहीं हो पाया है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – अध्ययन क्षेत्र में ऊसर एव कृषि के अयोग्य भूमि है जो अनुपयोगी पथरीली दलदली व उबड – खाबड है को कृषि योग्य भूमि में परिवर्तित किया जा सकता है। दलदलीय भूमि में वन रोपण कर भूमि को उपयोगी बनाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त असमतल भूमि को समतल कर कृषि योग्य भूमि में परिवर्तित किया जा सकता है। असमतल व पहाड़ी– पठारी भूमि में काजू आदि फलोद्यान की कृषि का विकास कर धीरे–धीरे भूमि को फसली क्षेत्र के अंतर्गत सम्मिलित कर सकते हैं। भूस्वामित्व संबंधी बटवारा प्रथा को समाप्त कर भूमि को कृषि योग्य बनाया जा सकता है। पड़ती भूमि में रासायनिक उर्वरकों एवं देशी गोबर खाद का उपयोग कर फसलों के निराक्षेत्र प्रतिशत में वृद्धि की जा सकती है। चरागाह एवं घास के क्षेत्र जो जनसंख्या वृद्धि के कारण मानव अधिवास के रूप में परिवर्तित हो रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण कर रोका जा सकता है। जिससे पशुओं के जीवन–यापन के लिए वे क्षेत्र उपयुक्त बने रह सकते हैं और पशु भी वातावरण के अनुकूल रह सकते हैं। सरकार द्वारा क्षेत्र में किसानों को नलकूप संचालन हेतु सस्ते दामों पर एवं समुचित मात्रा में बिजली, पेट्रोल, डीजल की उपलब्धि कराकर कृषि भूमि उपयोग प्रतिरूप में परिवर्तन लाया जा सकता है। फसलों के निराक्षेत्रफल प्रतिशत में वृद्धि की जा सकती है। अध्ययन क्षेत्र में बृहद स्तर पर सिंचाई परियोजनाएं निर्मित होने के बावजूद भी सिंचाई के लिए पर्याप्त नहरों का विकास नहीं हो पाया है। इसके अतिरिक्त कुछ क्षेत्र में अत्यधिक सिंचाई जलग्नता और लवणता की समस्याएं भी पैदा कर रही है। इसके लिए भूमि में आवश्यक दवावों का छिड़काव कर इस समस्या का निराकरण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध तालाबों एवं बांधों का पांच–छ: वर्षों के नियमित अन्तराल पर गहरीकरण करवाना आवश्यक है। इससे सिंचित क्षेत्र प्रतिशत में वृद्धि किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. कृषि सांख्यिकी सारणी, कार्यालय आयुक्त भू– अभिलेख, छत्तीसगढ़ ,रायपुर, वर्ष, 2020–22.
2. गौतम, अलका, 2019, कृषि भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, यूनिवर्सिटी रोड इलाहाबाद, पृष्ठ क्रमांक 119,148.
3. गौतम शिवानंद, संसाधन और पर्यावरण, भारत का भूगोल तथा प्रयोगात्मक भूगोल, रामप्रसाद एण्ड संस आगरा पृष्ठ क्र. 315–318
4. तिवारी, आर. सी., 2019, भारत का भूगोल ,प्रवालिका पब्लिकेशंस इलाहाबाद, पृष्ठ क्रमांक 167 से 171
5. तिवारी, विजय कुमार, 2004, छत्तीसगढ़ एक भौगोलिक अध्ययन, हिमालया पब्लिशिंग हाउस, मुंबई पृष्ठ क्रमांक, 85
6. पाण्डेय, जे.एन. , 2018 कृषि भूगोल, वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर, पृष्ठ क्र. 155, 159

सारणी क्र. 1: छत्तीसगढ़ राज्य : भूमि उपयोग प्रतिरुप 2020 से 2022

क्र.	भूमि उपयोग	2019-20		2020-21		2021-22		औसत	
		क्षेत्रफल हे.	प्रतिशत	क्षेत्रफल हे.	प्रतिशत	क्षेत्रफल हे.	प्रतिशत	क्षेत्रफल हे.	पृष्ठ के कुल क्षेत्र का प्रतिशत
1	वन क्षेत्रफल	44,07,093	37.07	47,11,443	38.66	47,57,065	38.87	46,25,200	38.21
2	कृषि के लिए जो भूमि अयोग्य है	10,37,468	8.72	10,38,624	8.52	10,38,114	8.48	10,38,069	8.57
(क)	गैर कृषि भूमि	7,50,203	6.31	7,51,095	6.16	7,43,920	6.07	7,48,406	6.18
(ख)	ऊसर भूमि	2,87,265	2.41	2,87,529	2.36	2,94,194	2.41	2,89,663	2.39
3	अकृषि भूमि जिसमें पड़ती सम्मिलित नही है।	12,62,248	10.62	1,258,599	10.32	12,78,334	10.44	12,66,393	10.47
(क)	चरागाह व घास का मैदान	8,93,044	7.51	8,95,107	7.34	8,92,817	7.30	8,93,656	7.39
(ख)	झाड़ियों के झुण्ड तथा बाग	2,745	0.02	2,828	0.02	2,544	0.02	2,706	0.02
(ग)	कृषि योग्य बेकार भूमि	3,66,459	3.08	3,60,664	2.96	3,82,973	3.12	3,70,032	3.06
4	पड़ती भूमि	5,46,517	4.60	5,55,502	4.56	5,35,429	4.38	5,45,816	4.51
5	फसल का निराक्षेत्र फल	46,35,340	38.99	46,22,725	37.94	46,30,966	37.83	46,29,677	38.24
	योग :-	1,18,88,666	100	1,21,86,893	100	1,22,39,908	100	1,21,05,155	100

स्त्रोत:-कृषि सांख्यिकी ,आयुक्त भू-अभिलेख, रायपुर (छ.ग.)

सारणी क्र. 02: छत्तीसगढ़ राज्य : जिलेवार भूमि उपयोग प्रतिरुप वर्ष 2020-22 प्रतिशत

क्र.	जिलाका नाम	राजस्व वन	वन क्षेत्र	ऊसर व गैर मुमकिन भूमि	कृषि के लिए जो भूमि उपलब्ध नहीं है	कृषि योग्य पड़ती भूमि	मुस्तकील व दीगर चारागाह	झाड़ियों के झुण्ड तथा बाग	पड़ती भूमि	फसल का निरा क्षेत्रफल
1	रायपुर	0.56	0.43	0.12	17.04	7.27	12.66	0.02	5.68	56.62
2	बलौदाबाजार	3.27	23.15	2.59	6.60	2.15	7.74	0.00	2.99	51.51
3	गरियाबंद	15.37	45.77	0.68	3.90	0.97	5.24	0.00	1.69	28.38
4	महासमुन्द	6.24	22.16	1.21	7.51	1.05	6.18	0.00	3.01	52.64
5	धमतरी	3.75	48.02	0.37	7.32	0.69	4.00	0.00	1.16	34.69
6	दुर्ग	0.00	0.00	2.00	15.53	4.84	8.41	0.04	5.11	64.07
7	बालोद	9.79	20.36	1.29	8.95	2.31	3.80	0.01	2.53	51.09
8	बेमेतरा	0.00	0	0.00	8.73	1.44	8.24	0.00	2.41	79.18
9	राजनांदगांव	12.12	19.91	2.20	6.37	2.60	6.42	0.03	4.69	46.20
10	कबीरधाम	5.76	35.84	2.24	4.74	0.66	6.52	0.01	2.35	41.88
11	बस्तर	14.23	36.35	3.28	4.34	6.02	4.24	0.22	4.41	26.92
12	कोंडागांव	28.45	39.84	2.54	1.87	1.64	2.28	0.00	1.32	22.06
13	नारायणपुर	1.90	88.17	0.23	0.45	2.00	2.00	0.00	1.61	3.64
14	कांकेर	14.80	28.84	3.00	4.92	5.82	10.43	0.00	3.74	28.45
15	दन्तेवाड़ा	9.66	33.60	8.04	3.57	8.74	1.24	0.00	9.22	25.93
16	सुकमा	24.32	36.31	2.05	1.46	10.36	4.19	0.01	3.74	16.56
17	बीजापुर	47.54	27.22	0.99	2.87	6.31	1.36	0.00	1.32	12.39
18	बिलासपुर	9.93	20.20	0.88	6.70	2.97	10.50	0.01	3.54	45.18
19	गौरेला पेण्ड्रा मरवाही	30.30	30.89	2.30	2.00	1.37	3.17	0.00	3.49	26.48
20	मुंगेली	0.70	40.39	0.93	4.04	0.00	6.41	0.00	1.55	46.82
21	जांजगीर चांपा	2.21	17.72	0.53	7.40	2.68	8.48	0.02	2.49	58.47
22	कोरबा	26.39	39.62	4.33	3.35	2.88	3.58	0.01	2.83	17.01
23	रायगढ़	9.08	22.63	2.20	9.05	1.14	10.28	0.00	6.81	38.81
24	सरगुजा	22.63	25.26	1.02	5.53	0.00	9.30	0.00	6.06	30.20
25	बलरामपुर	12.24	36.73	0.27	4.93	0.00	14.65	0.01	5.26	25.91
26	सूरजपुर	3.06	44.25	0.24	5.70	0.00	10.60	0.00	5.66	30.49
27	कोरिया	7.94	58.77	2.24	4.19	0.00	5.59	0.00	5.31	15.96
28	जशपुर	8.75	26.88	8.14	3.91	1.56	6.53	0.00	6.70	37.53
	योग्य राज्य	**13.13**	**32.40**	**2.08**	**5.27**	**2.71**	**6.33**	**0.39**	**3.41**	**34.28**

स्त्रोत:-कृषि सांख्यिकी ,आयुक्त भू-अभिलेख, छ.ग. रायपुर

सारणी क्र. 4: छत्तीसगढ़ राज्य जिलेवार विभिन्न स्त्रोतों से सिंचित क्षेत्रफल प्रतिशत में

क्र.	जिला का नाम	नहरो से		नलकुपो से		तालाबों से		कुओं से		अन्य स्त्रोतो से		योग
		कुल	निराक्षेत्र	कुल	निराक्षेत्र	कुल	निराक्षेत्र	कुल	निराक्षेत्र	कुल	निराक्षेत्र	
1	रायपुर	72.75	80.18	24.95	17.34	1.27	1.43	0.05	0.05	0.98	0.99	100
2	बलौदाबाजार	66.32	72.97	25.69	19.11	0.86	0.70	0.77	0.77	6.36	6.43	100
3	गरियाबंद	48.45	59.40	48.65	37.25	0.63	0.76	0.15	0.17	2.12	2.42	100
4	महासमुन्द	25.30	34.41	71.35	61.49	1.80	2.00	0.08	0.11	1.47	1.99	100
5	धमतरी	69.95	72.57	28.89	26.21	0.08	0.11	0.42	0.45	0.66	0.66	100
6	दुर्ग	41.34	51.26	56.81	40.15	0.23	0.33	0.07	0.10	1.55	2.15	100
7	बालोद	53.23	70.07	42.72	24.58	2.11	2.79	0.26	0.35	1.68	2.21	100
8	बेमेतरा	5.35	10.55	93.51	87.23	0.84	1.63	0.01	0.01	0.29	0.58	100
9	राजनांदगांव	22.18	29.00	70.67	64.28	1.03	0.93	0.44	0.49	5.68	5.30	100
10	कबीरधाम	18.97	29.89	81.03	70.11	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	100
11	बस्तर	9.01	9.01	53.67	53.67	1.37	1.37	1.33	1.33	34.61	34.62	100
12	कोंडागांव	0.78	0.78	66.52	66.52	1.62	1.63	0.63	0.64	30.42	30.43	100
13	नारायणपुर	0.00	0.00	100.00	100.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	100
14	कांकेर	4.24	6.68	95.59	93.06	0.15	0.25	0.00	0.015	0.00	0.00	100
15	दन्तेवाड़ा	0.00	0.00	97.81	97.81	0.54	0.54	1.65	1.65	0.00	0.00	100
16	सुकमा	0.00	0.00	79.25	79.26	0.58	0.58	0.14	0.14	20.02	20.02	100
17	बीजापुर	0.00	0.00	1.88	1.88	96.53	96.53	0.46	0.46	1.13	1.13	100
18	बिलासपुर	53.91	63.18	44.96	35.44	0.93	1.14	0.20	0.24	0.00	0.00	100
19	गौरेला पेण्ड्रा मरवाही	23.88	22.22	66.43	68.96	1.11	1.48	5.19	5.15	3.39	2.19	100
20	मुंगेली	50.66	73.00	40.31	27.00	0.00	0.00	0.03	0.00	0.00	0.00	100
21	जांजगीर चांपा	86.45	86.45	12.36	12.36	0.63	0.63	0.03	0.03	0.53	0.53	100
22	कोरबा	69.54	69.54	13..51	13.50	6.27	6.26	7.24	7.24	3.44	13.87	100
23	रायगढ़	26.86	43.24	57.98	34.01	4.87	7.88	1.08	0.99	9.21	13.88	100
24	सरगुजा	21.06	21.24	32.24	31.63	2.96	2.88	6.29	6.02	37.45	38.23	100
25	बलरामपुर	17.93	18.48	1.81	1.68	18.35	17.38	12.87	12.04	49.04	50.42	100
26	सूरजपुर	3.20	3.66	52.58	53.38	5.88	5.92	14.21	13.81	24.13	23.23	100
27	कोरिया	28.50	27.43	42.44	42.93	1.69	1.83	10.22	10.19	17.15	17.62	100
28	जशपुर	44.48	44.84	1.79	1.71	1.85	1.75	15.76	15.82	36.10	35.88	100
	योग्य राज्य	**44.58**	**56.16**	50.40	37.90	**1.26**	**1.55**	**0.63**	**0.71**	**3.13**	3.68	100

स्त्रोत:-कृषि सांख्यिकी ,आयुक्त भू-अभिलेख, छ.ग. रायपुर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं के प्रति ग्राहकों की धारणा का तुलनात्मक अध्ययन

सुनिता गणावा* डॉ. समता मेहता**

* शोधार्थी (वाणिज्य) सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तार महाविद्यालय, जावरा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह अध्ययन निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं के प्रति ग्राहकों की धारणा का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अध्ययन का उद्देश्य यह जानना है कि सुविधाओं, सुरक्षा, विश्वसनीयता, त्वरित सेवा, उपयोग में सरलता तथा समस्या समाधान के आधार पर दोनों प्रकार के बैंक ग्राहकों की अपेक्षाओं को किस हद तक पूरा कर रहे हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था के बढ़ते प्रयोग के संदर्भ में इस विषय पर शोध की आवश्यकता इसलिए महत्तवपूर्ण है क्योंकि ग्राहकों की संतुष्टि और विश्वास सीधे बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता से प्रभावित होते हैं।

इस अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया है, जिसके अंतर्गत अलग-अलग आयु, पेशा और बैंकिंग पृष्ठभूमि वाले ग्राहकों से प्रश्नावली के माध्यम से डेटा संकलित किया गया। आँकड़ों का विश्लेषण वर्णनात्मक एवं तुलनात्मक पद्धतियों द्वारा किया गया।

मुख्य निष्कर्ष यह संकेत देते हैं कि निजी बैंकों के ग्राहक सेवा की गति, उपयोग में सरलता तथा तकनीकी दक्षता को अधिक सराहते हैं, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ग्राहकों को सुरक्षा, विश्वसनीयता और सरकारी भरोसे का अधिक अनुभव होता है। दोनों क्षेत्रों में ग्राहकों ने तकनीकी समस्याओं और समय-समय पर आने वाली नेटवर्क कठिनाइयों को प्रमुख चुनौती के रूप में चिन्हित किया। संपूर्ण विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि सतत तकनीकी सुधार और ग्राहक-केंद्रित नीतियाँ ही ऑनलाइन बैंकिंग को और अधिक प्रभावी बना सकती हैं।

शब्द कुंजी – ऑनलाइन बैंकिंग, ग्राहक धारणा, निजी बैंक, सार्वजनिक बैंक, डिजिटल सेवाएँ, ग्राहक संतुष्टि, सुरक्षा, विश्वसनीयता, तकनीकी दक्षता, तुलना अध्ययन।

प्रस्तावना – भारतीय बैंकिंग प्रणाली ने पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा है। डिजिटलाइजेशन ने पारम्परिक बैंकिंग को आधुनिक, तेज और अधिक सुविधाजनक स्वरूप प्रदान किया है। आज बैंकिंग सेवाएँ शाखा-केन्द्रित न होकर मोबाइल, इंटरनेट और एटीएम जैसे प्लेटफॉर्मों के माध्यम से 24×7 उपलब्ध हैं। विशेषकर कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटल लेन-देन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जिससे ऑनलाइन बैंकिंग आम ग्राहकों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है।

डिजिटलाइजेशन और बैंकिंग क्षेत्र में परिवर्तन – डिजिटलाइजेशन ने बैंकिंग सेवाओं को स्वचालित, सुरक्षित और त्वरित बनाया है। आज खाता खोलने से लेकर धन अंतरण, बिल भुगतान, निवेश प्रबंधन, लोन एप्लिकेशन, और पासबुक अपडेट तक लगभग सभी प्रक्रियाएँ ऑनलाइन संपन्न हो सकती हैं। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और डिजिटल वॉलेट जैसे माध्यमों ने बैंकिंग कार्यों को सरल बना दिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार द्वारा 'Digital India' और 'Cashless Economy' जैसे अभियानों ने ऑनलाइन बैंकिंग को व्यापक स्वीकार्यता दिलाई है।

ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का महत्व – ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से ग्राहक समय, स्थान और लागत-तीनों की बचत करते हैं। यह प्रणाली पारदर्शिता, सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाती है। डिजिटल रिकॉर्ड रखने से लेन-देन के प्रमाण सुरक्षित रहते हैं और धोखाधड़ी की संभावनाएँ कम होती हैं। बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच बढ़ने से वित्तीय समावेशन (Financial Inclusion) में भी वृद्धि हुई है।

आज के प्रतिस्पर्धी बैंकिंग वातावरण में ऑनलाइन सेवाओं की गुणवत्ता सीधे-सीधे ग्राहक संतुष्टि और ग्राहक-निष्ठा (Customer Loyalt) को निर्धारित करती है।

निजी एवं सरकारी बैंकों की भूमिका – निजी क्षेत्र के बैंक (जैसे HDFC, ICICI, Axis Bank आदि) तकनीकी नवाचार और त्वरित सेवा के लिए जाने जाते हैं। वे उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस, तेज समस्या-समाधान और न्यूनतम प्रतीक्षा समय को प्राथमिकता देते हैं। दूसरी ओर, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (जैसेSBI, PNB, Bank of Baroda आदि) व्यापक ग्राहक आधार, अधिक विश्वसनीयता और सरकारी भरोसे के कारण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, उन्हें तकनीकी सुधार और ग्राहक सेवा में समय-समय पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस तुलनात्मक अध्ययन का उद्देश्य इन्हीं दोनों प्रकार के बैंकों की ऑनलाइन सेवाओं के प्रति ग्राहकों की धारणा में अंतर को समझना है।

ग्राहक धारणा के अध्ययन की उपयोगिता – ग्राहक धारणा वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से ग्राहक सेवा की गुणवत्ता, सुरक्षा, सुविधा और उपयोग

में सरलता का अनुभव करते हैं। ग्राहकों की धारणा को समझना बैंकिंग संस्थानों के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी आधार पर वे अपनी नीतियों और तकनीकी सेवाओं में सुधार कर सकते हैं। यदि किसी बैंक की ऑनलाइन सेवा तेज, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल होती है, तो ग्राहक संतुष्टि बढ़ती है और बैंक के प्रति विश्वास मजबूत होता है।

सांख्यिकीय परिप्रेक्ष्य – भारत में डिजिटल भुगतान लगातार बढ़ रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार:

1. देश में UPI लेन-देन प्रति माह लगभग 10-12 अरब तक पहुँच चुके हैं।
2. 80% से अधिक बैंक ग्राहकों ने कम-से-कम एक बार ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का उपयोग किया है।
3. RBI की रिपोर्ट के अनुसार डिजिटल बैंकिंग लेन-देन में वर्ष दर वर्ष लगभग 30-35% की वृद्धि दर्ज हो रही है।

ये आँकड़े दर्शाते हैं कि ऑनलाइन बैंकिंग भारत की बैंकिंग प्रणाली का अभिन्न अंग बन चुका है, इसलिए ग्राहकों की धारणा का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक और उपयोगी है।

साहित्य-समीक्षा

ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं पर पिछले दो दशकों में व्यापक शोध हुआ है, जिसमें सेवा-गुणवत्ता, सुरक्षा, उपयोग-सुविधा, विश्वास ((Trust)) तथा ग्राहक-संतुष्टि को प्रमुख संकेतकों के रूप में पहचाना गया है। Ling et al. (2016) ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में दर्शाया कि वेबसाइटध्ऐप के वेब-डिजाइन, प्रणाली की विश्वसनीयता और सुरक्षा तंत्र (Encryption, Authentication) ग्राहक संतोष को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं। इसी प्रकार, Jun and Cai (2001) ने ई-सेवा गुणवत्ता के आयाम जैसेकृविश्वसनीयता, प्रतिक्रियाशीलता तथा सुविधाकृको डिजिटल बैंकिंग अनुभव के मुख्य निर्धारक बताया।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में Hazra & Srivastava (2010) ने Indian Journal of Marketing में प्रकाशित अपने शोध में स्पष्ट किया कि सेवा-गुणवत्ता (Service Quality) के पाँच तत्वकृविश्व्सनीयता, आश्वस्तता, मूर्तता, प्रतिक्रियाशीलता और सहानुभूति-ग्राहक -निर्माण और संतुष्टि दोनों को गहराई से प्रभावित करते हैं। Kumbhar (2011) ने ऑनलाइन बैंकिंग अपनाने में जनसांख्यिकीय चर, इंटरनेट-अनुभव, जोखिम-धारणा और बैंक-विश्वास को महत्तवपूर्ण कारक पाया।

Parasuraman, Zeithaml और Berry द्वारा विकसित SERVQUAL मॉडल ऑनलाइन बैंकिंग के आकलन में व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। कई अध्ययनों ने इसका डिजिटल संस्करण E-SERVQUAL या NetQUALअपनाया है। नवीन अध्ययन जैसे Bhuvaneswari & Maruthamuthu (2024,ScienceScholar) ने Structural Equation Modeling (SEM) के माध्यम से यह प्रमाणित किया कि सेवा-गुणवत्ता के आयाम सीधे ग्राहक संतुष्टि और निष्ठा से जुड़ते हैं।

निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना करने वाले हालिया शोध (उदा., Rajeev Vashisht & Rajinder Singh, 2024; BPAS Journals) बताते हैं कि निजी बैंक डिजिटल नवाचार, त्वरित सेवा, मोबाइल-इंटरफेस, और UX-डिजाइन में अधिक उन्नत पाए जाते हैं, जबकि सार्वजनिक बैंक सुरक्षा-विश्वास, व्यापक पहुँच, तथा कम शुल्क जैसी विशेषताओं के कारण ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार, Malik & Goyal (2022) ने निष्कर्ष दिया कि निजी बैंक तकनीकी दक्षता में अग्रणी हैं, जबकि सरकारी बैंक सेवा-स्थिरता और जोखिम-नियंत्रण में बेहतर माने जाते हैं।

तकनीकी परिप्रेक्ष्य में RBI, NPCI और PwC की रिपोर्टें दर्शाती हैं कि भारत में डिजिटल भुगतान पिछले कुछ वर्षों में तीव्र गति से बढ़ा है। UPI लेन-देन में वार्षिक 30-40% वृद्धि ने ग्राहकों को ऑनलाइन बैंकिंग की ओर प्रेरित किया है। EY (2023) की रिपोर्ट दर्शाती है कि 80% भारतीय ग्राहक अब कम से कम एक डिजिटल बैंकिंग सेवा का नियमित उपयोग करते हैं, जिससे सेवा-गुणवत्ता का महत्व और बढ़ जाता है।

शोध-विधि- इस अध्ययन में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं के प्रति ग्राहकों की धारणा का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया है। शोध-विधि को स्पष्ट, व्यवस्थित और वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए निम्न बिंदुओं का अनुसरण किया गया है।

शोध डिजाइन – इस अध्ययन में दो प्रकार के शोध डिजाइन अपनाए गए हैं:

1. वर्णनात्मक शोध – वर्णनात्मक डिजाइन का उद्देश्य वास्तविक परिस्थितियों का तथ्यात्मक वर्णन प्रस्तुत करना है। इस शोध में ग्राहकों की आयु, उपयोग की आवृत्ति, ऑनलाइन बैंकिंग के प्रति भरोसा, सुविधा, सुरक्षा-धारणा, संतुष्टि आदि पहलुओं का वर्णनात्मक विश्लेषण किया गया है। इससे जानकारी मिलती है कि ग्राहक ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का अनुभव किस प्रकार करते हैं।

2. तुलनात्मक शोध – तुलनात्मक डिजाइन का उपयोग निजी और सार्वजनिक बैंकों के बीच अंतर को समझने के लिए किया गया। अध्ययन में दोनों प्रकार के बैंकों के ग्राहकों की प्रतिक्रियाओं का तुलना-आधारित विश्लेषण किया गया है, ताकि यह ज्ञात हो सके कि कौन-सा क्षेत्र तकनीकी दक्षता, सेवा-गुणवत्ता, सुरक्षा और सुविधा के संदर्भ में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

डेटा के स्रोत

1. **प्राथमिक डेटा** – प्राथमिक डेटा सीधे ग्राहकों से प्राप्त किया गया।

1. **प्रश्नावली –** ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से एक संरचित प्रश्नावली वितरित की गई।

2. **साक्षात्कार-** चुनिंदा उत्तरदाताओं से संक्षिप्त साक्षात्कार किए गए ताकि उनकी राय को अधिक गहराई से समझा जा सके।

2. **द्वितीयक डेटा –** द्वितीयक डेटा विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों से संकलित किया गया, जैसे-

1. RBI की वार्षिक रिपोर्ट
2. बैंकिंग सेक्टर पर शोध-पत्र और जर्नल
3. समाचार-पत्र एवं वित्तीय पोर्टल
4. संबंधित बैंकों की आधिकारिक वेबसाइट
5. डिजिटल बैंकिंग और UPI पर उपलब्ध सरकारी एवं निजी संस्थाओं की रिपोर्टें

नमूना आकार और सैम्पलिंग तकनीक – इस अध्ययन के लिए कुल 200 ग्राहकों से डेटा संकलित किया गया। इसमें 100 निजी बैंक के ग्राहक और 100 सार्वजनिक बैंक के ग्राहक शामिल किए गए।

सैम्पलिंग के लिए सरल रैण्डम सैम्पलिंग (Simple Random

Sampling) तकनीक अपनाई गई। इस तकनीक का चयन इसलिए किया गया क्योंकि इससे प्रत्येक ग्राहक को चयनित होने का समान अवसर मिलता है और नमूना अधिक प्रतिनिधिक (Repraswentative) बनता है।

(क) उपकरण – डेटा संकलन हेतु एक संरचित प्रश्नावली का उपयोग किया गया। प्रश्नावली में मुख्यत: Likert Rating Scale (1–5) का प्रयोग किया गया, जिसमें–

1. 1 = बिल्कुल असंतुष्ट
2. 2 = असंतुष्ट
3. 3 = तटस्थ
4. 4 = संतुष्ट
5. 5 = अत्यंत संतुष्ट

इस स्केल का उपयोग सेवा–गुणवत्ता, सुरक्षा, सुविधा, प्रतिक्रिया–समय, तकनीकी दक्षता और समग्र संतुष्टि को मापने के लिए किया गया। प्राप्त आँकड़ों का विश्लेषण प्रतिशत, औसत (Mean) और तुलनात्मक चार्टो के आधार पर किया गया।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

समस्याओं व अनुभवों का विश्लेषण – उपरोक्त तालिका के आधार पर, ग्राहकों द्वारा अनुभव की जाने वाली प्रमुख समस्याओं और सकारात्मक अनुभवों का विश्लेषण इस प्रकार है:

1. निजी क्षेत्र के बैंकों के संदर्भ में:

- **सकारात्मक पहलू:** गति, उपयोग में आसानी, नवाचार और ग्राहक सहायता मुख्य बिंदु हैं जहाँ ये बैंक शानदार प्रदर्शन करते हैं। ग्राहक इनके डिजिटल इंटरफेस और नई सुविधाओं से अत्यधिक संतुष्ट हैं।
- **समस्याएँ / चुनौतियाँ:** मुख्य समस्या ऊँचे लेन–देन शुल्क के रूप में सामने आई है। कुछ ग्राहकों ने अत्यधिक व्यक्तिगतकरण को कभी–कभी चतपअंबल के मामले में अवांछित महसूस किया।

2. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संदर्भ में:

- **सकारात्मक पहलू:** सुरक्षा और कम लागत इनके सबसे मजबूत पक्ष हैं। ग्राहक इन बैंकों को सुरक्षित मानते हैं और ऑनलाइन सेवाओं के लिए कम शुल्क होने से वे खुश हैं।
- **समस्याएँ / चुनौतियाँ:** सबसे बड़ी चुनौती तकनीकी बुनियादी ढांचे की है। लगातार डाउनटाइम, धीमी गति और पुराने जमाने के यूजर इंटरफेस ग्राहकों की मुख्य शिकायतें हैं। इसके अलावा, ग्राहक सहायता का धीमा और कम कुशल होना एक प्रमुख समस्या बनी हुई है।

समग्र व्याख्या– विश्लेषण से स्पष्ट है कि निजी बैंक 'उपयोगकर्ता अनुभव और नवाचार' पर ध्यान केंद्रित करके ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं, जबकि सार्वजनिक बैंक 'सुरक्षा और सामर्थ्य' के अपने पारंपरिक लाभों पर निर्भर हैं। हालाँकि, तकनीकी मुद्दों और खराब ग्राहक सेवा के कारण सार्वजनिक बैंकों में समग्र ग्राहक संतुष्टि पीछे रह जाती है। सार्वजनिक बैंकों के लिए अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म के बुनियादी ढांचे और उपयोगकर्ता इंटरफेस में सुधार करना भविष्य में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं के प्रति ग्राहकों की धारणा का तुलनात्मक विश्लेषण करना था। अध्ययन के निष्कर्षो से स्पष्ट होता है कि दोनों प्रकार के बैंक डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, किंतु ग्राहकों के अनुभव और संतुष्टि स्तर में उल्लेखनीय अंतर देखने को मिलता है।

निजी क्षेत्र के बैंकों के ग्राहक सेवा की गति, सहज इंटरफेस, तकनीकी दक्षता, व्यक्तिगत सुविधाओं और त्वरित समस्या–समाधान के कारण उच्च संतुष्टि व्यक्त करते हैं। आधुनिक ऐप–डिजाइन, फीचर–समृद्ध प्लेटफॉर्म और कम तकनीकी त्रुटियों के कारण निजी बैंक डिजिटल सुविधा प्रदान करने में अग्रणी हैं। वहीं दूसरी ओर, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के ग्राहक सुरक्षा, विश्वसनीयता, सरकारी भरोसे तथा कम लेन–देन शुल्क के कारण अधिक संतुष्टि दशति हैं। इन बैंकों का मजबूत नेटवर्क और पारंपरिक विश्वास उनकी प्रमुख शक्ति है।

हालाँकि, अध्ययन में यह भी पाया गया कि सार्वजनिक बैंकों को तकनीकी धीमापन, बार–बार आने वाली सिस्टम त्रुटियों, पुराने इंटरफेस, और ग्राहक सहायता में विलंब जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। निजी बैंकों में भी अधिक शुल्क और अत्यधिक व्यक्तिगत डेटा उपयोग जैसी चिंताएँ सामने आईं।

समग्र रूप से अध्ययन यह इंगित करता है कि यदि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक तकनीकी आधुनिकीकरण, इंटरफेस सुधार और ग्राहक सहायता को मजबूत करें तथा निजी बैंक सुरक्षा और शुल्क–नीतियों को संतुलित करें, तो दोनों ही क्षेत्र ऑनलाइन बैंकिंग अनुभव को और अधिक प्रभावी एवं ग्राहक–केंद्रित बना सकते हैं। डिजिटल युग में सतत नवाचार और ग्राहक–केंद्रित दृष्टिकोण ही बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता का भविष्य निर्धारित करेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Parasuraman, A., Valarie A. Zeithaml, and Leonard L. Berry. "SERVQUAL: A Multiple-Item Scale for Measuring Consumer Perceptions of Service Quality." *Journal of Retailing*, vol. 64, no. 1, 1988, pp. 12–40.
2. Jun, M., and S. Cai. "The Key Determinants of Internet Banking Service Quality: A Content Analysis." *International Journal of Bank Marketing*, vol. 19, no. 7, 2001, pp. 276–291.
3. Ling, Kian, et al. "E-Service Quality, Website Design and Customer Satisfaction in Online Banking." *Journal of Internet Banking and Commerce*, vol. 21, no. 2, 2016.
4. Hazra, S., and R. Srivastava. "Service Quality and Consumer Behaviour in Indian Banking Sector." *Indian Journal of Marketing*, vol. 40, no. 4, 2010, pp. 15–25.
5. Kumbhar, V. "Factors Influencing the Adoption of Internet Banking: Evidence from India." *International Journal of Business and Management*, vol. 6, no. 8, 2011, pp. 117–126.
6. Bhuvaneswari, P., and P. Maruthamuthu. "Service Quality Dimensions and Customer Loyalty in Online Banking: An SEM Approach." *ScienceScholar: Journal of Management Studies*, 2024.
7. Malik, A., and R. Goyal. "Comparative Analysis of Service Quality between Public and Private Sector Banks in India." *Journal of Banking & Finance Studies*, vol. 9, no. 1, 2022, pp. 45–60.
8. Vashisht, Rajeev, and Rajinder Singh. "Digital Innovations and Customer Perception: A Comparative

Study of Private and Public Sector Banks." *BPAS Journal of Management*, vol. 5, no. 2, 2024, pp. 88–105.

9. Reserve Bank of India. *Report on Trend and Progress of Banking in India 2022–23*. Reserve Bank of India, 2023.
10. National Payments Corporation of India (NPCI). *Unified Payments Interface (UPI) — Annual Transaction Statistics 2023–24*. NPCI, 2024.
11. शर्मा, अरविंद. भारतीय बैंकिंग में डिजिटल सेवाओं का विकास. नई दिल्ली: प्रकाशन भवन, 2021.
12. वर्मा, संजय.'ऑनलाइन बैंकिंग में ग्राहक संतुष्टि का अध्ययन: निजी और सरकारी बैंकों की तुलना।' भारतीय प्रबंध अध्ययन पत्रिका, खंड 12, संख्या 3, 2022, पृ. 45–58.
13. तिवारी, कविता. 'डिजिटल बैंकिंग के बदलते स्वरूप और सुरक्षा चुनौतियाँ।' वित्त और प्रौद्योगिकी समीक्षा, खंड 6, संख्या 1, 2023, पृ. 90–102.
14. मिश्रा, रमेश. डिजिटल भारत और बैंकिंग सेवाओं में नवाचार. लखनऊ: ज्ञानदीप प्रकाशन, 2020.
15. सिंह, प्रमोद. 'निजी और सार्वजनिक बैंकों में ऑनलाइन सेवा गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन।' आर्थिक विकास शोध पत्रिका, खंड 8, संख्या 2, 2021, पृ. 33–47.
16. जोशी, अंजलि. 'ग्राहक धारणा और ऑनलाइन बैंकिंग: एक सर्वेक्षण आधारित अध्ययन।' समकालीन प्रबंधन दृष्टि, खंड 10, संख्या 4, 2022, पृ. 112–125.
17. चौहान, दीपक. डिजिटल भुगतान प्रणाली और भारतीय बैंकिंग का भविष्य. जयपुर: अरिहंत पब्लिकेशन्स, 2019.
18. अग्रवाल, मोनिका.'ऑनलाइन बैंकिंग में सुरक्षा और गोपनीयता से जुड़े मुद्दे।' ई-बिजनेस रिसर्च जर्नल, खंड 7, संख्या 1, 2024, पृ. 55–68.
19. पांडे, लोकेश. 'UPI और मोबाइल बैंकिंग का ग्रामीण ग्राहकों पर प्रभाव।' भारतीय आर्थिक अध्ययन, खंड 15, संख्या 2, 2023, पृ. 77–89.
20. कौर, हरप्रीत. 'डिजिटल बैंकिंग सेवाएँ: एक उपभोक्ता व्यवहार अध्ययन।' प्रबंधन शोध और समीक्षा, खंड 9, संख्या 3, 2023, पृ. 130–142.

तालिका 1

क्र.	मापदंड	निजी क्षेत्र के बैंक (औसत स्कोर 1–5)	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (औसत स्कोर 1–5)	टिप्पणी (व्याख्या)
1	वेबसाइट/ऐप का उपयोग करने में आसानी	4.5	3.8	निजी बैंकों के डिजिटल प्लेटफॉर्म अधिक सहज और आधुनिक पाए गए।
2	लेन-देन की गति एवं दक्षता	4.6	4	निजी बैंकों में लेन-देन आमतौर पर तेजी से पूरे होते हैं।
3	सुरक्षा विशेषताएँ	4.4	4.5	दोनों प्रकार के बैंक सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता देते हैं, सार्वजनिक बैंक थोड़े बेहतर रेटेड।
4	ग्राहक सहायता सेवा	4.2	3.5	चौटबॉट, कॉल सेंटर के माध्यम से निजी बैंकों की सहायता सेवा अधिक कुशल पाई गई।
5	सेवाओं की विविधता	4.3	4.2	निवेश, बिल भुगतान, ऋण आवेदन जैसी सेवाओं में दोनों बराबर हैं।
6	लेन-देन शुल्क	3.8	4.4	सार्वजनिक बैंक ऑनलाइन लेन-देन पर कम शुल्क लगाते हैं, जिससे ग्राहक अधिक संतुष्ट हैं।
7	डिजिटल भुगतान एकीकरण	4.7	4.1	UPI, वॉलेट आदि के एकीकरण में निजी बैंकों के ऐप अग्रणी हैं।
8	व्यक्तिगतकरण	4.4	3.6	निजी बैंक ग्राहकों की आदतों के आधार पर व्यक्तिगत ऑफर और डैशबोर्ड प्रदान करते हैं।
9	तकनीकी खराबी/डाउनटाइम	4	3.4	सार्वजनिक बैंकों के सिस्टम में तकनीकी खराबी और अनुसूचित डाउनटाइम की शिकायत अधिक मिली।
10	नवाचार और नई सुविधाएँ	4.5	3.7	निजी बैंक AI सहायक, बजटिंग टूल्स जैसी नई सुविधाएँ जल्दी लॉन्च करते हैं।
	कुल औसत संतुष्टि स्कोर	4.34	3.86	निष्कर्ष: निजी बैंकों में ग्राहक संतुष्टि का समग्र स्तर सार्वजनिक बैंकों की तुलना में स्पष्ट रूप से अधिक है।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महिला सशक्तिकरण में स्व सहायता समूह की भूमिका : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

श्रीमति वर्षा कहार* डॉ. पूजा तिवारी**

* शोधार्थी, शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाडा (म. प्र.) राजा शंकर शाह वि.वि., छिंदवाडा (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशिका, विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाडा (म. प्र.) भारत

शोध सारांश – महिला सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूह एक बहुचर्चित विषय बन गया है। स्वयं सहायता समूह महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे है क्योंकि समूहों में कार्य करने से उनके स्वाभिमान गौरव व आत्मनिर्भरता में वृद्धि होती है। परिणामस्वरूप महिलाओं की स्थिति देश के विकास को प्रदर्शित करती है। विश्व का कोई भी देश महिलाओ को हाशिए पर रख कर अपना आर्थिक विकास नही कर सकता है। महिलाओं को देश के विकास की मुख्यधारा से जोडना ही इन्हे सशक्त बनाने के लिए उन्हे निर्णय सक्षम बनाना होगा। सामाजिक, आर्थिक राजनीतिक और स्वयं के जीवन में निर्णय लेने की क्षमता ही सशक्तिकरण है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मार्च 1975 से अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत की गई तब से विश्व में महिला सशक्तिकरण एक जागरूक अभियान बन गया है। इसके लिए राष्ट्रीय स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रयास भी किए गए। महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक रूप से सुदृढ बनाने में स्वयं सहायता समूहों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। देश में लगभग 60 लाख स्वयं सहायता समूहों से 6.7 करोड़ महिलाए जुडी हुई है। परन्तु हमारी देश की सामाजिक, सांस्कृतिक आर्थिक व राजनीतिक परिस्थितियां महिला समूहों की गतिशीलता, व्यवहार्यता व सहायता में अनेक चुनौतियां खडी करती है। इन चुनौतियों को कम करने में महिला संगठनों समाज सेवी संस्थाओं व गैर सरकारी संगठनों द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप महिला समूहों की सक्रियता व सामाजिक आर्थिक रूप से भागीदारी व महिला सशक्तिकरण सही मायने में हो रहा है।

यह अध्ययन पूर्व के अध्ययनों को नवीन परिदृश्य में देखने का प्रयास है।

इस शोध पत्र में मुख्यत महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को प्रस्तुत किया गया है।

शब्द कुंजी – महिला सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, स्व सहायता समूह, महिला स्थिति, सामाजिक और राजनीतिक विकास।

प्रस्तावना – दुनिया में ऐसा कोई भी देश नही है जहां महिलाओं को हाशिए पर रखकर आर्थिक विकास संभव हुआ हों। महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोडे बिना किसी समाज राज्य व देश के आर्थिक सामाजिक व राजनीतिक विकास की कल्पना भी नही की जा सकती। भारत की कुल आबादी की आधी महिलाओं को सशक्त बनाए बिना सुदृढ भारत का सपना पूरा नही किया जा सकता, विशेषकर ग्रामीण महिला को सशक्त किए बिना (शर्मा 2013).

स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। जिसमें बांग्लादेश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मुहम्मद युनूस का प्रयास उल्लेखनीय रहा है। इन्होने 1970 से ही लघुवित्ता आंदोलन की शुरूआत की थी जिसके तहत गरीबी, विशेषकर औरतों को बिना किसी शर्त के ऋण देने की व्यवस्था की गयी और आज लघुवित्ता आंदोलन विश्व के 7 हजार संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा है। जिससे लगभग 1 करोड 6 लाख लोगो को रोजगार दिया जा चुका है (श्रीवास्तव 2008)। वास्तव में स्वयं सहायता समूह गांव के व्यक्तियों का एक ऐसा संगठन है जो अपनी इच्छा से संगठित होकर, नियमित रूप से थोडी थोडी बचत कर सामूहिक निधि में जमा करते है तथा जिसका उपयोग सदस्यों की आकस्मिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए किया जाता है। इस प्रकार समूह के सदस्य हफतें अथवा महीने से एक बार बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर, एक दूसरे की समस्याओं का समाधानकरते है, जिससे ये महिलायें गरीबी, बेरोजगारी तथा निरक्षरता के चक्रव्यूह से निकलकर सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढा रही है और न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक और राजनीतिक आयामों पर भी सशक्तिकरण की और अग्रसर है (गुप्ता एवं पंथी 2013)।

महिला सशक्तिकरण को दुनिया में लगभग सभी समाजों में स्त्री पुरूष भेदभाव को कम करने के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखा है। सशक्तिकरण का अर्थ एक ऐसी प्रक्रिया से है जिसके तहत शक्तिहीन लोगों को अपने जीवन की परिस्थितियों को नियंत्रित करने के बेहतर अवसर मिलते है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि पुरूष प्रधान समाज में स्त्रियों के साथ होने वाले भेदभाव के बारे में वे जागरूक बने।

स्वयं सहायता समूह का लक्ष्य निर्धनों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना व उन्हें सामर्थ्यवान बनाना है। इससे ग्रामीण निर्धनों द्वारा स्वेच्छा से गठित एक समूह है जिसमें समूह के सदस्य अपनी इच्छा से जितनी चाहे बचत आसानी से कर लेते है। असका अंशदान एक सम्मिलित निधि में करने तथा समूह के सदस्यों को उत्पादकता अथवा आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ऋण के रूप में देने के लिए परस्पर सहमति होती है।

सिंह, कुशल व गौतम (2007) ने अपने अध्ययन में निष्कर्ष दिया है कि महिलओं का एक अत्यधिक बडा प्रतिशत स्व सहायता समूहों की सदस्यता के बाद सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। महिलाओं की समूह

में भागीदारी उन्हें अपनी आंतरिक शक्ति को खोजने, आत्मविश्वास अर्जित करने, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण और क्षमता निर्माण करने योग्य बनाता है।

लोकेश (2009) के अनुसार स्व सहायता समूहों के पास देश में समाजिक, आर्थिक क्रांति लाने की शक्ति है। यह आर्थिक स्थिति, सामाजिक प्रस्थिति, निर्णय निर्माण को परिवर्तित करने में योगदान कर सकता है। और महिलाओं की बाहरी गतिविधियों में वृद्धि करता है।

पुहाजेन्दी एवं बाढात्या (2002) ने अपने अध्ययन में दिखाया है। कि स्व सहायता समूह के सदस्यों ने अपनी आर्थिक अवस्था को उनकी तुलना में जो समूह के सदस्य नही है अधिक उन्नत अनुभव किया है।

स्वयं सहायता समूहों के निष्पादन से संबंधित किये गये विभिन्न सर्वेक्षणों में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि स्वयं सहायता समूहों को लघु ऋण प्रदान करने से ग्रामीण महिलाओं की भौतिक गतिशीलता, निर्णय के अधिकारों में वृद्धि, सौदा शक्ति तथा विभिन्न स्तरों पर समस्या मात्र वे घर के कामों में ही कुशल नही, बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी विभिन्न आर्थिक क्रियाओं को करने में भी निपूण है। इस प्रकार महिलाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण का यह प्रयास सराहनीय है।

अध्ययन के उद्देश्य–

1. स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की स्थिति का अध्ययन,
2. महिला सशक्तिकरण पर स्व सहायता समूह के प्रभाव का अध्ययन,
3. स्वयं सहायता समूह की प्रगति की समीक्षा करना।

स्व सहायता समूह का उद्देश्य – स्वयं सहायता समूह का उद्देश्य ग्रामीण निर्धनों मुख्य रूप से महिलाओं को लघु ऋण उपलब्ध कराना है। तथा इसके साथ ही साथ बैंकिग गतिविधियों के साथ जोडकर बचत तथा महिलाओं में आपसी सहयोग को बढावा देना है इसके अतिरिक्त इसका प्रमुख उद्देश्य महिलओं में समानता तथा संबद्धता को विकसित करना, आत्म विश्वास बढाना, आत्म निर्भरता बढाना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है, जिससे वे व्यक्तिगत स्तर पर सशक्त होने के साथ साथ सामूहिक स्तर पर भी सशक्त हो सके और अपने अधिकारों के लिए सामने आ सके।

स्व सहायता समूह का संचालन– समूह के सुचारू रूप सें संचालन के लिए प्रत्येक समूह अपने सदस्यों में से ही तीन प्रतिनिधि अध्यक्ष कोषाध्यक्ष तथा सचिव की नियुक्ति करता है, ताकि समूह क्रियाविधि सुचारू रूप से चल सके। पदाधिकारियों को चुनने का आधार मुख्यत: शिक्षा तथा आत्मविश्वास होता है ताकि समूह में हिसाब किताब का काम ये स्वयं कर सके। प्राय: सुविधादाता द्वा कभी कभी इनको समूह चलाने की ट्रेनिंग भी दी जाती है। प्रत्येक महीने समूह की नियमित मीटिग होती है, जो कि किसी सार्वजनिक स्थान अथवा प्रत्येक सदस्य के घर बारी बारी से होती है।

महिला स्वयं सहायता समूह समान स्तर की 10 से 20 महिलाओं का वह समूह है जिसके सदस्य स्वेच्छा से इसकी सदस्यता प्राप्त कर पारस्परिक सहयोग व एकता जैसे सिद्धांतों के आधार पर बचत व साख जैसी आर्थिक गतिविधियों की शुरूआत कर सकते है। विभिन्न समूहों के अध्ययन से एक विशेष तथ्य सामने आया है कि महिलाओं के समूह अथवा ऐसे समूह जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक है, अधिक सफल व निरंतर कार्यशील रहे हे।

स्व सहायता समूहो का महिलाओं के जीवन पर प्रभाव– स्वयं सहायता समूहों में कार्य करने के कारण महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वाभिमान, आत्म गौरव इत्यादि में वृद्धि होती है क्योकि घरेलू परिधि के बाहर एक समूह के रूप में छोटी छोटी बचत इकटठी करके ऋण लेकर, बैंक कर्मचारियों से संपर्क लघु उद्यम स्थापित करके, समूह की बैठको की कार्यवाई संचालित करके महिलाओं में निम्नलिखित क्षमताओं का विकास होता है –

स्वनिर्णय की शक्ति – स्वयं सहायता समूह के सदस्य के रूप में काम करने के कारण महिलाओं की स्वयं निर्णय लेने की शक्ति का विकास होता है। महिलाओं द्वारा बैंको के साथ लेन देन कागजी कार्यवाई इत्यादि करने से उनमें आत्म विश्वास धनपता है।

जानकारी तथा संसाधनों की उपलब्धता – समूह के सदस्य के रूप में महिलाओं की गतिशीलता बढ जाती है। घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली महिलाए इन समूहों के माध्यम से पंचायत संस्थाओं, बैक सरकारी तंत्र गैर सरकारी संगठना सूक्ष्म वित संस्थानों इत्यादि से संपर्क में आती है जिससे उनके पास अधिक सूचना एवं संसाधन होते है।

समूहिक निर्णय के मामलों में अपनी बात बलपूर्वक रखने की समर्थता – अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि स्वयं सहायता समूहों में कार्य करने वाली महिलाओं की सामुदायिक कार्यो स्वयं सहभागिता पंचायत की बैठको में उपस्थिति अधिक सक्रिय होती है।

आर्थिक आत्मनिर्भरता – स्वयं सहायता समूह की सदस्य के रूप में महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती है। जिससे परिवार में उनकी स्थिति में सुधार होता है। तथा इस प्रकार उपलब्ध धन का इस्तेमाल वे अपने निजी इस्तेमाल अथवा बच्चों की शिक्षा व स्वास्थय इत्यादि में करती है।

मनोवैज्ञानिक विकास – स्वयं सहायता समूह की सदस्य के रूप में महिलाओं द्वारा स्वयं की पहल पर सामाजिक बदलावों के लिए भागीदारी सुनिश्चत होती है। उनका बदलाव लाने की अपनी क्षमता में सामूहिक शक्ति बेहतर करने केलिए कौशल सीखने की क्षमता का विकास होता है।

महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के विकास में बाधक तत्व – यद्यपि महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा काफी अच्छा काम किया जा रहा है किन्तु भारतीय परिप्रेक्ष्य में महिलाओं को स्वयं को समूहों के रूप में संगठित होने व किसी उद्यम के विकास में पुरूषों की तुलना में कही अधिक कठिनाइयों का सामना करना पडता है, जैसे –

महिलाओं की गतिशीलता पर सीमाएं – भारत में पुरूष प्रधान समाज के कारण महिलाओं का जीवन प्राय: घर की चारदीवारी में ही सीमित होता है। इसलिए घर के बाहर जाकर स्वयं सहायता समूहों के रूप में संगठित होने की स्थिति में उन पर अनेक प्रकार की सामाजिक बाधाएं होती है।

सामाजिक प्रतिबंध – भारतीय समाज में महिलाओं के रहन–सहन, काम काज रोजगार इत्यादि पर अनेक सामाजिक – पारम्परिक रीति रिवाज भी बाधा के रूप में काम करते है। महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वयं के उद्यम के उत्पादों का प्रचार करने व उनको शहरों तक पहुंचाने के लिए पुरूषों की सहायता लेनी पडती है।

बैकर्स का नकारात्मक रवैया – स्वयं सहायता समूहों की सदस्य के रूप में जब महिलाएं बैंको से ऋण इत्यादि के लिए संपर्क करती है तो पूर्व अनुभव के अभाव में उनकी जिज्ञासाएं व शंकाएं अधिक होती है। किंतु बैंकर्स की तरफ से इस स्थिति के प्रति सकारात्मक व सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार नही किया जाता है। जिससे महिला समूहों का मनोबल कम होता है।

प्रशासनिक बाधाएं – सरकारी संस्थाओं से संपर्क साधने मे महिला समूहों को प्रशासनिक रूढिताओं जटिलताओं भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी पुरूषवादी मानसिकता इत्यादि के कारण अनेक बाधाओ का सामना करना पडता है।

साहित्य की समोक्षा – चौधरी (2010) के अध्ययन के अनुसार, महिला सशक्तिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से कोई महिला अपने जीवनस्तर को उन्नत करने के लिए विघमान सामाजिक व्यवस्थाओं और संस्कृति को चुनौती देती है और इस प्रक्रिया के माध्यम से उसकी योग्यतायें उभरकर आती है। वास्तविक महिला सशक्तिकरण की श्रेणी में केवल वही गतिविधियां समाहित की जा सकती है, जिसके माध्यम से महिलाएं समाज के वर्तमान व्यवस्थाओं का प्रतिरोधकरती है और इस प्रक्रिया में उनकी जीवन परिस्थितयों में स्पष्ट सुधार परिलक्षित होता है।

सिंह, कुशल व गौतम (2007) ने अपने अध्ययन में निष्कर्ष दिया है कि महिलाओं का एक अत्यधिक बड़ा प्रतिशत स्व सहायता समूहों की सदस्यता के बाद सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। महिलाओं की समूह में भागीदारी उन्हें अपनी आंतरिक शक्ति को खोजने, आत्मविश्वास अर्जित करने, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण और क्षमता निर्माण करने योग्य बनाता है।

लोकेश (2009) के अनुसार स्व सहायता समूहों के पास देश में सामाजिक, आर्थिक काति लाने की शक्ति है। यह आर्थिक स्थिति, सामाजिक प्रस्थिति, निर्णय निर्माण को परिवर्तित करने में योगदान कर सकता है और महिलाओं की बाहरी गतिविधियों में वृद्धि करता है।

श्रीवास्तव (2020) के अनुसार स्वयं सहायता समूह देश के विभिन्न राज्यों में अनेक गतिविधियों द्वारा न केवल महिलाओं के समाजिक व आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हे अपितु समाज में सकारात्मक व रचनात्मक वातावरण को विकसित करने में भी सहायक है।

महिलाओं की आर्थिक स्थिति मे सुधार आसानी से देखा जा सकता है। महिलाएं पहले से अधिक जागरूक हुई है इस कार्यक्रम में रूचि रखती है यही कारण है कि अधिकांश महिलाओं द्वारा समूह की मासिक बैठको में भाग लिया जाता है (श्रीनिवास 2016)

सिंह (2011) के अनुसार वर्तमान में महिला स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत तेजी से बड रही है। इन समूहों का कार्य ऋण प्राप्त किये बिना नही चल पाता। अत: यह समूह ऋण प्राप्त करने हेतु बैंक से निरंतर जुडते जा रहे है। केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, सहकारी बैंक क्षेत्रीय ग्रामीण बैक ही नही बल्कि निजी क्षेत्र के बैंक एवं विदेशी बैंक भी अपना व्यापार बढाने हेतु गांव में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों तक अपनी पहुच बनाने हेतु निरंतर प्रसासरत है।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि समूह की क्रियाओं में भाग लेकर महिलाएं विभिन्न कार्यो से जुडकर विकास के नये आयाम से जुड गयी है। महिला सशक्तिकरण का प्राथमिक उद्देश्य ही यह है कि उनको अपने अधिकारों के प्रति सशक्त किया जाय और परिवार में निर्णय के स्तर पर ज्यादा से ज्यादा भागीदारी बढाई जाये।

इस प्रकार ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, जिसके अंतर्गत स्वर्ण जंयती ग्राम स्वरोजगार योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके तहत अब तक 30 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। विभिन्न तथ्यों से स्पष्ट प्रमाण मिलते है, कि इन्हीं समूहों के माध्यम से महिलाओं पर किये गये घरेलू हिंसा तथा शोषण पर प्रभावशाली ढंग से रोक लगायी गई है, जिससे समाज में महिलाओं की स्थिति में कुछ हद तक सुधार भी आया है।

एक समय में जो महिलाएं अशिक्षित तथा अज्ञानी थी, स्वयं सहायता समूह से जुडने के पश्चात अपने स्वास्थ्य बच्ची की शिक्षा भोजन की पौष्टिकता तथा परिवार नियोजन के प्रति जागरूक हो गई है। प्रौढ शिक्षा मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूह आंदोलनों से महिलाओं में नेतृत्व गुणों का भी विकास किया जिससे वे समूह की बात को सामने लाने में सक्षम हुई। इस अध्ययन में समाज के अतिआवश्यक, अविभाज्य किंतु पिछडे हुए अंग महिला को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने हेतु प्रभावी उपकरण स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर दृष्टिपात करने का प्रयास किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची : –

1. शर्मा क्षमा 2002 स्त्रीत्ववादी विमर्श समाज और साहित्य, राजकमल, नई दिल्ली।
2. शर्मा ओमप्रकाश 2004, ग्रामीण समाज में नियोजित सामाजिक परिवर्तन, रावत पब्लिकेशन, जयपुर।
3. राजकुमार 2005 नारी के बदलते आयाम अर्जुन पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली।
4. पसूका मार्च 2006 ग्रामीण महिलाओं की बदलती स्थिति, कुरूक्षेत्र, पेज न. 03, भारत सरकार की पत्रिका सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली।
5. कुमार नीरज मार्च 2007 महिला सशक्तिकरण की कुछ कोशिशें, कुरूक्षेत्र 53 (5)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से जीवन में बदलाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन (सतना जिले के संदर्भ में)

आभा सिंह कुशवाहा* डॉ. अंजनी कुमार पाण्डेय**

*** शोधार्थी, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला सतना (म.प्र.) भारत**
**** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला सतना (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को स्वास्थ्य सेवाओं का नि:शुल्क लाभ मिले। पिछले कुछ दशकों में हमारे देश के विभिन्न स्वास्थ्य संकेतको में सुधार हुआ है जबकि जेब से होने वाला खर्च लाखों लोगों को गरीबी की स्थिति में लाता है। यह अभी भी चिंता का बड़ा विषय है इस समस्या को दूर करने और अस्पतालों में भर्ती होने वाले आबादी के कमजोर वर्गों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के उद्देश्य वर्ष 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की गई जिसमें तत्कालीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना को शामिल कर लिया गया।

पैनलबद्ध अस्पतालों में निशुल्क और कागज रहित सेवाओं तक पहुंच के लिए इसके अंतर्गत करीब 10.74 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवार (लगभग 50 करोड लोग) इन लाभों के हकदार हैं। इसमें अस्पताल में भर्ती होने से पहले तीन दिन और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 15 दिन डायग्नोस्टिक और दावों के रूप में होने वाला खर्च शामिल है। परिवार का आकार, आयु या लिंग की कोई सीमा नहीं है ताकि लाभार्थी परिवारों के सभी सदस्यों को इसमें शामिल करना सुनिश्चित किया जा सके।

शब्द कुंजी– आयुष्मान भारत, वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, जागरूकता, अपनी जेब से खर्च, सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा, सार्वभौमिक स्वास्थ्य ।

प्रस्तावना – सर्वप्रथम आयुष्मान भारत योजना को प्रधानमंत्री द्वारा 14 अप्रैल 2018 को भीमराव आम्बेडकर की जयंती के दिन झारखंड के रांची जिले से आरंभ किया और पूरे देश में 23 सितंबर 2018 को लागू किया गया था।

भारत सरकार की ओर से देश के आर्थिक रूप से कमजोर लोग (बी.पी.एल. कार्ड) धारक को अच्छी और अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं सुविधाएं प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री आरोग्य भी योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत निम्न वर्ग के व्यक्ति जो गरीब रेखा के नीचे आते है। उन्हें भारत सरकार द्वारा 5 लाख रूपये तक स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनवाना पड़ता है। इसको 'आभा कार्ड' के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना का राष्ट्रीय स्वास्थ्य के द्वारा 2017 में प्रस्तावित किया गया और 21 मार्च 2018 को कैबिनेट द्वारा आयुष्मान भारत राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन के रूप में मंजूरी दी।

अब यह योजना आयुष्मान भारत योजना या प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से लोकप्रिय है। इस योजना का अध्याय वाक्य है–

'कोई भी पीछे ना छूटे'

साथ ही इस योजना का लाभ पूरे देश में कहीं भी लिया जा सकता है। योजना की लागत केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साक्षा की जाती है।

आयुष्मान भारत योजना की विशेषताएं

1. यह पूरे भारत में सर्वाधिक और निजी दोनों अस्पतालों में द्वितीयक और तृतीयक अस्पताल देखभाल के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का लाभ प्रदान करता है।
2. इस योजना से 12 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवार (लगभग 55 करोड लोग) को लाभ मिलेगा।
3. इससे लाभार्थियों को अस्पताल में सीधे नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा मिलती है।
4. इसमें अस्पताल में भर्ती होने से तीन दिन पहले और 15 दिन बाद तक का नि:शुल्क सेवा शामिल है। जिसमें निदान और दवाइयां शामिल है।
* सह-प्राध्यापक एवं प्रमुख (अर्थशास्त्र) राष्ट्रसंत तुकडोजी महाविद्यालय, चिमूर, जिला-चंद्रपुर (महाराष्ट्र) भारत

शोध सारांश – चंद्रपुर जिला महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र का एक प्रमुख आदिवासी बहुल जिला है, जहाँ 34 विभिन्न आदिवासी जातियाँ (मुख्यत: गोंड – 80%) निवास करती हैं। जिले में आदिवासी जनसंख्या का अनुपात 17.07% है, जो राज्य की औसत से अधिक है। सरकार की विभिन्न आर्थिक योजनाओं (जैसे PM-JANMAN, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, एकाधिकार खरीदी योजना, शबरी आदिवासी वित्ता महामंडल ऋण) के माध्यम से आदिवासियों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यह शोध पत्र माध्यमिक आँकड़ों (सरकारी रिपोर्ट, अध्ययन रिपोर्ट) पर आधारित है तथा इन योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव (आय वृद्धि, रोजगार अवसर) और चुनौतियों (जागरूकता की कमी, कार्यान्वयन में बाधाएँ) का विश्लेषण करता है। निष्कर्ष में योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और स्थानीय भागीदारी बढ़ाने की सिफारिशें की गई हैं।

प्रस्तावना – चंद्रपुर जिला महाराष्ट्र का सबसे बड़ा आदिवासी बहुल जिला है। 2011 की जनगणना के अनुसार यहाँ 3,89,267 आदिवासी थे (कुल जनसंख्या का 17.07%)। 2025 के अनुमान से यह संख्या 4.5 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें मुख्य रूप से गोंड, माडिया गोंड, कोलाम, परधान, हलबी, अंध आदि जातियाँ शामिल हैं। जिले के 1,673 गाँवों में से 850 से अधिक आदिवासी बहुल एवं दुर्गम हैं। ताडोबा-अंधारी टाइगर प्रोजेक्ट, कोयला खदानें और सीमेंट उद्योगों के कारण बड़ी मात्रा में जंगल और जमीन नष्ट हुई है, जिससे पारंपरिक आजीविका (वन उत्पाद संग्रहण, कृषि, पशुपालन) संकट में है।

राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासियों की प्रति व्यक्ति आय औसत से 65: से भी कम है और चंद्रपुर में यह और भी कम (लगभग रू 55,000-65,000 वार्षिक) है। 90% से अधिक आदिवासी परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं। बड़े पैमाने पर पलायन (चीनी मिलों, ईंट भट्टों, निर्माण कार्य), कर्जदारी, कुपोषण (45% बच्चे कुपोषित), माध्यमिक स्तर पर 15-20% स्कूल ड्रॉपआउट जैसी समस्याएँ गंभीर हैं।

इस पृष्ठभूमि में केंद्र और राज्य सरकार की आर्थिक योजनाओं का उद्देश्य आदिवासियों को मुख्यधारा में लाना, स्वरोजगार सृजन करना और स्थायी आय स्रोत उपलब्ध कराना है। 2023 से PM-JANMAN और 2024 से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DA-JGUA) शुरू हुआ है, जिसका सीधा प्रभाव चंद्रपुर के 167+PVTG एवं आदिवासी गाँवों पर पड़ रहा है। 2025-26 के केंद्रीय बजट में आदिवासी कल्याण के लिए 46% वृद्धि (रू14,925 करोड़) इस क्षेत्र की ओर बढ़ते ध्यान को दर्शाती है।

शोध पद्धति- यह शोध पूर्णत: माध्यमिक आँकड़ों पर आधारित है। निम्नलिखित विश्वसनीय स्रोतों का उपयोग किया गया है:

- केंद्रीय आदिवासी मंत्रालय वेबसाइट (http://tribal.nic.in/) एवं PIB रिलीज (जुलाई-अगस्त 2025)
- महाराष्ट्र आदिवासी विकास विभाग (http://tribal.maharashtra.gov.in/) एवं महाशबरी महामंडल वेबसाइट (http://mahashabari.in)
- महाराष्ट्र बजट 2024-25 एवं 2025-26 विश्लेषण (PRS India, Economic Survey of Maharashtra 2024-25)
- चंद्रपुर जिला वेबसाइट (http://chandrapur.gov.in/) एवं ITDP चंद्रपुर के टेंडर/रिपोर्ट
- PIB, DD News, UNDP रिपोर्ट (2024-2025)
- शबरी महामंडल डैशबोर्ड (नवंबर 2025 तक)
- PM-JANMAN/DA-JGUA पोर्टल प्रगति डेटा (जून-अक्टूबर 2025)

विश्लेषण पद्धति- गुणात्मक परिमाणात्मक। 2018-19 से 2025-26 तक लाभार्थी संख्या, व्यय, प्रतिशत की तुलनात्मक जांच।

सीमा: प्राथमिक सर्वे नहीं होने से लाभार्थियों के प्रत्यक्ष अनुभव नहीं मिल सकेय केवल सरकारी आँकड़ों पर निर्भरता।

प्रमुख आर्थिक योजनाएँ

अ. प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (PM-JANMAN) / धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DA-JGUAI) (2023-26)

कुल बजट: रू 24,104 करोड़ (केंद्र हिस्सा रू15,336 करोड़)

चंद्रपुर में 167 गाँव चयनित (माडिया गोंड बहुल)

प्रमुख घटक:PMAY-G घर, सड़कें, पेयजल, बिजली, सोलर, मार्केटिंग सेंटर, वन धन विकास केंद्र, होमस्टे, व्यवसाय प्रशिक्षण

नवंबर 2025 तक प्रगति: महाराष्ट्र में 70% से अधिक घर स्वीकृत, चंद्रपुर में 4,500 घर वितरण शुरू, 100 किमी सड़कें पूरी, 120 गाँवों में सोलर लाइटिंग।

ब. शबरी आदिवासी वित्ता एवं विकास महामंडल ऋण योजना (2024-

25 एवं 2025–26)

ब्याज दर:4–6%

अधिकतम ऋण: व्यक्तिगत रू5 लाख, स्वयं सहायता समूह रू15 लाख

2024–25 चंद्रपुर लक्ष्य: 2200+लाभार्थी

वास्तविक लाभ (नवंबर 2025 तक):1,989 नए लाभार्थी, रू60.56 करोड़ वितरित (राज्य स्तर); चंद्रपुर में 350+ लाभार्थी

मुख्य उपयोग: किराना दुकान, बकरी पालन, पोल्ट्री, सब्जी विक्रय, ऑटो रिक्शा।

क. एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना (ITDP) चंद्रपुर

16 उपकेंद्र, 128 गाँव

2024–25 खर्च: लगभग रू 520 करोड़

मुख्य कार्य : 100% अनुदान पर कुएँ, फार्म पाँड, पशुपालन किट, ड्रिप सिंचाई, सब्जी बीज

2025 में 19 आश्रमशालाओं/हॉस्टलों के लिए फूड सप्लाई टेंडर।

ड. एकाधिकार खरीदी योजना (तेंदू पत्ता):

2024 संग्रह: 5.80 लाख मानक बोरे, दर रू4800/बोरा

2025 बोनस: रू1500/बोरा चंद्रपुर–गडचिरोली–गोंदिया मिलाकर 12 लाख+ बोरे

85,000+ आदिवासी परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ (मई–जून 2025 में राशि वितरित।

इ. अन्य महत्वपूर्ण योजनाएँ :

वन धन विकास केंद्र: 15 केंद्र सक्रिय (महुआ, शहद, औषधी वनस्पतियाँ)

NSTFDC योजना: रू 10 लाख तक कम ब्याज ऋण

बिरसा मुंडा योजना: कृषि यांत्रिकीकरण अनुदान।

प्रभाव विश्लेषण:

सकारात्मक प्रभाव (2023–2025):

- PM-JANMAN से 4,500 परिवारों को घर, 80% गाँवों में सड़क–पानी–बिजली → पलायन में 15–20% कमी
- शबरी ऋण से 350 नए उद्योग→मासिक रू15,000–30,000 आय
- तेंदू पत्ता बोनस से रू120 करोड़ →85,000 परिवारों को नकद
- ITDP अनुदान से फसल उत्पादकता 35–40% वृद्धि
- औसत मासिक आय 2019 के रू4,500 से बढ़कर 2025 में रू 9,000–11,000

चुनौतिया/नकारात्मक पहलू:

- 40–45% लाभार्थियों को योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं
- दस्तावेज/आधार लिंकिंग के कारण 20–25% आवेदन रद्द
- खदानों से प्रभावित 15,000 परिवारों का पूर्ण पुनर्वास बाकी
- PM-JANMAN की गति धीमी (महाराष्ट्र में जून 2025 तक केवल 65–70%)
- शबरी ऋण वसूली 65%
- तेंदू पत्ता संग्रह में दलालों का हस्तक्षेप अब भी मौजूद।

निष्कर्ष एवं सिफारिशें: 2023 से नवंबर 2025 तक चंद्रपुर में आदिवासी जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार हुआ है। शबरी ऋण एवं तेंदू बोनस से नकद आय बढ़ी है, PM-JANMAN से मूलभूत सुविधाएँ मजबूत हुई हैं। फिर भी कार्यान्वयन में कमियाँ, जागरूकता की कमी और उद्योगों का नकारात्मक प्रभाव पूरी सफलता में बाधक हैं। 2025–26 में 46% बजट वृद्धि सकारात्मक संकेत है।

यदि नीचे दी गई सिफारिशें 2026 तक कड़ाई से लागू की जाएँ तो चंद्रपुर के आदिवासी परिवारों की औसत मासिक आय रू15,000–20,000 तक पहुँच सकती है और मजदूरी पलायन 60% से अधिक कम हो सकता है।

सिफारिशें:

1. गाँव स्तर पर मासिक जागरूकता शिविर अनिवार्य स्थानीय भाषाओं में डिजिटल माध्यम
   - हर तालुका में महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को संयुक्त शिविर
   - गोंडी, माडिया, हलबी, कोलामी में छोटे वीडियो/ऑडियो व्हाट्सएप से भेजें
   - आधार, बैंक, जाति प्रमाणपत्र की तत्काल जाँच/सुधार कैंप
2. PM-JANMAN/DA-JGUA के लिए अलग पूर्णकालिक विशेष अधिकारी त्रैमासिक फील्ड विजिट
3. शबरी ऋण प्रक्रिया पूर्णत% डिजिटल (15 दिन में पूरा) वसूली के लिए स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन
4. तेंदू पत्ता में 100% DBT बायोमेट्रिक हाजिरी दलालों पर स्थायी प्रतिबंध
5. प्रत्येक तालुका में 'आदिवासी उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र' (बकरी/मुर्गी पालन, महुआ प्रसंस्करण, सोलर तकनीक, डिजिटल मार्केटिंग आदि प्रशिक्षण)
6. हर साल स्वतंत्र तृतीय–पक्ष प्रभाव मूल्यांकन (TISS/IIM/Gokhale Institute द्वारा)
7. अतिरिक्त सिफारिशें
   - सीमेंट/कोयला कंपनियों के SR से स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सोलर प्लांट अनिवार्य
   - आदिवासी महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी बचत गट' – रू 20 लाख तक ब्याज–मुक्त ऋण
   - वन अधिकार दावों का जून 2026 तक 100% निपटारा।

इन सभी सिफारिशों को यदि 2026 के बजट में कार्य–योजना के साथ शामिल किया जाए तो चंद्रपुर जिला महाराष्ट्र का 'आदिवासी विकास मॉडल जिला' बन सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Times of India (2024), PM's tribal upliftment scheme to reach 167 Chanda villages.
2. Burghate, K., &Herkal, S. (2023). TIJER.
3. Galaxy International Multidisciplinary Research Journal (2024).
4. Proceedings ICHES (2024).
5. TRTI Evaluation Reports (2019-2021).
6. IIP Series (2024).
7. Tribal Maharashtra Annual Report (2018-19).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

इंदौर और कपड़ा उद्योग का इतिहास, वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की संभावनाएँ

श्रीमती ज्योतिबाला राठौर*

* प्रशिक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत के औद्योगिक इतिहास में इंदौर का नाम विशेष रूप से कपड़ा उद्योग के लिए जाना जाता है। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से लेकर आज तक इंदौर ने न केवल मध्य भारत, बल्कि देश के वस्त्र उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह शोध पत्र इंदौर की पहली कपड़ा मिल से लेकर प्रधानमंत्री मित्र पार्क तक की विकास यात्रा को रेखांकित करता है, जिसमें ऐतिहासिक, आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक पक्षों का विश्लेषण किया गया है।

प्रस्तावना – भारत की औद्योगिक प्रगति में कपड़ा उद्योग का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। यह उद्योग न केवल आर्थिक विकास का आधार है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन, रोजगार और तकनीकी प्रगति का भी प्रतीक है।

इंदौर, जो कभी मालवा क्षेत्र की सांस्कृतिक राजधानी रहा, 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से कपड़ा उद्योग का केंद्र बन गया। महाराजा तुकोजीराव द्वितीय के समय से प्रारंभ होकर यह उद्योग सर हुकुमचंद जैसे उद्योगपतियों के प्रयासों से स्वर्ण युग तक पहुँचा और आज प्रधानमंत्री मित्र पार्क जैसी आधुनिक परियोजनाओं के माध्यम से पुन: वैश्विक स्तर पर स्थापित हो रहा है।

इंदौर में कपड़ा मिलों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

पहली कपड़ा मिल (1866) – इंदौर में पहली कपड़ा मिल की स्थापना सन् 1866 में महाराजा तुकोजीराव द्वितीय द्वारा की गई थी।

यह राज्य की पहली कपड़ा मिल थी और इसकी मशीनें हाथियों पर लादकर इंदौर लाई गई , जो उस युग की तकनीकी दूरदृष्टि और उत्साह का प्रतीक है।

मिल के लिए रूई का प्रबंध गुजराती व्यापारियों डायाभाई बसंती और सोजीराम सालिगराम द्वारा किया गया, जिन्होंने जीनिंग फैक्ट्री लगाई। प्रारंभ में कपड़ा मोटा बनता था, और सैनिकों को वेतन के रूप में कपड़ा दिया जाने लगा। बाद में यह मिल भंडारी परिवार को बेच दी गई।

औद्योगिक विस्तार और स्वर्ण काल (1909–1925) – 1909 में सर सेठ हुकुमचंद और सेठ जमनादास मुहारमल के प्रयासों से मालवा यूनाइटेड मिल की स्थापना मुंबई के सर करीमभाई इब्राहिम की देखरेख में हुई।

इसके बाद क्रमश:

1. फतेहपुरिया जीनिंग एंड प्रेसिंग फैक्ट्री,
2. हुकुमचंद मिल,
3. नंदलाल भंडारी मिल,
4. स्वदेशी कॉटन मिल,
5. कल्याण मिल, और
6. राजकुमार मिल

की स्थापना हुई।

1917 से 1925 तक का समय इंदौर के कपड़ा उद्योग का सुनहरा युग (Golden Era) माना जाता है। उस समय सात मिलों में 10,720 लूम्स और 4,05,805 स्पिंडल्स चालू थे।

मध्यभारत प्रांत की 15 मिलों में से 7 केवल इंदौर में थीं, जिससे इंदौर को 'मालवा का मैनचेस्टर' कहा जाने लगा।

इंदौर और कपास उत्पादन की स्थिति – कपास को भारत में 'सफेद सोना' कहा जाता है। मध्यप्रदेश देश के कुल कपास उत्पादन का लगभग 43 प्रतिशत और विश्व का लगभग 24 प्रतिशत उत्पादन करता है।

इंदौर और उसके आसपास के खरगौन, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, झाबुआ, अलीराजपुर, देवास और रतलाम जिले कपास उत्पादन के प्रमुख केंद्र हैं।

उत्पादन आँकड़े :–

वर्ष	कपास उत्पादन (लाख मीट्रिक टन)
2022–23	8.78
2023–24	6.30
2024–25	5.60

वर्तमान में मध्यप्रदेश में कपास का रकबा 5.83 लाख हेक्टेयर है।

यहाँ के कपास का रेशा 30 मिमी लंबा होता है, जिससे फाइन क्वालिटी धागा तैयार किया जाता है। यूरोप और अमेरिका में मध्यप्रदेश के कपास से बने टॉवेल, चादर और वस्त्र की विशेष मांग है। राज्य से तैयार कपड़ा और गारमेंट का वार्षिक निर्यात लगभग 7,000 करोड़ है।

प्रधानमंत्री मित्र (PM MITRA) पार्क – एक औद्योगिक क्रांति की शुरुआत – प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 17 सितम्बर 2025 को अपने 75वें जन्मदिन पर इंदौर के पास धार जिले के ग्राम भैसोला में देश के पहले PM MITRA Park की आधारशिला रखी।

यह परियोजना 2158 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है। इसमें 114 इकाइयों ने रू 23,146 करोड़ के निवेश की स्वीकृति दी है, जिससे लगभग 72,000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यहाँ 81 Plug and Play यूनिट्स स्थापित होंगी, जिनसे फाइबर से लेकर फैब्रिक, फैशन और फॉरेन एक्सपोर्ट तक की संपूर्ण वैल्यू चेन विकसित होगी।

परियोजना की प्रमुख विशेषताएँ :-

1. 3 लाख से अधिक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावना।
2. श्रमिकों व महिला कर्मचारियों के लिए आवासीय व सामाजिक सुविधाएँ।
3. निवेशकों के लिए आधुनिक बुनियादी ढाँचा व लॉजिस्टिक सपोर्ट।
4. 27,109 करोड़ रुपये के कुल निवेश प्रस्ताव अब तक प्राप्त।
5. वस्त्र उद्योग के बड़े संगठनों की रुचि - भारत को 'Global Textile Hub' बनाने की दिशा में कदम।

औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव

1. आर्थिक प्रभाव- PM मित्र पार्क से न केवल स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि कपास किसानों को भी उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध होगा। राज्य के एक्सपोर्ट वैल्यू में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है।

2. सामाजिक प्रभाव - यह परियोजना महिला रोजगार, तकनीकी प्रशिक्षण और ग्रामीण विकास के नए अवसर प्रदान करेगी। स्थानीय युवाओं के लिए Skill Development केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा।

3. पर्यावरणीय प्रभाव - परियोजना में Green Manufacturing Zero Liquid Discharge System and Waste Recycling को अपनाया जा रहा है, जिससे यह भारत का पहला सस्टेनेबल टेक्सटाइल पार्क बनेगा।

इंदौर - भविष्य का टेक्सटाइल हब - इंदौर पहले ही 'क्लीन सिटी' और 'स्मार्ट सिटी' के रूप में पहचाना जा चुका है। अब यह 'टेक्सटाइल हब' बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

मालवा क्षेत्र की ऐतिहासिक औद्योगिक पृष्ठभूमि, उत्कृष्ट कपास उत्पादन, प्रशिक्षित श्रमिक वर्ग और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण , ये सभी कारक इंदौर को भविष्य का वस्त्र उद्योग केंद्र बना रहे हैं।

चुनौतियाँ और संभावनाएँ

चुनौतियाँ-

1. जलवायु परिवर्तन के कारण कपास उत्पादन में उतार-चढ़ाव।
2. ऊर्जा लागत में वृद्धि।
3. विदेशी प्रतिस्पर्धा।

संभावनाएँ-

1. टेक्सटाइल सेक्टर में Automation & AI Integration
2. हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट और ऑर्गेनिक टेक्सटाइल का उभरता बाजार।
3. इंदौर का भौगोलिक स्थान , मध्य भारत में लॉजिस्टिक हब के रूप में लाभकारी।

निष्कर्ष - इंदौर का कपड़ा उद्योग केवल औद्योगिक विकास का इतिहास नहीं, बल्कि यह श्रम, सृजन और नवाचार की परंपरा का प्रतीक है। 1866 की पहली कपड़ा मिल से लेकर 2025 के पीएम मित्र पार्क तक की यह यात्रा भारत की आत्मनिर्भरता और औद्योगिक आत्मविश्वास का परिचायक है। कपास किसानों से लेकर उद्योगपतियों तक, श्रमिकों से लेकर निर्यातकों तक , यह श्रृंखला भारत की Make in India और Vocal for Local नीतियों को सशक्त बना रही है। इंदौर एक बार फिर 'मालवा का मैनचेस्टर' बनकर विश्व वस्त्र मानचित्र पर अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यप्रदेश शासन, उद्योग विभाग- PM Mitra Park Official Project Report, 2025
2. Holkar State Industrial Records, 1866–1920
3. इंदौर जिला गजेटियर, 1909-1930
4. भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय- Annual Textile Report 2024–25
5. श्रीकृष्ण भटनागर (1995): मध्यभारत की औद्योगिक परंपरा
6. गांधी, मोहनदास के. हिन्द स्वराज , स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर विचार
7. DGT & MSDE Reports, Skill India and Textile Training Initiatives, 2024
8. Economic Times (2025) : PM Mitra Park Dhar – India's First Integrated Textile Hub

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सागर संभाग में चयनित सार्वजनिक एवम् निजी बैंकों की गैर निष्पादित सम्पत्ति का अध्ययन

फरहा नाज* डॉ.प्रभा अग्रवाल**

* शोधार्थी (वाणिज्य) महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह अध्ययन मध्य प्रदेश के सागर संभाग में संचालित चुनिंदा सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) की प्रवृत्तियों, कारणों और प्रभावों की विश्लेषणात्मक जांच प्रस्तुत करता है। पांच साल की अवधि में प्राथमिक और द्वितीयक दोनों डेटा स्रोतों का उपयोग करके, अनुसंधान विभिन्न बैंकिंग संस्थानों में एनपीए की मात्रा और पैटर्न की तुलना करता है। अध्ययन एनपीए के संचय में योगदान देने वाले आंतरिक और बाह्य कारकों की भी पड़ताल करता है, जिसमें ऋण वितरण प्रथाएं, उधारकर्ता चूक, आर्थिक स्थिति और नियामक उपाय शामिल हैं। तुलनात्मक विश्लेषण से पता चलता है कि निजी क्षेत्र के समकक्षों की तुलना में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एनपीए का बोझ अधिक है, यह अध्ययन भारतीय बैंकिंग प्रणाली के भीतर वित्तीय स्वास्थ्य और ऋण दक्षता में सुधार से संबंधित नीति निर्माताओं, बैंकिंग पेशेवरों और शिक्षाविदों के लिए महत्वपूर्ण है।

शब्द कुंजी –सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, सागर डिवीजन, परिसंपत्ति गुणवत्ता, सकल एनपीए अनुपात, वित्तीय प्रदर्शन, ऋण वसूली, ऋण जोखिम, बैंकिंग क्षेत्र सुधार।

प्रस्तावना – भारतीय बैंकिंग देश और उसके लोगों की जीवन रेखा है। बैंकिंग ने अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को विकसित करने और भारतीय क्षितिज पर प्रगति की एक नई सुबह लाने में मदद की है। इस क्षेत्र ने लाखों लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को हकीकत में बदला है। लेकिन ऐसा करने के लिए, उसे मीलों दूर तक कठिन भूभाग पर नियंत्रण करना पडा है। आज भारतीय बैंक आत्मविश्वास के साथ दुनिया के आधुनिक बैंकों से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्र अर्थव्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों में से एक है। इसे अर्थव्यवस्था की सफलता या विफलता के लिए जिम्मेदार मुख्य कारक माना जाता है। बैंक भी अर्थव्यवस्था के सबसे पुराने वित्तीय संस्थानों में से एक है। वे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में जमा राशि जुटाने और ऋण वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैंकिंग प्रणाली ईंधन इंजेक्शन प्रणाली है जो बचत जुटाकर और उन्हें उच्च रिटर्न निवेश के लिए आवंटित करके आर्थिक दक्षता को उत्तोजित करती है। आधुनिक वाणिज्यिक बैंकिंग वाला देश, अपने वर्तमान स्वरूप में, हाल ही में उत्पन्न हुआ है।

भूमिका – भारत के मध्य भू-भाग पर विद्यमान मध्यप्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में सागर संभाग अवस्थित है। जिसके अन्तर्गत, सागर, छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले शामिल है, जो मिलकर एक संभाग का रूप देते हैं। इस संभाग का निर्माण दमोह एवं सागर जिलों को जबलपुर संभाग से पृथक कर निर्मित किया गया था। तत्पश्चात 26 जनवरी 1973 को पन्ना, टीकमगढ़ और छतरपुर को रीवा संभाग के जिलों से पृथक कर इस संभाग में मिला लिया गया था। 1 अक्टूबर 2018 को टीकमगढ़ के निवाड़ी तहसील को अलग कर जिले के रूप में स्थापित किया गया। निवाड़ी जिले को मिला कर वर्तमान समय में सागर संभाग में समाहित जिलों की संख्या छः है। संभाग के अन्तर्गत सभीं जिलो को संस्कृति, भाषायी विशिष्टता एवं पर्यटन से प्रदेश में इस संभाग की एक अलग ही पहचान है जिले के सागर संभाग के नाम से सम्बोधित किया जाता है।

ऐतिहासिक स्थिति – भारत के मध्य भाग में स्थित सागर संभाग में सागर, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना सहित कई जिले शामिल हैं। क्षेत्र का बैंकिंग क्षेत्र व्यक्तियों, व्यवसायों और कृषि उद्यमों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करके आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र के बैंक इस संभाग में काम करते हैं, जो ग्रामीण और शहरी आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। भारतीय स्टेट बैंक (SBI), पंजाब नेशनल बैंक (PNB) और बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) जैसे राष्ट्रीयकृत बैंकों की HDFC बैंक, ICICI बैंक और एक्सिस बैंक जैसे निजी बैंकों के साथ-साथ मजबूत उपस्थिति है। सहकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) भी लघु उद्योगों, स्वयं सहायता समूहों और हाशिए के समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करते हैं। सागर संभाग में बैंकिंग क्षेत्र कृषि निर्भरता, औद्योगीकरण और क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रथाओं जैसे कारकों से काफी प्रभावित है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY), प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) योजनाओं और माइक्रोफाइनेंस पहलों के माध्यम से वित्तीय समावेशन प्रयासों में वृद्धि देखी गई है। इन विकासों के बावजूद, कई चुनौतियाँ बनी हुई हैं, जिनमें बुनियादी ढाँचे की कमी, कम वित्तीय साक्षरता और दूरदराज के इलाकों में पहुँच संबंधी समस्याएँ शामिल हैं। डिजिटल बैंकिंग की भूमिका बढ़ गई है, और ग्राहकों की बढ़ती संख्या मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)

सेवाओं को अपना रही है।

आर्थिक विकास में बैंकिंग की भूमिका – सागर संभाग में बैंकिंग क्षेत्र बचत को जुटाकर और उन्हें उत्पादक निवेशों में लगाकर आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कृषि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है, जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और कृषि सावधि ऋण जैसी योजनाओं के तहत किसानों को बड़े प्रतिशत ऋण दिए जाते हैं। इसके अलावा, छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) और कुटीर उद्योग अपने परिचालन का विस्तार करने, रोजगार सृजित करने और क्षेत्रीय आय के स्तर में सुधार करने के लिए बैंक वित्तापोषण पर निर्भर हैं। कृषि और व्यवसाय ऋण के अलावा, बैंक किफायती ऋण देकर आवास और शिक्षा क्षेत्र में भी योगदान करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) और शिक्षा ऋण सब्सिडी जैसी विभिन्न सरकार समर्थित पहलों की शुरूआत ने वित्तीय संस्थानों को अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) और ऋण वसूली के रुझान – सागर संभाग में कार्यरत बैंकों के लिए गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बनकर उभरी हैं। एनपीए ऐसे ऋण या अग्रिम हैं जिनमें उधारकर्ता 90 दिनों या उससे अधिक समय तक ब्याज या मूलधन का भुगतान करने में विफल रहता है। एनपीए का बढ़ता स्तर बैंकों की लाभप्रदता और तरलता को प्रभावित करता है, जिससे ऋण प्रवाह में समग्र मंदी आती है। पिछले दशक में, क्षेत्र के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में उच्च एनपीए अनुपात का सामना करना पड़ा है, जैसे कि ऋण देने के मानदंडों में ढील, कृषि ऋण चूक और अपर्याप्त जोखिम मूल्यांकन तंत्र जैसे कारक। सागर संभाग में एनपीए में प्राथमिक योगदानकर्ताओं में कृषि क्षेत्र, लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई), और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल हैं।

बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के लिए सरकारी नीतियां और सिफारिशें – सरकार ने सागर संभाग में एनपीए की समस्या को दूर करने और बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई नीतियां और योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना और माइक्रो और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) जैसी पहलों ने छोटे उधारकर्ताओं के लिए ऋण पहुंच में सुधार करने और वित्तीय संकट को कम करने में मदद की है। इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों के बीच बेहतर वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियामक मानदंड लागू किए हैं। सागर संभाग में बैंकिंग दक्षता बढ़ाने के लिए, यह अनुशंसा की जाती है कि बैंक एनपीए प्रबंधन के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाएं। क्रेडिट मूल्यांकन प्रक्रियाओं को मजबूत करना, उन्नत जोखिम प्रबंधन तकनीकों को लागू करना और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना ऋण चूक को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, बैंकों और स्थानीय सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग ऋण वसूली दरों में सुधार कर सकता है और वित्तीय समावेशन प्रयासों को सुव्यवस्थित कर सकता है। बैंकिंग पहुंच बढ़ाने और परिचालन लागत को कम करने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बैंकिंग की पहुंच को भी बढ़ाया जाना चाहिए।

सागर जिले की भौगोलिक स्थिति एवं नाम की उत्पत्ति से सम्बंधित लोककथा – भारत के मध्य में मध्यप्रदेश व मध्यप्रदेश के मध्य में सागर जिला अर्थात् मध्यप्रदेश का हृदय स्थल सागर स्थित है, जो 23°10' से 24°27' उत्तरी अक्षांश तथा 78°52' से 79°21' पूर्वी देशांश के मध्य फैला है। सागर जिले का क्षेत्रफल 10,252 वर्ग किलोमीटर है। यहाँ की जनसंख्या 23,78,458 के लगभग है तथा लिंगानुपात 896 है
सागर जिले की बारह तहसीलें – बीना, खुरई, मालथौन, बंडा, शाहगढ़, राहतगढ़, जैसीनगर, सागर, गढ़ाकोटा, रहली, देवरी तथा केसली है।

भौगोलिक स्थिति: सागर जिला मध्यप्रदेश के उत्तर मध्य में स्थित है। यह क्षेत्र प्रायश: बुंदेलखण्ड के नाम से जाता है। सागर के उत्तर में छतरपुर और ललितपुर जिले, पश्चिम में विदिशा, गुना जिले, दक्षिण में नरसिंहपुर, पश्चिम – दक्षिण में रायसेन तथा पूर्व में दमोह जिले की सीमायें मिलती हैं।

सागर शहर के बीचों-बीच एक अत्यंत सुन्दर झील है जिसे लाखा बंजारा झील के नाम से जाना जाता है। ऐसी लोक किवदंती है कि सागर झील का निर्माण 13वीं शताब्दी में बंजारों ने किया था। इसका निर्माण लाखा बंजारा नामक बंजारे द्वारा कराया गया था। लाखा एक प्रसिद्ध बंजारा था, जो अपने अन्य बंजारा साथियों के साथ लद्दू भैंसों, बैलों पर नमक और अन्य ग्राहस्थिक सामग्री लादकर बुंदेलखण्ड क्षेत्र में आते थे और घूम-घूम कर व्यापार किया करते थे। लद्दू मवेशियों के साथ अत्यधिक जल की आवश्यकता पड़ती थी।

अत: जहाँ पर पानी कम या उपलब्ध नहीं होता था, वहाँ बंजारे अपने निजी पैसे से तालाब, बावड़ियों का निर्माण करा देते थे। मवेशियों की जल आपूर्ति के लिए बंजारों ने दो पहाड़ियों के मध्य सागर शहर में विशाल तालाब का निर्माण करवा दिया और बाद में इसी सागर झील के नाम से दांगियों, अहीरों एवं गौड़ शासकों ने शासन किया।

पर्वत एवं नदियाँ : सागर जिला मालवा पठार के दक्षिण – पूर्व किनारे विंध्यांचल पर्वत श्रेणी पर स्थित है। यहाँ सामान्य तल के ऊपर तीन सौ से पांच सौ फुट ऊँची उठी हुई पर्वत मालाएं, ऊपर उल्लिखित नदी पात्रों को एक-दूसरे से प्रथक करती हैं। इनमें से सबसे प्रमुख पर्वतमाला लिधोरा से बंडा होते हुए जयसिंहनगर तक दक्षिण-पश्चिम की ओर फैली है। ये पहाड़ियां, जिनके शिखर सपाट हैं, अधिकांशत: वनाच्छादित हैं और कहीं-कहीं उनकी ऊंचाई लगभग 2000 फुट है। पथरिया जो सागर से निकट है, इसकी ऊंचाई औसत समुद्रतल से 2,035 फुट है। आगे चलकर तेंदू डाबर जो 2,182 फुट ऊँची है।

जलवायु एवं तापमान: किसी क्षेत्र की जलवायु उस क्षेत्र के वातावरण का महत्वपूर्ण घटक होती है अर्थात् जलवायु वन, वर्षा, मिट्टी एवं कृषि को प्रभावित करने वाला तत्व है। सागर में और जिलों की अपेक्षा गर्मी कम पड़ती है। इसलिए यहाँ का रहवास निरोग और सुखद है।

नवम्बर से फरवरी तक शीत ऋतु रहती है, इसके पश्चात् मार्च से जून तक ग्रीष्म ऋतु रहती है तथा वर्षा मध्य जून से प्रारंभ होकर सितम्बर के अंत तक होती है। अक्टूबर में वर्षाऋतु, शीतऋतु में परिवर्तित होने लगती है। सागर जिले का न्यूनतम तापमान जनवरी माह में 05° सेंटीग्रेड तथा अधिकतम 47° सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया जाता है। सागर जिले की औसत वर्षा लगभग 45 इंच है।

जंगली जानवर: सागर जिले में हिरण, चीतल, सांभर, नीलगाय, काला हिरण, सोनकुत्ते, सियार, भालू, बारहसिंगा, लोमड़ी, सेई, बन्दर, चौसिंघा, जंगली सूअर, लकडबग्घा, आदि जानवर पाये जाते हैं। खनिज सम्पदा: सागर जिले में विपुल खनिज सम्प्रदा नहीं है तथापि इस जिले में वृहद मात्रा

में निर्माण सामग्री उपलब्धा है और चूना पत्थर भी अनेकों स्थानों पर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पाया जाता है। मालथौन के उत्तार में अटा में बलुआ पत्थर पट्टीनुमा परतों के रूप में पाया जाता है।

उद्देश्य:

1. आर्थिक विकास में बैंकिंग की भूमिका पर अध्ययन करना।
2. बैंकिंग क्षेत्र सुधार के लिए सरकारी नीतियों और सिफारिशों का अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पना:

- चयनित सार्वजनिक एवं निजी बैंको की गैर निष्पादित सम्पति में अंतर है।

अनुसंधान क्रियाविधि- इस शोध में एकत्रित किए गए आंकड़ों का विश्लेषण और उनकी व्याख्या प्रस्तुत की गई है। अध्ययन का उद्देश्य सागर संभाग के चयनित सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों में गैर निष्पादित सम्पत्तियों (एन.पी.ए.) की स्थिति का तुलनात्मक और विश्लेषणात्मक आकलन करना हैं। द्वितीय समकों एवं सूचनाओं का संग्रहण हेतु पुस्तकालयों में उपलब्ध शासकीय एवं अर्धशासकीय प्रकाशन तथा निजी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित सामग्री, पत्र-पत्रिकाएँ, समाचार पत्रो आदि से उपयोग किया गया है, इसके अलावा इंटरनेट का भी सहारा लिया गया हैं। इसके अलावा राज्य स्तरीय बैंकर्स,संभागीय एवं जिलेवार समितियों एवं अग्रणी भारतीय स्टेंट बैंक टीकमगढ़ से संमक संग्रहित किये गये है।

शोध का क्षेत्र एवं सीमाएँ:- शोध अध्ययन का क्षेत्र मध्यप्रदेश के सागर संभाग से संबंधित है जिसमें बैंको की संख्या अत्याधिक होने के कारण सार्वजनिक एवं निजी बैंको का चयन दैवनिदर्शन पद्धति द्वारा किया गया है जिसमें पाँच सार्वजनिक एवं निजी बैंको का चयन किया है जो निम्न प्रकार है।

चयनित बैंक

सार्वजानिक बैंक	चयनित निजी बैक
1.एसबी आई बैंक	1.आईसी आईसी आई बैंक
2.इंडियन बैंक	2.एक्सिस बैंक
3.पीएन बी बैंक	3.एचडी एफसी बैंक
4.बीओ आई बैंक	4.बंधन बैंक
5.केनरा बैंक	5.एयू स्मॉल फिन. बैक

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सकल एनपीए का पाँच वर्षो (2021-2025) का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। इसमें स्पष्ट है कि भारतीय स्टेट बैंक (SBI) का एनपीए राशि के मामले में सर्वाधिक है, जो 2021 में 30,401 रूपये लाख से बढ़कर 2024 में 54,061रूपये लाख तक पहुँचा और 2025 में थोड़ा घटकर 49,017 रूपये लाख रहा। यह कुल सार्वजनिक क्षेत्र के एनपीए का लगभग 63% हिस्सा है, जो बैंकिंग प्रणाली में SBI की प्रमुखता और उसके जोखिम दोनों को दर्शाता है। पंजाब नेशनल बैंक (PNB) का भी योगदान उल्लेखनीय है, जिसका एनपीए 2021 के 6,024 रूपये लाख से लगातार बढ़कर 2025 में 14,647 रूपये लाख तक पहुँच गया, जिससे इसका कुल हिस्सा 15-6% हो गया। इंडियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया का हिस्सा क्रमश: 9-97% और 5-94% रहा। केनरा बैंक का योगदान सबसे कम (5-50%) रहा, लेकिन इसमें भी वृद्धि का रुझान देखा गया। समग्र रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का सकल एनपीए 2021 के 48,810 रूपये लाख से बढ़कर 2024 में 87,254 रूपये लाख तक पहुँचा और 2025 में 80,842 रूपये लाख पर आकर स्थिर हुआ। यह दर्शाता है कि कुछ सुधारात्मक कदम 2025 में प्रभावी हुए, जिससे गिरावट आई। परंतु कुल मिलाकर यह प्रवृत्ति बैंकों की ऋण प्रबंधन प्रणाली में कमियों और बढ़ते जोखिम को इंगित करती है।

ग्राफ 1: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एनपीए (लाख रूपये)



तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 में निजी क्षेत्र के बैंकों के सकल एनपीए का पाँच वर्षो (2021-2025)का विवरण दिया गया है। इसमें स्पष्ट है कि एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे अधिक प्रभावित रहे। एक्सिस बैंक का एनपीए 2021 में केवल 809 रूपये लाख था, लेकिन 2022 में यह तेजी से बढ़कर 5,722 रूपये लाख और 2025 में 10,595 रूपये लाख हो गया। कुल एनपीए में इसका हिस्सा 41.94%रहा, जो निजी क्षेत्र में सर्वाधिक है। आईसीआईसीआई बैंक का एनपीए भी उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 2021के 993 रूपये लाख से बढ़कर 2025 में 8,713 रूपये लाख पहुँच गया और इसका हिस्सा 25-87% रहा। एचडीएफसी बैंक, जो आमतौर पर स्थिर माना जाता है, 2021में 7,095 रूपये लाख के उच्च स्तर पर था लेकिन अगले वर्षो में अपेक्षाकृत संतुलित रहा और 2025 तक 3,378 रूपये लाख पर सीमित रहा। यह दर्शाता है कि बैंक ने प्रभावी रिकवरी रणनीतियाँ अपनाई। बंधन बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का कुल एनपीए योगदान क्रमश: 5-97%और 5-41% रहा, जो छोटे स्तर के जोखिम को दिखाता है। समग्र रूप से निजी क्षेत्र के बैंकों का कुल एनपीए 2021के 9,484 रूपये लाख से बढ़कर 2025 में 26,412 रूपये लाख तक पहुँच गया। यह प्रवृत्ति संकेत देती है कि निजी बैंकों में ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता पर दबाव बढ़ा है, विशेष रूप से तेजी से विस्तार करने वाले बैंकों में।

ग्राफ 2: निजी क्षेत्र के बैंक एनपीए (लाख रूपये)



निष्कर्ष – सागर संभाग के चयनित सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों की गैर निष्पादित संपत्तियों (NPA) का विश्लेषण करने के उपरांत यह स्पष्ट होता है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर निष्पादित संपत्तियों की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक है। अत: स्पष्ट होता है कि चयनित सार्वजानिक एवं निजी बैंको की गैर निष्पादित सम्पत्ति में अंतर है इसका प्रमुख कारण प्राथमिकता क्षेत्र में अधिक ऋण वितरण, कमजोर ऋण वसूली तंत्र, और प्रशासनिक अक्षमता है। दूसरी ओर, निजी क्षेत्र के बैंक अपने बेहतर जोखिम प्रबंधन, कुशल ऋण मूल्यांकन प्रणाली तथा तकनीकी हस्तक्षेप के कारण एनपीए पर अपेक्षाकृत अधिक नियंत्रण रखने में सफल रहे हैं। यह भी दर्शाता है कि गैर निष्पादित संपत्तियाँ न केवल बैंकों की लाभप्रदता को प्रभावित करती हैं, बल्कि समग्र बैंकिंग प्रणाली की विश्वसनीयता और आर्थिक स्थायित्व पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। अत: यह आवश्यक है कि बैंकों द्वारा कठोर ऋण स्वीकृति मानदंडों को अपनाया जाए, समय पर पुनरुद्धार उपाय किए जाएं, और वसूली तंत्र को अधिक सशक्त किया जाए। इसके अतिरिक्त, नीति–निर्माताओं को भी चाहिए कि वे एकीकृत नियामक ढांचे के माध्यम से सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के बैंकों को सहयोग प्रदान करें, जिससे वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा मिले और एनपीए की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। इस प्रकार, यह अध्न नीति एवं व्यावहारिक सुधारों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. श्रीवास्तव, बी.के., बुन्देलखण्ड का इतिहास (1531 से 1857 ई. तक), डी. के. प्रिंटवर्ल्ड प्रा. लि., नई दिल्ली, 2019, पृ.12
2. तिवारी, गोरेलाल, बुन्देलखण्ड का संक्षिप्त इतिहास, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, 1990, पृ. 1
3. त्रिपाठी, काशीप्रसाद, बुन्देलखंड का सामाजिक–आर्थिक इतिहास, समय प्रकाशन, नई दिल्ली, 2020, पृ. 13
4. गुप्त, नर्मदा प्रसाद, बुन्देलखण्ड का सीमांकन, कृष्णदत्त बाजपेयी (सं), बुन्देलखण्ड – गौरव खण्ड–1, महेंद्र कुमार मानव अभिनन्दन समिति, भोपाल, 1993, पृ.211–212
5. जोशी, मदनमोहन (सं.), मध्यप्रदेश सन्दर्भ, दैनिक नईदुनिया प्रकाशन, 1998–99, पृ. 16
6. रैकवार, महेश कुमार, सागर संभाग में इसाई मिशनरियों की गतिविधियाँ प्रोटेस्टेंट मत के विशेष सन्दर्भ में (1878 से वर्तमान तक), शोध प्रबन्ध, इतिहास विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, 2013, पृ. 1
7. जिला प्रशासन निवाड़ी, दिनांक 01.012023 को उद्दत https://niwari.nic.in/
8. डेंगरे, एकता, बुंदेलखंड के अवनद्ध वाद्यों की बजौटी वादन शैली, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2013, पृ. 1
9. जैन, किरण, सागर जिला और उद्योग–धन्धे, लक्ष्मी पाण्डेय (सं.), ये है बुंदेलखंड भाग – 1,
10. अनुज्ञा बुक्स पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2020, पृ. 145
11. जिला प्रशासन सागर, दिनांक – 23.01.2023 को उद्दतhttp://sagar.nic.in/
12. वही
13. त्रिपाठी, काशीप्रसाद, बुंदेलखंड के तालाबों एवं जल प्रबंधन का इतिहास, बुन्देलखण्ड अनुसंधान पोर्टल, दिनांक – 30.01.2023 को उद्दत https://cutt.ly/NwAsJuSd
14. कृष्णन, व. सु., मध्यप्रदेश जिला गजेटियर सागर, भोपाल, 1970, म.प्र., पृ. 4
15. वही, पृ. 5
16. रायबहादुर, हीरालाल, सागर– सरोज, सागर डिस्ट्रिक्ट गजेटियर (हिन्दी), 1922, पृ.4
17. रायकवार, माधवसिंह, टीकमगढ जिले के मंदिर एवं स्थापत्य कला, नागेश दुबे एवं मोहन लाल चढार (सं.), मध्य भारत की कला, संस्कृति एवं पुरातत्व, एस. एस. डी. एन. पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्युटर्स, नई दिल्ली, पृ. 46
18. सोनी, नारायण दास, ऐतिहासिक ओरछा राज्य से बना जिला टीकमगढ, ये है बुंदेलखण्ड भाग – 2, पूर्वोक्त, पृ.67
19. पाण्डेय, लक्ष्मी, निवाड़ी परिचय, ये है बुंदेलखण्ड भाग – 2, वही, पृ.63
20. जिला प्रशासन निवाड़ी, पूर्वोक्त
21. तिवारी, शिव कुमार, मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले में सेवा केन्द्र का भौगोलिक विश्लेषण, शोध प्रबंधा, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी, 1996, पृ.32
22. श्रीवास्तव, रूचि, जिला टीकमगढ़ में कृषिगत भूमि– उपयोग एवं पोषण स्तर, शोध प्रबंध,
23. बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी, 2001, पृ. 17
24. टीकमगढ़ विकास योजना, संचनालय नगर तथा ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश ग्राम तथा नगर
25. निवेश अधिनियम, 1973 के प्रवाधानान्तर्गत प्रकाशित मध्यप्रदेश भोपाल, पृ. 2
26. सैनी, कल्पना एवं चौबे, रमेश, सागर की सांस्कृतिक विरासत, आदित्य पब्लिशर्स, बीना,
27. सागर, म.प्र., 2007, पृ. 77

तालिका 1: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एनपीए (लाख रूपये)

	2021		2022		2023		2024		2025		कुल	
बैंक का नाम	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%
एसबीआई	30401	8.45%	45460	12.63	47726	13.26	54061	15.02	49017	13.62	226665	63.0%
इंडियनबैंक	6905	1.90%	6685	1.85	7508	2.08	7792	2.16	6997	1.94	35887	9.97%
पीएनबी	6024	1.67%	8731	2.42	12740	3.54	13991	3.88	14647	4.07	56133	15.6%
बीओआई	3546	0.98%	3519	0.97	3485	0.96	6159	1.71	4657	1.29	21366	5.94%
केनरा	1934	0.54%	3037	0.84	4062	1.12	5251	1.45	5524	1.53	19808	5.50%
कुल	48,810	13.56%	67,432	18.74	75,521	21%	87,254	24.25	80,842	22.46	359859	100%

स्त्रोत – अग्रणी भारतीय स्टेट बैंक, टीकमगढ़।

नोट– वर्ष 2021 में निवाड़ी जिले के उपलब्ध तालिका से संबंधित आँकड़े नही है। (कोविड–19 महामारी के कारण)

तालिका 2 : निजी क्षेत्र के बैंक एनपीए (लाख रूपये)

	2021		2022		2023		2024		2025		कुल	
बैंक का नाम	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%	एनपीए	%
आईसीआई सीआई बैंक	993	1.20	1534	1.85	3672	4.44	6473	7.83	8713	10.54	21385	25.87
एक्सिस बैंक	809	0.97	5722	7.92	7668	9.27	9881	11.95	10595	12.81	34675	41.94
एचडीएफसी बैंक	7095	8.58	1447	1.75	2497	3.02	2776	3.35	3378	4.08	17193	20.79
बंधन बैंक	0	0	777	0.93	1040	1.25	1317	1.59	1798	2.17	4932	5.97
एयू स्मॉल फिन. बैंक	587	0.71	568	0.68	423	0.51	969	1.17	1928	2.33	4475	5.41
कुल	9484	11.47	10048	12.15	15300	18.50	21416	25.90	26412	31.95	82660	100

स्त्रोत – अग्रणी भारतीय स्टेट बैंक, टीकमगढ़।

नोट – वर्ष 2021में निवाड़ी जिले के उपलब्ध तालिका से संबंधित आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं। (कोविड–19महामारी के कारण)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

वर्तमान परिदृश्य में साइबर सुरक्षा की स्थिति : चुनौतियाँ और संभावनाएँ

डॉ. शिवाकान्त तिवारी *

* प्रभारी प्राचार्य, आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय, मोहन बड़ोदिया (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आज का विश्व सूचना और तकनीक के नये युग में प्रवेश कर चुका है। इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता(AI) क्लाउड कंप्यूटिंग, जैसी तकनीकों ने समाज को काफी गतिशील और सुविधाजनक बना दिया है परन्तु इसके साथ ही साइबर अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। साइबर सुरक्षा आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गयी है। यह शोध वर्तमान परिदृश्य में साइबर सुरक्षा की अवधारणा, उसकी आवश्यकता, उपयोग की जा रही तकनीकें, भारत की स्थिति ओर संभावित समाधान पर प्रकाश डालने का प्रयास है। इसका प्रमुख उद्देश्य बढ़ते तकनीकी प्रयोग के प्रभाव के बीच साइबर सुरक्षा को सशकत बनाने के उपायों पर ध्यान आकर्षित करना है।

शब्द कुंजी – साइबर सुरक्षा, साइबर अपराध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता(AI), डिजिटल सदी।

प्रस्तावना – 21वीं सदी को डिजिटल सदी कहा जाता है। जीवन का कोई क्षेत्र आज डिजिटल क्रांति से अछूता नहीं है। शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन, व्यापार, बैंकिंग, युद्ध जैसा प्रत्येक क्षेत्र आज डिजिटल तकनीक पर निर्भर है। अगर विकास की प्रतिस्पर्धा में बने रहना है तो डिजिटल तकनीक में निरन्तर नवाचार करना पड़ेगा। क्योंकि जैसे-जैसे डिजिटल तकनीक का विस्तार हो रहा है वैसे-वैसे ही इसके दुरूपयोग की घटनाएँ भी बढ़ रही है। आज साइबर अपराध बड़ी तेजी से अपने पैर पसार रहा है। डेटा चोरी हो जाने, बैंक से छलपूर्वक पैसे निकाल लेने जैसी घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। आजकल डिजिटली हाउस अरेस्ट कर जीवनभर की कमाई छीन लेने जैसी घटनाएँ बहुत अधिक हो रही हैं। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए कौन-कौन से उपाय किये जायें जिससे हमारे कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटा, संचार या व्यक्तिगत जानकारियाँ सुरक्षित रहें इस विषय में निरन्तर कार्य करने की आवश्यकता है।

साइबर सुरक्षा का महत्व – साइबर सुरक्षा का महत्व सर्वोपरि है क्योंकि अगर साइबर सुरक्षा खतरे में पड़ी तो इसके परिणाम बहुत दूरगामी हो सकते हैं विशेषकर निम्नलिखित क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हो सकते हैं।

1. **व्यक्तिगत सुरक्षा**– आज एक आम व्यक्ति साइबर तकनीक का प्रयोग मोबाइल, ईमेल, सोशल मीडिया, बैंकिंग, मनोरंजन जैसे अनेक क्षेत्रों में कर रहा है लेकिन साइबर अपराधियों का सबसे आसान शिकार भी आम व्यक्ति ही बन रहा है। अगर आम आदमी की व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़ी तो वह डिजिटल तकनीक से दूर हो जायेगा।
2. **आर्थिक स्थिरता**– आनलाइन लेन-देन और ई कामर्स जेसे क्षेत्रों की सुरक्षा आर्थिक स्थिरता की दृष्टि से आवश्यक है। बड़े-बड़े हैकर्स किसी बड़ी कम्पनी का डेटा हैक कर उसे कुछ ही समय में अरबों की आर्थिक क्षति पहँचा देते हैं। हैकिंग का समय बढ़ने से क्षति भी बढ़ जाती है।
3. **राष्ट्रीय सुरक्षा**– राष्ट्रीय सुरक्षा सदैव सर्वोपरि रही है। आज के युग में किसी भी देश की सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि वह डिजिटल रूप से कितना सक्षम है। हाल ही में भारत द्वारा चलाये गये आपरेशन सिंदूर में भी इसकी झलक देखने को मिली। हमारे देश की सेनाओं ने डिजिटल तकनीक का बेहतरीन उपयोग करके दुश्मन देश पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया और कुछ ही घण्टों में उसे घुटनों पर ला दिया। रूस-यूक्रेन युद्ध में भी इसका भरपूर उपयोग देखने को मिल रहा है।
4. **विश्वसनीयता**– किसी की बात की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि सामान्य व्यकित उस पर कितना भरोसा करता है। कोरोना महामारी के दौर से हमारे देश में सामान्य व्यक्तियों के बीच में डिजटल तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ा है। लेकिन डिजिटल तकनीक का भविष्य इस बात पर निर्भर है कि आम व्यक्ति कितना सुरक्षित रह सकता है। वह सुरक्षित महसूस करेगा तभी डिजिटल तकनीक का उपयोग करेगा।

विश्व में साइबर सुरक्षा की स्थिति – वर्तमान में साइबर सुरक्षा परम्परागत तरीकों से काफी आगे निकल चुकी है। अब एंटी वायरस और फायर बॉल जैसे साधनों से आगे बढ़कर नई-नई तकनीकों का उपयोग सायबर सुरक्षा में हो रहा है जिनमें से प्रमुख निम्नलिखित हैं।

1. **कृत्रिम बृद्धिमत्ता(AI)** – कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग वर्तमान में साइबर सुरक्षा के लिए प्रमुखता से किया जा रहा हे। यह खतरे का संकेत मिलते ही तुरन्त पहचान कर सुरक्षा के लिए स्वचलित प्रतिक्रियाओं को सक्रिय कर देती है। यह बड़ी तेजी से डेटा का विश्लेषण कर खतरों से आगाह करती है ओर स्वत: ही खतरों से बचने के लिए आवश्यक प्रणाली को सक्रिय कर धोखाधड़ी और दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को रोक देती है। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुभव से सीखकर आगामी खतरों से बचने में भी मदद्गार साबित होती है। गूगल और माइक्रोसाफ्ट अख आधारित खतरा विश्लेषण मॉडल का उपयोग अपने सर्वर में कर रहे हैं।
2. **क्लाउड सुरक्षा**– क्लाउड आधारित सुरक्षा अपने डेटा, एप्लीकेशन,

ओर इंफ्रास्ट्रक्चर को खतरों से बचाने के लिए एन्क्रिप्शन, एक्सेस कन्ट्रोल ओर वास्तविक समय में खतरों का पता लगाने जैसे उपायों का उपयोग करती है। मल्टी फैक्टर अथेंटिकेशन(MFA) और डेटा लैप्स प्रिवेंशन(DLP) जैसे तरीकों का उपयोग भी इसके द्वारा किया जाता है।

3. ब्लॉकचेन– ब्लॉकचेन तकनीक डेटा को अपरिवर्तनीय (Immutable) बनाती है और लेन–देन की पारदर्शिता को बढ़ाती है। बैंकिंग क्षेत्र और आपूर्ति श्रृंखला में इसका उपयोग किया जाता हे। ब्लॉकचेन में नियंत्रण केन्द्रीकृत ना होकर नेटवर्क के सभी प्रतिभागियों के बीच वितरित होता है जिस कारण यह सुरक्षित और पारदर्शी बनता है।

4. बायोमेट्रिक सुरक्षा– बायोमेट्रिक सुरक्षा प्रणाली अत्याधुनिक तकनीक है जो किसी व्यक्ति की शारीरिक विशिष्टताओं का उपयोग कर उसकी पहचान की पुष्टि करती है। इस कारण इसमें सेंध लगाना लगभग असम्भव है। इसमें व्यक्ति की उंगलियों के निशान, आँखों की स्कैनिंग, चेहरे की पहचान यहाँ तक कि डी.एन.ए. का उपयोग भी उसकी पहचान को सत्यापित करने के लिए किया जाता है।

5. क्वांटम एन्क्रिप्शन– सायबर सुरक्षा की यह सबसे नवीनतम तकनीक है जो डेटा को सुरक्षित करने के लिए क्वांटम यांत्रिकी का उपयोग करती है। इसमें गुप्त एन्क्रिप्शन कुंजियों के वितरण का इस्तेमाल किया जाता है। कुंजियों को प्रकाश के क्वांटम कणों (फोटान) पर एनकोड किया जाता है। यह सुरक्षा तकनीक उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान करती है जो भविष्य में सायबर सुरक्षा का प्रमुख आधार बन सकती है।

भारत में साइबर सुरक्षा की स्थिति – भारत की वर्तमान जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक है। इसमें से लगभग 90 करोड़ से अधिक व्यक्ति इंटरनेट का उपयोग करते हैं। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या के उपयोगकर्ताओं की साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। विश्व में साइबर सुरक्षा के लिए किये जा रहे प्रयास तो भारत में किये ही जा रहे हैं, साथ ही यहाँ की परिस्थिति अनुसार कुछ अतिरिक्त प्रयास भी भारत सरकार द्वारा किये गये हैं जो निम्न प्रकार हैं–

(1) राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति (2013)– सायबर सुरक्षा की चुनौती से निपटने के लिए राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति (2013) बनायी गयी है जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित साइबर परिस्थिति के तंत्र का विकास करना है।

(2) इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (CERT- In) – यह संगठन साइबर हमलों की समय पर सूचना उपलब्ध कराने, उनकी रोकथाम करने ओर त्वरित, उचित प्रतिक्रिया करने के लिए बनाया गया है।

(3) डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 –देश के नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए इस अधिनियम के द्वारा कानूनी प्रावधान किये गये हैं।

(4) राष्ट्रीय साइबर समन्वय केन्द्र NCCC – साइबर सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए उक्त केन्द्र का निर्माण किया गया जिसका मुख्य कार्य नेटवर्क ट्रैफिक की निगरानी और विश्लेषण करने में सहायता प्रदान करना है।

साइबर अपराधों के मुख्य कारण – लगातार अनेक प्रयासों के बावजूद भारत में साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। NCRB की 2024 की रिपोर्ट अनुसार पिछले पाँच वर्षों में साइबर अपराधों में लगभग तीन गुना की वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारण निम्नानुसार हैं –

1. जागरूकता की कमी– हमारे देश के अधिकांश उपयोगकर्ता तकनीकी रूप से जागरूक नहीं है। उन्हें यह पता नहीं होता कि साइबर सुरक्षा के लिए क्या–क्या आवश्यक कदम उठाने चाहिए। इस कारण वे आसानी से साइबर अपराधियों के शिकार बन जाते हैं।

2. तकनीकी असमानता– हमारे देश की बहुत बड़ी जनसंख्या आज भी गाँवों में निवास करती है जो साइबर सुरक्षा की जानकारी में काफी पीछे है जबकि शहरी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत जागरूकता बढ़ी है।

3. विदेशी हमले– हमारे देश में कई बार साइबर हमले विदेशी धरती से संचालित होते हैं जिन्हें ट्रैक करना और रोकना अधिक कठिन हो जाता है।

4. कानूनी जटिलताएँ –यद्यपि भारत में साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए कई कानूनी प्रावधान किये गये हैं लेकिन अभी भी साइबर अपराधों की जाँच करना और तकनीकी प्रमाण जुटाना काफी दुष्कर है जिसका लाभ अपराधी उठा लेते हैं।

5. तेजी से बदलती तकनीक – इंटरनेट के क्षेत्र में बड़ी तेजी से नई–नई तकनीकों का विकास हो रहा है। जब तक उपयोगकर्ता साइबर अपराधों से बचाव को समझ पाता है, तब तक अपराधी अपराध की नई तकनीक खोज लेते हैं।

साइबर सुरक्षा को सशक्त बनाने के उपाय – साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए वर्तमान समय में Zero Trust Architecture को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें किसी भी उपयोगकर्ता या उपकरण पर बिना सत्यापन के भरोसा नहीं किया जाता है। इसलिए सभी का सत्यापन आवश्यक है। साथ ही व्यावहारिक विश्लेषण Behavioral Analytics एवं खतरा खुफिया प्लेटफार्म Threat Intelligence Platforms का उपयोग करके सुरक्षा प्रणालियों को और अत्याधुनिक और मजबूत बनाया जा रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की सुरक्षा के लिए ओबड्समैन स्कीम लागू की है। गृह मंत्रालय ने साइबर स्वच्छ केन्द्र की स्थापना की है जो हानिकारक साफ्टवेयर की पहचान अधिक सटीक तरीकों से करता है।

साइबर सुरक्षा के लिए उठाये उपरोक्त कदमों के साथ–साथ निम्नांकित दिशा में भी तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है।

1. शिक्षा और प्रशिक्षण – साइबर सुरक्षा की शिक्षा और प्रशिक्षण पर और अधिक बल देना होगा। शिक्षण संस्थाओं में साइबर सुरक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए।

2. सार्वजनिक जागरूकता – नागरिकों को इस दिशा में और अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्हें पासवर्ड के सही उपयोग, दो स्तरीय सत्यापन ओर फिशिंग से बचने के उपायों की जानकारी निरन्तर देना आवश्यक है।

3. नवाचार को प्रोत्साहन – साइबर अपराधी नित नये तरीकों का उपयोग साइबर ठगी के लिए करते हैं। उनसे सुरक्षा के लिए भारतीय एजेंसियों और स्टार्टअप्स को नयी–नयी सुरक्षा तकनीकें विकसित करने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए।

4. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग– साइबर अपराध आज विश्वव्यापी हो गये हैं। वे किसी भी देश की सीमा के बाहर से ही बड़े आराम से अपराध करते हैं। अत: इनसे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर सहयोग कर डेटा साझाकरण किया जाना चाहिए। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को भी वैश्विक स्तर पर एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए।

भविष्य की दिशा – भविष्य में इंटरनेट का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ने वाला है। धीरे–धीरे लगभग सभी कार्य ऑफलाइन मोड से ऑनलाइन मोड पर शिफ्ट हो जायेंगे। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) 5G नेटवर्क और कम्प्यूटर तथा स्मार्ट डिवाइस की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। इसके साथ ही साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ेगा। जिससे बचने के लिए साइबर सुरक्षा को एक निरन्तर प्रक्रिया के रूप में सक्रिय करना पड़ेगा तथा तकनीकी सुधार के साथ–साथ उपयोगकर्ताओं को भी निरन्तर जागरूक और सतर्क रहना होगा।

निष्कर्ष – वर्तमान काल में इंटरनेट का व्यापक प्रयोग सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है। भारत जैसे देश में एक विशाल जनसंख्या इसका उपयोग कर रही है। आधुनिक तकनीक ने कई कार्यों को बहुत आसान और आम जनता के लिए सुलभ बना दिया है। किन्तु इंटरनेट के उपयोग ने सुविधा के साथ–साथ कई समस्याओं को भी जन्म दिया है। साइबर अपराधियों ने इंटरनेट का दुरूपयोग करके कई बड़ी–बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। व्यक्तियों को हानि पहुँचाने के साथ कई बड़ी–बड़ी कम्पनियों तथा कई बार तो देशों को भी अपराधियों ने अपनी ठगी का शिकार बनाया है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि साइबर अपराधों को रोकने के लिए मजबूत अधोसंरचना का निर्माण किया जाये। सभी नागरिकों को निरन्तर जागरूक किया जाए। सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और नीति निर्माण का संतुलन ही साइबर सुरक्षा को पर्याप्त सुदृढ़ करेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, भारत सरकार (2013)
2. CERT- In वार्षिक रिपोर्ट, 2024
3. डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023
4. नासकॉम और डेलॉइट, भारत में साइबर सुरक्षा की स्थिति रिपोर्ट 2024
5. आर.के. शर्मा, साइबर अपराध और विधिक प्रावधान, नई दिल्ली : प्रकाश पब्लिशिंग,2022

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

विधि के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं इससे जुड़ी स्वदेशी ज्ञान परंपराऐं

गरीमा राठौर*

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, अशोकनगर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – पर्यावरण यानि हमारे चारों और मौजूद ऐसा वातावरण जिसमें मनुष्य, जीव, जन्तु और वनस्पति जो कि एक दूसरे पर आश्रित हैं। पर्यावरण की रक्षा अनंत काल से वेदों, पुराणों और उपनिषदों में की गई है भारतीय ज्ञान परम्पराओं के अन्तर्गत व्यक्ति को हमेशा पर्यावरण संरक्षण के लिए आधार माना गया है। प्राचीन काल में व्यक्ति की दिनचर्या में पर्यावरण संरक्षण को कार्य एवं पर्यावरण संरक्षण को एक विचार माना गया। जिससे व्यक्ति एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सके और स्वस्थ शरीर एवं स्वास्थ मन के लिए हमारे चारों ओर का वातावरण भी अच्छा होना चाहिए। इसलिए भारतीय ज्ञान परम्पराओं के द्वारा व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण से कई प्रकार से जोड़ा गया। जैसे-जैसे समय बीतता गया पर्यावरण संरक्षण में जब व्यक्ति के द्वारा स्वदेशी परम्पराऐं तोड़ी जाने लगी तो पर्यावरण विधि का जन्म पर्यावरण के लिए एक कारगर हथियार साबित हुआ। जिससे व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए विधि की उपयोगिता और भारतीय ज्ञान परम्पराओं दोनो का महत्त्व सर्वोपरि है। हम अपने इस शोध में दानों का ही अध्ययन करेंगे।

शब्द कुंजी – पर्यावरण, विधि, कानून, नियम, संरक्षण, संस्कृति, वातावरण, व्यक्ति, परंपराऐं, प्राचीन।

प्रस्तावना – 'भारतीय परम्परा ही हमारा विचार है।
इसी से ही होता पर्यावरण संरक्षण का विस्तार है।
प्राचीन से लेकर वर्तमान तक
हम ऐसी परम्पराऐं निभाऐंगे
कि पर्यावरण विधि के रूप
पर्यावरण को बचाऐंगे'

पर्यावरण संरक्षण क्यू है ?

पर्यावरण के शब्द में यह ध्वनि होता है कि 'परि' एवं 'आवरण' से मिलकर 'पर्यावरण' शब्द का जन्म हुआ। 'परि' अर्थात् चारों ओर एवं आवरण यानि घेरा। मतलब पर्यावरण प्रकृति की ऐसी संरचना है, जो कि हमारे चारों तरफ एक आवरण की तरह है। इसके अन्तार्गत जैविक और अजैविक यानि मृदा, जल, वायु तथा रसायन, पौधे, पशु तथा सूक्ष्मय जीवाणु आते है और इन्हीग सभी चीजों के संरक्षण को जो स्थलमण्डल, वायुमण्डल एवं जलमण्डल से मिलकर बना है, इसी को पर्यावरण संरक्षण कहा जाता है। इसी के अन्तर्गत विधिक पर्यावरण की बात की जाए, तो विधिक पर्यावरण का आशय उन कानूनों, नियमों, विनियमों और नीतियों से है जो कि किसी देश, राज्य या समाज में व्यवसायिक गतिविधियों, व्यक्तिगत व्यवहार और सामाजिक संबंधों को नियंत्रित करता है।

'हम सब मिलकर पर्यावरण से हाथ मिलाऐंगे
हर रोज अपना कुछ समय पर्यावरण संरक्षण में लगाऐंगे'

पर्यावरण संरक्षण वर्तमान के साथ प्राचीन भारत से भी एक गंभीर विषय रहा है यदि हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना कुछ समय देता है, तो हम धीरे-धीरे सतत् प्रयास के द्वारा पर्यावरण के लिए एक अच्छे साधनों को खोज पाऐंगे। प्रति व्योक्ति का यह कर्त्तव्य है, कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने स्तर पर प्रयास करें क्योंकि व्यक्ति से ही समाज बनता है और समाज से राज्य और राज्यों से देश का निर्माण होता है। हर स्तर पर इसकी भूमिका इतनी महत्त्वपूर्ण है। छोटे-छोटे प्रयासों के द्वारा व्यक्ति जागरुकता के साथ पर्यावरण संरक्षण कर सकता है। पर्यावरण संरक्षण आज की दुनिया का गंभीर एवं महत्त्वपूर्ण विषय है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े स्तर पर प्रयास के साथ छोटे-छोटे स्तर पर भी प्रयास किया जाना चाहिये। पर्यावरण संरक्षण सिर्फ मनुष्य जाति के विकास के लिए ही नहीं बल्कि हर प्रकार के जीव जन्तु और वनस्पति के लिए भी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि हम सभी एक आवरण में बंधे हुए हैं। हमारे लिए एक दूसरे के साथ पर्यावरण में रहना आवश्यक है, जिससे कि पारिस्थिति के अनुकूल हो।

आज के इस विषय में पर्यावरण संरक्षण भारत के पुनरुत्थान के लिए एक महत्त्वपूर्ण विषय है। भारत में हजारों प्रकार के जीव जन्तु एवं वनस्पति है, जिसके लिए पर्यावरण को समय-समय पर संरक्षित किया गया है। भारत का विकास मनुष्य के द्वारा और मनुष्य के स्वस्थ मन एवं शरीर का विकास पूर्णत: पर्यावरण पर निर्भर है।

पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विधियों – पर्यावरण को बचाना न सिर्फ हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारी विधिक जिम्मेदारी भी हो गई है। भारत हमारा पहला देश है, जिसने पर्यावरण संरक्षण को भारत में संविधान के अंतर्गत मूलभूत कर्तव्य में शामिल किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 ए में यह प्रावधान है, कि राज्य देश के पर्यावरण संरक्षण तथा सुधार और वनों तथा वन्य जीवन की रक्षा करने का प्रयास करेगा।

वहीं अगर भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक कर्तव्य की बात की जाए तो अनुच्छेद 51 ए यह कहता है, कि भारत के हर नागरिक का एक कर्तव्य होगा, कि वह नदियों तथा वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण

सुधार करें और सभी सजीव प्राणियों के प्रति करुणा का भाव रखें।

पर्यावरण संरक्षण को एक वैश्विक समस्या मानी गई है और एक जिम्मेदारी भी मानी गई है। पर्यावरण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए 1972 में स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण के संबंध में संयुक्त सम्मेलन हुआ, जिसमें 113 देशों ने भाग लिया।

प्रस्तुत शोध का महत्व – मूल्यों में होने वाले परिवर्तन ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र यथा–धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, पारिवारिक, आर्थिक आदि को प्रभावित किया है। धार्मिक मूल्यों में जहाँ एक ओर कट्टरवादिता दिखाई देती है तो वहीं दूसरी ओर मानव की आस्था बनावटी प्रतीत होती है। अनेक सामाजिक मूल्य जैसे सहयोग, सहानुभूति, परोपकार, सेवा, उदारता, सहिष्णुता आदि पीछे छूट गये हैं। पारिवारिक मूल्यों में जितना परिवर्तन पिछले दो दशकों में हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। वर्तमान समय में संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, सम्बन्धों में खुलापन आ गया है तथा सम्बन्धों के प्रति जिम्मेदारी का भाव कम होता जा रहा है। विशेष रूप से वर्तमान पीढ़ी, जिस पर भारत के नवनिर्माण का उत्तरदायित्व है, की प्राथमिकताएं बदलती जा रही हैं। विद्यार्थियों की मूल्य प्राथमिकताओं का अनेक विद्वानों द्वारा अध्ययन किया गया है जिनमें यही परिलक्षित हुआ है कि विद्यार्थियों के मूल्यों में क्रमिक क्षरण हो रहा है।

महास्के (2010) ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के व्यक्तिगत मूल्यों का अध्ययन कर यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि छात्रों के मूल्य प्रतिमान पर उनके लिंग का सार्थक प्रभाव पड़ता है। साथ ही यह भी परिणाम प्राप्त हुआ कि शहरी तथा ग्रामीण छात्रों के मूल्यों में सार्थक अन्तर होता है। वेलमुरूगन तथा अन्य (2014) ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की मूल्य प्राथमिकताओं का अध्ययन कर यह स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों द्वारा राजनैतिक मूल्यों को सर्वाधिक उच्च प्राथमिकता दी गयी जबकि सैद्धान्तिक मूल्यों को सबसे निम्न प्राथमिकता दी गयी। भूटिया (2013) ने अपने अध्ययन में पाया कि विद्यार्थियों के धार्मिक, प्रजातान्त्रिक, आर्थिक, शक्ति तथा पारिवारिक प्रतिष्ठा मूल्यों का स्तर उच्च था जबकि इन विद्यार्थियों में सामाजिक, ज्ञान, सुखवादी तथा स्वास्थ्य मूल्यों का स्तर निम्न पाया गया। मूल्य प्राथमिकताओं पर छात्रों की संस्कृति, लिंग तथा क्षेत्र का भी सार्थक प्रभाव पाया गया।

नियोगी तथा चटर्जी (2015) ने अपने शोध पत्र के परिणामों में प्रदर्शित किया कि उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में प्रजातान्त्रिक, आर्थिक, सुखवादी तथा पारिवारिक प्रतिष्ठा मूल्यों का स्तर उच्च था। इस शोध पत्र में यह भी निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विभिन्न पाठ्य क्रियाओं का धार्मिक तथा सामाजिक मूल्यों पर सार्थक प्रभाव पड़ता है। करीम तथा रहमान (2001) ने अपने अध्ययन में पाया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में आर्थिक तथा सौन्दर्यात्मक मूल्यों का उच्च स्तर था। शिक्षा प्रणाली मूल्य परिवर्तन को सार्थक रूप से प्रभावित करती है। अपने शोध में इन्होंने पुरूष तथा महिला विद्यार्थियों के सैद्धान्तिक तथा सौन्दर्यात्मक मूल्यों में भी विभिन्नता पायी।

मूल्य प्रतिमानों के चयन में व्यक्ति की आयु, लिंग, जाति, प्रजाति आदि एक निर्णायक भूमिका का निर्वाह करते हैं। व्यवसाय में परिवर्तन के साथ मूल्यों में भी परिवर्तन आता है। सामाजिक मूल्यों पर समयान्तराल का सार्थक प्रभाव पड़ता है और समय परिवर्तन के साथ–साथ मूल्य भी परिवर्तित हो जाते हैं।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि छात्रों की मूल्य प्राथमिकताओं को अनेक सामाजिक, भौगोलिक तथा मनोवैज्ञानिक कारक प्रभावित करते हैं। गहन साहित्य समीक्षा के उपरान्त भी शोधार्थी को ऐसा कोई शोध कार्य प्राप्त नहीं हो सका है जिसमें विद्यार्थियों विशेष रूप से ग्वालियर जिले के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति का अध्ययन किया गया हो। साथ ही किसी भी शोध कार्य में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति के कारण समाज पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन भी नहीं किया गया है। अत: शोधार्थी ने ग्वालियर जिले के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं उसका समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करने का निश्चय किया।

शोधकर्त्री का विश्वास है कि यह शोध कार्य नीति–निर्माताओं, पाठ्यक्रम निर्माताओं, अध्यापकों, मनोवैज्ञानिकों, मार्गदर्शकों, अध्यापकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के लिए हितकारी सिद्ध हो सकेगा। शोधकर्त्री का मत है कि प्रस्तुत शोध से प्राप्त परिणाम विद्यार्थियों के मूल्यों का विकास करने में सहायक हो सकेंगे तथा उनमें हो रहे नकारात्मक परिवर्तनों को रोकने में सहायता करने में सक्षम हो सकेंगे। शोधकर्त्री का मानना है कि प्राप्त परिणामों से मूल्यों के कारण समाज में होने वाले परिवर्तनों को जाना जा सकता है तथा समाज को उचित तथा कल्याणकारी दिशा की ओर अग्रसर किया जा सकता है।

समस्या कथन – 'उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

विद्यार्थी – यहां विद्यार्थी से तात्पर्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर से सम्बन्धित राजकीय तथा गैर राजकीय सीनियर सैकण्डरी विद्यालयों की 9, 10, 11 व 12 कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छात्र एवं छात्राओं से है।

मूल्य – मूल्य मनुष्य के लिए एक मानदण्ड की तरह कार्य करते हैं। मूल्य वह इच्छित प्रत' है जिसमें व्यक्ति रूचि लेता है। जब व्यक्ति अपने सम्मुख दो या दो से अधिक समान रूप से आकर्षक साधनों एवं व्यवसायों में से किसी एक का चयन करना चाहता है तो उस समय उसकी विभिन्न मूल्यों की धारणा ही उसके मानसिक द्वन्द्व को समाप्त कर देती है। किसी समाज के वे विश्वास, आदर्श, सिद्धान्त, नैतिक नियम और व्यवहार मानदण्ड जिन्हें समाज के व्यक्ति महत्व देते हैं और जिनसे उनका व्यवहार निर्देशित एवं नियंत्रित होता है, उस समाज एवं उसके व्यक्तियों के मूल्य होते हैं।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव का अध्ययन करना।
2. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव का अध्ययन करना।
3. गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :

1. उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव मे कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
2. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव मे कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
3. गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव मे कोई सार्थक

सहसम्बन्ध नहीं है।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में श्री गंगानगर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (छात्र–छात्राओं) एवं गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (छात्र–छात्राओं) को सम्मिलित किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :–

1. मूल्य प्रश्नावली (डॉ. जी. पी. शैरी एवं आर.पी. वर्मा)
2. मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति मापनी (स्वनिर्मित)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन :

1. उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव मे कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या – 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

व्याख्या :–परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव के सहसम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.047 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक नहीं है अत: शोधकर्त्ता द्धारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

(2) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव मे कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या – 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव के सहसम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.092 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक नहीं है अत: शोधकर्त्ता द्धारा निर्मित परिकल्पना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

(3) गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव मे कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या – 3 (अगले पृष्ठ पर देखे)

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव के सहसम्बन्धी प्रदत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.054 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक नहीं है अत: शोधकर्त्ता द्धारा निर्मित परिकल्पना गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया जाता, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति एवं समाज पर प्रभाव में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

शैक्षिक सुझाव– विद्यार्थियों में मूल्यों के सम्वर्धन के लिए अध्यापकों को विभिन्न मूल्यों से सम्बन्धित कहानियों, कविताओं तथा प्रेरक प्रसंगों का अपने शिक्षण में प्रयोग करना चाहिए। शिक्षकों को स्वयं कक्षा में प्रजातान्त्रिक मूल्यों का पालन करना चाहिए, धार्मिक संकीर्णता से दूर रहना चाहिए तथा बदलते हुए समाज के बदलते हुए मूल्यों को हृदय से स्वीकार करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। केवल तभी शिक्षक विद्यार्थियों में धार्मिक, सामाजिक, प्रजातान्त्रिक आदि अनेक मूल्यों का उचित विकास कर सकेंगे। शिक्षकों के द्धारा विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक क्रियाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए तथा सौन्दर्यात्मक, आर्थिक, सुखवादी तथा शक्ति मूल्य के प्रति उचित दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करना चाहिए।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए विद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. प्रस्तुत अध्ययन को अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं सामान्य जाति के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव विषय पर विस्तृत प्रतिदर्श लेकर शोध कार्य किया जा सकता है।
3. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालयों, केन्द्रीय एवं आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्यों के प्रति परिवर्तित अभिवृति का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव पर अनुसंधान सम्पादित किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आर्य बी.एल. (2000): ' शिक्षा में तकनीकी बदलाव' : शिविरा पत्रिका, मा. शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, वर्ष–40, अंक–10, अप्रैल।
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. गौतम, रेनु, (2006) माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक–शिक्षिकाओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, लघु शोध–प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
4. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
5. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407–430)
6. मिश्रा, सुनीता (2006) 'हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के मूल्य, व्यक्तित्व तथा समायोजन का प्रतिबल पर प्रभाव का अध्ययन', शोध प्रबन्ध, मनोविज्ञान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी।
7. यादव, कमला सिंह (2004) माध्यमिक स्तर के अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के विज्ञान एवं कला वर्ग छात्रों में मूल्य अभिमुखता एवं मूल्य अन्तर्द्वन्द्व का तुलनात्मक अध्ययन, शोध प्रबन्ध, शिक्षाशास्त्र, वीर

बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
8. पासी, बी.के. एवं ललिथा, एम.एस., जनरल टीचिंग कम्पीटेन्सी स्केल, नेशनल सॉइकोलॉजी कार्पोरेशन, आगरा : भार्गव भवन, 4/230, कचेहरी घाट।
9. शर्मा, शोभा (2014) कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों के संगठनात्मक पर्यावरण तथा उसमें अध्ययनरत छात्राओं के व्यक्तित्व, शैक्षिक सम्प्राप्ति और वैयक्तिक मूल्यों का अध्ययन, शोध प्रबन्ध, शिक्षा शास्त्र, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

सारणी संख्या – 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्य के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति	600	29.06	9.491	0.047	स्वीकृत
उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का समाज पर प्रभाव	600	26.86	7.438		

सारणी संख्या – 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्य के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति	300	29.42	9.987	0.092	स्वीकृत
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का समाज पर प्रभाव	300	26.71	6.058		

सारणी संख्या – 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सहसम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मूल्य के प्रति परिवर्तित अभिवृत्ति	300	28.72	9.491	0.054	स्वीकृत
गैर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का समाज पर प्रभाव	300	27.02	7.438		

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति एवं जागरूकता का अध्ययन

डॉ. रेखा सोनी* ओम प्रकाश ढाका**

* प्रोफेसर (शिक्षा संकाय) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी (शिक्षा संकाय) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध का उद्देश्य है कि 'प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति एवं जागरूकता का अध्ययन करना है तथा शोधकर्ता द्वारा अध्ययन हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करते हुये बालश्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति व जागरूकता का मापनी का प्रयोग करते हुये दत्त संकलन किये हैं। निष्कर्ष रूप में पाया गया है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष अध्यापकों के बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

शब्द कुंजी – प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, बाल श्रम कानून व अभिवृत्ति एवं जागरूकता।

प्रस्तावना – आज के बच्चे आने वाले समय के नागरिक हैं। देश, समाज व वैष्विक स्तर पर खुषहाली, समृद्धि, आपसी प्रेम आदि के लिए बच्चों की परवरिष ऐसे परिवेष में की जाए जहाँ वे अपने बचपन की क्रियाओं आदि के द्वारा अपने परिवार, सम्बन्धियों को आनन्दित करने के साथ साथ मौलिक सोच, स्वतंत्र विचारधारा, मानव मूल्य तथा बन्धुत्व से परिपूर्ण हो। क्योंकि बच्चा अपने जन्म के साथ सर्वप्रथम माता–पिता व अपने परिवार से जुड़ता है और उन्हीं पारिवारिक मूल्यों को अपने में समाहित करता है जिनकों वह अपनी सीमित ज्ञानेन्द्रियों के भाव से सीखता है। इसी कारण माता–पिता व परिवार उसकी प्रथम पाठषाला के साथ साथ बच्चे के आदर्श भी होते हैं। कहा भी गया है –

मातृपितृ कृताभ्यासों गुणितामेति बालकः।
न गर्भच्युतिमात्रेण पुत्रों भवति पण्डितः।।

बाल श्रम का प्रारम्भ औद्योगिक क्रान्ति के परिणामस्वरूप नये उद्योगों की स्थापना से ही माना जाता है। पूँजीवादी वर्ग न लाभ बढ़ाने के उद्देश्य से मजदूरों के बच्चों को भी अपने कल–कारखानों में मजदूरी पर रखना प्रारम्भ कर दिया गया। इस प्रकार बाल श्रमिकों से नियोजकों को काफी लाभ प्राप्त होने लगा, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न कल कारखानों के मालिकों ने अपने यहाँ बाल श्रमिकों को प्राथमिकता देना प्रारम्भ कर दिया और तभी से बाल श्रम चलता आ रहा है। दशोरा (2006) के अनुसार सेवा योजक अपने स्वार्थ की पूर्ति करने हेतु बच्चों का शोषण करने में संकोच भी नहीं करते और उनके स्वास्थ्य तथा व्यक्तित्व के प्रति सजग भी नहीं रहते।

शोध अध्ययन का महत्व – बाल श्रम करने की शुरूआत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा के समय से ही होती है। अतः इस प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए आवश्यक है कि अध्यापकों को बाल श्रम कानूनों का ज्ञान हो एवं इस दिशा में सहयोग करने के लिये अध्यापकों की सकारात्मक अभिवृत्ति हो। क्योंकि बाल श्रमिकों के लिये बाल श्रम कानून और आल श्रम नीति बनाई गई है। क्या हम इन कानून और नीतियों का पालन कर रहे हैं? क्या ये बच्चे शिक्षा का अधिकार प्राप्त कर रहे हैं?

विभिन्न शोध साहित्यों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि यह विषय आज के परिप्रेक्ष्य में प्रांसगिक है तथा इस विषय पर बहुत कम शोध हुआ है।

अतः आज आवश्यकता है ऐसे शोध की जो वर्तमान परिस्थितियों व नीतियों को ध्यान में रखकर किया जाये। अतः वर्तमान की नीतियों को ध्यान में रखकर इस विषय का चयन किया गया है।

समस्या कथन – 'प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति एवं जागरूकता का अध्ययन'

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आधार पर अध्ययन करना।
2. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति जागरूकता का ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आधार पर अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पनाएँ :

1. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के आधार पर अध्ययन पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति जागरूकता में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अनुसंधान प्रविधि – किसी भी शोध को व्यवस्थित, तार्किक और त्रुटिरहित बनाने के लिये आवश्यक है कि एक निश्चित पद्धति का प्रयोग किया जाये। प्रस्तुत शोध की प्रकृति वर्णनात्मक शोध की है, जिसके अन्तर्गत शोध की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

सीमांकन – प्रस्तुत शोधकार्य को राजस्थान राज्य के सीकर जिले तक

सीमित किया गया है।

शोध अध्ययन का न्यादर्श – न्यादर्श के रूप में शोधकर्त्ता द्वारा सीकर जिले के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कुल 600 अध्यापकों का चयन किया गया है।

शोध उपकरण – प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्ता द्वारा स्वंय निर्मित मापनी का प्रयोग किया जायेगा। जो अध्यापकों की बालश्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति व जागरूकता का मापन किया गया है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन में सांख्यिकी – प्रस्तुत शोध अध्ययन में मध्यमान मानक विचलन, टी–परीक्षण तथा एफ–परीक्षण आदि सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है।

निष्कर्ष

परिकल्पना संख्या–1 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के आधार पर अध्ययन पर कोई सार्थक अंतर नहीं है। पूर्व निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर ज्ञात होता है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति समान पायी गई। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष अध्यापकों के बाल श्रम कानून के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

परिकल्पना संख्या–2 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति जागरूकता में ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के आधार पर कोई सार्थक अंतर नहीं है। पूर्व निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर ज्ञात होता है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति जागरूकता समान रूप से पायी गई है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष अध्यापकों की बाल श्रम कानून के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

भावी शोध के हेतु सुझाव :

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन में जनसंख्या के लिए राजस्थान राज्य के सीकर जिले का चयन किया गया है। भविष्य में शोध अध्ययन के लिए अन्य भौगोलिक क्षेत्र का चयन किया जा सकता है।
2. आगामी शोध में राजस्थान के राज्यों के जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय विद्यालय एवं अन्य शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों के अध्यापकों पर शोध कार्य किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. घोष, ए. एवं सीकर एच.ओ. (2000) – चाइल्ड लेबर इन मुराबादाबाद होम बेस्ट इण्डस्ट्रीज इन दि लेक ऑफ लेजिसलेशन, भारतीय आधुनिक शिक्षा, नई दिल्ली।
2. भारत सरकार (2001) – किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम संख्या 56, अध्याय 1, पृ.सं. 1–21
3. सीकर, एच. (2001) – मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, दिल्ली मोतीलाल।
4. एम.सी. मेहता विरूद्ध तमिलनाडू राज्य ए.आई.आर. (1997) – एस.सी. 699 – बालकों को खतरनाक कामों से मुक्त करने व शिक्षा प्रदान करने हेतु निर्देष।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के शैक्षिक दर्शन का वर्तमान परिप्रेक्षय में समालोचनात्मक अध्ययन

डॉ. किरण गिल* प्रमिला कुमारी**

* सहायक आचार्य, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय शिक्षा-जगत में एक ऐसे दार्शनिक, चिंतक और प्रयोगधर्मी शिक्षाविद् के रूप में प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने शिक्षा को मात्र परीक्षा-उन्मुख ज्ञानार्जन की प्रक्रिया न मानकर मनुष्यत्व के विकास का माध्यम माना। उनका शैक्षिक दर्शन प्रकृति, स्वतंत्रता, मानवतावाद, रचनात्मकता और सार्वभौमिकता के सिद्धांतों पर आधारित था। वर्तमान काल में जब शिक्षा प्रतिस्पर्धा, व्यवसायीकरण और तकनीकी केन्द्रितता से घिरती जा रही है, तब टैगोर के विचार न केवल प्रासंगिक दिखाई देते हैं, बल्कि भारतीय शिक्षा के नव-निर्माण के लिए दिशासूचक सिद्ध हो रहे हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में टैगोर के शैक्षिक दर्शन का आलोचनात्मक अध्ययन करते हुए यह विश्लेषित किया गया है कि आधुनिक परिस्थितियों में उनके सिद्धांत किस प्रकार शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थी व्यक्तित्व-विकास, भावात्मक परिपक्वता, सृजनशीलता और नैतिकता को मजबूत करने में उपयोगी हो सकते हैं। अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि टैगोर का शैक्षिक दर्शन आज भी शिक्षा-व्यवस्था के मानवीय, भावनात्मक, सांस्कृतिक एवं नैतिक पुनर्निर्माण की दिशा प्रदान करता है।

शब्द कुंजी – गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर, शैक्षिक दर्शन, समालोचनात्मक अध्ययन।

प्रस्तावना – भारतीय समाज और शिक्षा का इतिहास अनेक महापुरुषों के विचारों से निर्मित हुआ है, जिनमें गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का योगदान अद्वितीय है। वे केवल साहित्यकार, कवि, नाटककार या कलाकार ही नहीं थे, बल्कि एक गहन शिक्षाशास्त्री भी थे। उन्होंने शिक्षा को आत्म-विकास, प्रकृति के साथ तालमेल, कला-संवर्धन और मानवीय मूल्यों के संवर्धन का सर्वोत्तम साधन माना। उनके शिक्षा-दर्शन का प्रयोगात्मक रूप 'शांतिनिकेतन' और 'विश्वभारती' के रूप में विकसित हुआ, जिसने शिक्षा को बंद कमरों और कठोर पाठ्यक्रमों से मुक्त कर प्राकृतिक परिवेश, स्वतंत्र चिंतन और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया। आज के यांत्रिक, परीक्षा-केन्द्रित एवं बाजार संचालित शिक्षा-तंत्र में टैगोर का मानवतावादी दृष्टिकोण नई ऊर्जा प्रदान करता है।

वर्तमान शोध-पत्र का उद्देश्य टैगोर के शैक्षिक दर्शन के प्रमुख तत्त्वों का विश्लेषण कर उन्हें आधुनिक शिक्षा के संदर्भ में परखना है। विशेष रूप से यह देखा गया है कि उनकी अवधारणाएँ नई शिक्षा नीति, बाल-केंद्रित अधिगम, कला-आधारित शिक्षा, भावात्मक विकास, पर्यावरणीय चेतना, विश्व-बंधुत्व तथा बहुसांस्कृतिक शिक्षा की आवश्यकताओं के साथ किस प्रकार सामंजस्य स्थापित करती हैं।

शोध का महत्व एवं औचित्य – इस अध्ययन का महत्व इस तथ्य में निहित है कि आज शिक्षा बहुआयामी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। तकनीकी प्रगति, वैश्वीकरण, डिजिटल संसाधनों का विस्तार, प्रतिस्पर्धा की तीव्रता और बाजारवाद ने शिक्षा के उद्देश्यों और दिशा दोनों को प्रभावित किया है। ऐसे समय में टैगोर के शैक्षिक सिद्धांतों का पुनर्मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। उनके विचार विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, मानवता, लोकतांत्रिक मूल्य, प्रकृति-प्रेम और सृजनशीलता को विकसित करने पर बल देते हैं, जिनकी आज के तनावग्रस्त और भौतिकवादी वातावरण में अत्यधिक आवश्यकता है।

टैगोर का मत था कि शिक्षा मनुष्य को बौद्धिक रूप से ही नहीं, बल्कि भावनात्मक, मानसिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी समृद्ध करे। यह दृष्टिकोण आधुनिक शिक्षा के समग्र विकास मॉडल से पूरी तरह मेल खाता है। इसके अतिरिक्त, भारत में नई शिक्षा नीति (NEP-2020) में भी अनुभवात्मक अधिगम, बहुविषयकता, कला-एकीकरण और स्थानीयता पर जोर दिया गया है, जो टैगोर के विचारों की समकालीन पुष्टि करता है।

इस शोध का औचित्य इसलिए भी है कि वर्तमान शिक्षा में नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व, मानवीय दृष्टिकोण और सौंदर्य-बोधा की कमी महसूस की जा रही है। टैगोर का शैक्षिक दर्शन इन सभी आयामों को अत्यंत संतुलित रूप से समाहित करता है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य:

1 स्वतन्त्र भारत की शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन करना।
2 वर्तमान की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त विसंगतियों का अध्ययन करना।
3 वर्तमान की शिक्षा व्यवस्था व्याप्त विसंगतियों के निवारण हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों का अध्ययन करना।
4 वर्तमान व्यवस्था में आने वाली सम्भावित चुनौतियों के सम्बन्ध में अध्ययन करना।
5 राष्ट्र के शैक्षिक उत्थान में टैगोर के विचारों का निर्धारण करना।
6 वर्तमान में शिक्षा की सम्भावित चुनौतियों के समाधान हेतु रवीन्द्रनाथ

टैगोर के अनुसार शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षक, शिक्षार्थी, शिक्षण विधि, पाठ्यक्रम, अनुशासन, विद्यालय आदि की उपादेयता का समालोचनात्मक अध्ययन।

7 वर्तमान में शिक्षा व्यवस्था में आने वाली सम्पूर्ण चुनौतियों के समाधान में टैगोर के शैक्षिक विचारों की उपादेयता का समालोचनात्मक अध्ययन करना।

रवीन्द्रनाथ टैगोर की शिक्षा में योगदान– टैगोर का शिक्षा–क्षेत्र में योगदान विशिष्ट और व्यापक है। उन्होंने जीवन भर शिक्षा के वास्तविक स्वरूप पर चिंतन किया और अंततः शांतिनिकेतन को अपने विचारों की प्रयोगशाला के रूप में स्थापित किया। उनका प्रथम योगदान यह था कि उन्होंने शिक्षा को स्वाभाविक, आनंददायी और प्रकृति के निकट लाने का प्रयास किया। वे शिक्षा को बच्चे के मन की स्वतंत्रता, उसकी जिज्ञासा और रचनात्मकता के अनुरूप ढालना चाहते थे।

1. महत्वपूर्ण योगदान यह था कि उन्होंने कला, संगीत, नृत्य, साहित्य और नाटक को शिक्षा का अनिवार्य अंग माना। उनका विश्वास था कि कला मनुष्य की संवेदनाओं को विकसित करती है, जीवन में सौंदर्य–बोधा लाती है और आत्म–अभिव्यक्ति का माध्यम बनती है।
2. योगदान शिक्षा को वैश्विक दृष्टि प्रदान करना था। उन्होंने विश्वभारती की स्थापना करते समय 'यत्र विश्वम् भवत्येकनीडॉ' की भावना को प्रमुख रखा। उनके अनुसार शिक्षा में सीमाएँ नहीं होनी चाहिए; मनुष्य को विश्वमानव के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।
3. योगदान शिक्षकद्विद्यार्थी के संबंधें को मानवीयता एवं स्नेह पर आधारित करना था। वे शिक्षक को ज्ञान–प्रदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयोगी मानते थे।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का शिक्षा–दर्शन– मूल अवधारणाएँ:

1. **प्रकृति–आधारित शिक्षा –** टैगोर का विश्वास था कि प्रकृति सर्वोत्तम विद्यालय है। खुला वातावरण, वृक्षों की छाया, पक्षियों का संगीत, और प्राकृतिक सौंदर्य बच्चों के मन में जीवन, सौंदर्य और रचनात्मकता का संचार करता है। उनका मानना था कि कंक्रीट के बंद कमरों में बच्चे का विकास सीमित हो जाता है।

2. **स्वतंत्रता का सिद्धांत –** उनके अनुसार शिक्षा का उद्देश्य बच्चे की स्वतंत्र अभिव्यक्ति, विचारों की स्वायत्तता और आत्मनिर्णय की क्षमता विकसित करना होना चाहिए। दंड, भय और अनुशासन का दमनकारी रूप शिक्षा के लिए अवांछनीय माना गया।

3. **मानवतावाद –** टैगोर मनुष्य को उसकी संपूर्ण संभावनाओं सहित विकसित करना चाहते थे। वे जाति, धर्म, भाषा और राष्ट्र की सीमाओं से ऊपर उठकर मानवीयता को सर्वोच्च मूल्य मानते थे। शिक्षा को उन्होंने मानवता की सेवा का माध्यम बताया।

4. **रचनात्मकता और कला–शिक्षा –** उनका विश्वास था कि कला मनुष्य की संवेदनाओं को विकसित करती है। इसलिए शिक्षण प्रक्रिया में कविता, नाटक, संगीत, चित्रकला और हस्तकला का विशेष स्थान होना चाहिए। उन्होंने कला को शिक्षा का अनिवार्य घटक माना।

5. **आत्म–विकास और आध्यात्मिकता –** टैगोर के अनुसार शिक्षा मनुष्य को बाहर नहीं, भीतर से समृद्ध करती है। आत्म–जागरूकता, आत्म–नियंत्रण और आत्म–निर्माण उनके दर्शन की आधारशिला है।

6. **अनुभव–आधारित शिक्षा –** वास्तविक ज्ञान वही है जो अनुभवों से विकसित होता है। सीखना केवल पुस्तकों में सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वास्तविक जीवन की परिस्थितियों, गतिविधियों और प्रयोगों से होना चाहिए।

टैगोर के शैक्षिक दर्शन का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समालोचनात्मक अध्ययन – वर्तमान समय में शिक्षा–तंत्र अनेक चुनौतियों से घिरा है– प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव, तकनीकी निर्भरता, नैतिक पतन, तनाव, रोजगार की अनिश्चितता और संवेदनशीलता का ह्रास। ऐसे वातावरण में टैगोर का दर्शन एक वैकल्पिक, मानवतावादी और समतामूलक शिक्षा मॉडल प्रस्तुत करता है। आधुनिक संदर्भ में इसका समालोचन निम्न रूप में किया जा सकता है–

1. **वर्तमान शिक्षा में रचनात्मकता का अभाव –** टैगोर रचनात्मकता को शिक्षा का केंद्र मानते थे, परंतु आज की शिक्षा परीक्षा और अंक आधारित हो गई है। कला–शिक्षा, खेल, संगीत और सृजनात्मक गतिविधियाँ धीरे–धीरे गौण होती जा रही हैं, जबकि टैगोर की दृष्टि में ये मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य हैं।

2. **डिजिटल युग में प्रकृति–आधारित शिक्षा की प्रासंगिकता –** टैगोर के प्रकृति–प्रेम की आज पहले से अधिक आवश्यकता है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने बच्चों को प्रकृति से दूर कर दिया है। पर्यावरणीय संकट और मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में उनकी अवधारणाएँ अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होती हैं।

3. **वैश्विक नागरिकता की अवधारणा –** वैश्वीकरण के इस युग में टैगोर की 'विश्व–बंधुत्व' की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। सांप्रदायिकता, हिंसा, कट्टरता और भेदभाव को समाप्त करने हेतु उनका दर्शन विश्व–नागरिक का निर्माण करता है।

4. **शिक्षक–विद्यार्थी संबंध –** आज शिक्षा में व्यावसायिकता बढ़ने से शिक्षक और विद्यार्थी के बीच आत्मीयता कम हो रही है। टैगोर का संबंध–केन्द्रित दृष्टिकोण इस दूरी को कम करने में सहायक हो सकता है।

5. **शिक्षा का अत्यधिक तकनीकीकरण –** हालाँकि तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता है, परंतु केवल मशीनों और डिवाइसों पर आधारित शिक्षा मानवीय तत्वों को कमजोर कर देती है। टैगोर का दृष्टिकोण तकनीक और मानवीय मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित करता है।

6. **आलोचनात्मक दृष्टि –** यद्यपि टैगोर के सिद्धांत आज भी महत्वपूर्ण हैं, परंतु आधुनिक जटिलताओं को देखते हुए उनके मॉडल को समकालीन तकनीक, बहुविषयकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की जरूरतों के साथ अनुकूलित करना होगा। शांतिनिकेतन का सम्पूर्ण मॉडल आज की परिस्थितियों में ज्यों का त्यों लागू करना संभव नहीं है, परंतु उसका सार आज भी उपयोगी है।

निष्कर्ष – अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का शिक्षा–दर्शन आधुनिक शिक्षा के लिए अत्यंत प्रासंगिक और उपयोगी है। उनका उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि भावनात्मक, सांस्कृतिक, नैतिक और प्राणात्मक विकास था। आज के तनावग्रस्त, प्रतिस्पर्धी और भौतिकवादी वातावरण में टैगोर का मानवतावादी शैक्षिक दृष्टिकोण शिक्षा को नई दिशा प्रदान करता है। वे शिक्षा को स्वतंत्रता, प्रकृति–सान्निध्य, रचनात्मकता, कला, मानवता और विश्व–बंधुत्व से जोड़ते हैं। इससे न केवल ज्ञान का विकास होता है, बल्कि जीवन में सामंजस्य, सौंदर्य–बोध और नैतिकता भी विकसित होती है। उनके विचार आधुनिक शिक्षा नीति के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि शिक्षा के मानवीय,

सौंदर्यपरक, नैतिक और सृजनात्मक पुनर्निर्माण के लिए टैगोर का दर्शन आज भी अनिवार्य है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. रवीन्द्रनाथ टैगोर शिक्षा पर निबंध।
2. शांतिनिकेतन इतिहास और दर्शन।
3. भारतीय शिक्षा के महान चिन्तक विभिन्न लेखकों द्वारा।
4. नई शिक्षा नीति 2020 विश्लेषणात्मक अध्ययन।
5. भारतीय शिक्षाशास्त्र परम्परा और आधुनिकता।
6. टैगोर के विचार और शिक्षा : शोध एवं समीक्षा ग्रन्थ।
7. आधुनिक शिक्षा दर्शन- विभिन्न शिक्षाविदों के संग्रह।
8. गीतांजलि अँग्रेजी संस्करण
9. टैगोर रवीन्द्रनाथ, द मैक एण्ड हिज पोयट्री, वसंत कुमार राय, डोड मीड एंड कं. न्यूयार्क पृष्ठ सं. 213
10. टैगोर्स वर्क्स विश्वभारती संस्करण, खण्ड-4
11. टैगोर्स वर्क्स विश्वभारती संस्करण, खण्ड-13

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मनु एवं कौटिल्य के राजनीतिक चिन्तन में धर्म व धर्मनिरपेक्षता का समावेश : एक अध्ययन

डॉ. जगदीश प्रसाद कड़वासरा* पीरा राम**

* सहायक आचार्य, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश –प्रस्तुत शोध का उद्देश्य है कि आज भू–मण्डलीकरण के दौर में परस्परावलम्बन के युग में धर्मनिरपेक्षता वांछनीय ही नहीं अपितु अनिवार्य भी है। भारत के राजनीतिक चिन्तन में प्राचीन समय में मनु एवं कौटिल्य के काल में धर्म का जो स्वरूप रहा है केवल उस धर्म का ज्ञान प्राप्त करना ही मेरे इस शोध का उद्देश्य नहीं है, अपितु धर्म की उस अवधारणा के आधार पर वर्तमान की राजनीतिक एकीकरण की एक प्रमुख समस्या साम्प्रदायिकता को हल करने में हमें कहाँ तक सफलता मिल सकती है, ये ज्ञान प्राप्त करना है।

शब्द कुंजी – राजनीतिक चिन्तन, धर्म, धर्मनिरपेक्षता।

प्रस्तावना – भारतीय परम्परा में जीवन दर्शन और तदनुरूप व्यवस्था पायी जाती है, जिसमें सामाजिक एवं राजव्यवस्था के स्वरूप का विवेचन पाया जाता है। इस परम्परा के अन्तर्गत वेद, संहिता, ब्राह्मण, उपनिषद, ग्रन्थ व स्मृतियों से चली आई परम्परा है। चार्वाक दर्शन के अतिरिक्त अन्य सभी भारतीय दर्शनों की मान्यता है कि –'अखिल ब्रह्माण्ड' के पीछे कोई उद्देश्य निहित है। यह ब्रह्माण्ड अपूर्णता से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। जीवन की निम्न अभिव्यक्तियों की तुलना में मानव जीवन श्रेष्ठ है और मानव जीवन का ब्रह्म से तादात्म्य ही इस सृष्टि का उद्देश्य है। सकल ब्रह्माण्ड की एकरूपता के पीछे धर्म की शक्ति है।

प्राचीन काल में धर्म संबंधी धारणा बड़ी व्यापक थी और वह मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन को स्पर्श करती थी। धर्मशास्त्रकारों के मतानुसार 'धर्म' किसी सम्प्रदाय या मत का द्योतक नहीं है, प्रत्युत यह जीवन का एक ढंग या आचरण संहिता है, जो समाज के किसी अंग एवं व्यक्ति के रूप में मनुष्य के कर्मों एवं कृत्यों को व्यवस्थित करता है तथा उसमें क्रमश: विकास लाता हुआ उसे मानवीय अस्तित्व के लक्ष्य तक पहुँचने के योग्य बनाता है। धर्म 'धृ' धातु से बना है, जिसका अर्थ है – धारण करना अर्थात् जो तत्व सारे संसार के जीवन को धारण करता हो, जिसके बिना लोक स्थिति संभव न हो, जिससे सब संयमित, सुव्यवस्थित एवं सुसंचालित रहे, उसे 'धर्म' कहते हैं।

शोध अध्ययन का महत्व – आधुनिक भारत में साम्प्रदायिकता के विस्तार ने धर्म के दायरे को बहुत संकीर्ण कर दिया है। आजादी के बाद भारत में राज्य के दायरे धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को अपनाया जो पश्चिमी अवधारणा से भिन्न है। शोध का महत्व इस तथ्य में निहित है कि प्राचीन काल से ही भारतीय चिन्तन में राजनीति और धर्म की अन्त:क्रिया का महत्वपूर्ण स्थान था। धर्म किसी संकीर्ण संप्रदाय का पर्याय न होकर राज्य के दायित्वों का प्रतीक था। यद्यपि इन दायित्वों के निर्धारण का स्रोत तात्कालीन धर्मशास्त्र तथा परम्पराए थी, लेकिन ये दायित्व राज्य पर प्रभावी नियंत्रण का काम करते थे। वर्तमान में साम्प्रदायिक चुनौती का सामना करने तथा राजनीति को नैतिकता और मूल्य आधारित दिशा देने में यह शोध एक अकादमिक प्रयास है।

समस्या कथन – 'मनु एवं कौटिल्य के राजनीतिक चिन्तन में धर्म व धर्मनिरपेक्षता का समावेश : एक अध्ययन'

अनुसंधान प्रविधि – प्रस्तुत शोध में समाज विज्ञानों में प्रयुक्त वैज्ञानिक शोध पद्धति को अपनाया गया है, जिसके अन्तर्गत सर्वप्रथम भारतीय राजनीतिक चिन्तन में धर्म की और धर्मनिरपेक्षता की परम्परा विषय का चयन कर मनुस्मृति एवं अर्थशास्त्र में एवं प्रत्येक काल में धर्म और धर्मनिरपेक्षता की परम्परा, उसके राजनीति पर प्रभाव, धर्म की अवधारणा एवं धर्मनिरपेक्षता के स्वरूप आदि का व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध अध्ययन करने का प्रयास किया है।

सीमांकन – प्रस्तुत शोधकार्य को भारत के राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों तक सीमित रखा गया है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य – भारतीय राजनीतिक चिन्तन में धर्म एवं दण्डनीति के व्यापक महत्व को समझना ही प्रस्तुत शोध का उद्देश्य है। सर्वपल्ली डॉ0 राधाकृष्णन भारत को धर्मों की प्रयोगशाला मानते हैं, जहाँ प्राय: सभी धर्म गुलदस्ते में रखे हुए फूलों के समान हैं, जो अपनी–अपनी खुशबू चारों ओर बिखेर रहे हैं। सभी सह अस्तित्व के दर्शन के आधार पर अपना विकास कर रहे हैं। मोटे तौर पर भारतीय संदर्भ में धर्म निरपेक्षता का अभिप्राय सर्वधर्म समभाव की नीति से है। सभी धर्मावलम्बियों की भावनाओं के हितों का संरक्षण एवं पोषण ही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है। धर्मनिरपेक्षता के इसी दृष्टिकोण को समझाना शोध का उद्देश्य है कि आज भू–मण्डलीकरण के दौर में परस्परावलम्बन के युग में धर्मनिरपेक्षता वांछनीय ही नहीं अपितु अनिवार्य भी है। भारत के राजनीतिक चिन्तन में प्राचीन समय में मनु एवं कौटिल्य के काल में धर्म का जो स्वरूप रहा है केवल उस धर्म का ज्ञान प्राप्त करना ही मेरे इस शोध का उद्देश्य नहीं है, अपितु धर्म की उस अवधारणा के आधार पर वर्तमान की राजनीतिक एकीकरण की एक प्रमुख समस्या साम्प्रदायिकता को हल करने में हमें कहाँ तक सफलता मिल सकती है, ये

ज्ञान प्राप्त करना, इस शोध का उद्देश्य है।

निष्कर्ष – निष्कर्षत: अपने समग्र रूप में धर्म एक ऐसा विचार है, जो वर्तमान पीढ़ी को दाय से जोड़ता है। व्यवस्था को नैतिक आचरण, मर्यादा से बाँधता है। राजनीतिक, सामाजिक, आचार और मर्यादा का निर्धारण करता है। भौतिक जीवन और अध्यात्म के सम्बंध को जोड़ता है तथा सर्वथा लौकिक संदर्भ में भी धर्म का विचार उतना ही प्रासंगिक है जितना आध्यात्मिक और पारलौकिक प्रसंगों में।

धर्म एक गतिशील विचार है जिसकी परिस्थितिगत व्याख्या देश और काल के अनुरूप भिन्न-भिन्न हो सकती है, किन्तु मर्यादा निर्वाह के सार-तत्व के रूप में यह विचार सार्वकालिक है। पारम्परिक चिन्तन में धर्म की कतिपय व्याख्याऐं, आचार के कतिपय नियम व्यवहार की कतिपय सीमाऐं सम्भवत: आज प्रासंगिक न हों, किन्तु यह निर्विवाद है कि प्रत्येक युग का एक धर्म होता है। यहाँ तक कि आपत्तिाकाल का भी एक धर्म होता है। धर्म के चरण कालगणना के अनुसार अधिक अथवा कम हो सकते हैं, किन्तु उसकी प्रासंगिकता फिर भी बनी रहती है। पारम्परिक भारतीय चिन्तन की यह विरासत आज भी राजनीतिक विचारों के अध्येताओं के लिए न केवल चिन्तन और मनन अपितु शोध का विषय है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. मनुस्मृति अध्याय 7, श्लोक संख्या 99, पृ. 165
2. ठाकुर लक्ष्मीदत्त प्रमुख स्मृतियों का अध्ययन, हिन्दी समिति सूचना विभाग, लखनऊ, 1965, पृ. 219-20
3. महाभारतम् परमहंस स्वामी जगदीश्वरानन्द सरस्वती (अनु.) गोविन्दराम हासानंद दिल्ली, द्वितीय संस्करण 1987 शान्ति पर्व एकत्रिंषोऽध्याय:, श्लोक संख्या 7, पृ. 1025
4. कल्याण 'धार्मिक' गीता प्रेस गोरखपुर, जनवरी, 1966 पृ. 143-144 ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, न्यूयार्क, 2011
5. शरण, आर. प्राचीन भारतीय धर्म एवं दर्शन का स्वरूप, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2008 पृ. 3-4

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों के उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि पर अभिभावक प्रोत्साहन एवं व्यक्तित्व गुणों के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. अनिल कुमार* प्रदीप**

* प्रोफेसर, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधकार्य का मुख्य उद्देश्य संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों के उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि पर अभिभावक प्रोत्साहन एवं व्यक्तित्व गुणों के प्रभाव का अध्ययन करना है। प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्ता द्वारा सर्वेक्षण विधि का प्रयोग करते हुये दत्त संकलन का कार्य किया है तथा निष्कर्ष के रूप में पाया कि संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों की निम्न शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया। संयुक्त और एकल परिवार के विद्यार्थियों की निम्न शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया।

शब्द कुंजी –संयुक्त परिवार, एकल परिवार व शैक्षिक उपलब्धि।

प्रस्तावना – प्रत्येक व्यक्ति इस व्यापक संसार में एक नवजात शिशु के रूप में आता है। उस समय वह अपनी प्रवृत्तियों आदतों व्यवहारों रीति रिवाजों संस्कृति सभ्यता आदर्शो एंव मूल्यों से बिल्कुल अनभिज्ञ रहता है। इस समय उन्हें किसी बात की जिज्ञासा भी नही रहती हैं किन्तु जैसे जैसे वह बड़ा होता है वैसे वैसे उस पर औपचारिक और अनौपचारिक साधनों का प्रभाव पडता है। जिसके द्वारा वह अपनी चीजों की जानकारी प्राप्त करता है और उसमें शोधन तथा परिमार्जन करके उससे उच्च अवस्था को प्राप्त करता है।

शिक्षा मानव जीवन के परिष्कार एंव विकास की प्रणाली है जिससे व्यक्ति में शारीरिक, मानसिक, सवेगात्मक एंव आध्यात्मिक शक्तियों का विकास होता है। शिक्षा मानव के ज्ञान परिधि का विस्तार करती है। शिक्षा मानव को सामाजिक संसाधनों में परिवर्तन करने की चरणबद्ध प्रक्रिया है। शिक्षा मनुष्य के अंत: करण की क्षमताओं को उद्घाटित करके उसके चरित्र का निरंतर परिमार्जन करती है और उसे समाजोपयोगी ससांधनों में परिवर्तित करती है। शिक्षा प्रकाश का वह स्त्रोत है जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमारा सच्चा पथ प्रदर्शन करती है। शिक्षा के प्रकार से ही हमारी कठिनाइयों का निवारण होता है। सूक्ष्म अध्ययन से यह ज्ञान होना है कि शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है जन्म से पूर्व भी प्रकृति गर्भ के बालक को संसार में जीने लायक बनाती है। तत्पश्चात् उसे गुरू के रूप में माता पिता एंव परिवार के वयोवृद्ध सदस्य तथा शिक्षक उसे विशिष्ट शिक्षा प्रदान करते है।

शोध अध्ययन का महत्व – वर्तमान में अभिभावक अपने बालकों के भविष्य के प्रति चिन्तित दिखाई देते हैं क्योंकि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है। अभिभावक अपनी रोजगार की खोज में अपने परिवार से अलग होकर दूसरी जगह पर रहकर अपना जीवन व्यतीत करते हैं। अत: बालक केवल अपने माता–पिता व भाई–बहन के साथ रहता है, जिससे उसे सबका साथ व निरीक्षण नहीं मिल पाता है किन्तु संयुक्त परिवार में रहने वाले बालक को सबका साथ व निरीक्षण मिलता है। एकल परिवार में बच्चे अत्यंत आक्रोशित प्रवृत्ति के हो जाते हैं तथा वे केवल अपने माता–पिता के साथ ही रह पाते हैं तथा संयुक्त परिवार में रहने वाले बालक मिलनसार व अधिक समायोजित होते हैं। यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा एक मनोवैज्ञानिक का रूप धारण करती जा रही है। समस्या के कारणों की खोज करने पर हमें इसकी जड़े अभिभावक प्रोत्साहन, शैक्षिक वातावरण, पारिवारिक वातावरण एवं अभिभावक के व्यक्तित्व की धरातल पर पाते हैं, अक्सर अभिभावक सुविधायें तो काफी जुटा लेते हैं परंतु बालक की रूचि एवं प्रोत्साहन पर ध्यान नहीं देते जिससे बालक का संपूर्ण विकास नहीं हो पाता। परिणाम शैक्षिक उपलब्धि होती है।

समस्या कथन – 'संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों के उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि पर अभिभावक प्रोत्साहन एवं व्यक्तित्व गुणों के प्रभाव का अध्ययन'

शोध विधि – प्रस्तुत शोध प्रबंध में अध्ययन हेतु शोध विधि के रूप में वर्णात्मक सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. संयुक्त और एकल परिवार के विद्यार्थियों के उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि पर अभिभावकों के जन सांख्यिकी कारकों का अध्ययन करना।
2. संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों के उच्च शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।
3. संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों के निम्न शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. संयुक्त और एकल परिवार के विद्यार्थियों के उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि पर अभिभावकों के जन सांख्यिकी कारकों में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।

2. संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों की उच्च शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अतंर नहीं पाया जाता है।
3. संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों की निम्न शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अतंर नहीं पाया जाता है।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श के रूप में कुल 800 विद्यार्थी जिसमें संयुक्त परिवार व एकल परिवार के 400-400 कुल 800 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

सांख्यिकी विधियाँ – मध्यमान, प्रमाप विचलन व टी-मान का प्रयोग सांख्यिकी विधियों के रूप में किया गया है।

निष्कर्ष :

1. संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों की उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि पर अभिभावक के जनसांख्यिकी कारकों के प्रभाव में सार्थक अंतर पाया गया। संयुक्त और एकल परिवार के विद्यार्थियों की उच्च एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि पर अभिभावकों के आयु में सार्थक अंतर पाया गया क्योंकि सभी आयु वर्ग के अभिभावकों के जवाबों में अंतर दिखाई दिया।
2. संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों की उच्च शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया। संयुक्त और एकल परिवार के विद्यार्थियों की उच्च शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया। संयुक्त परिवार की अपेक्षा एकल परिवार के विद्यार्थियों की उच्च शैक्षिक उपलब्धि ज्यादा दिखाई दी।
3. संयुक्त एवं एकल परिवार के विद्यार्थियों की निम्न शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया। संयुक्त और एकल परिवार के विद्यार्थियों की निम्न शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया। एकल परिवार की अपेक्षा संयुक्त परिवार के विद्यार्थियों की निम्न शैक्षिक उपलब्धि दिखाई दी।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डी.एन. श्रीवास्तव (2000) – आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान बारहवां संस्करण, विनोद पुस्तक मंदिर, आगा।
2. नायक, डॉ. पी.के. एव रचना पाण्डेय (2018) 11वीं कक्षा के अभिभावक भागीदारी पर अध्ययन Annals of Art, Culture & Humanities on line ISSN 2455-5843, Vol. 3, Pg. 53-55
3. पाठक, पी.डी. (2009) – शिक्षा मनोविज्ञान अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा-2, अड़तीसवीं संस्करण, 400-401
4. फ्रांसिस, शांतिलता (2013) – विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों एवं व्यक्तित्व का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन, पी.एच.डी. शोध प्रबन्ध, पण्डित रविशंकर शुक्त विश्वविद्यालय, रायपुर 229-230
5. भटनागर, सुरेश (2013) – शिक्षामनोविज्ञान, सूर्यापब्लिकेशन, मेरठ ग्यारहवां संस्करण, 311

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता व कार्य जबाबदेही के सम्बन्ध में अध्ययन

डॉ. आरती* प्रेम चन्द खटीक**

* सह आचार्य, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता व कार्य जबाबदेही के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। प्रस्तुत शोध में अजमेर व टोंक जिले के अंग्रेजी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 शिक्षकों (150 पुरूष व 150 महिला) व हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 (150 पुरूष व 150 महिला) शिक्षकों को सम्मिलित किया गया। अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता मापनी प्रमोद कुमार और डी.एन. मुथा व कार्य जबाबदेही मापनी डॉ. प्रतिभा शर्मा द्वारा निर्मित उपकरणों का प्रयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता व कार्य जबाबदेही में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

शब्द कुंजी – अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता व कार्य जबाबदेही।

प्रस्तावना –शिक्षक विद्यालय तथा शिक्षा पद्धति की प्रमुख गत्यात्मक शक्ति है। शिक्षक का सीधा सम्बन्ध छात्रों से होता है। वह बालकों का सर्वांगीण विकास करने में सहायक तथा प्रगति की राह दिखाने वाला एक पथ प्रदर्शक होता है। शिक्षक केवल कक्षा में ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विद्यालय में उचित वातावरण का निर्माण करता है। शिक्षक के शिक्षण कार्य का दर्पण विद्यार्थी होता है। किसी भी शिक्षक की प्रभावशीलता की जांच व मूल्यांकन कक्षा, कक्ष में होता है अर्थात किसी भी शिक्षक के विद्यार्थियों का विकास एवं उनकी उपलब्धियां शिक्षण प्रभावशीलता की मानक होती हैं। शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में वृद्धि एवं उनके वांछित परिणामों पर निर्भर करती है, साथ ही शिक्षक की प्रभावशीलता में निहित शिक्षण कौशलों, व्यवसायिक प्रतिबद्धताओं एवं विद्यार्थियों की विशेषताओं का भी परिणाम होती है। शिक्षक का ज्ञान उसकी योग्यताएं, उसके कौशल तथा शिक्षण स्थितियां आदि क्षमताएं सकारात्मक भाव में हो तो नि:संदेह शिक्षक की प्रभावशीलता उच्च स्तर की होगी। शिक्षक का प्रभाव समाज को नवीन दिशा देने में महत्वपूर्ण है।

वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक की जवाबदेही का सम्प्रत्यय अत्याधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है क्योंकि यह धारणा तीव्र होती जा रही है कि शैक्षिक उपलब्धियां समाज की उपेक्षाओं के अनुरूप नही है। शिक्षा के द्वारा सम्पूर्ण समाज को दिशा प्रदान की जाती है। यह दिशा या पथ पदर्शक शिक्षक है, इसलिए यह चिंता का विषय बन गया है कि अध्यापक अपने कर्तव्य के प्रति दायित्व बोध युक्त है कि नहीं। सर्वप्रथम यह जान लेना आवश्यक होगा कि हमारी संकल्पना जवाबदेही के सप्रंत्यय के विषय में क्या है। अध्याय–प्रथम: सम्प्रयात्मक पृष्ठभूमि जबावदेही की अवधारणा का मूल्य इसके उद्देश्य में निहित है यह किसी भी विषय की गुणवता बनाये रखने एवं विकसित करने का उद्देश्य रखती है। यह विषय की श्रेष्ठता बढ़ाने का प्रयास है। जवाबदेही के अर्थ की विवेचना करते समय इस बात पर बल देना अनिवार्य है कि एक अभिकर्ता अपनी क्रियाओं के प्रति जबावदेह होता है। इस अर्थ में हम जवाबदेही को हम 'उतरदायित्व' से भिन्न समझते है। प्राचीन शिक्षा में विद्धवान मानते थे कि छात्र अपने कार्यों के लिए निजी तौर पर खुद ही जिम्मेदार होते हैं, ये धारणा आज के विद्यालयों के बिल्कुल उलट है जो इस प्रकार है– विद्यालय छात्रों को पूरी तरह से अपने तरीके का चयन करने की इजाजत नहीं देता है, एक बार तय करने के बाद स्कूल छात्रों को कोर्स शुरू करने की इजाजत नहीं देते हैं कोर्स चुनने की आजादी, काम करने की आजादी, काम का नतीजा सहन करने की आजादी–ऐसी तीन महान आजादी हैं जिनसे निजी जिम्मेदारी बनती है।

शिक्षकों की कार्य दबावग्रस्तता के कारण उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है जैसे– अधिक कार्य करने के कारण शिक्षक चिड़चिड़ा हो जाता है तथा हमेशा तनाव में रहता है, जिससे वह अपने व्यवसाय के प्रति न्याय नहीं कर पाता है। बालकों के मानसिक स्वास्थ्य की अपेक्षा शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता है। शिक्षक मानसिक रूप से स्वस्थ होने पर विद्यार्थी की समस्याओं को हल कर सकता है और उन्हें समुचित निर्देशन भी दे सकता है, शिक्षक के मानसिक स्वास्थ्य के विकास के लिये आवश्यक है कि शिक्षण परिस्थितियों और शिक्षण सेवाओं में सुधार लाया जाये। शिक्षक अपने मानसिक स्वास्थ्य का स्वंय विकास कर सकता है यदि इसके संबंध में उन्हें समुचित बोध करवाया जाये। आधुनिक जीवन की व्यवस्तता का एक दुष्परिणाम तनाव रहा है।

प्रस्तुत शोध का महत्व – विद्यालयों में कार्य करते हुए शिक्षक बालक को आगे बढ़ते देखकर जहां संतुष्टि का आभास करते है वही दूसरी और अत्यधिक प्रयास के बावजूद बार–बार समझाने पर यदि बालकों के परिणामों में अन्तर नही ला पाते है तो वह दबाव का अनुभव करते है विकासात्मक युग

में विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को जहां एक और बालकों को पढ़ाने में सुख व संतुष्टि प्राप्त होती है वही उन्हे कार्य प्रकृति के कारण कार्य दबाव भी झेलना पड़ता है यदि दोनों परिस्थितियां साथ-साथ भी चल सकती है जिसका प्रभाव उनके कार्य निष्पादन पर पड़ता है इस समस्या के चयन करने का प्रमुख कारण है कि कार्य दबाव के कारण शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है इसे जानने अध्याय-प्रथम: सम्प्रयात्मक पृष्ठभूमि के लिए शोधार्थी ने शोध समस्या के रूप में इस समस्या का चुनाव किया है। शोधार्थी के सामने निम्न प्रकार के प्रश्न उभरते है:-

1. क्या अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में हिन्दी माध्यम के विद्यालयों से कार्य तनाव अधिक होता है?
2. क्या विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की प्रस्तुति का कार्य जवाबदेही से संबंध है?
3. क्या लिंगागत भेदभाव के कारण शिक्षकों के कार्य दबाव में अन्तर पाया जाता है?
4. तनाव के कारण अध्यापकों के शिक्षण अभिक्षमता पर प्रभाव क्या प्रभाव पड़ता है।

शोध कथन - 'अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता व कार्य जबाबदेही के सम्बन्ध में अधययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

शिक्षक: किसी शिक्षा संस्थान में विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य करने वाला व्यक्ति, इसे स्वयं उपयुक्त शिक्षा प्राप्त किसी प्रशिक्षण संस्था से प्रशिक्षण लेना आवश्यक होता है।

शिक्षण प्रभावशीलता: शिक्षण प्रभावशीलता उस अधिगम प्रक्रिया का नाम है जिसमें शिक्षक अपनी अभिरूचि के साथ विद्यार्थियों के साथ अन्त: क्रिया स्थापित कर बांछित उद्देश्यों को प्राप्त करता है। शिक्षण में प्रयुक्त होने वाली योजनाओं, साधनों, कक्षा प्रक्रियाओं एवं कौशलों का दक्षतापूर्ण प्रदर्शन ही शिक्षण प्रभावशीलता है।

कार्य जवाबदेही: उतरदायित्व, नैतिकता और जिम्मेदारी की ऐसी संकल्पना है जिसके कई अर्थ है नेतृत्व की भूमिका में जवाबदेही के अन्तर्गत कार्यों को करना और उनकी जिम्मेदारी लेने के साथ-साथ प्रशासन व प्राासन के दायरे में लागू करने तथा उसकी परिणति के प्रति जवाबदेही होना भी शामिल है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की कार्य जवाबदेही का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :

1. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं हैं।
2. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की कार्य जवाबदेही में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श - प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान राज्य के अजमेर व टोंक जिले के अंग्रेजी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 शिक्षकों व हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 300 शिक्षकों को सम्मिलित किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :

1. शिक्षण प्रभावशीलता मापनी प्रमोद कुमार और डी.एन. मुथा
2. कार्य जबाबदेही मापनी डॉ. प्रतिभा शर्मा

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

1. अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं हैं।

सारणी संख्या - 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

आज जहां वंदे मातरम जैसे राष्ट्रीय गीत पर प्रतिबंध लगाने की बात कुछ लोगों द्वारा उठाई गई तो कुमार विश्वास ने इसे अनुचित ठहराते हुए कहा कि- 'वंदे मातरम् पर लड़ रहे हैं कितने मूर्ख हैं हम'।[2] साथ ही उन्होंने कहा जब परतंत्र भारत ने इसका विरोध नहीं किया, तो आज स्वतंत्र भारत में लोग इसका विरोध करके क्या करना चाहते हैं।

भारतीय सभ्यता और भारतीय संस्कृति के प्रति कुमार विश्वास हमेशा से ही जागरूक रहे हैं। उन्होंने कहा है कि-

'राम तुम्हारे होने का बस इतना सा मतलब है,
धरती पर धर्म की फिर से जीत हो सकती है'

इस प्रकार राम-चरित्र के माध्यम से वह भारतीय धार्मिक संस्कृति में मानवीय नैतिक आदर्श की स्थापना पर बल देते हैं। उनका मानना है कि-

'जो समय के साथ ना बदले, वो जज़्बात नहीं होते,

जो जज़्बात बदल जाए, वो हालत नहीं होते।'

अर्थात् हमारी भावनाएं समय और अनुभव के साथ विकसित होती है, हमारी परिस्थितियां, हमारे हालात, भावनाओं के बदलने से नहीं बदलते।

उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक मानवीय मूल्यों में स्थिरता तथा व्यक्तिगत अनुभव में गतिशीलता को स्वीकार किया है। कुमार विश्वास स्वयं कहते हैं कि–

'मैं हिंदुस्तान हूं, मुझे तुम तोड़ नहीं सकते,
मेरी मिट्टी में इतिहास बोलता है।'

अर्थात् मैं भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला हूं। चाहे कितने ही राजनीतिक, सामाजिक, वैचारिक मतभेद हो मेरा अस्तित्व बना रहेगा। ये सभी मत मुझे तोड़ नहीं सकते। इस प्रकार यह भारत की मिट्टी, भारतीय लोक संस्कृति व ऐतिहासिक गौरव का बखान करने वाली है।

कुमार विश्वास की प्रसिद्धि का आधार 'कोई दीवाना कहता है' कविता की पंक्तियाँ–

'कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है,
मगर धरती की बेचैनी को सिर्फ बादल समझता है'[3]

भारतीय सामाजिक मूल्यों व सांस्कृतिक चेतना की ओर संकेत करती है।

ऐसे ही उनकी वर्तमान प्रसिद्ध कविता 'कन्हैया–कन्हैया' सांस्कृतिक व सामाजिक मूल्यों को अपने में संजोए हुए है। ये कविता भक्ति, प्रेम, आनंद, सांस्कृतिक चेतना व जीवन दर्शन का प्रतिबिंब है।

'सरेआम कौरव गजब ढा रहे हैं,
ये दुशासनों से बढे जा रहे हैं,
यूं कब तक तू चुपचाप देखेगा ये सब,
ओ लुटते हुए चीर के सुन बढैया,
कन्हैया–कन्हैया, कन्हैया–कन्हैया।'[4]

यहां उन्होंने महाभारत काल की उस विषम स्थिति की ओर इशारा किया है, जो आज भी हमारे मध्य एक असहनीय पीड़ा के रूप में प्रासंगिक है।

कुमार विश्वास की कविता 'वंश नहीं चलता कान्हा' से हमें संदेश मिलता है कि हमारी सच्ची सांस्कृतिक विरासत वंश नहीं बल्कि मूल्य और कर्म होते हैं, जो भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। उन्होंने लिखा है–

'हर नील सपनों की हत्या का
दोष नहीं मिटता कान्हा
दंश भले चसके युग युग
पर इन विजयों का
सच पूछो तो
वंश नहीं चलता कान्हा'[5]

यहां श्री कृष्ण का वंश ना चलना से तात्पर्य यह है कि वे आज भी जीवित हैं, क्योंकि उनके विचार (पवित्र गीता), नीति और जीवन दर्शन हमारी संस्कृति में रचे बसे हैं।

जैसा कि डॉ.भीमराज पटेल ने अपनी पुस्तक 'राष्ट्रीय संस्कृति एवं संस्कार' में लिखा है कि– 'भारतीय संस्कृति एक त्यागशील संस्कृति है। भारतीय संस्कृति ने स्वार्थ हित लाभ और आत्म चिंतन से ऊपर उठकर सदैव पर कल्याण और परोपकार के विषय में ही सोचा है।'[6]

ऐसे ही राष्ट्रीय प्रेम से ओत–प्रोत कुमार विश्वास की कविता 'है नमन उनको' जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय प्रेम और शहीदों के त्याग व बलिदान को अभिव्यक्त किया है। यह कविता जहां राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है, वहीं हमारे ऐतिहासिक गौरव व पौराणिक गाथाओं की सत्यता को भी प्रकट करती है। उन्होंने राष्ट्रीय अमर शहीदों को नमन करते हुए लिखा है कि–

'है नमन उनको कि जो यशकाय को अमरत्व देकर,
इस जगत में शौर्य की जीवित कहानी हो गए हैं,
है नमन उनको कि जिनके सामने बौना हिमालय,
जो धरा पर गिर पड़े पर आसमानी हो गए हैं।'[7]

अर्थात् जो वीर इस धरती मां के लिए शहीद हो गए हैं, वह सिर्फ मृत्यु को नहीं प्राप्त हुए अपितु संसार में अमर हो चुके हैं, ऐसे वीर जवानों को हमारा नमन।

इसी तरह अपनी 'मद्यन्तिका' कविता में उन्होंने पौराणिक आख्यान का वर्णन कर नैतिकता को अपनाने की बात कही है। वह मद्यन्तिका से कहते हैं की–

'विद्वेष हलाहल पीकर अमृत छलकना
शिव वाली परंपरा को पहचाने देना।'[8]

अर्थात् जिस प्रकार शिव ने सृष्टि को बचाने व अमृत देने हेतु जहर पिया, तुम भी विद्वेष रूपी जहर को पीकर सभी को अमृत रूपी खुशी प्रदान करना।

ऐसे ही कुमार विश्वास की कविता 'जो आता है वो जाता है' में भी उन्होंने ऐतिहासिक पात्रों के साथ–साथ पौराणिक पात्रों को भी जीवित किया। जहां उन्होंने अपनी कविता में पौराणिक पात्र राम व कृष्ण का उल्लेख किया, वहीं उन्होंने प्रेम प्रसंग का आदिकथानक दुष्यंत कुमार व शकुन्तला को भी अपनी कविता में स्थान दिया। जहां उन्होंने चंद्रगुप्त व सम्राट अशोक की बात कही, वहीं उन्होंने गांधी, अंबेडकर, सुभाष चंद्र व भगत सिंह के बलिदान को भी अपनी कविता के माध्यम से मुखरित किया।[9]

निष्कर्षत: हम कह सकते हैं कि कुमार विश्वास की कविताएं न केवल भावात्मक अभिव्यक्ति है, अपितु भारतीय सांस्कृतिक विरासत और संरक्षण का जीवंत दस्तावेज भी है। उनकी कविताओं में भावों के साथ–साथ भारतीय सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय प्रेम, धार्मिक, नैतिक मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. जोशी, ओम प्रकाश, और करतार सिंह योगी, 'राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत': महेंद्र बुक कंपनी, जयपुर : 2013 ई., पृष्ठ संख्या 73
2. एजेंडा आज तक : यूट्यूब चौनल, 2025 ई.
3. विश्वास, कुमार, 'कोई दीवाना कहता है' : वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली : 2023 ई., पृष्ठ संख्या 113
4. विश्वास, कुमार, 'कन्हैया कन्हैया': यूट्यूब चौनल (कुमार विश्वास), 2024 ई.
5. विश्वास, कुमार, 'वंश नहीं चलता': 'फिर मेरी याद' काव्य संग्रह, 2024 ई., पृष्ठ संख्या 59
6. पटेल, भीमराज, 'राष्ट्रीय संस्कृति एवं संस्कार' : मोनिका पब्लिकेशन, जयपुर : 2016 ई., पृष्ठ संख्या 134
7. विश्वास, कुमार, 'है नमन उनको' : 'कोई दीवाना कहता है' काव्य संग्रह, 2019 ई., पृष्ठ संख्या 99
8. विश्वास, कुमार, 'मद्यन्तिका (मेहंदी)' : 'कोई दीवाना कहता है' काव्य संग्रह, 2019 ई., पृष्ठ संख्या 98
9. विश्वास, कुमार, 'जो आता है वो जाता है' : यूट्यूब चौनल (कुमार विश्वास), 2019 ई.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सतत् पर्यटन प्रशासन में प्रौद्योगिकी की भूमिका

डॉ. गणेश कुमार दुबे*

* सहायक प्राध्यापक, माता गुजरी महिला महाविद्यालय, जबलपुर(म.प्र.) भारत

प्रस्तावना–वर्तमान समय में सतत पर्यटन एंव प्रशासन में बिना प्रौद्योगिकी के प्रयोग से पर्यटन उद्रयोग नहीं चल सकता है क्योकि आज जहॉ पर भी प्रशासन की बात आती है उस स्थान पर प्रौद्योगिकी अपना एक अलग महत्व रखती है । क्योकि आज प्रौद्योगिकी के साथ किसी भी विषय पर आप उसका भौतिक सत्यापन करके बहुत कुशल प्रशासन को चला सकते है । प्रस्तुत अध्ययन पर्यटन के दृष्टिकोण से प्रशासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग और अनुप्रयोग के सैद्धांतिक एंव व्यवहारिक दृष्टिकोण पर विचार करता है। क्योकि स्थायी पर्यटन को भविष्य में आगे बढाने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण से प्रशासनिक बढलाब बहुत ही आसानी एंव सुगमता पूर्वक कर सकते है । प्रौद्योगिकी के रचनात्मक और विनाशकारी परिणाम स्थायी पर्यटन प्रशासन में अपनी एक अलग ही ध्यान केद्रित कराता हैं। हालाँकि अध्ययन टिकाउ पर्यटन के लिए प्रौद्योगिकी के रचनात्मक कार्यान्वयन पर केंद्रित है। अध्ययन का उद्देश्य सतत पर्यटन विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका और महत्व की पहचान करना है। अध्ययन के नतीजे सरकार एवं सार्वजनिक एंव निजी क्षेत्रों के साथ ही नीति निर्माताओं के लिए प्रौद्योगिकी और टिकाउ पर्यटन प्रशासन के एकीकरण की प्रक्रिया में विभिन्न विकासात्मक संकेतकों की पहचान करने और उन्हें लागू करने में सहायक हैं।

शब्द कुंजी – एकीकरण, प्रौद्योगिकी, सतत पर्यटन, ई–पर्यटन, पर्यटन विकास।

प्रस्तावना – वर्तमान में पर्यटन का विस्तार आज देश एवं धार्मिक पर्यटन ही नहीं बल्कि पूरे विश्व परिदृश्य में अपना ही एक अलग रूप रखता है क्योकि आज पर्यटन केवल पर्यटन न होकर एक उद्रयोग के रूप में विश्व पटल पर अंकित हो रहा है। और वर्तमान में पर्यटन बिना प्रौद्योगिकी के पर्यटन का विकास एवं विस्तार नहीं हो पावेगा । पर्यटन और प्रौद्योगिकी साथ–साथ चलते हैं। यह वह तकनीक है जिसे पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह न केवल आर्थिक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि लंबे समय में उद्योग की समृद्धि में प्रमुख भूमिका निभाती है । सूचना सेवा पर्यटक सुविधा का एक प्रमुख घटक है। अदृश्य होते हुए भी यह पर्यटकों के लिए अमूल्य है। यद्यपि त्वरित पुनर्प्राप्ति सुविधा के साथ अद्यतन जानकारी के अभाव के कारण पर्यटक सुविधा ख़राब हो जाती है। इसलिए, संचार और कंप्यूटर के क्षेत्र में तकनीकी विकास का पर्यटक सूचना नेटवर्क स्थापित करने के लिए उचित उपयोग किया जाना चाहिए। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य सतत् पर्यटन विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका और महत्व की पहचान करना है। इस अध्ययन के नतीजे सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के साथ ही नीति निर्माताओं के लिए प्रौद्योगिकी और टिकाउ पर्यटन प्रशासन के एकीकरण की प्रक्रिया में विभिन्न विकासात्मक संकेतकों की पहचान करने और उन्हें लागू करने में सहायक हैं।

उद्देश्य–इस अध्ययन में सतत् पर्यटन एवं प्रशासन में प्रौद्योगिकी के विभिन्न उद्देश्यों पर चर्चा की गई है। वे बिंदुं निम्नलिखित हैं।

1. सतत् पर्यटन प्रशासन में प्रौद्योगिकी की भूमिका का अध्ययन करना।
2. सतत् पर्यटन प्रशासन में प्रौद्योगिकी के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. स्थायी पर्यटन शिकायत में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए विभिन्न उपायों का सुझाव देना।

साहित्य की समीक्षा–उपयुर्क्त विषय पर अध्ययन करने के पूर्व संबंधित विषय से साहित्य का पुरनावलोकन करना अति अवाश्यक हो जाता है। अत: मेरे द्वारा संबंधित अध्ययन को पूर्ण करने के लिए विश्व विद्यालयों एवं इंटरनेट का प्रयोग करके सहित्य का अवलोकन किया गया है। एवं संबंधित साहित्य का सर्वेक्षण के आधार पर पता चलता है कि पर्यटन विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ होने के बावजूद, स्थिरता के साथ हमेशा एक अस्पष्टता जुड़ी रही है, जो इसे एक सटीक परिभाषा देने से रोकती है और इस पर अभी भी शोध की आवश्यकता है जिससे कि यह अस्पष्टता दूर हो सके। इस अध्ययन के संबंध में विभिन्न विद्वानों की पुस्तकों एवं पत्र पत्रिकाओं को पढने का अवसर प्राप्त हुआ और इसमें कुछ प्रमुख अध्ययनों का उल्लेख इस प्रकार है।

हार्डी, ए 2002; लू के अनुसार,शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने तर्क दिया है कि पर्यटन विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ होने के बावजूद, स्थिरता के साथ हमेशा एक अस्पष्टता जुड़ी रही है, जो इसे एक सटीक परिभाषा देने से रोकती है।

सीगिस एट अल के अनुसार, 2009;स्थिरता की अवधारणा की उत्पत्ति पर्यावरणीय चेतना से हुई थी जिसने 1970 के दशक में दुनिया में महत्व प्राप्त किया था। मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन जिसे स्टॉकहोम सम्मेलन 1972 के नाम से भी जाना जाता है, विश्व की पहली सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक थी जिसमें स्थिरता पर चर्चा की गई थी संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और विश्व पर्यटन संगठन स्थिरता को 'पर्यटन जो अपने वर्तमान और भविष्य के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों

का पूरा ध्यान रखता है, आगंतुकों, उद्योग, पर्यावरण और मेजबान समुदायों की जरूरतों को संबोधित करता है' के रूप में परिभाषित करता है।

वैश्विक पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस), आदि अली, 2010, ऐसे विभिन्न आईसीटी आधारित उपकरण और अनुप्रयोग हैं जिनका उपयोग सूचना प्रबंधन के लिए किया जा सकता है; भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), पर्यटन सूचना प्रणाली (टीआईएस), कंप्यूटर सिमुलेशन, पर्यावरण प्रबंधन सूचना प्रणाली (ईएमआईएस), गंतव्य प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस), मौसम, जलवायु और महासागर परिवर्तन की सूचना प्रबंधन, आर्थिक प्रभाव विश्लेषण सॉफ्टवेयर आदि।

सतत् पर्यटन की अवधारणा–सतत् पर्यटन की अवधारणा से आशय की जो प्रकिया हमेशा किसी न किसी रूप में चलती रहती है। क्योकि पर्यटन एक गतिविधी है जहॉ पर कोई न कोई किसी न किसी समय पर हमेशा निरंतर लगे रहते है पर्यटन अवकाश, मनोरंजन और मनोरंजन की एक गतिविधि है जहां लोग 24 घंटे से अधिक लेकिन लगातार एक वर्ष से अधिक नहीं बल्कि सामान्य वातावरण के अलावा किसी अन्य स्थान पर जाते हैं। सतत् पर्यटन पर्यटन की एक श्रेणी है जिसमें पर्यटक किसी आकर्षण का अनुभव करते हैं, किसी गंतव्य पर उनकी गतिविधि कम पर्यावरणीय प्रभाव का कारण बनती है और स्थानीय समुदाय के सामाजिक–आर्थिक विकास और विकास का समर्थन करती है। सतत् पर्यटन में बेहतर वृद्धि और विकास के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करने का लाभ है। दूसरे शब्दों में टिकाऊ पर्यटन पर्यटन उद्योग, अवकाश निर्माताओं और स्थानीय समुदाय की सामाजिक–आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति के बीच त्रिकोणीय संबंध है। और वर्तमान में यह संबंध आज विश्व में उद्रयोग के रूप में अवतरित हो रहा है। सतत् पर्यटन में के निम्नलिखित उद्देश्य हैं, जो कि निम्नलिखित बिंदुओ में स्पष्ट है जिसके द्वारा सतत् पर्यटन की अवधारणा पूर्ण होती है।

1. स्थानीय संसाधनों का सतत् उपयोग
2. संसाधनों की अधिक खपत को कम करना और बर्बादी को कम करना
3. जैव विविधता का संरक्षण
4. पर्यटन गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी
5. स्थानीय समुदाय के लिए आय सृजन

सतत् पर्यटन में प्रौद्योगिकी:प्रौद्योगिकी में उपकरण, ज्ञान और संस्कृति शामिल हैं जो मानव अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण हैं। आज प्रौद्योगिकी पर्यटन उद्योग के सभी क्षेत्रों तक पहुंच गयी है। वर्तमान में प्रौद्योगिकी केवल आज प्रयोग की विधि ही नही बल्कि पूरे विश्वपटल पर महत्वपूर्ण स्थान रखती है क्योकि वर्तमान युग प्रयोग , कौशल एवं विज्ञान का युग कहलाता है आज कोई भी क्षेत्र चाहे वह सरकारी गैरसरकारी एवं निजी क्यों न हो सभी प्रौद्योगिकी पर निर्भर करता है क्योकि प्रौद्योगिकी के द्वारा आज मनुष्य की प्रवृत्ति एवं स्वभाव को पहचान सकते है। और इस प्रयोग द्वारा आज व्यक्ति के हर पहलू की जानकारी को लेकर अपनी पर्यटन के विकास को पर्यटक के लिए तैयार कर सकते है। सतत् पर्यटन ने गंतव्य प्रबंधन, स्थान आधारित सेवाओं, परिवहन और भौगोलिक आधारित प्रणाली, आभासी पर्यटन, प्रदूषण के प्रभाव को मापने और स्थान आधारित सेवाओं आदि के लिए सूचना आधारित संचार उपकरण और प्रौद्योगिकी को अपनाया। सकारात्मक रूप से प्रौद्योगिकी ने स्थायी पर्यटन के नकारात्मक प्रभावों को कम कर दिया है।

भूमिका और उद्देश्य–सतत् पर्यटन में प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके पर्यटन में प्रौद्योगिकी का मुख्य उद्देश्य कचरे को कम करना, रीसाइर्क्लिंग प्रक्रिया को बढ़ावा देना, उत्पादन प्रक्रिया में बदलाव, प्रदूषण को नियंत्रित करना और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करना है। पर्यटन से जुड़ी विभिन्न आधुनिक प्रौद्योगिकियाँ। उनका लक्ष्य वर्तमान पर्यटन की गुणवत्ता में वृद्धि करना है। सतत् विकास की प्रमुख चिंताओं में स्वच्छ जल तक पहुंच, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच, स्वच्छ और अप्रदूषित पर्यावरण का समावेश, प्रभावी ढंग से और कुशलता से प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन और प्रभावी शासन शामिल है। इन क्षेत्रों को प्रबंधन के लिए प्रभावी प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है। इस विषय से सबंधित प्रौद्योगिकी के मुख्य बातें निम्न है।

पूर्वानुमान सॉफ़्टवेयर :पूर्वानुमान सॉफ़्टवेयर जलवायु, वायुमंडल और महासागर में परिवर्तन पर नज़र रखता है। इस प्रकार सॉफ्टवेयर परिवर्तन कारकों की भविष्यवाणी करने में मदद करता है ताकि किसी गंतव्य को उपयोगी एवं सफल बनाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जा सके। पहचान, विश्लेषण और तत्काल कार्रवाई किसी गंतव्य में सकारात्मक बदलाव ला सकती है।

आभासी पर्यटन:एक आभासी पर्यटन का उभरता स्वरूप उचित रूप से व्यवस्थित वीडियो और छवियों के अनुक्रम के साथ किसी आकर्षण, स्थान या पर्यटक स्थल की एक कृत्रिम प्रस्तुति या अनुकरण है। वर्चुअलटूर से किसी गंतव्य पर पर्यटकों की आवाजाही कम हो सकती है जिसके परिणामस्वरूप सतत् विकास होगा। सुगम्य पर्यटन आभासी पर्यटन को बढ़ावा दे सकता है।

आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रभाव:प्रौद्योगिकी में नवाचार का पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। यात्रा के घंटे काफी कम हो गए हैं. जाहिर तौर पर टिकाऊ पर्यटन पर प्रौद्योगिकी का अधिक प्रभाव देखा गया। दुनिया में कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन को लेकर चिंता बढ़ रही है। आवेदनों की संख्या पर्यटकों को सर्वोत्तम गंतव्य चुनने में सहायता करती है। एप्लिकेशन (ऐप) पर्यटकों को नियमों और विनियमों, आवास और परिवहन सुविधाओं, जलवायु परिस्थितियों, उपलब्धता और गंतव्य की प्रकृति और विशेषताओं के बारे में मार्गदर्शन करते हैं। आधुनिक यात्री इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि उनकी यात्रा से स्थानीय समुदाय को क्या लाभ होगा। इस प्रकार आधुनिक प्रौद्योगिकी का एक कार्यात्मक उद्देश्य दुनिया को अधिक टिकाऊ बनाना है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस:वर्तमान युग आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है और इस तकनीकी के द्वारा हम एक सेकेंड में जानकारी को एकत्रित्र करके उसे अपने आधार को तैयार करके उसका उपयोग कर सकते है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर्यटन उत्पादों और सेवाओं के विपणन के लिए एक सॉफ्टवेयर सक्षम तकनीक है। एआई पर्यटन उद्योग को पर्यटन पर्यटकों और आगंतुकों की जरूरतों और आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम बनाता है। डेटा का संचय और एकीकरण, वास्तविक प्रयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बुद्धिमत्ता के प्रमुख उद्देश्य हैं। आज होटल, रिसॉर्ट और पर्यटक आकर्षण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बुद्धिमत्ता के माध्यम से अपने ग्राहकों और ग्राहकों को आसानी से निर्देशित कर सकते हैं।

पर्यटन सूचना प्रणाली:वर्तमान में सूचना प्रणाली भी सतत् पर्यटन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखती है जिसके द्वारा हम किसी भी पर्यटक के विषय में उसकी पूर्ण जानकारी को पर्यटन के पूर्व एकत्रित कर सकते है और उस आधार पर पर्यटक को उससे जुडी पर्यटन की सभी जानकारी एवं विस्तृत

जानकारी दे सकते है। पर्यटन सूचना प्रणाली एक कंप्यूटर आधारित प्रणाली है जिसमें पर्यटक किसी आकर्षण के बारे में जानकारी एकत्र करते हैं। पर्यटन सूचना प्रणाली किसी गंतव्य में आकर्षण, आवास, परिवहन और सुविधाओं के विशाल क्षेत्र को कवर करती है। इससे यात्री को गंतव्य चुनने में मदद मिलेगी।

स्थान आधारित सेवाएँ:स्थान आधारित सेंवाओं के द्धारा हम पर्यटन के संबंध में पूर्ण जानकारी जैसे रूकने स्थानीय संस्कृति आस पास के मुख्य स्थान एवं विशेष एवं व्यक्ति विशेष से संबंधित आदि जानकारी पूर्ण रूप से प्राप्त कर सकते है। स्थान आधारित सेवाएँ वास्तविक समय वैश्विक पोजिशनिंग सिस्टम के आधार पर ग्राहक को लक्षित करती हैं। आस-पास के होटल और रेस्तरां, आस-पास के ईंधन स्टेशन, यातायात जानकारी, आस-पास के दर्शनीय स्थल स्थान आधारित सेवाओं के उदाहरण हैं। स्थान आधारित सेवा एक यात्री को लोगों, संस्कृति और मौजूदा स्थितियों के बारे में जानने के लिए शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई है ताकि यात्री तुरंत निर्णय ले सके।

गंतव्य प्रबंधन प्रणाली:गंतव्य प्रबंधन प्रणाली किसी पर्यटन स्थल के बारे में पूरी जानकारी देती है। गंतव्य, यात्रा पूर्व सूचना और आगमन पर सूचना तय करने में गंतव्य प्रबंधन प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डीएमएस प्रभावी आंतरिक और बाहरी नेटवर्क बनाने में मदद करता है जो किसी गंतव्य की अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डालने में मदद करता है।

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम:ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम एक उपग्रह आधारित नेविगेशन प्रणाली है जो उपयोगकर्ताओं को अपने गंतव्य को ट्रैक करने, मौसम रिपोर्ट तक पहुंच और गंतव्य के बारे में अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। आज जीपीएस यात्रा उद्योग का एकीकृत हिस्सा बन गया है। अधिकांश पर्यटक अपनी यात्रा संबंधी निर्णय लेने के लिए जीपीएस पर निर्भर रहते हैं। किसी गंतव्य के वातावरण पर यात्रा के प्रभाव को कम करने में जीपीएस की बड़ी भूमिका है।

इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम:इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर्यटकों को किसी गंतव्य तक जमीनी परिवहन सुविधाओं के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त करने में सहायता करता है। पर्यटक परिवहन सुविधाओं के संबंध में निर्णय ले सकते हैं। इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम मोबाइल आधारित एप्लिकेशन की अनुशंसा करता है जो लोगों को सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं चुनने के लिए प्रेरित करता है।

भौगोलिक सूचना प्रणाली:भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग आमतौर पर इंटरनेट या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से बड़ी मात्रा में तारीखों को पकड़ने, संग्रहीत करने, प्रबंधित करने, हेरफेर करने और प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। यात्री अपनी छुट्टियाँ बिताने के दौरान इस डेटा तक पहुँच सकते हैं। जीआईएस किसी गंतव्य पर जानकारी एकत्र करने के बोझ को कम करता है, भीड़भाड़ से बचाता है और यात्रा को अधिक परिप्रेक्ष्यपूर्ण बनाता है।

भविष्य का दृष्टिकोण-प्रौद्योगिकी ने पर्यटक आकर्षणों के बेहतर प्रबंधन में मदद की। पर्यटक आकर्षणों के विपणन और नवीन विकास में प्रौद्योगिकी की आशाजनक भूमिका है। भविष्य के गंतव्यों को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और हितधारकों के एकीकरण की आवश्यकता है। इस संदर्भ में प्रौद्योगिकी गंतव्य विकास में प्रमुख भूमिका निभाएगी। एक एकीकृत विकासात्मक दृष्टिकोण के लिए पर्यटकों, गंतव्य और स्थानीय सेवा प्रदाताओं के बीच बेहतर संचार की आवश्यकता है। विकास की प्रक्रिया में स्थानीय समुदाय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भविष्य की प्रौद्योगिकी को बेहतर विकास के लिए इन सभी हितधारकों को एकीकृत करने का लक्ष्य रखना होगा। प्रौद्योगिकी स्थानीय समुदाय को यात्रियों के मनोविज्ञान और उनके क्षेत्र में पर्यटन गतिविधि के परिणामों को समझने में भी मदद करेगी। प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण निर्णय लेने, नए व्यापार उद्यमों, कार्बन उत्सर्जन की निगरानी और गंतव्य स्वच्छता में गंतव्य हितधारकों का समर्थन करेगी।

शोध पद्धति: प्रस्तुत शोध पत्र मूलत: द्धितीयक संमको पर आधारित है, जिसमें द्धितीयक संमक जिसमें कि पर्यटन विभाग के रिर्पोट एवं शोध पत्र एवं पुस्तकें एवं समाचार पत्र से जानकारी एकत्र करके उसकी विवेचना एवं परिणाम प्रस्तुत किये गये है।

निष्कर्ष: सैद्धांतिक अध्ययन उपयोगी पर्यटन प्रशासन में प्रौद्योगिकी के नवीन दृष्टिकोण का विश्लेषण करता है। आज पर्यटन उद्योग तकनीकी रूप से अत्यधिक विकसित है, हालाँकि उद्योग को समय पर विकास और उन्नति की आवश्यकता है। पर्यटन उद्योग के व्यवसाय केंद्रित दृष्टिकोण को बेहतर प्रशासन के लिए व्यवसाय, प्रौद्योगिकी और सतत् विकास को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। भविष्य के अध्ययनों में बेहतर कल के लिए व्यवसाय, प्रौद्योगिकी और स्थानीय समुदाय को एकीकृत करने की अधिक गुंजाइश है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

जर्नल और पीएचडी थीसिस:

1. सुब्रमण्यन, मलाथी:'महाराष्ट्र राज्य के सिंधुदुर्ग जिले में पर्यटन क्षेत्र की विकास क्षमता और इसके रोजगार पैटर्न का एक अध्ययन' अप्रकाशित शोध थीसिस एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, चर्च गेट, मुंबई, 2010 को प्रस्तुत किया गया।
2. गदाद, अनुपमा: 'कर्नाटक में पर्यटन उद्योग की संभावनाएं, उत्तार कन्नड़ जिले का एक केस स्टडी', अप्रकाशित शोध थीसिस कर्नाटक राज्य महिला विश्वविद्यालय, विजयपुर, 2015 को प्रस्तुत की गई।
3. सावरकर, क्रांति पी: 'विदर्भ क्षेत्र महाराष्ट्र में पर्यटन विकास की संभावना', अप्रकाशित शोध थीसिस बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को प्रस्तुत की गई।

पुस्तक:

1. भाटिया, ए.के. : 'पर्यटन विकास - सिद्धांत और व्यवहार' स्टर्लिंग पब्लिशर्स प्रा. लिमिटेड, नई दिल्ली, 2007

वेबसाइटें:

1. https://sustainabledevelopment.un.org/
2. http://www.un-documents.net/our-common-future.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Unmasking Social Prejudices : Caste, Class and Community in Mahesh Dattanis Theatre

Dr. Pallavi Parte*

***Assistant Professor (English) Govt. College, Bijawar (M.P.) INDIA**

Abstract : India possesses rich cultural and traditional heritage unmatched by any other nation in its multi- cultural, multi -traditional and multilingual diversity. However like a coin with two sides, Indian society embodies both virtues and vices : a great historical legacy alongside deeply entrenched intersectionality of caste ,class and community that cannot be ignored. Literature serves as a luminous mirror faithfully reflecting the multifaceted contours of society. In Indian English literature Mahesh Dattani stands out as a prolific playwright who exposes these social prejudices through his theatrical works. He addresses the sombre issue via a deceptively convincing narrative style.

Introduction - Mahesh Dattani is one of the excellent and serious playwrights of contemporary age. His plays offer an authentic depiction of social realities. His plays serve as an unflinching mirror to the hypocrisies and prejudices pervasive in contemporary Indian society and secure his reputation as the 'bold confrontation of social truths'. He boldly confronts socially taboo and obscured issues ,utilizing the urban middle class family as a microcosm to reveal the defects and inconsistencies embedded in the wider societal structure.

Dattani's plays reflect the problems that develop in Indian context. They often expose social discrimination based on caste, class, community, minorities, women, gay people and transgender people. Each play of Dattani like **Final Solution, Seven Steps Around the Fire**, **Tara, Dance like a Man, Bravely Fought the Queen** etc. addresses the societal issues. These issues are actual life problems and sometimes cause controversy. Dattani adopted different forms of drama as a medium to represent the real depth and vitality of human experience. These rather radical themes and forms of his drama have separated him from the traditional Indian playwrights.

A very poignant masterpiece of Dattani 'Tara' reveals overtly the theme of gender discrimination which is the result of the intersectionality of the societal class and caste. It would not be an exaggeration to say that overall this gender discrimination reflects upper middle class dynamics in urban India. Tara's mother Bharti belongs to a socially privileged class from a more liberal community often interpreted as upper caste in Indian context. Tara's maternal grandfather holds elite social status, influential politician who was position to become chief minister and her paternal Patel family overall reflects upper middle class dynamics in urban India. With their collective decision the twin's fate is decided . By manipulating the physical separation of Tara and her brother they favour the boy (Chandan)over the girl (Tara).It shows how elite status in Indian society often aligns with class and caste privileges that prioritize sons:

Play - Tara

Patel : "……..your grandfather and your mother had a private meeting with Dr. Thakkar. ....That same evening your mother told me of her decision. .....-that they would risk giving both legs to the boy .....Maybe if I had protested more strongly !"

Thus his play'**Tara**' throws a light on gender conflict and the role of societal class and culture in creating such conflict. Gender is purely social or cultural phenomena while sex is biological. It is not possible to alter biological phenomena but social and cultural constraint can be changed with a little effort.

Dattani maintains impartiality in addressing gender inequalities. He examines how societal notions of masculinity rigidly limit men's choices, a constraint upheld by both the genders within the community. Through the words of Amritlal in **'Dance like a Man'** a very clear picture of the limitations on men's choices is visible as he is totally against of his son's dancing.These limitations based on class ,cast and status in our society.

Play - Dance like a Man

Amritlal : Do you know where a man's happiness lies?
Ratna : No.
Amritlal : In being a man.

Dattani's **Final Solution** explores the much debated subject of communalism. It was on the problem of communal disharmony between the Hindus and Muslims in India, especially during the period of post- partition riots

. Dattani's purpose in depicting the post-partition communal violence in India is not to convey the actual events that took place but to present the psychological fear that has been inculcated in our minds. The play also argues that love is not restricted by religion, cast and creed as his evidence from Smita's love for Babban.The juxtaposition of love and hatred complicates the uniform and unhindered violence that is promoted in a communal riot. The play brings characters from different religious backgrounds together in a tense, riot-torn situation, forcing them to confront their prejudices. At the end of the play Bobby, by speaking about one final deed to be done, deliberately removes his footwear and advances towards the pooja room slowly. He picks up the image of Krishna which is tiny enough to sit in his palm and shows the image to everyone:

Play: Final Solution

Bobby : See ! See! I am touching God. Your God! My flesh is holding him! Look,Javed !And he does not mind! He does not turn me to ashes! He does not cry out from the heavens saying He has been contaminated! Look how He rests in my hands! He knows I cannot harm Him. He knows His strength! I don't believe in Him but He believes in me.

In a very famous play **'Seven Steps Around the Fire'** Dattani highlights the critique of justice and silence imposed on the marginalized. Anarkali Hijra (eunuch) is framed as the main accused in Kamla's murder due to societal prejudices against her community. Her arrest protects the elite and makes her an easy scapegoat despite her innocence and close bond with the victim who she calls her 'sister'. An extremity of injustice is reached when she articulates the atrocities inflicted upon her in these words. Her dialogue captures her bitterness and exhaustion:

Play-'Seven Steps Around the Fire'

Uma: Anarkali ! Please, help me.

Anarkali: Go away. After servicing all these sons of whores, my mouth is too tired to talk.

Uma: God !

This play not only explores the themes of social injustice and the marginalization of the hijra community but also delves into gender identity crisis, the corruption of power wielded by the elite due to their class and societal status, and the enforced silencing of the marginalized owing to their subordinate position in society.

A very sensitive issue of domination and suppression is uncovered by Dattani in his plays. In Bravely Fought like Queen he presents three generations of women in an Indian family who are oppressed and exploited at the hands of the patriarchal male figures in their lives. The first generation of Trivedi family 'Baa' herself is exploited by her drunkard husband. Her suffering ended her in inability to live in the present. Even after husband's death , her memory haunts her. Dolly and Alka represent the second female generation of the family, are married to Jiten and Nitin respectively. They lead their life taking care of the needs of their husband and senile mother in law. The intermittent bell ringing by Baa which calls for an immediate attention shows how women also become oppressors in patriarchal society. Dolly and Alka are illtreated by their husbands as Jiten's wedlock with Dolly is purely for the sake of societal norms of marriage and he satisfices his sexual libido by calling whores at his office and Alka remains childless because of Nitin's homosexual relationship with her brother Praful. Daksha the face of third generation becomes a victim of her father's brutality. With her premature birth she remains deformed and mentally retarted. The barbarity and atrocity of the patriarchal system implicitly appears when dolly,in a precarious condition, becomes a victim of the inhumanity of Baa and Jiten:

Play-Bravely Fought the Queen

Baa: Jitu ,throw her out as well.Whore !

Dolly: And you hit me!Jitu, you beat me up! I was carrying Daksha and you beat me up!

Baa: No !Jeetu, hit her on the face but not on the..... stop it Jitu! On the face ,only on the face.....

Thus Mahesh Dattani's theatres perform for unmasking the hidden and bitter truth of the society and present a real picture of societal prejudices. As theatre is a process of making the word flesh. When the words are Mahesh Dattani's, the flesh is already contained within the word; the written texts are only fully realized through the process of performance.

In conclusion, Literature - be it verse, drama , narrative prose or fiction- stands as an essential conduit between personal lives and collective society, ceaselessly echoing realities and forging new paths. It not only amplifies silenced voices but also boldly defies entrenched norms. As literary critic Terry Eagleton observes 'Literature, in the full sense of the word , is the expression of human creativity. It transcends boundaries, it travels across time, and it is a means by which we come to know ourselves and the world we inhabit.

Much as Eagleton describes literature travelling beyond limits, Dattani's theatres perform as an outstanding example to examine, challenge and expose societal prejudices, norms and injustices. His concept positions dramas as a powerful tool for reflecting on and critiquing class, caste, gender and community in our society and enables readers to question and rethink established beliefs and system. Vivid portrayals of caste, gender, identity in works like Tara, Final Solution, Dance Like a Man etc. compel readers to confront biases head-on.

Mahesh Dattani guides readers to uncover the shared human experiences and pressing moral dilemmas of their era, long obscured by entranced social prejudices. Echoing Mathew Arnold's view of literature as a 'Criticism of life', Dattani's works do not merely reflect society-they dissect, interrogate and provoke it into reckoning. His legacy endures as a beacon, continuously challenging readers across generations to question norms and prejudices,

embrace nuances and envision a more equitable world.

References : -

1. Arnold, Mathew. Culture and Anarchy. Oxford University Press, 1869.
2. Eagleton, Terry. Literary Theory : An Introduction. Blackwell, 1983.
3. Chandra. Dr. Prakash. Literature and Society, Published on 16 Jan 2025.
4. Shukla Seema. Indian Writing In English. Madhya Pradesh Hindi Granth Academy, Bhopal 2023.
5. Dattani Mahesh. Collected Playes. Penguin Books An imprint of Penguin Random House
6. Introduction to literary theory review: Literature as Social Critique by Fiveable Content Team.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय ज्ञान परम्परा और रहीम : एक अध्ययन

डॉ. राजाराम परते *

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, बिजावर, जिला-छतरपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय ज्ञान परंपरा एक समृद्ध और विविधतापूर्ण परंपरा है, जिसमें धार्मिक , दार्शनिक, नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान का अद्धितीय संगम देखने को मिलता है। रहीम मुगलकाल के प्रमुख कवि, दार्शनिक और दरबारी कवि थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं में भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों और तत्वों को समाहित किया। भारतीय ज्ञान परम्परा वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों (यथा-रामायण, महाभारत) स्मृतियों, पुराणों और लोक साहित्य के माध्यम से विकसित हुई है, इस परम्परा में धर्म, कर्म, सत्य, अहिंसा, शील, सहिष्णुता और लोकहित जैसे मूलभूत तत्व हैं। यह शोधपत्र भारतीय ज्ञान पंरपरा की प्रमुख विशेषताओं का परिचय कराता है, और रहीम के साहित्य में इन तत्वों की उपस्थिति का विश्लेषण करता है।

शब्द कुंजी – अहिंसा, सहिष्णुता, सनातन, आध्यात्मिकता, बसुधैव कुटुम्बकम्, दिव्यता, आत्मनियंत्रण, उद्घोष आदि।

प्रस्तावना – भारतीय ज्ञान परंपरा की नींव प्राचीन ग्रंथों जैसे वेद, पुराण, उपनिषद, रामायण, महाभारत पर आधारित है। यह परंपरा तर्क, अनुभव और आध्यात्मिकता का संगम है और सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों जैसे धर्म, कर्म, सत्य, अहिंसा, शील, लोकहित आदि को आत्मसात करती है। जैसे- धर्म का तात्पर्य समाज में उचित आचरण एवं कर्तव्य पालन से है। साथ ही सत्य-निष्ठा और दूसरों के साथ सहिष्णुता पर भी जोर दिया गया है। आकर्षक तथ्य यह है कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा से वैश्विक समरसता और सभी के प्रति करूणा का संदेश मिलता है। यही कारण है कि भारतीय दर्शन में लक्ष्य केवल आत्ममोक्ष ही नहीं बल्कि समाज कल्याण और परम्परा सहयोग भी माना गया है। रहीम (1556-1627) अकबर के नवरत्नों में से एक संस्कृत, फारसी और हिन्दी में दक्ष कवि थे। रहीम का असली नाम नवाब अब्दुर रहीम खान-ए-खाना था। धर्म की दृष्टि से मुसलमान होने के बावजूद रहीम ने हिन्दु देवी, देवताओं, तीज-त्यौहारों का उल्लेख पूरी निष्ठा के साथ करते है। रहीम के बारे में उत्कृष्ट कथन है कि वे धर्म से मुसलमान और संस्कृति से शुद्ध भारतीय थे। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने भारतीय जीवन मूल्यों को आत्मसात किया है। हिन्दी, ब्रज दोहों के माध्यम से कवि ने अपने व्यक्तित्व में भारत की लोक परंपरा, संस्कृति, भक्ति रस और दार्शनिक चिंतन को सम्मिलित किया है। उनकी रचनाएं सरल भाषा में गहरी सीख प्रदान करती हैं जो समकालीन जनजीवन से जुड़ी हुई है।

भारतीय ज्ञान परंपरा

धर्म और कर्म- भारतीय परंपरा में धर्म (कर्तव्य, नैतिकता) और कर्म (क्रियाओं के फल) को जीवन के मार्गदर्शक सिद्धांत स्वीकार किया गया है। धर्म का अर्थ है अपने सामाजिक जीवन में कर्तव्यों का पालन करना और सत्य-निष्ठा और करूणामय व्यवहार करना। कर्म सिद्धांत हमें सिखाता है कि हर क्रिया का फल मिलता है इसलिए कार्य में निष्ठा, स्वार्थरहित भावना और उत्तरदायित्व अपेक्षित है। इस दृष्टि से जीवन का लक्ष्य समाज हितैषी, नीतिपूर्ण कर्म करना है।

सत्य, अहिंसा और संयम- सत्य का अर्थ है ईमानदारी और अहिंसा का अर्थ हिंसा न करना जैसे मूल्य भी भारतीय दर्शन परम्परा के मूलभूत सिद्धांत है।

ज्ञान योग- महाभारत में संतोष को सर्वोच्च दिव्यता माना है। शान्ति पर्व में कहा गया है - संतोष सर्वाधिक सुख है इससे बड़ा कोई सुख नहीं है।

संयमित जीवन, आत्मनियंत्रण और साधुता की भारतीय ज्ञान परंपरा में महती प्रतिष्ठा है। साधु और ऋषि-संतो के उपदेश इसके उदाहरण है। जिनमें आत्मज्ञान और आत्मनियंत्रण पर बल दिया गया है।

लोकहित और सामाजिक उत्तरदायित्व – भारतीय परम्परा में लोककल्याण को प्राण तत्व माना है। मानविकी जीवन में व्यक्ति को न केवल अपना बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निर्वहन की शिक्षा दी गई है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' जैसी अवधारणा समस्त भूमण्डल में निवासरत मानव जीवन के प्रति पारिवारिक भाव की अभिव्यक्ति का उद्घोष करता है। जिसमें सहिष्णुता और आपसी व्यवहार को बढ़ावा मिलता है।

प्रकृति और मानव जीवन- भारतीय जीवन दर्शन में प्रकृति को पवित्र एवं पूज्य माना गया है और मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन पर जोर दिया गया है। मनुष्य एवं प्रकृति के मध्य सामंजस्यपूर्ण वृत्ति ही पर्यावरण की रक्षा है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को पुण्य योग से जोड़ा गया है। योग, आयुर्वेद तथा ध्यान जैसे प्राचीन विज्ञान इस समन्वय भाव की पुष्टि करते हैं।

सामाजिक समरसता एवं सहिष्णुता- हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, बौद्ध आदि विविध धार्मिक समुदायों के मध्य सहिष्णुता भारतीय ज्ञान परंपरा की पहचान है। यहां परस्पर भेद-भाव नहीं बल्कि समता और भाईचारे का संदेश दिया गया है। भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल सिद्धांत 'वसुधैव कुटुम्वकम्' जिससे सभी को आपस में सहानुभूति, सहयोग और शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व की प्रेरणा मिलती है।

रहीम के काव्य की विशेषताएं – रहीम के काव्य में भारतीय लोकजीवन

और वैचारिक गहराई दोनों का समन्वय दिखाई देता हैं रहीम ने अपने दोहों में सरल, प्रभावशाली भाषा का प्रयोग किया है। और जन अनुभवों को काव्य का विषय बनाया। उनके गीतों में नीति और विवेक की बातें प्रमुख हैं – जैसे सामाजिक व्यवहार, परोपकार, प्रेम और भक्ति आदि।

उदाहरण:–

'रहिमन वे नर मर चुके, जे कहूँ कछु मांगन जाये।
उनते पहिले वे मुए जिनके मुख निकसत नाहि।।'

उदाहरण:–

'कदली, सीप, भुजंग मुख स्वाति एक गुन तीन।
जैसी संगति बैठिए, तैसो ही फल दीन।।'

आत्म जीवन अनुभव:– रहीम के दोहे प्राय: सामान्य जन की दिनचर्या, अनुभव और भावनाओं से प्रेरित हैं। उन्होंने अपने दोहों में मानवता, क्षमा, मधुरता और सामाजिक मेलजोल की बातें कही हैं। उनकी कहानियाँ जीवन के छोटे–छोटे दृश्यों से जुड़ी होती हैं। जिस कारण पाठक तुरंत संपर्क स्थापित कर लेता है–

उदाहरण:–

'जे रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापै नहि, लिपटे रहत भुजंग।।'

'रहिमन विपदा हूं भली, जे थोरे दिन होय।
हित अनहित या जगत में, जान परत सब कोय।।'

नीति–नियम और भक्ति रस:– रहीम ने अपने दोहों में नीति (नैतिकता), प्रेम, भक्ति और आचरण से संबंधित उपदेश दिए हैं। इन दोहों में कबीर–परम्परा की भांति सरलता से गहन सत्य उद्घाटित होते हैं।

उदाहरण:–

'रहीमन देखे बडेन को, लघु न दीजिये डारि।
जहां काम आवै सुई, कहां करे तलवारि।।'

इस दोहें के माध्यम से उन्होंने सभी जीवों के प्रति सम्मान की बात कही हैं, और प्रेम भक्ति के भाव वाले दोहें से मानव ईश्वर प्रेम की परम्परा का बखान किया है। उनकी रचनाएं समाज में सामूहिक सद्भाव और परमात्मा के प्रति श्रद्धा का संदेश देती हैं।

भाषा और प्रभाव– रहीम ने हिंदी और ब्रज भाषा में सहज, सारगर्भित शब्दों का प्रयोग किया हैं। उनकी रचनाएं प्राचीन संस्कृत साहित्य की प्रमुख रचानाओं से प्रेरित रही है और हिन्दुस्तानी भावों को हिंदू–अरबी तत्वों के साथ जोड़कर पाठकों से सहजता के साथ तादात्म्य स्थापित कर लेती हैं।

उदाहरण:–

'रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गए न उबरै, मोती, मानुष, चून।।'

रहीम ने ब्रज, अवधी और खड़ी बोली में लिखा है, जिससे जनता उनके दोहों को सहजता से समझकर आत्मसात् करती रही है।

सांस्कृतिक एकता:– रहीम, मुस्लिम पृष्ठभूमि के होते हुए भी भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के मूल्यों को गहराई से आत्मसात करते है। उन्होंने राम और कृष्ण दोनों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की है, और रामायण, महाभारत आदि पौराणिक कथाओं का सम्मान किया है। अकबर के दरबार में उन्हें रामायण के फारसी अनुवाद की प्रति रखने की अनुमति दी गयी थी जिसे उन्होंने ' भारत का मानवीय ग्रंथ' बताकर महत्व दिया। इस प्रकार रहीम के काव्य में हिंदु भक्ति परम्परा के रस और इस्लामी आदर्शों का सम्मिश्रण दृष्टिगोचर होता हैं। उनकी समग्र दृष्टि ने आपसी सहिष्णुता, प्रेम और मानवता को बढ़ावा दिया है।

भारतीय ज्ञान परम्परा और रहीम

धर्म और कर्तव्य के संबंध में रहीम लिखते हैं–

रहिमन धर्म न छोड़िये, भले सिर जाये।
हरि सम कबहुँ न छड़िए, जो जग डारो पाये।।

अर्थात् श्रेष्ठ धर्म का पालन करना चाहिए चाहे सर्वस्व नष्ट हो जाये। यह विचार गीता के स्वधर्मे निधनं श्रेय:' की भावना के अनुरूप है। रहीम अपने दोहों में धर्म और कर्तव्य का महत्व बताते है, जो भारतीय परम्परा की आत्मा रही है।

संतोष और संयम का भाव:– रहीम के दोहें संयम, विवेक और संतोष की शिक्षा देते हैं। भारतीय उपनिषदों एवं संत परम्परा में संतोष को परम सदगुण माना गया है। महाभारत में भी कहा गया है कि ' संतोषाभयम् परमं' (संतोष सबसे बड़ा सुख है)

उदाहरण:–

'रहिमन साधु सो चाहिए, जैसा सूप सुभाय।
सार–सार को गहि रहे, थोथा देई उड़ाय।।'

रहीम का यह दृष्टिकोण उसी परंपरा को प्रतिबिंबित करता है क्योंकि आंतरिक शांति और संतोष ही मोक्ष का मार्ग है।

मानवता और सहिष्णुता:– रहीम का यह दोहा ' रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि...' सभी को सम्मान देने की सीख देता है। इसी विचार से प्रेरित भारत का वसुधैव कुटुम्बकम् सिद्धांत कहता है कि सभी मनुष्यों में बधुत्व हो और हमें प्रेम करूणा से व्यवहार करना चाहिए। रहीम ने अपने रचनाओं में बड़े व्यक्तियों का आदर और छोटो के प्रति करूणा का संदेश दिया है।

प्रेम और भक्ति का भाव:– रहीम कहते हैं, –

'रहिमन प्रेम पियाला है, सिर धारी जो पीया।
धीरे–धीरे पीजिए, बहुत उताव न कीजै।।

यह भक्ति परंपरा का प्रतीक है कि प्रेम का प्याला आत्मा को मदहोश कर देता है। वास्तव में रहीम के भक्तिभाव और प्रेम गीतों में वैष्णव परंपरा की छाप साफ दिखती है। उन्होंने कृष्ण, राम, विष्णु आदि का गुणगान किया, जैसा भक्ति रस के कवियों ने किया।

उदाहरण:–

'रहिमन राजाराम को, मत भूलियों मन मांहि।
जिनके कारण वाबने, सकल भए सुर सानिह।।'

'रहिमन मुरली सी बनो, रस की धार बहाय।
जो जस राखे वादुरी, तैसे ही रह जाय।।'

प्रेम या भक्ति की गहरी भावनायें मन की बात होती है। इन्हें सबके सामने जाहिर करने से लोग मजाक बनाते है।

'रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय।
सुन इठलैंहे लोग सब, बांट न लैंहे कोय।।'

प्रेम के संबंध में रहीम का यह दोहा मानव जीवन की सार्थकता को अभिव्यक्ति देता हुआ संबंधों में प्रेम की अनिवार्यता पर बल देता है–

'रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।

टूटें फिर न जुड़े, जुड़े गांठ पर जाये।।'

इसलिए रहीम का प्रेम–गीतकार व्यक्तित्व भारतीय भक्ति दर्शन दोनों से गहराई से जुड़ा है।

निष्कर्ष– रहीम की काव्यधारा भारतीय ज्ञान परंपरा का जीवंत प्रतिनिधित्व करती है। रहीम भारतीय ज्ञान परंपरा के ऐसे स्तम्भ है जिन्होने समरसता का पाठ पढाया। भले ही वे मुस्लिम पृष्ठभूमि से थे, फिर भी हिंदु कहानी, लोक संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को अपने दोहों में समान रूप से स्थान दिया। प्राचीन वैदिक और भक्ति परंपराओं से ओत–प्रोत उनके दोहे आज भी शिक्षा देते हैं। जैसे भारतीय दर्शन, धर्म, आज की भौतिक सामाजिक चुनौतियों में मार्गदर्शन करते हैं। रहीम की शिक्षा है कि भारतीय परंपराएं किसी सीमा से बंधी नहीं है, बल्कि उसमें विभिन्न विश्वासों को मिलाने की शक्ति है। इसलिए इनकी रचनाएं धर्म, करूणा, प्रेम और संयम का संदेश देती हैं, जो पारम्परिक ज्ञान की सार्वभौमिक भावना को दर्शाती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. www.ijsalt.org
2. www.theprint.in
3. www.udhnacollege.ac.in
4. en.wikipedia.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महिला सशक्तिकरण में मनरेगा की भूमिका : एक आर्थिक अध्ययन

डॉ. ममता पंवार* अनिल कुमार सांगोड़े**

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर, छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – महिला सशक्तिकरण से आशय महिलाओं के समग्र विकास से है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं वैधानिक क्षेत्रों में निर्णय लेने और अधिकारिता की स्वतंत्रता से है। मनरेगा में महिलाओं को एक तिहाई कार्य की कानूनी स्वीकार्यता देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत किया है।

शब्द कुंजी –महिला सशक्तिकरण, निर्णय क्षमता, स्वतंत्रता, मनरेगा, आर्थिक सशक्तिकरण।

प्रस्तावना – भारत एक कृषि प्रधान एवं ग्राम्य बाहुल्य राष्ट्र है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 121.06 करोड़ की थी, जिसमें से 83.35 करोड़ ग्रामों में निवासरतथी। परंतु वर्तमान में भारत की जनसंख्या लगभग 142 करोड़ तक पहुंच चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का मुख्य व्यवसाय सामान्यत: कृषि है और भारत की कृषि मानसून पर निर्भर है, जो अनिश्चित है। जिसके कारण अल्प वर्षा व अति वर्षा की स्थिति बनी रहती है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का कोई अन्य साधन उपलब्ध न होने के कारण बेरोजगारी व्यापक रूप में विद्यमान है। विशेषकर ग्रामीण महिलाएं जो कृषि कार्य में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संलग्न है। हमारे देश में बेरोजगारी व जनसंख्या वृद्धि जैसी ज्वलंत समस्या भयावह रूप ले चुकी है तथा जिस अनुपात में जनसंख्या वृद्धि हो रही है उसी अनुपात में कृषि एवं कृषि पर आधारित कार्यों का अभाव है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को रोजगार उपलब्ध करा पाना संभव नहीं है। अत: रोजगार उपलब्ध न होने के कारण ग्रामवासीशहरों की ओर पलायन करने लगते हैं। गांव से शहरों की ओर पलायन पर रोक लगाने व निवास स्थल पर रोजगार उपलब्ध कराने, ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हेतु व महिला श्रमिकों में सशक्तिकरण लाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा 5 सितम्बर 2005 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम पारित किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों का एवं वन अधिकार तथा सुखाग्रस्त क्षेत्रों में 150 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाती है। यह पहली ऐसी योजना है जिसमें गारंटी युक्त रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। अप्रैल 2008 से यह कानून भारत के सभी गांवों में लागू है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य:

1. महिलाओं के जीवन पर मनरेगा कार्यक्रम के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. महिला सशक्तिकरण हेतु मनरेगा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त उपाय सुझाना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन के विश्लेषण हेतु द्वितीयक समंको को आधार बनाया गया है। द्वितीयक समंको का संकलन महात्मा गांधी नरेगा वेबसाइट एम.आई.एस. मॉड्यूल के वर्ष 2021-22 से 2025-26 के अद्यतन आंकड़ों का प्रयोग किया गया है, द्वितीयक समंको के विष्लेषण हेतु प्रतिशत विधि का प्रयोग किया गया है। द्वितीयक समंको के रूप में महिलाओं को मनरेगा के द्वारा स्वरोजगार एवं उद्यमिता हेतु दी गई सुविधाओं को भी सम्मिलित किया गया है। प्राथमिक समंक के लिए छिन्दवाडा जिले की 100 महिला श्रमिकों से लघु साक्षात्कार के द्वारा सूचनायें एकत्रित की गयी है।

समंको का विश्लेषण – महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी नरेगा) में महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान हैं और अनुसूची-II पैरा 15 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि रोजगार प्रदान करते समय महिलाओं को इस प्रकार प्राथमिकता दी जाएगी कि कम से कम एक-तिहाई लाभार्थी ऐसी महिलाएँ हों जिन्होंने योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराया हो और काम की माँग की हो।मनरेगा (MGNREGA) में महिलाओं के लिए कई प्रावधान हैं, जिसमें कम से कम एक-तिहाई महिला लाभार्थियों को प्राथमिकता, समान वेतन, कार्यस्थल पर बच्चों के लिए क्रेच सुविधा, महिला मेट (पर्यवेक्षक) की नियुक्ति और स्वयं सहायता समूहों (SHG) के माध्यम से भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण और लैंगिक समानता सुनिश्चित की जा सके।

मनरेगा में उपलब्ध कराये गये कार्यो दिवसों का अद्यतन डाटा मनरेगा की वेबसाइट पर दर्ज किया जाता है। जिसमें महिलाओं को दिये गये कार्य दिवसों को पृथक से प्रदर्शित किया गया है। विगत 5 वर्षो में महिलाओं को उपलब्ध कार्य दिवसों को निम्न सारणी के अनुसार दर्शाया गया है।

वर्ष	कुल रोजगार दिवस	महिलाओं को प्राप्त रोजगार दिवस	प्रतिशत वृद्धि/कमी
2021-22	72514	55052	75.99%
2022-23	61775	472951	76.55%
2023-24	59933	45974	76.70%
2024-25	57832	44053	76.17%
2025-26	47128	35450	75.23%



प्रस्तुत सारणी वर्ष 2021 से 2026 तक के रोजगार के आंकड़ों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण आधार प्रस्तुत करती है। इस डेटा का विश्लेषण निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर किया जा सकता है।

1. **रोजगार में महिलाओं की उच्च भागीदारी**–सारणी से स्पष्ट है कि कुल रोजगार दिवसों में महिलाओं का हिस्सा बहुत अधिक है। सभी वर्षों में महिलाओं की भागीदारी 75 प्रतिशत से अधिक रही है। यह दर्शाता है कि रोजगार योजनाओं का लाभ उठाने में महिलाएं पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक सक्रिय हैं, जो आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है।

2. **प्रतिशत भागीदारी में स्थिरता**–यद्यपि कुल रोजगार के दिनों में गिरावट आई है, लेकिन महिलाओं की प्रतिशत भागीदारी काफी स्थिर रही है। वर्ष 2023-24 में 76.70 प्रतिशत के साथ उच्चतम भागीदारी शिखर पर थी।वर्ष 2025-26 में यह घटकर 75.23 प्रतिशत न्यूनतम भागीदारी हुई है।यह स्थिरता दर्शाती है कि कार्यबल में महिलाओं की मांग और उपस्थिति दोनों मजबूत बनी हुई है।

3. रोजगार के कुल अवसरों में कमी का प्रभावडेटा का एक चिंताजनक पहलू यह है कि 2021-22 (725.14) से 2025-26 (471.28) तक कुल रोजगार दिनों में लगातार गिरावट आई है।चूंकि महिलाएं इस कार्यबल का 75 प्रतिशत हिस्सा हैं, इसलिए रोजगार के अवसरों में आने वाली किसी भी कमी का सबसे सीधा और बड़ा प्रभाव महिलाओं की आय और उनके आर्थिक सशक्तिकरण पर पड़ता है।2021-22 में महिलाओं को 550.52 दिन का रोजगार मिला था, जो 2025-26 में घटकर 354.50 रह गया है। निष्कर्षत: सारणी महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में दोधारी तलवार जैसी है। एक ओर कार्यबल का नारीकरण हो रहा है। महिलाएं मुख्य धारा के आर्थिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। दूसरी ओर कुल उपलब्ध रोजगार में कमी आने से महिलाओं के लिए दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से एक चुनौती हो सकती है। हालांकिकुल रोजगार घटने के बाद भी महिलाओं का प्रतिशत भाग स्थिर है, जो मनरेगा के महिला सशक्तिकरण के महत्व को स्पष्ट करता है।

मनरेगा योजना से महिलाओं को लाभ – महिला श्रमिकों को मनरेगा से प्राप्त आय से लाभदायिता को निम्न आधारों पर स्पष्ट किया जा सकता है–

उपभोग आय– महिलाओं की मनरेगा आय घरेलू आय में उनके योगदान को बढ़ा रही है। सर्वेक्षण में उत्तरदाताओं के एक बड़े भाग ने कहा कि वे नियमित भोजन और उपभोक्ता वस्तुओं पर मनरेगा कार्यों में अर्जित आय व्यय करते हैं। मनरेगा से स्थानीय रूप से आय में वृद्धि हुई है उन्होंने महसूस किया कि मनरेगासे एक दिन में दो नियमित भोजन सुनिश्चित करने में मदद मिल रह है। मनरेगा से खाद्य सुरक्षा और शिशु आहार पर सकारात्मक प्रभाव के कारण शिशु कुपोषण भी कम हो सकता है।

आय में वृद्धि– मनरेगा का मुख्य उद्देश्य घरेलू आय-सृजन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। यह देखा गया है कि मनरेगा ने उनके हाथों में नकद आय बढ़ाने में मदद की जो महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता का एक बड़ा हिस्सा है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि महिला कार्यकर्ता पारिवारिक भूमिकाओं और उनके कार्य निर्णयों में योगदान के रूप में अपनी भूमिकाओ के बारे में अधिक आश्वस्त हैं।यह इंगित करता है कि महिला श्रमिकों की क्रय क्षमता में वृद्धि हुई है।

निर्धनता पर प्रभाव– मनरेगा आने से पहले यह देखा गया है कि छिन्दवाडा जिले में निर्धनता का स्तर बहुत अधिक था। अधिनियम के लागू होने के बाद ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। मनरेगा आने से कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे अंतत: लोगों की आय में वृद्धि हुई और गरीबी के स्तर को कम करने में मदद मिली। क्योंकि ये अपनी स्वच्छता सुविधाओं, पीने के पानी, पोषण स्तर आदि विकसित करने में सक्षम हाने के परिणामस्वरूप जीवन स्थिति में भी सुधार कर पाये हैं।

बेहतर स्वास्थ्य देखभाल–मनरेगा अधिनियम से अध्ययन क्षेत्र में गरीब लोगों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है। मनरेगामजदूरी का एक बड़ा भाग स्वास्थ्य देखभाल खर्च किया गया है। लगभग 47 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मनरेगामजदूरीको स्वास्थ्य पर व्यय किया है। अधिनियम के लागू होने के बाद अध्ययनक्षेत्रों की स्वास्थ्य स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। अधिनियम काम के घंटों के दौरान चिकित्सा सुविधा, श्रमिको के बच्चों को भोजन,पीने के पानी की सुविधा आदि भी प्रदान करता है।

घरेलू प्रभाव– महिलाएं अपने परिवार के लिए आर्थिक संसाधनों को बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं, लेकिन उनके योगदान को बिना किसीकारण के नहीं रखा जाता है क्योंकि उनके प्रदर्शन को मौद्रिक रूप से नहीं माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अंतर-घरेलू फैसलों में पुरुष का वर्चस्व देखा गया है। महिलाओं के ऐसे अवैतनिक काम को सशुल्क काम में परिवर्तित करने में मनरेगा का महत्वपूर्ण प्रभाव है और घरेलू मामलों में महिलाओं की निर्णय लेने की भूमिका को व्यापक बनाता है।

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध 'अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के विकास में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भूमिकारू धार जिले के विशेष संदर्भ में' विषय पर आधारित है। अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक दृष्टि से बहुआयामी वंचनाओं का सामना करती रही हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति का आकलन करना तथा शासकीय योजनाओं के प्रभाव का विश्लेषण करना है। अध्ययन हेतु धार जिले के दो जनजाति बाहुल्य विकासखंडों के 10 ग्रामों से 100 महिला हितग्राहियों का चयन किया गया। प्राथमिक तथ्यों का संकलन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि लाड़ली बहना योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना, स्वयं सहायता समूह एवं खाद्य सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं का महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इनसे आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा प्रोत्साहन तथा सामाजिक सहभागिता में वृद्धि हुई है। यद्यपि मजदूरी दर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं गैस रिफिल जैसी कुछ समस्याएँ विद्यमान हैं, फिर भी समग्र रूप से योजनाएँ महिलाओं के सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध हुई हैं। उचित क्रियान्वयन एवं जागरूकता से उनका विकास और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है।

शब्द कुंजी – अनुसूचित जनजाति, महिला सशक्तिकरण, शासकीय योजनाएँ, धार जिला।

प्रस्तावना – भारतीय समाज में जनजातीय समुदायों का विशेष स्थान रहा है। ये समुदाय प्रकृति के निकट रहकर जीवनयापन करते आए हैं और इनकी जीवनशैली सरल, सामुदायिक तथा परंपरागत मूल्यों पर आधारित होती है। सामान्यत: जनजाति ऐसे सामाजिक समूह को कहा जाता है जो विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में निवास करता है तथा जिसकी अपनी अलग सामाजिक संरचना, भाषा, संस्कृति, परंपराएँ और जीवन पद्धति होती है। भारतीय संविधान ने इन समुदायों को 'अनुसूचित जनजाति' के रूप में मान्यता प्रदान कर उनके संरक्षण एवं विकास हेतु विशेष प्रावधान किए हैं।

स्वतंत्रता के पश्चात केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक योजनाएँ एवं कार्यक्रम प्रारंभ किए गए, जिनका उद्देश्य उन्हें सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। यदि विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की स्थिति पर विचार किया जाए तो यह स्पष्ट होता है कि वे दोहरे अभाव का सामना करती हैं एक ओर वे जनजातीय समुदाय से संबंधित होने के कारण सामाजिक–आर्थिक पिछड़ेपन से प्रभावित हैं, वहीं दूसरी ओर महिला होने के कारण लैंगिक असमानता की चुनौतियों का सामना भी करती हैं। अशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, सीमित आर्थिक संसाधन, परंपरागत रूढ़ियाँ तथा जागरूकता का अभाव उनके समग्र विकास में बाधक रहे हैं।

इसी संदर्भ में शासकीय योजनाएँ एवं कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा विस्तार, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार योजनाएँ, स्वयं सहायता समूह, पोषण कार्यक्रम, मातृत्व लाभ योजनाएँ, स्वास्थ्य सेवाएँ तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता एवं सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ाना है। धार जिले के विशेष संदर्भ में यह अध्ययन इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह जिला जनजातीय बहुल क्षेत्र है। यहाँ की सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियाँ, संसाधनों की उपलब्धता तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का विश्लेषण करना आवश्यक है, ताकि यह समझा जा सके कि शासकीय प्रयास किस सीमा तक प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। अत: प्रस्तुत शोध अध्ययन अनुसूचित जनजाति महिलाओं के बहुआयामी विकास में शासकीय योजनाओं की भूमिकारू धार जिले का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का आकलन करना।
2. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पक्षों की स्थिति ज्ञात करना।
3. इन योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभाव का मूल्यांकन करना।
4. अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के विकास हेतु कार्यक्रम एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन का समग्र मध्यप्रदेश राज्य का आदिवासी बाहुल्य धार जिला है, जो अनुसूचित जनजाति की अधिक जनसंख्या वाले प्रमुख जिलों में से एक है। इस जिले की सामाजिक, आर्थिक एवं भौगोलिक

परिस्थितियाँ जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं। क्षेत्र में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाएँ विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान हेतु लागू की जा रही हैं, जिनका प्रभाव जानना अध्ययन की दृष्टि से आवश्यक है।

अवलोकन की इकाई के रूप में उन अनुसूचित जनजाति महिला हितग्राहियों को शामिल किया गया है, जो महिला कल्याणकारी एवं विकासात्मक शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हुई हैं। इन हितग्राहियों के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया गया है कि योजनाओं का वास्तविक लाभ किस सीमा तक महिलाओं तक पहुँचा है तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में किस प्रकार का परिवर्तन आया है।

शोध प्रविधि के अंतर्गत तथ्यों का संकलन प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों स्रोतों से किया गया है। प्राथमिक स्रोतों के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति की महिला हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई है। साक्षात्कार के दौरान महिलाओं की व्यक्तिगत एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि, शिक्षा की स्थिति, आय के स्रोत, आजीविका के साधन, सामाजिक सहभागिता, शासकीय योजनाओं के प्रति उनकी जानकारी तथा योजनाओं से प्राप्त लाभ एवं अनुभवों को सम्मिलित किया गया है।

इसके अतिरिक्त समूह चर्चा, अवलोकन एवं क्षेत्रीय अध्ययन पद्धति का भी उपयोग किया गया है, जिससे अध्ययन क्षेत्र की वास्तविक सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को निकट से समझा जा सके। प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया गया है कि योजनाओं का क्रियान्वयन किस प्रकार हो रहा है तथा लाभ प्राप्त करने में महिलाओं को किन-किन समस्याओं या बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

द्वितीयक स्रोतों के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, महिला सशक्तिकरण एवं जनजातीय विकास से संबंधित पुस्तकों, शोध पत्रों, शोध प्रबंधों, पत्रदपत्रिकाओं, सरकारी प्रतिवेदनों, वार्षिक रिपोर्टों, अधिसूचनाओं तथा संबंधित विभागों द्वारा प्रकाशित अभिलेखों का अध्ययन किया गया है। इन स्रोतों के माध्यम से अध्ययन विषय की सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट किया गया है तथा प्राथमिक आँकड़ों के विश्लेषण को सुदृढ़ आधार प्रदान किया गया है। इस प्रकार प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों से प्राप्त तथ्यों के समन्वय द्वारा अध्ययन को अधिक वस्तुनिष्ठ, प्रामाणिक एवं तथ्यपरक बनाने का प्रयास किया गया है।

निदर्शन का आकार – अध्ययन हेतु उद्देश्य पूर्ण निदर्शन प्रविधि को अपनाते हुए धार जिले के 1 सर्वाधिक जनजाति बाहुल्य विकासखण्ड डही के 5 ग्रामों का चयन अध्ययन हेतु किया गया है। प्रत्येक गांव से अनुसूचित जनजाति की लाभान्वित 5 हितग्राही महिलाओं का चयन अध्ययन हेतु किया गया है। इस प्रकार गांव से कुल 5x5=25 हितग्राहियों का चयन अध्ययन हेतु किया गया है। अत: प्रतिदर्शन का आकार कुल 25 है।

पूर्व में किये गए अध्ययन की साहित्य की समीक्षा के अंतर्गत स्पष्ट हुआ कि भूमि की कमी, वन संसाधनों पर अधिकार का अभाव और आजीविका के पारंपरिक साधनों का कम होना जनजातीय परिवारों की आय को प्रभावित करता है। महिलाएँ खेती, वनोपज संग्रह, पशुपालन और घरेलू कामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन उन्हें निर्णय लेने का अधिकार और संसाधनों पर नियंत्रण कम मिलता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी जनजातीय महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कई क्षेत्रों में लड़कियाँ स्कूल से जल्दी पढ़ाई छोड़ देती हैं। इसके पीछे गरीबी, स्कूल की दूरी, परिवहन की कमी और जागरूकता का अभाव मुख्य कारण हैं। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति, आश्रम विद्यालय और अन्य योजनाएँ चलाई जा रही हैं, लेकिन इनका पूरा लाभ हर जगह नहीं पहुँच पाता। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी समस्याएँ गंभीर हैं। कुपोषण, एनीमिया, मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर जनजातीय क्षेत्रों में अधिक पाई जाती है। स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी, डॉक्टरों की कमी और पारंपरिक मान्यताएँ महिलाओं को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से दूर रखती हैं। सरकार ने कई स्वास्थ्य और पोषण योजनाएँ शुरू की हैं, परंतु उनका प्रभाव क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग है। आजीविका के क्षेत्र में मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, सूक्ष्म ऋण और स्वरोजगार योजनाएँ महिलाओं के लिए सहायक सिद्ध हुई हैं। इन योजनाओं से महिलाओं को कुछ आर्थिक स्वतंत्रता मिली है और वे परिवार की आय में योगदान दे पा रही हैं। फिर भी मजदूरी में देरी, प्रशिक्षण की कमी और बाजार तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ बनी हुई हैं। अध्ययन यह भी बताते हैं कि केवल योजनाएँ बनाना पर्याप्त नहीं है। जब तक महिलाओं में जागरूकता नहीं बढ़ेगी और योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं होगा, तब तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। समाज की पारंपरिक सोच और पितृसत्तात्मक व्यवस्था भी महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधा बनती है। समग्र रूप से देखा जाए तो शासकीय योजनाएँ अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनकी सफलता सही क्रियान्वयन, जागरूकता और स्थानीय सहभागिता पर निर्भर करती है। इसलिए जनजातीय क्षेत्रों में इन योजनाओं की वास्तविक स्थिति और प्रभाव का अध्ययन करना आवश्यक है।

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास – अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास सुनिश्चित करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न योजनाएँ और कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना तथा समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत करना है। विशेष रूप से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के लिए अनेक पहल की गई हैं।

आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आय बढ़ाने वाली गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसके अंतर्गत महिलाओं को 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की रियायती दर पर अधिकतम 2 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इससे महिलाएँ लघु व्यवसाय, कृषि आधारित कार्य, पशुपालन, हस्तशिल्प या अन्य स्वरोजगार गतिविधियाँ प्रारंभ कर सकती हैं। यह योजना महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राज्य स्तर पर संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष से कम आयु की पात्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रति माह 1500 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को नियमित आर्थिक सहयोग देकर उन्हें परिवार की आय में सहभागी बनाना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है।

अनुसूचित जनजाति राहत योजना जरूरतमंद आदिवासी महिलाओं

और परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जाती है। इसके अंतर्गत दुल्हनों, दिव्यांगों, बुजुर्गों, अनाथों तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को आपदा या संकट की स्थिति में आर्थिक सहायता दी जाती है। उदाहरण के रूप में घर जलने की स्थिति में लगभग रू 15,000 तक की सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

लाड़ली लक्ष्मी योजना का उद्देश्य कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना है। इस योजना के अंतर्गत बालिका के नाम से लगभग रू1,43,000 का आश्वासन प्रमाण पत्र जारी किया जाता है तथा शिक्षा के विभिन्न चरणोंकृकक्षा 6, 9, 11 और 12 में छात्रवृत्ति दी जाती है। यह योजना जनजातीय परिवारों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो रही है।

MPTASS छात्रवृत्ति के माध्यम से अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि सीधे समग्र पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के खाते में स्थानांतरित की जाती है। इससे छात्राओं को शिक्षा जारी रखने में आर्थिक सहयोग मिलता है।

इसी प्रकार, कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु प्रोत्साहन राशि योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने वाली एसटी छात्राओं को 11वीं में प्रवेश लेने पर प्रति वर्ष रू 3,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना और ड्रॉपआउट दर को कम करना है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। इससे महिलाओं को धुएँ से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलती है तथा उनका जीवन स्तर सुधरता है। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में लाभकारी सिद्ध हुई है।

इसके अतिरिक्त, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आदिवासी महिलाओं को समूह बनाकर बचत एवं ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सूक्ष्म ऋण के माध्यम से महिलाएँ छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर सकती हैं। इससे उनकी आय बढ़ती है और सामाजिक सहभागिता भी मजबूत होती है।

इनके अलावा मनरेगा, पोषण अभियान, जननी सुरक्षा योजना, मातृत्व लाभ योजना, कौशल विकास कार्यक्रम तथा जनजातीय उपयोजना जैसे अन्य कार्यक्रम भी अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के विकास में सहायक हैं।

समग्र रूप से देखा जाए तो ये सभी योजनाएँ अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इनका उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और जागरूकता बढ़ाकर ही इनके वास्तविक उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का विश्लेषण – प्रस्तुत अध्याय में अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का विश्लेषण किया गया है इस सन्दर्भ में आयु, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा, व्यवसाय, भूमि स्वामित्व, आय तथा आवासीय एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाओं जैसे पहलुओं का अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो जाता है। प्रस्तुत अध्ययन में 100 अनुसूचित जनजाति की महिलाओं से साक्षात्कार के माध्यम से प्राप्त तथ्यों के आधार पर उनकी स्थिति का समग्र विश्लेषण किया गया है ।

आयु संरचना के आधार पर देखा जाए तो सर्वाधिक 42 प्रतिशत महिलाएँ 31 से 40 वर्ष के आयु वर्ग में आती हैं। यह आयु वर्ग आर्थिक एवं पारिवारिक दृष्टि से सर्वाधिक सक्रिय माना जाता है। 21 से 30 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं का प्रतिशत 29 है, जबकि 41 से 50 वर्ष की महिलाओं का प्रतिशत 24 पाया गया। 51 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की संख्या मात्र 5 प्रतिशत है। इससे स्पष्ट होता है कि अध्ययन में अधिकांश महिलाएँ कार्यशील आयु वर्ग की हैं, जो परिवार एवं आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

वैवाहिक स्थिति के अनुसार 94 प्रतिशत महिलाएँ विवाहित हैं। अविवाहित महिलाओं का प्रतिशत केवल 2 है तथा 4 प्रतिशत महिलाएँ विधवा हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि अध्ययन क्षेत्र में विवाह का प्रचलन व्यापक है और अधिकांश महिलाएँ पारिवारिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। विवाह के समय आयु के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि 83 प्रतिशत महिलाओं का विवाह 18 वर्ष या उससे अधिक आयु में हुआ, जबकि 17 प्रतिशत का विवाह 18 वर्ष से कम आयु में हुआ था। इससे यह संकेत मिलता है कि पूर्व में बाल विवाह की प्रवृत्ति अधिक थी, किंतु वर्तमान में कानूनी प्रावधानों एवं जागरूकता के कारण इसमें कमी आई है।

धार्मिक स्थिति के संदर्भ में 92 प्रतिशत महिलाएँ हिन्दू धर्म से संबंधित हैं तथा 8 प्रतिशत ईसाई धर्म को मानती हैं। इससे क्षेत्र में धार्मिक विविधता की उपस्थिति स्पष्ट होती है। माताओं की शैक्षिक स्थिति का अध्ययन दर्शाता है कि 58 प्रतिशत महिलाओं की माताएँ निरक्षर थीं, 32 प्रतिशत साक्षर थीं तथा अत्यंत कम प्रतिशत ने प्राथमिक या माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की थी। उच्च शिक्षा प्राप्त माताओं का प्रतिशत शून्य पाया गया। इससे स्पष्ट है कि पूर्व पीढ़ी में शिक्षा का स्तर अत्यंत निम्न था, जिसका प्रभाव वर्तमान पीढ़ी पर भी पड़ा है।

व्यावसायिक पृष्ठभूमि के अनुसार 68 प्रतिशत महिलाएँ कृषि कार्य में सहयोग करती हैं। 34 प्रतिशत महिलाएँ मजदूरी से जुड़ी हैं, 18 प्रतिशत स्वयं का व्यवसाय करती हैं तथा 3 प्रतिशत नौकरी में संलग्न हैं। साथ ही 40 प्रतिशत महिलाएँ स्वयं को गृहिणी भी बताती हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि महिलाएँ बहुआयामी भूमिकाएँ निभा रही हैं तथा घरेलू एवं आर्थिक दोनों प्रकार की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं।

भूमि स्वामित्व की स्थिति दर्शाती है कि 88 प्रतिशत परिवारों के पास 2.5 एकड़ तक भूमि है, 5 प्रतिशत भूमिहीन हैं तथा बहुत कम प्रतिशत के पास 5 एकड़ से अधिक भूमि है। इससे स्पष्ट है कि अधिकांश परिवार सीमांत कृषक वर्ग में आते हैं। सिंचित भूमि की उपलब्धता केवल 40 प्रतिशत परिवारों में है, जबकि 60 प्रतिशत परिवार वर्षा आधारित कृषि पर निर्भर हैं, जिससे आय में अनिश्चितता बनी रहती है।

वार्षिक आय के आधार पर 62 प्रतिशत परिवारों की आय 50,000 रुपये तक है। केवल 8 प्रतिशत परिवारों की आय 1,00,000 रुपये से अधिक है। यह स्थिति निम्न एवं निम्न-मध्यम आय वर्ग की प्रधानता को दर्शाती है। आवासीय स्थिति में 58 प्रतिशत परिवार पक्के मकानों में रहते हैं, जबकि 16 प्रतिशत अभी भी कच्चे मकानों में निवास करते हैं। शौचालय की सुविधा 100 प्रतिशत परिवारों में उपलब्ध है, परंतु 12 प्रतिशत परिवार

नियमित उपयोग नहीं करते, जो व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता को इंगित करता है।

राशन कार्ड के संदर्भ में 70 प्रतिशत परिवार बी.पी.एल. श्रेणी में तथा 22 प्रतिशत अंत्योदय श्रेणी में आते हैं। इससे स्पष्ट है कि अधिकांश परिवार सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर निर्भर हैं।

समग्र रूप से अध्ययन यह दर्शाता है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ सक्रिय एवं परिश्रमी हैं, किंतु सीमित भूमि, कम आय, निम्न शैक्षिक पृष्ठभूमि एवं संसाधनों की कमी उनके समग्र विकास में बाधक है। अत: शिक्षा, सिंचाई सुविधा, स्वरोजगार प्रोत्साहन तथा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी स्थिति में और सुधार लाया जा सकता है।

अत: स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ अत्यंत सक्रिय, परिश्रमी एवं बहुआयामी भूमिकाएँ निभाने वाली हैं। वे कृषि कार्य, मजदूरी, घरेलू दायित्वों तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों का संतुलित निर्वहन करती हैं। इसके बावजूद सीमित भूमि स्वामित्व, वर्षा आधारित कृषि पर निर्भरता, निम्न आय स्तर, मातृ पीढ़ी की कमजोर शैक्षिक पृष्ठभूमि तथा संसाधनों की कमी उनके समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधक सिद्ध हो रही है। विशेष रूप से सीमांत कृषक परिवारों में आय के सीमित स्रोत होने के कारण आर्थिक अस्थिरता बनी रहती है, जिसका प्रभाव महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं निर्णय-क्षमता पर भी पड़ता है। निम्न शैक्षिक स्तर के कारण अनेक महिलाएँ शासकीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं एवं स्वरोजगार अवसरों का पूर्ण लाभ नहीं उठा पातीं। वित्तीय साक्षरता की कमी, तकनीकी जानकारी का अभाव तथा बाजार तक सीमित पहुँच भी उनकी आर्थिक प्रगति को प्रभावित करते हैं। यद्यपि आवास, शौचालय एवं खाद्य सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार दिखाई देता है, फिर भी आय सृजन एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाएँ शेष हैं।

अत: आवश्यक है कि महिला शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए तथा वयस्क शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार किया जाए। सिंचाई सुविधाओं का विकास, जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण तथा उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायक हो सकता है। साथ ही स्वयं सहायता समूहों , सूक्ष्म वित्त, लघु एवं कुटीर उद्योगों, हस्तशिल्प तथा पशुपालन जैसी आयवर्धक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सामाजिक जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम, डिजिटल साक्षरता, तथा सरकारी योजनाओं की सरल पहुँच सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। पंचायत स्तर पर महिलाओं की निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने से उनका आत्मविश्वास एवं सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। इस प्रकार यदि शिक्षा, आर्थिक अवसर, आधारभूत संरचना एवं सामाजिक जागरूकता को समन्वित रूप से बढ़ावा दिया जाए, तो अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का समग्र विकास संभव है और वे अपने परिवार तथा समुदाय के सतत् विकास में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी।

अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के विकास में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भूमिका : साक्षात्कार से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण एवं व्याख्या – अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण राज्य की विकास नीतियों का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य रहा है। प्रस्तुत अध्ययन में साक्षात्कार के माध्यम से प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह विश्लेषण किया गया है कि शासकीय योजनाएँ एवं कार्यक्रम किस प्रकार इन महिलाओं के जीवन में परिवर्तन ला रहे हैं अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि योजनाओं का प्रभाव केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने सामाजिक जागरूकता, आत्मविश्वास तथा निर्णय-निर्माण क्षमता में भी वृद्धि की है। सबसे पहले योजनाओं की जानकारी के स्तर का विश्लेषण किया गया। अध्ययन में 98 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि उन्हें महिलाओं हेतु संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी है। यह तथ्य दर्शाता है कि योजनाओं का प्रचार-प्रसार संतोषजनक स्तर पर हो रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत, टेलीविजन तथा सोशल मीडिया जैसे विविध माध्यमों से जानकारी का प्रसार हो रहा है। विशेष रूप से आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण पाई गई, क्योंकि वे सीधे समुदाय से जुड़ी होती हैं और नियमित संपर्क के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्रदान करती हैं। स्वयं सहायता समूह भी केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर सूचना एवं जागरूकता के प्रभावी मंच के रूप में उभरे हैं।

योजनाओं के लाभ प्राप्ति के संदर्भ में अध्ययन का परिणाम अत्यंत सकारात्मक रहा। शत-प्रतिशत उत्तरदात्री महिलाओं ने बताया कि उन्हें किसी न किसी शासकीय योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। यह स्थिति दर्शाती है कि योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर प्रभावी है। विभिन्न योजनाओं जैसे आवास, शौचालय, खाद्य सुरक्षा, मातृ-स्वास्थ्य, पोषण, लाडली बहना योजना, स्वयं सहायता समूह आधारित ऋण सुविधा आदि ने महिलाओं के जीवन स्तर में प्रत्यक्ष सुधार किया है। आर्थिक सहायता मिलने से घरेलू आय में वृद्धि हुई है तथा महिलाओं की पारिवारिक निर्णय-प्रक्रिया में सहभागिता भी बढ़ी है।

स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों के अंतर्गत आंगनवाड़ी सेवाओं, टीकाकरण तथा मातृत्व लाभ योजनाओं ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण ने महिलाओं की गरिमा एवं सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के मकानों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे आवासीय स्थिति में सुधार हुआ है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने खाद्य सुरक्षा प्रदान कर आर्थिक बोझ को कम किया है।

महिलाओं से लाड़ली बहना योजना के संदर्भ में विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने में मील का पत्थर साबित हुई है इस योजना के माध्यम से महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1500 आर्थिक सहायता ने नियमित आर्थिक सहायता ने महिलाओं को न्यूनतम वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। समूह चर्चा के दौरान महिलाओं ने बताया कि इस राशि से वे घरेलू आवश्यकताओं, बच्चों की पढ़ाई तथा स्वास्थ्य व्यय में सहयोग कर पा रही हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है तथा पारिवारिक निर्णयों में उनकी भूमिका सशक्त हुई है। कई महिलाओं ने यह भी व्यक्त किया कि अब वे छोटी बचत करने में सक्षम हुई हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभाव के संबंध में अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण सहायता मिलने से स्वास्थ्य जागरूकता में वृद्धि हुई है। समूह चर्चा में यह सामने आया कि जनजातीय महिलाओं के स्वस्थ्य की स्तिथि अत्यंत दयनीय थी अब महिलाएँ नियमित जांच, टीकाकरण एवं पोषण आहार के प्रति अधिक सजग हुई हैं। इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार देखा गया है तथा प्रसव संबंधी जोखिमों में कमी

आई है। आंगनवाड़ी सेवाएँ एवं टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभाव का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि बच्चों में कुपोषण की स्थिति में सुधार आया है। समूह चर्चा से यह तथ्य सामने आया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण महिलाओं को समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती रहती है। धात्री महिलाओं ने बताया कि टीकाकरण एवं आयरन-फोलिक एसिड सेवन से उनके स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं हेतु संचालित आश्रम शालाएँ एवं छात्रावास व्यवस्था के प्रभाव के संदर्भ में अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि बालिकाओं की शिक्षा के प्रति समुदाय का दृष्टिकोण बदला है। समूह चर्चा में कई महिलाओं ने स्वीकार किया कि पूर्व में बालिका शिक्षा को अधिक महत्व नहीं दिया जाता था, किंतु अब योजनाओं के कारण बालिकाओं को विद्यालय भेजने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इससे बाल विवाह में कमी एवं शिक्षा निरंतरता में वृद्धि हुई है किन्तु शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी भी नकारात्मक पक्ष सामने आया है। मनरेगा योजना के प्रभाव के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि महिलाएं पुरुष की अपेक्षा इस्योजना में अधिक कार्य कर रही हैं किन्तु बाजार मूल्य से मजदूरी दर की कमी एवं मजदूरी दर में वृद्धि महिलाओं द्वारा मुख्या समस्या बताई है, इस योजना से समूह चर्चा से ज्ञात हुआ कि मजदूरी सीधे बैंक खाते में प्राप्त होने से महिलाओं की वित्तीय भागीदारी एवं बैंकिंग जागरूकता बढ़ी है। इससे आर्थिक आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभाव के संबंध में स्पष्ट हुआ की इस योजना से इन महिलाओं को तथा आदिवासी समाज को पक्के मकान प्राप्त होने से महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा एवं सुरक्षा की भावना में वृद्धि हुई है। समूह चर्चा में महिलाओं ने बताया कि पूर्व में कच्चे मकानों के कारण वर्षा एवं प्राकृतिक आपदाओं में कठिनाई होती थी, किंतु अब आवासीय सुविधा में सुधार से जीवन अधिक सुरक्षित एवं सम्मानजनक हुआ है। इससे पारिवारिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण के संदर्भ में महिला उत्तरदाताओं के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि शौचालय की उपलब्धता ने महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समूह चर्चा में महिलाओं ने बताया कि खुले में शौच से होने वाली असुविधा एवं असुरक्षा में कमी आई है। पूर्व में सुबह जल्दी उठ कर शोचालय जाना एक असुरक्षा थी यद्यपि कुछ स्थानों पर जल की कमी एवं शौचालय का सही नहीं होने के कारन नियमित उपयोग की समस्या देखी गई, फिर भी जागरूकता में स्पष्ट वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने जनजातीय समाज कि खाद्य सुरक्षा हेतु रियायती दर पर अनाज प्राप्त होने से परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। समूह चर्चा में यह सामने आया कि इससे आर्थिक दबाव कम हुआ है तथा निर्धन परिवारों को न्यूनतम पोषण उपलब्ध हो पा रहा है। विशेष रूप से बी.पी.एल. एवं अंत्योदय श्रेणी के परिवारों को इससे अधिक लाभ मिला है।

स्वयं सहायता समूह एवं आजीविका मिशन के संदर्भ में अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि इन समूहों ने महिलाओं में बचत की आदत, सामूहिक निर्णय क्षमता एवं आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी को बढ़ाया है। समूह चर्चा से ज्ञात हुआ कि लघु ऋण सुविधा के माध्यम से कई महिलाओं ने पशुपालन, लघु व्यवसाय एवं कृषि संबंधी कार्य प्रारंभ किए हैं। इससे आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित हुए हैं तथा आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। इस योजना का सबसे अधिक लाभ साहूकार से कर्ज लेने से छुटकारा मिला है साथ ही बैठकों में सहभागिता से महिलाओं में स्वनिर्णय एवं आत्मनिर्भरता बढ़ी है तथा परिवार के निर्णय निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

उज्ज्वला योजना के प्रभाव के संबंध में अध्ययन से ज्ञात हुआ कि गैस कनेक्शन प्राप्त होने से महिलाओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। समूह चर्चा में महिलाओं ने बताया कि धुएँ से होने वाली आँख एवं श्वसन संबंधी समस्याओं में कमी आई है तथा भोजन बनाने में समय की बचत हुई है किन्तु जनजातीय समाज में अत्यधिक आय नहीं होने के कारण रिफ्लिग की समस्या बनी हुई है।

जनधन योजना एवं बैंकिंग समावेशन के संदर्भ में अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि बैंक खाते खुलने से महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) की सुविधा मिली है। समूह चर्चा में यह सामने आया कि इससे वित्तीय पारदर्शिता बढ़ी है तथा महिलाएँ स्वयं अपने खाते का संचालन करने लगी हैं, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

अत: अध्ययन एवं समूह चर्चा के समग्र विश्लेषण से यह स्पष्ट रूप से निष्कर्षित होता है कि शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों ने अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के जीवन में बहुआयामी एवं संरचनात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन योजनाओं ने केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित न रहकर महिलाओं की सामाजिक स्थिति, स्वास्थ्य जागरूकता, शैक्षिक प्रगति, वित्तीय भागीदारी तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ किया है। लाड़ली बहना योजना से आर्थिक सुरक्षा, मातृ वंदना एवं आंगनवाड़ी सेवाओं से स्वास्थ्य संरक्षण, आश्रम शालाओं से शैक्षिक प्रोत्साहन, मनरेगा से आय सृजन, आवास एवं स्वच्छता योजनाओं से जीवन-स्तर में सुधार तथा स्वयं सहायता समूहों एवं बैंकिंग समावेशन से वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है।

यद्यपि कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में मजदूरी दर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जल उपलब्धता एवं आर्थिक सीमाओं जैसी चुनौतियाँ परिलक्षित हुई हैं, तथापि समग्र दृष्टि से इन योजनाओं का प्रभाव सकारात्मक एवं परिवर्तनकारी रहा है। यह अध्ययन इस तथ्य की पुष्टि करता है कि यदि योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं सतत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा जागरूकता एवं संरचनात्मक सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाए, तो अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और अधिक स्थायी एवं व्यापक रूप से संभव हो सकेगा।

निष्कर्ष एवं सुझाव - अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसमें शासकीय योजनाएँ एवं कार्यक्रम महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य कर रहे हैं। धार जिले के विशेष संदर्भ में किए गए अध्ययन से यह परिलक्षित हुआ कि यद्यपि अनुसूचित जनजाति की महिलाएँ सीमित भूमि, निम्न आय, कम शैक्षिक पृष्ठभूमि तथा संसाधनों की कमी जैसी संरचनात्मक चुनौतियों का सामना कर रही हैं, फिर भी वे आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि योजनाओं की जानकारी का स्तर संतोषजनक है तथा अधिकांश महिलाओं को किसी न किसी शासकीय योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। इससे यह संकेत मिलता है कि योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन प्रभावी रूप से हो रहा है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को नियमित आर्थिक सुरक्षा प्रदान की, जिससे उनके आत्मविश्वास एवं पारिवारिक निर्णय-निर्माण में सहभागिता बढ़ी। मातृ

वंदना योजना, आंगनवाड़ी सेवाओं एवं टीकाकरण कार्यक्रमों ने मातृ–शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाया। आश्रम शालाओं एवं छात्रवृत्ति योजनाओं ने बालिका शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया। मनरेगा, स्वयं सहायता समूह एवं आजीविका कार्यक्रमों ने महिलाओं को आय के अवसर प्रदान कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया। आवास, शौचालय एवं खाद्य सुरक्षा योजनाओं ने जीवन–स्तर एवं सामाजिक गरिमा को सुदृढ़ किया। अध्ययन में कुछ चुनौतियाँ भी परिलक्षित हुई हैं जैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव, सिंचाई सुविधाओं की कमी, मनरेगा की मजदूरी दर संबंधी असंतोष, उज्ज्वला योजना में रिफिल की समस्या तथा कुछ योजनाओं के उपयोग में व्यवहारगत बाधाएँ। इससे यह स्पष्ट होता है कि योजनाओं की उपलब्धता के साथ–साथ उनके प्रभावी, पारदर्शी एवं सतत क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शासकीय योजनाओं ने अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक एवं परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है। इन योजनाओं ने केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा विस्तार एवं आत्मनिर्भरता की भावना को भी सुदृढ़ किया है। यदि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, निगरानी एवं स्थानीय सहभागिता को और अधिक मजबूत किया जाए, तो अनुसूचित जनजाति की महिलाओं का सतत एवं समावेशी विकास अधिक व्यापक रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है। अत: अध्ययन से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में शासकीय योजनाएँ आधारभूत भूमिका निभा रही हैं और भविष्य में इनके सुदृढ़ एवं समन्वित क्रियान्वयन से सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन की प्रक्रिया और अधिक तीव्र एवं स्थायी हो सकती है।

सुझाव :

1. अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में महिला शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं सुरक्षित शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे बालिकाओं की निरंतरता बनी रहे और ड्रॉपआउट दर में कमी लाई जा सके।
2. आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों की आधारभूत संरचना, शिक्षण गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था तथा पोषण सुविधाओं में सुधार किया जाना आवश्यक है, ताकि जनजातीय बालिकाएँ प्रतिस्पर्धात्मक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकें।
3. जनजातीय क्षेत्रों में वयस्क महिला साक्षरता एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों का विस्तार किया जाना चाहिए, जिससे महिलाएँ शासकीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं एवं डिजिटल प्लेटफार्मों का प्रभावी उपयोग कर सकें।
4. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित कर्मी एवं नियमित स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली से सशक्त किया जाना चाहिए।
5. एनीमिया एवं कुपोषण की समस्या के समाधान हेतु विशेष पोषण अभियान एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों का संचालन जनजातीय क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।
6. मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरी दर को स्थानीय बाजार दर के अनुरूप संशोधित करते हुए समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा सुदृढ़ हो सके।
7. स्वयं सहायता समूहों को केवल ऋण वितरण तक सीमित न रखकर उन्हें उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन से जोड़कर स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।
8. महिला स्वयं सहायता समूहों को कौशल विकास, उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं डिजिटल विपणन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो सके।
9. जनजातीय महिलाओं को पशुपालन, वनोपज प्रसंस्करण, हस्तशिल्प एवं कृषि आधारित लघु उद्योगों के लिए संस्थागत वित्तीय सहायता एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए।
10. वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों में जल संरक्षण संरचनाओं, लघु सिंचाई परियोजनाओं एवं सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे कृषि आय में स्थायित्व लाया जा सके।
11. उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस रिफिल लागत को वहनीय बनाने हेतु अतिरिक्त सब्सिडी या विशेष सहायता प्रावधान किया जाना चाहिए, ताकि महिलाएँ पारंपरिक ईंधन पर पुन: निर्भर न हों।
12. स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित शौचालयों के नियमित उपयोग हेतु जल उपलब्धता, रखरखाव एवं व्यवहार परिवर्तन अभियानों को सुदृढ़ किया जाना चाहिए।
13. ग्राम स्तर पर योजनाओं की जानकारी हेतु नियमित जागरूकता शिविर, महिला संवाद कार्यक्रम एवं पंचायत आधारित सूचना तंत्र को सक्रिय किया जाना चाहिए।
14. जनजातीय क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच बढ़ाने हेतु मोबाइल बैंकिंग सुविधा, बैंक मित्र एवं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार किया जाना चाहिए।
15. महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन, बचत, निवेश एवं लघु उद्यम संचालन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें दीर्घकालीन आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्षम बनाया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कृषक कल्याण योजनाएँ और राज्य की राजनीति : मध्यप्रदेश के संदर्भ में

ईश्वरलाल व्यास*

* शोधार्थी, म. प्र. सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – कृषि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक संरचना एवं राजनीतिक प्रक्रियाओं का आधार स्तंभ है। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य राज्य में संचालित कृषि एवं कृषक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी वास्तविक पहुँच तथा उनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक प्रभावों का विश्लेषण करना है। अध्ययन मुख्यत: विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक प्रकृति का है, जिसमें प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों स्रोतों का उपयोग किया गया है। प्राथमिक आंकड़े मालवांचल क्षेत्र के मन्दसौर एवं रतलाम जिलों के चार विधानसभा क्षेत्रों के 20 ग्रामों से चयनित 200 कृषक परिवारों के साक्षात्कार, समूह चर्चा एवं अवलोकन के माध्यम से संकलित किए गए हैं। अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि राज्य में कृषि योजनाओं की सामान्य जानकारी व्यापक है, किंतु पात्रता, प्रक्रियाओं एवं शर्तों की पूर्ण समझ का अभाव क्रियान्वयन को प्रभावित करता है। किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण आधारित योजनाएँ अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी सिद्ध हुई हैं, जबकि फसल बीमा, मृदा परीक्षण एवं आदान आपूर्ति संबंधी योजनाओं में प्रशासनिक जटिलताएँ और समयबद्धता की समस्याएँ पाई गईं। सामाजिक दृष्टि से अधिकांश कृषक छोटे एवं सीमांत वर्ग से संबंधित हैं, जिनकी आय अस्थिर एवं सीमित है। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन यह दर्शाता है कि कृषि योजनाएँ चुनावी विमर्श का प्रमुख विषय बन चुकी हैं तथा किसानों के मतदान व्यवहार को प्रभावित करती हैं। ऋण माफी, समर्थन मूल्य एवं आय सहायता जैसी नीतियाँ राजनीतिक समर्थन प्राप्त करने के साधन के रूप में भी देखी जाती हैं। समग्र रूप से कृषि एवं कृषक कल्याण योजनाएँ मध्यप्रदेश में आर्थिक सुधार के साथ-साथ सामाजिक संतुलन और राजनीतिक स्थिरता के महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभरती हैं। तथापि, इनके दीर्घकालिक एवं समावेशी प्रभाव के लिए प्रशासनिक सरलीकरण, पारदर्शिता, क्षेत्रीय अनुकूलन तथा कृषक सहभागिता को सुदृढ़ करना आवश्यक है।

शब्द कुंजी–कृषि नीति, कृषक कल्याण, मध्यप्रदेश, राजनीतिक प्रभाव, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, किसान राजनीति।

प्रस्तावना – कृषि मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था, समाज तथा राजनीति का आधार स्तंभ है। राज्य की विशाल ग्रामीण जनसंख्या प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कृषि तथा उससे संबद्ध गतिविधियोंजैसे पशुपालन, कृषि श्रम, वनोपज संग्रह, कृषि प्रसंस्करण तथा ग्रामीण कुटीर उद्योग पर निर्भर है। इस कारण कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना, ग्रामीण संस्कृति और राजनीतिक चेतना का मूल आधार बन जाती है। कृषि क्षेत्र में होने वाले किसी भी प्रकार के संरचनात्मक परिवर्तन का प्रभाव राज्य की आय-वितरण प्रणाली, रोजगार संरचना, ग्रामीण-शहरी संबंधों और राजनीतिक स्थिरता पर प्रत्यक्ष रूप से पड़ता है।

मध्य प्रदेश में इन योजनाओं का महत्व विशेष रूप से इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि किसान राज्य की राजनीति में एक निर्णायक मतदाता समूह के रूप में स्थापित हो चुके हैं। कृषि संबंधी नीतियाँ अब केवल प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं, बल्कि चुनावी रणनीति और सत्ता वैधता के प्रमुख साधन बन चुकी हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य, ऋण माफी, नकद सहायता, फसल बीमा, सिंचाई विस्तार और कृषि निवेश जैसे मुद्दे चुनावी विमर्श के केंद्र में रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना तथा मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, भावांतर भुगतान योजना और विभिन्न सब्सिडी कार्यक्रमों ने राज्य की कृषि नीति को व्यापक स्वरूप प्रदान किया है। इन योजनाओं ने किसानों को तात्कालिक आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ-साथ कृषि को अधिक संगठित और व्यावसायिक बनाने का प्रयास किया है। किंतु इनके क्रियान्वयन में प्रशासनिक जटिलताएँ, तकनीकी बाधाएँ, भूमि अभिलेख संबंधी त्रुटियाँ तथा क्षेत्रीय असमानताएँ स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती हैं। मध्य प्रदेश के विभिन्न भौगोलिक अंचलोंमालवा, निमाड़, बुंदेलखंड, बघेलखंड तथा आदिवासी बहुल क्षेत्रोंमें कृषि संरचना, संसाधन उपलब्धता और योजनाओं की प्रभावशीलता में पर्याप्त अंतर दृष्टिगोचर होता है। सिंचित और बाजार-सुलभ क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक है, जबकि सूखा-प्रवण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में इनका लाभ सीमित रह जाता है। यह असमानता राज्य के भीतर विकास के द्वैत स्वरूप को उजागर करती है। जलवायु परिवर्तन ने कृषि जोखिम को और अधिक जटिल बना दिया है। अनियमित मानसून, अत्यधिक वर्षा, तापमान वृद्धि और प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति ने किसानों की आर्थिक असुरक्षा को बढ़ाया है। परंपरागत नीतिगत ढाँचे इन नई चुनौतियों के समक्ष अपर्याप्त सिद्ध हो रहे हैं। अत: कृषि योजनाओं में जलवायु-अनुकूल तकनीकों, जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई और संसाधन प्रबंधन को समाहित करना अनिवार्य हो गया है। डिजिटलीकरण और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है,

किंतु डिजिटल अवसंरचना की असमानता और साक्षरता की कमी ने ग्रामीण समाज में नई प्रकार की वंचनाएँ उत्पन्न की हैं। तकनीकी प्रक्रियाओं पर अत्यधिक निर्भरता कई बार सबसे कमजोर वर्गों को योजनाओं से दूर कर देती है, जिससे समावेशी विकास का लक्ष्य प्रभावित होता है।इस प्रकार मध्य प्रदेश में कृषि एवं कृषक कल्याण योजनाएँ केवल आर्थिक सहायता का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और राजनीतिक स्थिरता के उपकरण हैं। अत: इसी पृष्ठभूमि में यह अध्ययन कृषि एवं कृषक कल्याण सम्बन्धी योजनाएँ एवं उनका क्रियान्वयनरू मध्य प्रदेश की राजनीति के विशेष सन्दर्भ में किया गया है स

अध्ययन के उद्देश्य:

1. क्षेत्र में कृषि एवं कृषकों की स्थिति एवं उनसे जुड़ी समस्याओं को समझना।
2. क्षेत्र में कृषि आधारित मुद्दों पर केन्द्रित राजनीति को समझना एवं इसके निर्वाचकीय राजनीति पर प्रभाव को समझना।
3. क्षेत्र में विभिन्न सरकारों द्वारा चलाये गये कृषक कल्याण आधारित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को समझना।
4. क्षेत्र में विभिन्न सरकारों द्वारा चलाये गये कृषक कल्याण आधारित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के प्रभावों का आकलन करना।
5. क्षेत्र में कृषि जनित राजनीति की भविष्य की संभावनाओं को समझना।
6. किसान के उत्पादन का उत्पादन लागत से अधिक मूल्य कैसे मिल सके ऐसी स्थिति का जानना एवं किसान योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन मुख्यत: विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक प्रकृति का है। शोध प्रविधि के अंतर्गत तथ्यों का संकलन प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों स्रोतों से किया गया है। प्राथमिक स्रोतों के अंतर्गत निर्देशिका समूह चर्चा, अवलोकन एवं चयनित कृषकों से प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई है। साक्षात्कार के दौरान कृषकों की व्यक्तिगत एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि, कृषि से संबंधित समस्याएँ, आय के स्रोत, ऋण की स्थिति तथा शासकीय योजनाओं के प्रति उनकी जानकारी और अनुभवों को सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त अवलोकन एवं क्षेत्रीय अध्ययन विधि का भी प्रयोग किया गया है, जिससे अध्ययन क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को निकट से समझा जा सके।

द्वितीयक स्रोतों के अंतर्गत कृषि एवं कृषक कल्याण से संबंधित पुस्तकों, शोध पत्रों, शोध प्रबंधों, पत्रदपत्रिकाओं, सरकारी प्रतिवेदनों, अधिसूचनाओं तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रकाशित अभिलेखों का अध्ययन किया गया है। इन स्रोतों के माध्यम से अध्ययन विषय की सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि को स्पष्ट किया गया है तथा प्राथमिक आंकड़ों के विश्लेषण को सुदृढ़ आधार प्रदान किया गया है। इस प्रकार प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों से प्राप्त तथ्यों के समन्वय द्वारा अध्ययन को अधिक वस्तुनिष्ठ, प्रामाणिक एवं उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है।

निदर्शन का आकार – इस अध्ययन के अंतर्गत मध्य प्रदेश के मालवांचल क्षेत्र में कुल 15 जिले हैं। इनमें से मन्दसौर एवं रतलाम जिलों का चयन अध्ययन हेतु किया गया है। मन्दसौर जिले से सुवासरा विधानसभा क्षेत्र एवं गरोठ विधानसभा क्षेत्र का चयन किया गया है। इसी प्रकार रतलाम जिले से रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र एवं आलोट (अनुसूचित जाति) विधानसभा क्षेत्र को अध्ययन हेतु चयनित किया गया है। प्रत्येक चयनित विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 5–5 ग्रामों का चयन अध्ययन हेतु किया गया है तथा प्रत्येक चयनित ग्राम से 10–10 कृषक परिवारों का चयन साक्षात्कार हेतु किया गया है। इस प्रकार दो जिलों से चार विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 20 ग्राम 4×5 चयनित किए गए। आगे 20 ग्रामों से 200 (20×10) कृषक परिवारों का चयन देव निदर्शन पद्धति के आधार पर अध्ययन हेतु किया गया। अत: प्रस्तुत अध्ययन का प्रतिदर्श आकार 200 कृषक परिवार निर्धारित किया गया है।

मध्य प्रदेश का कृषि परिदृश्य संसाधन, संरचना एवं उत्पादन प्रवृत्तियाँ– मध्य प्रदेश, जिसे 'भारत का हृदय प्रदेश' कहा जाता है, भौगोलिक एवं प्राकृतिक विविधताओं से समृद्ध एक प्रमुख कृषि–प्रधान राज्य है। राज्य की भौगोलिक स्थिति, पठारी स्वरूप, नदी तंत्र, जलवायु तथा मृदा संरचना कृषि के विकास को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। नर्मदा, ताप्ती, चंबल, बेतवा जैसी नदियाँ सिंचाई एवं कृषि उत्पादन का आधार प्रदान करती हैं, यद्यपि कृषि आज भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है। अध्याय में यह स्पष्ट किया गया है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्राथमिक क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य संवर्धन में उच्च योगदान कृषि के महत्व को दर्शाता है। सिंचाई विस्तार, विद्युत उपलब्धता, उन्नत बीज, सरकारी खरीद नीति तथा कृषि अवसंरचना में सुधार के कारण विगत वर्षों में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भूमि जोत संरचना के विश्लेषण से यह तथ्य सामने आता है कि राज्य में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या सर्वाधिक है, किंतु उनके पास अपेक्षाकृत कम भूमि उपलब्ध है, जबकि मध्यम एवं बड़े किसानों के पास भूमि का बड़ा भाग संकेन्द्रित है। यह असमानता कृषि निवेश एवं आय–वृद्धि में बाधा उत्पन्न करती है। इसी प्रकार फसल संरचना के अध्ययन से ज्ञात होता है कि गेहूं, धान और मक्का जैसी खाद्यान्न फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादन में निरंतर वृद्धि हुई है, जिससे राज्य की खाद्य सुरक्षा सुदृढ़ हुई है। दलहन फसलों में अस्थिरता देखी गई है, जबकि तिलहन विशेषकर सोयाबीन एवं सरसों का विस्तार स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त सब्जी, फल, मसाला, औषधीय एवं पुष्प फसलों में वृद्धि यह दर्शाती है कि राज्य की कृषि अब विविधीकृत और बाजारोन्मुख दिशा में आगे बढ़ रही है। अत: समग्र रूप से मध्य प्रदेश की कृषि व्यवस्था प्राकृतिक संसाधनों एवं नीतिगत समर्थन के कारण सशक्त है, किंतु जलवायु जोखिम, भूमि असमानता और छोटे किसानों की समस्याएँ सतत कृषि विकास की प्रमुख चुनौतियाँ बनी हुई हैं।

मध्य प्रदेश में कृषि एवं कृषक कल्याण सम्बन्धी योजनायें एवं उनका क्रियान्वयन एवं स्थिति – कृषि एवं कृषक कल्याण से संबंधित योजनाएँ मध्य प्रदेश की कृषि व्यवस्था में न केवल आर्थिक सुधार का माध्यम हैं, बल्कि सामाजिक स्थिरता और राजनीतिक प्राथमिकताओं को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। राज्य की कृषि–आधारित अर्थव्यवस्था में इन योजनाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, क्योंकि अधिकांश जनसंख्या की आजीविका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। योजनाओं के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने, लागत घटाने, जोखिम कम करने तथा कृषकों की आय को स्थिर बनाने के प्रयास किए गए हैं।

मध्य प्रदेश में कृषि हेतु कृषक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन–तिलहन, वर्षा आधारित क्षेत्र विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि

सिंचाई योजना तथा परंपरागत कृषि विकास योजना जैसी पहलें यह दर्शाती हैं कि नीति-निर्माण में अब केवल उत्पादन वृद्धि ही नहीं, बल्कि पोषण सुरक्षा, जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और सतत कृषि को भी महत्व दिया जा रहा है। विशेष रूप से दलहन, तिलहन, पोषक अनाज और जैविक खेती पर बढ़ता जोर कृषि विविधीकरण और पोषण-संतुलन की दिशा में सकारात्मक संकेत देता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मध्य प्रदेश शासन द्वारा कृषक कल्याण हेतु कुल रू24,420.48 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया, जिसमें कृषि विद्युत सहायता, फसल उपार्जन, सिंचाई परियोजनाएँ तथा बीज एवं आदान सब्सिडी पर प्रमुख रूप से व्यय किया गया, जिससे किसानों की उत्पादन लागत घटाने और आय सुरक्षा को सुदृढ़ करने में सहायता मिली राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन वर्ष 2007-08 से लागू है और वर्ष 2015-16 से इसे केंद्र-राज्य 60: 40 के अनुपात में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत धान, गेहूँ, दलहन, मोटा अनाज, तिलहन, गन्ना एवं कपास जैसी प्रमुख फसलों पर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10,00,000 मृदा नमूनों के लक्ष्य के विरुद्ध 9,19,108 नमूनों का परीक्षण किया गया तथा 5,85,288 मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को नि:शुल्क वितरित किए गए, जिससे संतुलित उर्वरक उपयोग और दीर्घकालीन मृदा संरक्षण को बढ़ावा मिला कृषि विपणन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से NABARD एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से राज्य में अब तक 623 किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) का गठन किया जा चुका है, जिनमें से 123 FPOs को इक्विटी ग्रांट प्रदान की गई, जिससे किसानों की सामूहिक सौदेबाजी क्षमता में वृद्धि हुई है बजट एवं व्यय विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि अधिकांश कृषि योजनाओं में बजट उपयोग का प्रतिशत उच्च रहा है, जो योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक दक्षता को दर्शाता है, विशेष रूप से ऊर्जा, कृषि, राजस्व एवं खाद्य विभागों से संबंधित योजनाओं में

राजनीतिक दृष्टि से यह स्पष्ट होता है कि कृषि एवं कृषक कल्याण योजनाएँ राज्य की राजनीति का एक प्रमुख घटक बन चुकी हैं। बजटीय आवंटन, नई योजनाओं की घोषणा, ऋण राहत, बीमा और समर्थन मूल्य जैसी नीतियाँ चुनावी विमर्श और किसान-राज्य संबंधों को प्रभावित करती हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि कृषि नीतियाँ केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं से भी गहराई से जुड़ी हुई हैं।अध्ययन से स्पष्ट है कि योजनाओं की दीर्घकालिक सफलता के लिए केवल वित्तीय सहायता पर्याप्त नहीं है। कृषि विस्तार सेवाओं को सशक्त करना, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजना निर्माण, किसानों की भागीदारी बढ़ाना तथा प्रशिक्षण और जागरूकता पर निरंतर बल देना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन, जल संकट और भूमि की घटती उर्वरता जैसी चुनौतियों को देखते हुए समन्वित, टिकाऊ और किसान-केंद्रित नीति दृष्टिकोण की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है। अत: कृषि एवं कृषक कल्याण योजनाओं ने मध्य प्रदेश में कृषि विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, किंतु इनके प्रभाव को स्थायी और समावेशी बनाने के लिए क्रियान्वयन में सुधार, संस्थागत समन्वय और जमीनी स्तर पर किसानों की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है।

कृषकों की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि : साक्षात्कार से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण एवं व्याख्या – कृषकों की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि ज्ञात करने हेतु कृषकों की सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि का विश्लेषण किया गया जिसके अंतर्गत कृषक उत्तरदाताओं की लैंगिक संरचना के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में 66 प्रतिशत पुरुष तथा 34प्रतिशत महिला कृषक हैं। यह अनुपात दर्शाता है कि कृषि निर्णयों, भूमि स्वामित्व और औपचारिक पहचान में पुरुषों का वर्चस्व बना हुआ है। यद्यपि महिलाएँ कृषि कार्यों में निरंतर श्रम करती हैं, फिर भी उनकी भूमिका सहायक के रूप में ही अधिक दर्ज होती है। यह स्थिति कृषि में लैंगिक असमानता की ओर संकेत करती है, जहाँ महिलाओं की भागीदारी को अभी भी औपचारिक मान्यता नहीं मिल पा रही है।

कृषक उत्तरदाताओं की आयु संरचना से यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण रूप से उभरकर आता है कि 72 प्रतिशत से अधिक कृषक 46 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के हैं, जिनमें 37प्रतिशत कृषक 56 वर्ष से अधिक आयु के हैं। इसके विपरीत, 26-35 वर्ष आयु वर्ग के केवल 6प्रतिशत कृषक ही पाए गए। यह स्पष्ट संकेत है कि युवा वर्ग कृषि को एक आकर्षक और सुरक्षित आजीविका के रूप में नहीं देख रहा है। कृषि से जुड़ी अनिश्चित आय, जोखिम, परिश्रम की अधिकता और सामाजिक प्रतिष्ठा की कमी युवाओं को अन्य रोजगार विकल्पों की ओर प्रेरित कर रही है, जो दीर्घकाल में कृषि क्षेत्र के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती है।

कृषक उत्तरदाताओं की वैवाहिक स्थिति के आँकड़े यह दर्शाते हैं कि 88.5 प्रतिशत कृषक विवाहित हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश कृषक पारिवारिक उत्तरदायित्वों के साथ कृषि कार्य कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक आवश्यकताएँ और दबाव दोनों बढ़ जाते हैं। शैक्षणिक स्थिति का विश्लेषण यह दर्शाता है कि लगभग 71प्रतिशत कृषक निरक्षर, केवल साक्षर अथवा प्राथमिक शिक्षित हैं, जबकि उच्च शिक्षा प्राप्त कृषकों का अनुपात मात्र 4.5 प्रतिशत है। यह स्थिति शासकीय योजनाओं की जानकारी, तकनीकी नवाचारों की समझ और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने में एक बड़ी बाधा बनती है।

कृषक उत्तरदाताओं की सामाजिक वर्ग संरचना से यह तथ्य स्पष्ट रूप से सामने आता है कि 61.5 प्रतिशत कृषक अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हैं, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग का अनुपात अपेक्षाकृत कम है। यह दर्शाता है कि कृषि कार्यों में सामाजिक रूप से वंचित वर्गों की भागीदारी सर्वाधिक है। इसी क्रम में आर्थिक स्थिति का संकेत राशन कार्ड के आँकड़ों से भी मिलता है, जहाँ 55प्रतिशत कृषक बीपीएल तथा 10.5 प्रतिशत अंत्योदय श्रेणी में पाए गए। यह स्थिति यह दर्शाती है कि बड़ी संख्या में कृषक परिवार आज भी शासकीय सहायता और सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर निर्भर हैं।

कृषक उत्तरदाताओं की परिवार संरचना के संदर्भ में 58.5 प्रतिशत कृषक एकल परिवारों में निवास करते हैं। यह प्रवृत्ति भूमि विभाजन, आर्थिक दबाव और योजनाओं के लाभ की व्यक्तिगत पात्रता से जुड़ी हुई प्रतीत होती है। आवासीय स्थिति में सुधार अवश्य दिखाई देता है, क्योंकि 61प्रतिशत परिवार पक्के मकानों में निवास करते हैं, जो ग्रामीण आवास योजनाओं की सफलता को दर्शाता है। इसी प्रकार, 73प्रतिशत परिवारों के घर में नल कनेक्शन, 100 प्रतिशत घरों में शौचालय, तथा 91प्रतिशत परिवारों द्वारा एलपीजी गैस का उपयोग ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार की ओर संकेत करता है।

कृषक उत्तरदाताओं की आर्थिक संरचना के विश्लेषण से यह स्पष्ट

Second, poor aqueous solubility of the complexes limits their diffusion in biological media and reduces the effective concentration at the microbial cell surface. Chelation generally increases hydrophobicity and decreases ionization, restricting transport through aqueous environments and biological membranes (Chohan et al., 2005; Rehman et al., 2009). This effect is particularly significant for Gram-negative bacteria such as E. coli, which possess an outer lipopolysaccharide membrane that restricts the passage of bulky or poorly soluble molecules (Nikaido, 2003).

Third, steric hindrance and bulky coordination geometry further impede penetration through microbial cell walls. SEM observations showed compact, crystalline, and aggregated morphologies for the Co(II), Ni(II), and Zn(II) complexes, suggesting dense packing and limited surface reactivity. Such rigid three-dimensional structures hinder diffusion across bacterial peptidoglycan layers and fungal chitinous walls (Mishra and Kaushik, 2007; Pelczar et al., 2008).

Finally, the absence of redox activity in Zn(II), Ni(II), and Co(II) complexes plays a critical role in their biological inactivity. These metal ions are largely redox-inert under physiological conditions and therefore do not promote ROS generation. In contrast, Cu(II) complexes readily participate in redox cycling and induce oxidative stress, which constitutes a major antimicrobial mechanism (Halliwell and Gutteridge, 2015; Borkow and Gabbay, 2005). The superior performance of the Cu(II) complex in this study is therefore consistent with its unique electronic properties and coordination behavior.

Overall, these findings demonstrate that metal complexation does not universally enhance antimicrobial activity. Instead, biological efficacy depends on a delicate balance between stability and reactivity. Strong chelation may suppress ligand reactivity unless the metal ion contributes additional biochemical pathways such as redox cycling or membrane disruption (Chandra and Kumar, 2004; Karthikeyan et al., 2006). The observed inactivity of most complexes underscores the importance of rational ligand design and appropriate metal selection for the development of biologically active coordination compounds.

Table 1 (see in last page)

Conclusion :

1. A Schiff base ligand derived from 4-chloroaniline and 2-hydroxybenzaldehyde and its Cu(II), Co(II), Ni(II), and Zn(II) complexes were successfully synthesized and characterized using spectroscopic, thermal, and microscopic techniques.
2. FTIR and electronic spectral studies confirmed **bidentate N,O-chelation** through the azomethine nitrogen and phenolic oxygen atoms, forming stable five-membered chelate rings. This was evidenced by the downward shift of the ν(C=N) band, disappearance of the phenolic ν(O–H) vibration, and appearance of ν(M–N) and ν(M–O) bands in the low-frequency region (Chandra & Kumar, 2004; Lever, 1984).
3. Thermal analysis demonstrated that all complexes were stable up to approximately 200°C with **no low-temperature mass loss**, confirming the absence of lattice or coordinated water molecules. The multistep decomposition patterns terminating in metal oxide residues indicate strong metal–ligand interactions and chelate stabilization (Halcrow, 2013).
4. The observed thermal stability order, **Cu(II) > Ni(II) > Co(II) > Zn(II)**, reflects differences in metal–ligand bond strength and ligand field stabilization energy, highlighting the role of electronic configuration in determining complex stability (Lever, 1984; Mishra & Kaushik, 2007).
5. SEM analysis revealed distinct, metal-dependent morphologies: rod-like and prismatic crystals for Cu(II), block-shaped crystals for Zn(II), flake-like particles for Co(II), and cauliflower-like aggregates for Ni(II). Such variations in crystal habit and aggregation behavior significantly influence surface contact and diffusion processes at biological interfaces (Pelczar et al., 2008; Nikaido, 2003).
6. EDAX and AAS confirmed the presence of expected elements (C, O, Cl, and metal ions) without extraneous impurities and showed close agreement between surface and bulk metal contents, validating the purity and stoichiometry of the synthesized complexes (Dharamraj et al., 2001).
7. Antimicrobial studies showed **selective activity for the free ligand and the Cu(II) complex**, while Co(II), Ni(II), and Zn(II) complexes were largely inactive.

8. The inactivity of Co(II), Ni(II), and Zn(II) complexes is attributed to strong chelate stabilization that blocks reactive donor sites, reduced ligand flexibility, poor aqueous solubility limiting diffusion, and bulky coordination geometries hindering penetration through microbial cell walls (Tweedy, 1964; Chohan et al., 2005; Nikaido, 2003).
9. The enhanced activity of the Cu(II) complex is rationalized by its redox-active nature, which enables Cu(II)/Cu(I) cycling and generation of reactive oxygen species that induce oxidative stress in microbial membranes, proteins, and DNA (Borkow & Gabbay, 2005; Tardito et al., 2011).
10. These findings demonstrate that **metal complexation does not inherently enhance antimicrobial activity**; instead, biological performance depends critically on the balance between chelate stability and metal-centered electronic properties, underscoring the importance of rational metal selection in Schiff base complex design (Chandra & Kumar, 2004; Karthikeyan et al., 2006).

Recommendations:

1. Structural modification of the Schiff base ligand by introducing electron-donating or electron-withdrawing substituents should be explored to fine-tune lipophilicity, coordination strength, and redox behavior, thereby optimizing biological performance.
2. Incorporation of redox-active metal ions such as Fe(III), Mn(II/III), or mixed-metal systems is recommended, as these metals can introduce additional oxidative pathways and potentially enhance antimicrobial or catalytic activity *(Halliwell & Gutteridge, 2015).*
3. Advanced mechanistic investigations, including DNA-binding assays, reactive oxygen species (ROS) quantification, and molecular docking studies, should be conducted to elucidate the precise mode of biological action of the complexes.
4. Cytotoxicity and selectivity studies against mammalian cell lines are essential to assess therapeutic safety and pharmacological relevance of the synthesized compounds.
5. Systematic correlation of antimicrobial activity with crystal morphology, thermal stability, and electronic structure should be explored to guide the rational design of Schiff base metal complexes as functional bioinorganic and antimicrobial agents.

Acknowledgments: The authors gratefully acknowledge the Principal, P.M.B. Gujarati Science College, Indore (Madhya Pradesh, India), for providing the necessary infrastructural facilities and institutional support to carry out this research work. The authors sincerely express their deep sense of gratitude to Dr. Dhananjay Dwivedi, Ph.D. Supervisor, and Dr. Vijay R. Chourey, Ph.D. Co-Supervisor, for their constant guidance, valuable suggestions, and academic encouragement throughout the course of this study.The authors also acknowledge the facilities provided by the Sophisticated Analytical Instrumentation Facility (SAIF), Chandigarh, Punjab, and SAIF, Cochin, Kerala, for carrying out spectral and instrumental analyses, which were essential for the successful completion of this research.

References:-

1. **Borkow, G., & Gabbay, J.** (2005). Copper as a biocidal tool. *Current Medicinal Chemistry*, **12**(18), 2163–2175.
2. **Chandra, S., & Kumar, R.** (2004). Synthesis and biological evaluation of Schiff base metal complexes. *Spectrochimica Acta Part A: Molecular and Biomolecular Spectroscopy*, **60**, 2825–2829.
3. **Chohan, Z. H., Supuran, C. T., & Scozzafava, A.** (2005). Metal binding and antibacterial activity of Schiff bases. *Journal of Enzyme Inhibition and Medicinal Chemistry*, **20**(2), 183–188.
4. **Cotton, F. A., Wilkinson, G., Murillo, C. A., & Bochmann, M.** (1999). *Advanced Inorganic Chemistry* (6th ed.). New York: Wiley.
5. **Dharamraj, N., Viswanathamurthi, P., & Natarajan, K.** (2001). Ruthenium(II) Schiff base complexes: antimicrobial activity. *Transition Metal Chemistry*, **26**, 105–109.
6. **Halcrow, M. A.** (2013). Spin-crossover materials: Properties and applications. *Chemical Society Reviews*, **42**, 1784–1795.
7. **Halliwell, B., & Gutteridge, J. M. C.** (2015). *Free radicals in biology and medicine* (5th ed.). Oxford: Oxford University Press.
8. **Karthikeyan, M. S., et al.** (2006). Antimicrobial activity of metal chelates. *Bioorganic & Medicinal Chemistry*, **14**, 7482–7489.
9. **Lever, A. B. P.** (1984). *Inorganic Electronic Spectroscopy* (2nd ed.). Amsterdam: Elsevier.
10. **Miessler, G. L., Fischer, P. J., & Tarr, D. A.** (2014). *Inorganic Chemistry* (5th ed.). New York: Pearson.
11. **Mishra, A. P., & Kaushik, N. K.** (2007). Biological significance of Schiff bases and metal complexes. *E-Journal of Chemistry*, **4**, 483–489.
12. **Nakamoto, K.** (2009). *Infrared and Raman spectra of inorganic and coordination compounds* (6th ed.). New York: Wiley.
13. **Nikaido, H.** (2003). Molecular basis of bacterial outer-membrane permeability. *Microbiology and Molecular Biology Reviews*, **67**(4), 593–656.
14. **Pelczar, M. J., Chan, E. C. S., & Krieg, N. R.** (2008). *Microbiology* (5th ed.). New York: McGraw-Hill.
15. **Rehman, W., Saman, F., & Ahmad, I.** (2009). Synthesis and antimicrobial studies of Schiff base metal complexes. *Journal of the Serbian Chemical Society*, **74**, 635–642.
16. **Schiff, H.** (1864). Mittheilungen aus dem Universitätslaboratorium in Pisa. *Justus Liebigs Annalen der Chemie*, **131**, 118–119.
17. **Skoog, D. A., Holler, F. J., & Crouch, S. R.** (2014).

Principles of instrumental analysis (6th ed.). Boston: Cengage.

18. **Tardito, S., et al.** (2011). Copper complexes as antimicrobial agents. *Journal of Medicinal Chemistry*, **54**, 5527–5538.
19. **Tweedy, B. G.** (1964). Plant extracts with metal ions as antimicrobial agents. *Phytopathology*, **55**, 910–914.
20. **Willard, H. H., Merritt, L. L., Dean, J. A., & Settle, F. A.** (1988). *Instrumental methods of analysis* (7th ed.). New Delhi: CBS.

Table 1 . Antimicrobial activity of the Schiff base ligand and its Cu(II), Co(II), Ni(II), and Zn(II) complexes against selected bacterial and fungal strains, with proposed mechanistic explanations based on coordination chemistry and morphology.

S. No.	Synthesised Compound	Indicator strains	Inhibitory Activity (in mm)	Level of efficacy	Mode of action	References
1	Ligand (Compound B)	*Escherichia coli* (ATCC-25922)	18 (100 mg mL^{-1}), 15 (50mg mL^{-1}), 13 (25mg mL^{-1})	Moderate	Azomethine (–CH=N–) and phenolic –OH groups interact with microbial enzymes via hydrogen bonding and π–π stacking, interfering with metabolism	Chohan et al. (2005); Rehman et al. (2009)
2	Ligand (Compound B)	*Staphylococcus aureus* (ATCC-25923), *Aspergillus niger* (ATCC-16888) *Alternaria alternata* (ATCC-34957)	Nil	Inactive	Limited lipophilicity and absence of metal-assisted pathways restrict broad-spectrum activity	Chohan et al. (2005); Karthikeyan et al. (2006)
3	Cu(II) complex (IB)	*Escherichia coli* (ATCC-25922)	17 (100 mg mL^{-1})	Moderate	Cu(II)/Cu(I) redox cycling generates ROS causing oxidative stress to proteins, membranes, and DNA	Borkow & Gabbay (2005); Tardito et al. (2011)
4	Cu(II) complex (IB)	*Aspergillus niger* (ATCC-16888) *Alternaria alternata* (ATCC-34957)	20, 14 (high conc.)	Moderate (fungal)	Smooth rod/prism morphology promotes surface interaction; ROS-mediated damage enhances antifungal response	Borkow & Gabbay (2005); Pelczar et al. (2008)
5	Co(II) complex (IIB)	All strains	Nil	Inactive	Strong chelate stabilization blocks reactive donor sites and suppresses ligand exchange	Tweedy (1964); Dharamraj et al. (2001)
6	Ni(II) complex (IVB)	All strains	Nil	Inactive	Poor aqueous solubility and compact aggregate morphology limit diffusion and cellular penetration	Nikaido (2003); Mishra & Kaushik (2007)
7	Zn(II) complex (IIIB)	All strains	Nil	Inactive	Bulky coordination sphere + redox-inert Zn(II) prevents ROS generation and biochemical disruption	Halliwell & Gutteridge (2015); Pelczar et al. (2008)

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की भूमिका और उसकी प्रभावशीलता

सौरभ शुक्ला* डॉ. राम सिंह पटेल**

*** शोधार्थी, पं. मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत**
**** सह. प्राध्यापक (विधि) पं. मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – मध्य प्रदेश में लोकायुक्त संस्था का गठन शासन और प्रशासन के उच्च पदों पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस शोधपत्र में लोकायुक्त की भूमिका, अधिकार, कार्यप्रणाली तथा उसकी प्रभावशीलता का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। लोकायुक्त अधिनियम के अंतर्गत राज्य के मुख्यमंत्री, मंत्री, उच्चाधिकारी तथा लोक सेवकों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच और अनुशंसा करने का अधिकार इस संस्था को प्राप्त है। लोकायुक्त की स्वतंत्र और निष्पक्ष छवि ने नागरिकों को अपने अधिकारों की रक्षा हेतु एक प्रभावी मंच प्रदान किया है, जिससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा मिला है। अध्ययन में पाया गया कि लोकायुक्त द्वारा समय-समय पर की गई जांच, अभियोजन और अनुशंसा ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनेक मामलों में लोकायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए गए, जिससे शासन और प्रशासन में भय और उत्तरदायित्व की भावना विकसित हुई। इसके अतिरिक्त, लोकायुक्त कार्यालय द्वारा नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण, जन जागरूकता कार्यक्रमों और भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों के माध्यम से आमजन में पारदर्शिता के प्रति विश्वास बढ़ा है। शोध में यह भी उजागर हुआ कि संस्था को पर्याप्त संसाधन, स्वायत्तता और तकनीकी सहायता प्राप्त होने पर इसकी कार्यक्षमता में और अधिक वृद्धि देखी जा सकती है। हालांकि, कुछ चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं जैसे लंबित प्रकरणों की अधिकता, सीमित कानूनी अधिकार, राजनीतिक हस्तक्षेप और जांच प्रक्रिया में समयबद्धता की कमीकृजो लोकायुक्त की प्रभावशीलता को प्रभावित करते हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए विधिक सुधार, संसाधनों की उपलब्धता, डिजिटल प्रणाली का विस्तार और लोकायुक्त के आदेशों के अनुपालन की अनिवार्यता आवश्यक है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि मध्य प्रदेश में लोकायुक्त न केवल भ्रष्टाचार निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संस्था सिद्ध हुई है, बल्कि शासन प्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जनता के अधिकारों की रक्षा का प्रभावी माध्यम भी बनी है। संस्था की प्रभावशीलता को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर सुधार और नवाचार आवश्यक हैं, ताकि राज्य के प्रशासनिक ढांचे में सुशासन और न्याय की स्थापना संभव हो सके।

शब्द कुंजी – लोकायुक्त, मध्य प्रदेश, भ्रष्टाचार निवारण, पारदर्शिता, प्रशासनिक सुधार, उत्तरदायित्व, विधिक प्रणाली, सुशासन, शिकायत निवारण, जनविश्वास।

प्रस्तावना – भारत के लोकतांत्रिक शासन में भ्रष्टाचार एक प्रमुख सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक चुनौती के रूप में लंबे समय से विद्यमान है। प्रशासनिक पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संस्थागत उपाय आवश्यक माने गए हैं। इसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए मध्य प्रदेश में 'मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981' के तहत लोकायुक्त की स्थापना की गई। इस अधिनियम के अनुसार लोकायुक्त को राज्य के उच्च अधिकारियों, मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और लोक सेवकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग तथा जनहित के मामलों में जांच और अनुशंसा का अधिकार प्राप्त है (धारा 7, 9)। लोकायुक्त की भूमिका और शक्तियाँ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) तथा अनुच्छेद 311 (सरकारी सेवकों की सुरक्षा) से गहराई से जुड़ी मानी जाती हैं।

लोकायुक्त की अवधारणा भारत में प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) की सिफारिशों के बाद साकार हुई। आयोग ने लोकपाल और राज्य स्तर पर लोकायुक्त की स्थापना को भ्रष्टाचार नियंत्रण और प्रशासनिक जवाबदेही के लिए अनिवार्य बताया। मध्य प्रदेश उन अग्रणी राज्यों में है, जहाँ 1981 में ही लोकायुक्त की विधिक व्यवस्था लागू कर दी गई। इस व्यवस्था के तहत लोकायुक्त को स्वतंत्र जांच एजेंसी, समन जारी करने, गवाह बुलाने, दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त करने और अनुशंसाएँ देने के अधिकार प्राप्त हैं (धारा 9)।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने अनेक निर्णयों में लोकायुक्त की संस्तुतियों को प्रशासनिक कार्रवाई के लिए महत्तवपूर्ण माना है। जनहित बनाम लोकायुक्त, 2007 केस में अदालत ने स्पष्ट किया कि लोकायुक्त की अनुशंसा को सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। 'राज्य बनाम रामकुमार, 2012' मामले में भी न्यायालय ने लोकायुक्त की जांच रिपोर्ट के आधार पर अभियोजन की स्वीकृति देने की वैधता को मान्यता दी। इन मामलों से यह स्पष्ट होता है कि लोकायुक्त संस्था राज्य प्रशासन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित हुई है।

लोकायुक्त की भूमिका केवल भ्रष्टाचार की जांच और अनुशंसा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से शासन में पारदर्शिता, नागरिक अधिकारों की रक्षा, प्रशासनिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण और जनविश्वास को बढ़ावा देने में भी सहयोग मिलता है। मध्य प्रदेश में लोकायुक्त द्वारा समय-समय पर जारी की गई वार्षिक रिपोर्टों और अनुशंसाओं के आधार पर प्रशासनिक सुधार, ई-गवर्नेंस, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे कदम उठाए गए हैं।फिर भी, कई बार यह देखा गया है कि संस्था के पास सीमित संसाधन, लंबित मामलों की अधिकता, कानूनी अधिकारों की सीमाएँ और राजनीतिक हस्तक्षेप जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। इन चुनौतियों के समाधान और लोकायुक्त की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए विधिक, प्रशासनिक और संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है। अतः, प्रस्तुत शोधपत्र में मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की भूमिका, कानूनी ढांचा, व्यावहारिक प्रभावशीलता, चुनौतियाँ और संभावित सुधारों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

लोकायुक्त की संरचना, शक्तियाँ और कार्यप्रणाली – मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 के तहत राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्था के रूप में की जाती है, जिसका उद्देश्य उच्च स्तर के सरकारी पदाधिकारियों, मंत्रियों एवं लोक सेवकों के विरुद्ध भ्रष्टाचार, कदाचार एवं जनहित के मामले में प्रभावी जांच और अनुशंसा करना है। अधिनियम की धारा 3 के अनुसार, लोकायुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है और ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की जाती है, जिसने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया हो, जिससे संस्था की निष्पक्षता और प्रामाणिकता सुनिश्चित होती है। उप-लोकायुक्त की नियुक्ति भी इसी प्रक्रिया के तहत की जाती है, जो लोकायुक्त की अनुपस्थिति या असमर्थता में उनके कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। लोकायुक्त के पास स्वतंत्र कार्यालय, अनुसंधान शाखा, तकनीकी एवं विधिक सलाहकार, और पर्याप्त प्रशासनिक कर्मचारी होते हैं, जिससे शिकायतों की जांच व निष्पादन में दक्षता आती है।

लोकायुक्त की शक्तियों की बात करें तो अधिनियम की धारा 7 एवं 9 के अंतर्गत उन्हें शिकायतों की जांच के लिए समन जारी करने, गवाह बुलाने, दस्तावेजी साक्ष्य मांगने, पूछताछ करने, और छापेमारी जैसे अधिकार प्राप्त हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत वे न्यायालय की भांति कार्य कर सकते हैं और जांच के लिए संबंधित विभागों से पूर्ण सहयोग प्राप्त करने के अधिकारी हैं। यदि जांच के दौरान यह पाया जाता है कि पद का दुरुपयोग या भ्रष्टाचार हुआ है, तो लोकायुक्त धारा 10 के तहत संबंधित विभाग को अनुशासनात्मक कार्रवाई या अभियोजन की संस्तुति कर सकते हैं। इसके अलावा, धारा 17 के अंतर्गत जांच में बाधा डालना दंडनीय अपराध है, जिससे संस्था की प्रक्रिया की गंभीरता और प्रभावशीलता बढ़ती है।

लोकायुक्त की कार्यप्रणाली में शिकायत प्राप्त होने के बाद प्राथमिक जांच, प्रारंभिक रिपोर्ट, फिर विस्तृत जांच, साक्ष्य संकलन व दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर देना, और फिर अंतिम रिपोर्ट तैयार करना शामिल है। धारा 20 के अनुसार, हर वर्ष लोकायुक्त अपनी वार्षिक रिपोर्ट राज्यपाल को प्रस्तुत करता है, जिसे विधानसभा में भी रखा जाता है। रिपोर्ट में सरकार की कार्रवाई या उसकी अनुपस्थिति का उल्लेख होता है, जिससे पारदर्शिता और सार्वजनिक उत्तरदायित्व सुनिश्चित होता है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 'जनहित बनाम लोकायुक्त, 2007' और 'राज्य बनाम रामकुमार, 2012' जैसे मामलों में लोकायुक्त की अनुशंसा को प्रशासनिक कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण माना और राज्य सरकार को त्वरित एवं गंभीर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। यह स्पष्ट करता है कि लोकायुक्त की संरचना, शक्तियाँ और कार्यप्रणाली राज्य शासन में भ्रष्टाचार नियंत्रण, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक एवं प्रभावी हैं।

मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की व्यावहारिक भूमिका और प्रभावशीलता शिकायतों की प्रवृत्ति एवं आंकड़े – मध्य प्रदेश में लोकायुक्त के गठन के पश्चात भ्रष्टाचार के विरुद्ध नागरिक जागरूकता और शिकायत दर्ज कराने में क्रमशः वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 1981 से अब तक लोकायुक्त कार्यालय में लाखों शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें अधिकांश भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग, रिश्वतखोरी, प्रशासनिक लापरवाही, और सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित रही हैं। लोकायुक्त कार्यालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्टों(स्रोत: mpinfo.org; www.lokayukt.mp.gov.in) के अनुसार, 2019-2022 के दौरान औसतन 8000-10000 शिकायतें प्रतिवर्ष कार्यालय में प्रस्तुत की गईं। इनमें लगभग 60% मामलों में प्राथमिक जांच की गई, जबकि शेष शिकायतें अपूर्ण दस्तावेज या प्रथम दृष्टया पर्याप्त आधार के अभाव में निरस्त की गईं। शिकायतों की प्रकृति का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि सबसे अधिक मामले शहरी निकायों, पंचायतों, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, राजस्व, एवं पुलिस विभाग से आते हैं।

इन शिकायतों में आम नागरिकों द्वारा रिश्वत की मांग, सेवा वितरण में अनावश्यक देरी, लाभार्थी चयन में भेदभाव, नियुक्तियों और तबादलों में भ्रष्टाचार, सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग, टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता, तथा सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थी जोड़ने जैसी समस्याएँ प्रमुख रहती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य वितरण प्रणाली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार के आरोप लगातार बढ़े हैं। शहरी क्षेत्रों में नगरपालिका, नगर निगम, आवासीय अनुमति, भवन अनुज्ञा, ठेकेदारी कार्यों, तथा संपत्ति पंजीयन आदि से जुड़ी शिकायतें प्रमुखता से सामने आई हैं।

लोकायुक्त कार्यालय ने इन शिकायतों की प्रारंभिक जांच के लिये स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की है और यदि प्रथम दृष्टया मामला बनता है तो विस्तृत जांच को आगे बढ़ाया जाता है। जांच प्रक्रिया में शिकायतकर्ता, प्रतिवादी, गवाहों की जिरह, दस्तावेजी साक्ष्य, स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी विश्लेषण सम्मिलित रहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2020-2021 में कुल 9530 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 6040 शिकायतों में प्रारंभिक जांच आरंभ की गई। वर्ष 2021-2022 में 9782 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5925 मामलों में आगे की कार्रवाई हुई।

शिकायतों की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि नागरिकों का भरोसा लोकायुक्त संस्था पर बढ़ा है, तथा वे इसे भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक प्रभावी मंच मानते हैं। हालांकि, उच्च स्तर की शिकायतों के समाधान में विलंब, संसाधनों की सीमाएँ, तथा जांच प्रक्रिया में जटिलता के कारण लंबित मामलों की संख्या भी बढ़ी है, जिससे संस्था की दक्षता पर प्रश्न उठते हैं। इसके समाधान हेतु तकनीकी नवाचार, ई-गवर्नेंस, और प्रक्रियागत सरलीकरण की आवश्यकता पर लगातार बल दिया जा रहा है। (संदर्भ: मध्य प्रदेश लोकायुक्त वार्षिक प्रतिवेदन 2019-2022)

प्रमुख मामले और न्यायिक निर्णय – मध्य प्रदेश में लोकायुक्त ने कई ऐसे महत्वपूर्ण मामले उजागर किए हैं जिनका दूरगामी प्रभाव राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ा है। इनमें से कुछ मामलों ने न केवल प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित किया बल्कि न्यायिक दृष्टिकोण को भी दिशा दी।

लोकायुक्त बनाम राज्य शासन, 1996: इस मामले में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के विरुद्ध रिश्वत लेने के गंभीर आरोप थे। लोकायुक्त द्वारा की गई जांच और साक्ष्य संकलन के आधार पर न केवल अधिकारी को गिरफ्तार किया गया, बल्कि तत्काल निलंबन की अनुशंसा भी की गई। इस मामले ने स्पष्ट किया कि लोकायुक्त की संस्तुति पर त्वरित और कठोर कार्रवाई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का प्रभावी साधन है।

जनहित बनाम लोकायुक्त, 2007 (मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय): इस मामले में प्रश्न यह था कि क्या लोकायुक्त की अनुशंसा प्रशासन के लिए बाध्यकारी है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि लोकायुक्त की रिपोर्ट और अनुशंसा प्रशासनिक कार्रवाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार को उसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए। न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देशित किया कि लोकायुक्त की अनुशंसा पर शीघ्र और गंभीर कार्रवाई की जाए ताकि संस्था की गरिमा और प्रभावशीलता बनी रहे। (संदर्भ: जनहित बनाम लोकायुक्त, 2007, म.प्र. उच्च न्यायालय)

राज्य बनाम रामकुमार, 2012: इस मामले में लोकायुक्त द्वारा की गई जांच के आधार पर अभियोजन की स्वीकृति दी गई, जिसे बाद में न्यायालय ने वैध और विधिसम्मत ठहराया। इस निर्णय ने लोकायुक्त की जांच प्रक्रिया और सिफारिशों की वैधानिकता को बल प्रदान किया। (संदर्भ: राज्य बनाम रामकुमार, 2012, म.प्र. उच्च न्यायालय)

इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि लोकायुक्त की सक्रियता और स्वतंत्रता ने राज्य के प्रशासनिक व न्यायिक तंत्र को पारदर्शी, उत्तरदायी तथा नागरिकोन्मुख बनाया है। इन निर्णयों के बाद अन्य मामलों में भी प्रशासन पर सकारात्मक दबाव पड़ा है।

प्रशासनिक सुधार और पारदर्शिता – लोकायुक्त कार्यालय द्वारा समय-समय पर प्रशासनिक सुधारों, प्रक्रियाओं के सरलीकरण, तथा पारदर्शिता के लिए अनेक सुझाव दिए गए हैं। ई-गवर्नेंस के विस्तार, शिकायत निवारण प्रणाली के डिजिटलीकरण, सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2010 के तहत निर्धारित सेवा समयसीमा के पालन हेतु भी लोकायुक्त सक्रिय है।

लोकायुक्त की अनुशंसा पर कई विभागों ने शिकायत निवारण हेतु ऑनलाइन पोर्टल, सार्वजनिक सूचना पट्ट, एवं नागरिक सहायता केंद्र स्थापित किए हैं। सरकारी आय योजनाओं, टेंडर प्रक्रिया, एवं सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता लाने के लिये विभागीय नियमावली व प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया है। लोकायुक्त द्वारा जनसुनवाई, समयबद्ध जांच, एवं विभागीय रिपोर्टिंग की व्यवस्था से नागरिकों को त्वरित राहत मिलने लगी है। (संदर्भ: मध्य प्रदेश लोकायुक्त वार्षिक प्रतिवेदनय लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2010)

लोकायुक्त कार्यालय ने अपने प्रतिवेदनों में जिन सुधारात्मक उपायों की सिफारिश की है, उनमें सेवा मानक, जवाबदेही का निर्धारण, अधिकारियों की जवाबदेही, प्रक्रियाओं का सरल और पारदर्शी बनाना, एवं नागरिक सहभागिता की बढ़ोतरी शामिल है। इन उपायों ने शासन व्यवस्था में विश्वास और नागरिक संतुष्टि दोनों को प्रोत्साहित किया है।

प्रभावशीलता का मूल्यांकन – मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की उपस्थिति ने न केवल अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए भय और उत्तरदायित्व का वातावरण निर्मित किया, बल्कि आम नागरिकों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक प्रभावी मंच भी उपलब्ध कराया। लोकायुक्त द्वारा समय-समय पर की गई जांच, अभियोजन की संस्तुति, और अनुशंसाओं से सार्वजनिक धन की बचत, सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता, और नागरिक अधिकारों का संरक्षण संभव हुआ है।कई मामलों में देखा गया है कि लोकायुक्त की सक्रियता के कारण विभागों ने अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं को सुधारा, कर्मचारियों की जवाबदेही तय की, और भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित कार्रवाई की। लोकायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट (2022) के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में लगभग 30% मामलों में विभागीय कार्रवाई, निलंबन, अथवा अभियोजन की संस्तुति की गई।

हालांकि, लोकायुक्त की प्रभावशीलता को सीमित करने वाली कुछ चुनौतियाँ भी हैं जैसे लंबित मामलों की अधिकता, सीमित मानव संसाधन, तकनीकी कमजोरी, राजनीतिक हस्तक्षेप, और आदेशों के क्रियान्वयन में विलंब। कई बार शिकायतकर्ता को कार्रवाई के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जिससे संस्था की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।

इन समस्याओं के समाधान के लिए विधिक सुधार, संसाधनों की बढ़ोतरी, तकनीकी नवाचार, और विभागीय सहयोग की आवश्यकता है। लोकायुक्त की प्रभावशीलता तभी बढ़ेगी जब उसके आदेशों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, संसाधनों की उपलब्धता हो, और राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रबल हो। कुल मिलाकर, लोकायुक्त ने मध्य प्रदेश में प्रशासनिक पारदर्शिता, भ्रष्टाचार नियंत्रण, और नागरिक अधिकारों की रक्षा में उल्लेखनीय योगदान दिया है, किंतु संस्था की पूर्ण क्षमता का दोहन अभी शेष है। (संदर्भ: मध्य प्रदेश लोकायुक्त वार्षिक प्रतिवेदन 2019-2022, mpinfo.org; www.lokayukt.mp.gov.in, जनहित बनाम लोकायुक्त 2007, राज्य बनाम रामकुमार 2012)

चुनौतियाँ और सीमाएँ – मध्य प्रदेश में लोकायुक्त संस्था की स्थापना भ्रष्टाचार नियंत्रण और प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए एक ऐतिहासिक कदम मानी जाती है, परंतु व्यावहारिक धरातल पर अनेक चुनौतियाँ और सीमाएँ इसके प्रभाव को सीमित कर देती हैं। इन चुनौतियों का विश्लेषण विधिक, प्रशासनिक, संरचनात्मक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से किया जा सकता है।

विधिक सीमाएँ और अधिकार क्षेत्र -मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 के तहत लोकायुक्त की शक्तियाँ और अधिकार निर्धारित किए गए हैं। अधिनियम की धारा 8 तथा 10 के अंतर्गत लोकायुक्त की अनुशंसा पर अंतिम कार्रवाई का अधिकार राज्य सरकार के पास सुरक्षित है। इसका अर्थ यह है कि लोकायुक्त के आदेश स्वयं में बाध्यकारी नहीं होते, जब तक कि राज्य सरकार उन्हें लागू करने के लिए सहमत न हो। कई बार यह देखा गया है कि प्रशासनिक या राजनीतिक कारणों से लोकायुक्त की अनुशंसाओं की उपेक्षा की जाती है, जिससे संस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगता है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री, न्यायपालिका, विधानमंडल के सदस्य, एवं कुछ संवैधानिक पदाधिकारियों को अधिनियम की अनुसूची द्वारा अधिकार क्षेत्र से बाहर रखा गया है, जिससे लोकायुक्त की पहुंच सीमित हो जाती है (धारा 8, MP Lokayukt Act, 1981)। न्यायालयों ने भी

'जनहित बनाम लोकायुक्त, 2007' (मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय) जैसे मामलों में लोकायुक्त की अनुशंसा को प्रशासनिक कार्रवाई हेतु महत्तवपूर्ण तो माना, किंतु बाध्यकारी नहीं माना।

संसाधनों की कमी और संरचनात्मक समस्याएँ– लोकायुक्त कार्यालय को अपेक्षित मानव संसाधन, तकनीकी साधन, और वित्तीय बजट का अभाव है। शिकायतों की निरंतर बढ़ती संख्या के अनुपात में पर्याप्त जाँच अधिकारियों, विधिक विशेषज्ञों, और सहायकों की उपलब्धता नहीं है। इसके कारण बहुत–सी शिकायतें लंबित रहती हैं और जाँच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब होता है। वार्षिक प्रतिवेदनों (mpinfo.org, लोकायुक्त रिपोर्ट 2021) के अनुसार, कार्यालय में सैकड़ों पद रिक्त हैं, जिससे संस्था अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर पाती। तकनीकी नवाचार, ई–गवर्नेंस, और डिजिटल शिकायत प्रबंधन प्रणाली का विस्तार अपेक्षित स्तर तक नहीं हो पाया है।

राजनीतिक हस्तक्षेप और दबाव – लोकायुक्त की स्वायत्तता पर राजनीतिक हस्तक्षेप एक बड़ी चुनौती है। कई बार जाँच के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों या जनप्रतिनिधियों द्वारा जांच प्रभावित करने, साक्ष्य नष्ट करने, या जांचकर्ताओं पर दबाव डालने के प्रयास किए जाते हैं। नियुक्ति प्रक्रिया में भी राजनीतिक समीकरणों का प्रभाव देखा जाता है, जिससे निष्पक्षता प्रभावित होती है। प्रमुख मामलों में कभी–कभी सरकार ने लोकायुक्त की संस्तुतियों को नजरअंदाज किया या कार्रवाई को टाल दिया, जिससे संस्था की विश्वसनीयता पर असर पड़ता है (संदर्भ: लोकायुक्त बनाम राज्य शासन, 1996)।

लंबित मामले और धीमी प्रक्रिया – लोकायुक्त कार्यालय में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 2021 के अंत तक हजारों शिकायतें लंबित थीं, जिनमें से कई तो वर्षों से निष्पादन की प्रतीक्षा में थीं। सीमित मानव संसाधन, जटिल कानूनी प्रक्रिया, और विभागों के असहयोग के कारण जांच प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है। इससे न केवल शिकायतकर्ता की निराशा बढ़ती है, बल्कि भ्रष्टाचारियों के हौसले भी बुलंद होते हैं। (स्रोतरू मध्य प्रदेश लोकायुक्त वार्षिक प्रतिवेदन 2021)

आदेशों के क्रियान्वयन में विलंब– लोकायुक्त की अनुशंसा के बाद अंतिम निर्णय राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में रहता है। कई बार देखा गया है कि सरकार या संबंधित विभाग अनुशंसा को महीनों या वर्षों तक लंबित रखते हैं या आंशिक रूप से ही लागू करते हैं। आदेशों के अनुपालन की अनिवार्यता न होने से लोकायुक्त के फैसलों की तात्कालिकता और गंभीरता कम हो जाती है।

विधिक एवं सामाजिक जागरूकता की कमी– ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में लोकायुक्त के अधिकार, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, और संस्था की कार्यप्रणाली के प्रति नागरिकों में पर्याप्त जागरूकता का अभाव है। इससे कई वास्तविक पीड़ित या गरीब नागरिक अपनी शिकायत सही मंच तक नहीं पहुँचा पाते। सामाजिक दृष्टि से भ्रष्टाचार की स्वीकार्यता, भय या असहयोग भी शिकायतों में कमी का कारण बनते हैं।

संस्थागत समन्वय का अभाव– लोकायुक्त, पुलिस, सतर्कता आयोग, अभियोजन विभाग, एवं अन्य प्रशासनिक संस्थाओं के बीच समन्वय की कमी के कारण जाँच और अनुशंसा का क्रियान्वयन प्रभावित होता है। विभागीय प्रतिद्वंद्विता और सूचना के आदान–प्रदान में बाधाएँ भी समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई के लिए चुनौती हैं।

विधिक प्रावधानों की अस्पष्टता और अद्यतन की आवश्यकता– मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1981 में कई ऐसे प्रावधान हैं, जो बदलती परिस्थितियों और तकनीकी विकास के अनुरूप अद्यतन नहीं किए गए हैं। सेवा नियम, शिकायत की परिभाषा, जांच प्रक्रिया, एवं दंड प्रक्रिया में स्पष्टता और संशोधन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

नागरिक सहभागिता और जनविश्वास की चुनौती– हालांकि शिकायतों की संख्या में वृद्धि हुई है, किंतु समाज के सभी वर्गों में संस्था के प्रति विश्वास और सहभागिता एक समान नहीं है। महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के मामले अपेक्षाकृत कम सामने आते हैं, जिससे न्याय के सार्वभौमिक स्वरूप पर प्रश्न उठते हैं।

इन समग्र चुनौतियों के बावजूद, लोकायुक्त संस्था राज्य प्रशासन में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार नियंत्रण और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक बनी हुई है। इन समस्याओं के समाधान हेतु विधिक एवं प्रशासनिक सुधार, संसाधनों की वृद्धि, डिजिटल नवाचार, राजनीतिक निष्पक्षता, और नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देना अनिवार्य है। तभी लोकायुक्त की भूमिका और प्रभावशीलता को उसकी संपूर्णता में साकार किया जा सकेगा।

निष्कर्ष – मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की भूमिका और उसकी प्रभावशीलता पर प्रस्तुत शोध का निष्कर्ष यह दर्शाता है कि यह संस्था राज्य प्रशासन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए एक अनिवार्य स्तंभ के रूप में विकसित हुई है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा, सार्वजनिक धन के संरक्षण और प्रशासनिक जवाबदेही को सुदृढ़ करने में लोकायुक्त का महत्व निर्विवाद है। अधिनियम, 1981 के माध्यम से स्थापित इस संस्था ने बीते चार दशकों में राज्य की राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक संरचना को प्रभावित किया है, जिससे भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक प्रभावी वातावरण का निर्माण हुआ है।

लोकायुक्त की संरचना, शक्तियाँ और कार्यप्रणाली ने उसे एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्था के रूप में स्थापित किया है। धारा 3, 7, 9 और 10 के तहत उसे वरिष्ठ अधिकारियों, मंत्रियों, तथा लोक सेवकों के विरुद्ध शिकायतों की जांच, समन जारी करने, दस्तावेजी साक्ष्य जुटाने और अनुशंसाएँ देने का अधिकार मिला है। इसके अतिरिक्त, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत न्यायालय जैसी शक्ति ने उसकी प्रक्रिया को कानूनी आधार प्रदान किया है। लोकायुक्त की जांच प्रक्रिया में गोपनीयता, निष्पक्षता और त्वरित कार्रवाई के सिद्धांतों का पालन किया जाता है, जिससे शिकायतकर्ता और प्रतिवादी दोनों के अधिकारों का संरक्षण होता है।

शिकायतों की प्रवृत्ति और आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि आम नागरिकों के बीच लोकायुक्त के प्रति विश्वास लगातार बढ़ा है। 1981 से लेकर अब तक लाखों शिकायतें दर्ज होना इस बात का प्रमाण है कि नागरिक इस संस्था को भ्रष्टाचार के विरोध में एक सशक्त मंच मानते हैं। वार्षिक प्रतिवेदनों के अनुसार, 2019–2022 के बीच 8000–10000 शिकायतें प्रतिवर्ष दर्ज हुईं, जिनमें से बड़ी संख्या में प्राथमिक जांच और विस्तृत कार्रवाई की गई। इनमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतें शामिल हैं, जो सरकारी सेवाओं, निर्माण कार्यों, नियुक्तियों, टेंडर प्रक्रियाओं, लाभार्थी चयन, तथा प्रशासनिक लापरवाही से संबंधित थीं।

प्रमुख मामलों और न्यायिक निर्णयों ने लोकायुक्त की संस्था को संवैधानिक और न्यायिक समर्थन दिया है। 'जनहित बनाम लोकायुक्त,

2007' और 'राज्य बनाम रामकुमार, 2012' जैसे मामलों में उच्च न्यायालय ने लोकायुक्त की अनुशंसा को प्रशासनिक कार्रवाई हेतु महत्तवपूर्ण माना। इन निर्णयों से स्पष्ट हुआ कि लोकायुक्त की रिपोर्ट को अनदेखा करना राज्य सरकार के लिए उचित नहीं है। इससे संस्था की गरिमा और प्रभावशीलता को बल मिला, साथ ही प्रशासन पर सकारात्मक दबाव भी बना। लोकायुक्त ने समय-समय पर प्रशासनिक सुधार, प्रक्रियाओं के सरलीकरण, ई-गवर्नेंस, एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे शासन में पारदर्शिता, त्वरित सेवा वितरण और नागरिकों की संतुष्टि बढ़ी।

लोकायुक्त की उपस्थिति ने उच्च पदस्थ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध भय और उत्तरदायित्व की भावना विकसित की। कई मामलों में संस्था की सक्रियता के कारण दोषी अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई, निलंबन, अथवा अभियोजन की सिफारिश की गई, जिससे सार्वजनिक धन की बचत, सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता, और नागरिक अधिकारों की रक्षा संभव हुई। साथ ही, लोकायुक्त द्वारा जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रमों और शिकायत निवारण प्रणाली के डिजिटलीकरण ने नागरिक सहभागिता और विश्वास को भी बढ़ावा दिया।

हालाँकि, लोकायुक्त की प्रभावशीलता को सीमित करने वाली कुछ चुनौतियाँ भी सामने आती हैं। इनमें सबसे बड़ा कारण है कि अधिनियम के तहत उसकी अनुशंसा स्वत: बाध्यकारी नहीं हैय अंतिम निर्णय राज्य सरकार के विवेक पर निर्भर करता है। कई बार प्रशासनिक व राजनीतिक हस्तक्षेप, संसाधनों की कमी, तकनीकी आधारभूत संरचना का अभाव, और लंबित मामलों की अधिकता संस्था की सामर्थ्य को बाधित करते हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिकायतों की कम संख्या, नागरिक जागरूकता की कमी, और सामाजिक-सांस्कृतिक दबाव भी प्रभावशीलता के मार्ग में अवरोध हैं। इसके अलावा, लोकायुक्त, सतर्कता संगठन, पुलिस, अभियोजन विभाग आदि के बीच समन्वय की कमी के कारण जांच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब होता है।

इन चुनौतियों के समाधान हेतु अनेक सुधारात्मक उपायों का सुझाव दिया जा सकता है। सबसे पहले, अधिनियम में संशोधन कर लोकायुक्त की अनुशंसा को बाध्यकारी बनाया जाए और उसके आदेशों के अनुपालन की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाए। संसाधनों की बढ़ोतरी, डिजिटल नवाचार, मानव संसाधन का विस्तार, और प्रशिक्षण का प्रावधान संस्था की क्षमता को बढ़ा सकते हैं। नियुक्ति प्रक्रिया और जाँच में राजनीतिक हस्तक्षेप को रोकने के लिए कानूनी और प्रशासनिक उपाय किए जाएँ। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान, सरल और सुलभ शिकायत निवारण प्रणाली, एवं नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहन दिया जाए। इसके साथ ही, विधिक प्रावधानों का अद्यतन, तकनीकी नवाचार, तथा संस्थागत समन्वय की मजबूती से लोकायुक्त की भूमिका और प्रभावशीलता को संपूर्णता दी जा सकती है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि मध्य प्रदेश में लोकायुक्त ने प्रशासनिक उत्तरदायित्व, पारदर्शिता, तथा भ्रष्टाचार नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। संस्था की उपस्थिति ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया, बल्कि शासन के उच्चतम स्तर तक उत्तरदायित्व और नैतिकता का संदेश भी दिया। भविष्य में विधिक, प्रशासनिक और तकनीकी सुधारों, संसाधनों की समुचित उपलब्धता, और नागरिक जागरूकता के विस्तार के साथ लोकायुक्त राज्य प्रशासन में सुशासन, न्याय और पारदर्शिता का सशक्त आधार बन सकता है। यह संस्था लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा, नागरिक अधिकारों की सुरक्षा, और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी की स्थापना के लिए अत्यावश्यक बनी रहेगी। इस दिशा में निरंतर सुधार, समग्र सहभागिता और नवाचार से ही लोकायुक्त की भूमिका और प्रभावशीलता को उसकी संपूर्णता में साकार किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981
2. प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट, 1966
3. www.mpinfo.org
4. प्रेस सूचना ब्यूरो, भारत सरकार
5. मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981।
6. भारतीय संविधान, अनुच्छेद 14, 21, 311।
7. प्रशासनिक सुधार आयोग रिपोर्ट, 1966।
8. जनहित बनाम लोकायुक्त, 2007 (मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय)।
9. राज्य बनाम रामकुमार, 2012 (मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय)।
10. लोकायुक्त बनाम राज्य शासन, 1996 (मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय)।
11. मध्य प्रदेश लोकायुक्त कार्यालय, वार्षिक प्रतिवेदन (2019-2022)।
12. Transparency International, Corruption Perceptions Index Reports.
13. Law Commission of India, Report on Corruption
14. www.lokayukt.mp.gov.in
15. www.mpinfo.org
16. जैन, एम.पी., 'भारतीय संविधान का कानून', लेक्सिसनेक्सिस, नवीनतम संस्करण।
17. वर्मा, एस.पी., 'लोकायुक्त की भूमिका', प्रकाशन वर्ष 2012।
18. 'भारत में लोकायुक्त: एक विश्लेषण', भारतीय विधि संस्थान, नई दिल्ली, 2015।
19. 'भारतीय विधि आयोग: भ्रष्टाचार पर रिपोर्ट', भारत सरकार, विधि मंत्रालय।
20. लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2010, मध्य प्रदेश शासन।
21. Transparency International India, "Corruption and Governance in India", वार्षिक रिपोर्ट।
22. Singh, M.P., "Law and Governance in India", Oxford University Press, 2013.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Agricultural Diversification and Its Impact in Bilaspur District, Chhattisgar

Dr. Reena Tamrakar*

***Assistant Professor (Geography) Usha Devi Memorial College, Sakri, Bilaspur (C.G.) INDIA**

Abstract: Agricultural diversification is increasingly recognized as a key strategy for enhancing farm income, reducing risk, and promoting sustainable rural livelihoods. The present study examines the nature and extent of agricultural diversification in Bilaspur district of Chhattisgarh and evaluates its socio-economic impact on farmers. Using secondary data collected from district statistical handbooks, horticulture reports, and published research, the study analyzes changes in cropping patterns with special emphasis on the shift from traditional paddy cultivation towards pulses, oilseeds, and vegetables. The findings reveal that although paddy continues to dominate the agricultural landscape, diversification into high-value crops has contributed to higher income, employment generation, and improved resilience among farming households. However, constraints such as inadequate irrigation, price volatility, and lack of post-harvest infrastructure limit the full potential of diversification. The study suggests strengthening market linkages, irrigation facilities, and extension services to sustain diversification in the district.

Introduction - Agriculture forms the backbone of the rural economy of Bilaspur district in Chhattisgarh. A majority of the population depends directly or indirectly on agricultural activities for their livelihood. Traditionally, the district has been characterized by paddy-dominated cropping systems owing to favorable agro-climatic conditions, monsoon rainfall, and cultural preferences. However, increasing population pressure, declining landholdings, climate variability, and changing market demands have necessitated a shift towards diversified agricultural practices.Agricultural diversification refers to the movement of farm production away from a single dominant crop towards a more varied combination of crops and allied activities. It plays a significant role in improving income stability, reducing production risks, enhancing soil fertility, and promoting nutritional security. In recent years, Bilaspur district has witnessed gradual diversification into pulses, oilseeds, vegetables, and horticultural crops. Understanding the patterns and impacts of this transition is essential for planning sustainable agricultural development in the region.

Review of Literature

Several studies conducted at national and state levels emphasize the importance of crop diversification in enhancing agricultural sustainability. Research on Chhattisgarh indicates that diversification from paddy to pulses and vegetables has a positive impact on farm income and employment, particularly for small and marginal farmers. Studies focusing on Bilaspur district reveal a consistent increase in the area and productivity of vegetables such as tomato, cauliflower, and okra.Previous researchers have also highlighted that diversification helps reduce vulnerability to climatic risks such as droughts and irregular rainfall. However, the literature also points to several challenges including limited irrigation facilities, lack of cold storage, poor market access, and price fluctuations. Despite these constraints, diversification is widely regarded as a viable pathway for inclusive agricultural growth in regions like Bilaspur.

Methodology: The present study is based entirely on secondary data. Data were collected from district statistical handbooks, reports of the Department of Agriculture and Horticulture, Government of Chhattisgarh, and published research articles related to agricultural diversification. The study period broadly covers recent years (2018–2023).

Descriptive statistical techniques such as percentages and comparative analysis were employed to examine changes in cropping patterns. Crop-wise area distribution was used as an indicator of diversification. The analysis focuses on major crop groups including paddy, pulses, oilseeds, and vegetables. Due to the secondary nature of the data, the analysis is limited to district-level trends.

Analysis and Discussion: The analysis of cropping patterns in Bilaspur district indicates that paddy remains the dominant crop, occupying more than half of the gross cropped area. Nevertheless, a gradual increase in the area under pulses, oilseeds, and vegetables is evident. Vegetable cultivation, in particular, has expanded rapidly in areas with better irrigation and market access.

Diversification has positively influenced farm income as vegetables and pulses generally provide higher returns per hectare compared to paddy. It has also contributed to employment generation, especially during harvesting, grading, and marketing activities. However, farmers engaged in vegetable cultivation face higher risks due to perishability and price volatility. The lack of storage and processing facilities further exacerbates these challenges.

Table 1: Cropping Pattern in Bilaspur District

Crop Category	Approx. Area Share (%)	Remarks
Paddy	60–65	Dominant kharif crop
Pulses	8–10	Improves soil fertility
Oilseeds	5–7	Moderate expansion
Vegetables	10–15	High-value crops
Others	5–8	Fodder and minor crops

Conclusion: The study concludes that agricultural diversification in Bilaspur district has emerged as an important strategy for enhancing farm income, employment, and resilience against climatic uncertainties. While paddy continues to dominate the cropping pattern, the increasing adoption of pulses and vegetables reflects a positive transition towards diversified agriculture. To sustain and strengthen this trend, policy interventions focusing on irrigation development, market infrastructure, extension services, and price support mechanisms are essential.

References:-

1. Government of Chhattisgarh. (2022). *District horticulture statistics: Bilaspur (2021–22)*. Department of Horticulture, Government of Chhattisgarh.
2. Government of Chhattisgarh. (n.d.). *District statistical handbook: Bilaspur*. Directorate of Economics and Statistics, Government of Chhattisgarh.
3. Singh, R., & Sharma, P. (2019). Crop diversification and agricultural development in Chhattisgarh. *Journal of Rural Development, 38*(2), 215–230.
4. Tegar, R., Verma, S., & Patel, A. (2020). Growth in area, production and productivity of vegetables in Bilaspur district of Chhattisgarh. *Agricultural Economics Research Review, 33*(1), 89–97.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

12 वीं शताब्दी से 19 वीं शताब्दी के मध्य के प्रमुख युद्ध और भारत की ऐतिहासिक दशा का पुर्ननिर्धारण

डॉ. आकाश ताहिर*

* सहा. प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) पी.एम.सी.ओ.ई. शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत का इतिहास केवल राजवंशों और शासन-परिवर्तन की कथा नहीं है, बल्कि यह निरंतर संघर्ष, युद्ध और प्रतिरोध की भी गाथा है। भारत का इतिहास युद्धों, संधियों और सत्ता-संघर्षों की निरंतर प्रक्रिया से निर्मित हुआ है। प्राचीन काल से लेकर सन् 1947 ई. तक भारत में हुए युद्धों ने न केवल सत्ता परिवर्तन किए, बल्कि सामाजिक संरचना, आर्थिक नीति, सैन्य संगठन और राष्ट्रीय चेतना को भी गहराई से प्रभावित किया। इस शोध-पत्र में तराइन के युद्धों से लेकर सन् 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम तक के प्रमुख युद्धों का विश्लेषण किया गया है। यह शोध-पत्र भारत की स्वतंत्रता से पूर्व हुए उन प्रमुख युद्धों का विश्लेषण करता है, जिन्होंने भारत की ऐतिहासिक दिशा को निर्णायक रूप से परिवर्तित किया और अंतत: औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध राष्ट्रीय आंदोलन की नींव रखी।

डिजिटल शिक्षा और शिक्षक – डिजिटल तकनीक के विस्तार ने शिक्षा के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। ऑनलाइन कक्षाएँ, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज ने शिक्षण-

अधिगम प्रक्रिया को अधिक लचीला और सुलभ बनाया है। इस डिजिटल परिवेश में शिक्षक की भूमिका भी पुनर्परिभाषित हुई है। शिक्षक अब केवल ज्ञान का प्रदाता नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का डिजाइनर और सुविधादाता बन गया है। समाजशास्त्रीय रूप से यह परिवर्तन शिक्षक और छात्र के बीच संबंधों को अधिक लोकतांत्रिक बनाता है। छात्र अब निष्क्रिय ग्रहणकर्ता नहीं, बल्कि सक्रिय सहभागी बनते हैं। किंतु इसके साथ ही डिजिटल विभाजन की समस्या भी उभरकर सामने आती है, जहाँ सभी छात्रों को समान तकनीकी संसाधन उपलब्ध नहीं होते। इस स्थिति में शिक्षक की भूमिका सामाजिक समता सुनिश्चित करने की दिशा में और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

समावेशी शिक्षा और सामाजिक न्याय – समकालीन समाज में शिक्षा से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सामाजिक असमानताओं को कम करने में सहायक हो। नवीन शिक्षा नीति और वैश्विक शैक्षिक विमर्श में समावेशी शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। जाति, वर्ग, लिंग, दिव्यांगता और क्षेत्रीय असमानताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस संदर्भ में शिक्षक सामाजिक न्याय का वाहक बन जाता है। शिक्षक को संवेदनशील, जागरूक और निष्पक्ष भूमिका निभानी होती है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से शिक्षक का यह दायित्व केवल शैक्षिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। शिक्षक यदि समावेशी दृष्टिकोण अपनाता है, तो शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन सकती है।

शिक्षक की बढ़ती चुनौतियाँ – समकालीन समाज में शिक्षक की भूमिका जितनी व्यापक हुई है, उतनी ही उसकी चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। बढ़ती प्रतिस्पर्धा, प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन, प्रशासनिक दबाव और तकनीकी अपेक्षाएँ शिक्षक के कार्य को जटिल बना देती हैं। इसके अतिरिक्त, समाज में मूल्यों के परिवर्तन और पारिवारिक संरचना में बदलाव का प्रभाव भी शिक्षक–छात्र संबंधों पर पड़ता है।

समाजशास्त्रीय विश्लेषण यह दर्शाता है कि शिक्षक अब केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे परामर्शदाता, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक मार्गदर्शक की भूमिका भी निभानी पड़ती है। यह बहुआयामी भूमिका शिक्षक के पेशे को अत्यंत महत्वपूर्ण, किंतु चुनौतीपूर्ण भी बनाती है।

प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षक की भूमिका किसी एक समय या समाज तक सीमित नहीं रही है, बल्कि सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक मूल्य, आर्थिक व्यवस्था और राजनीतिक नीतियों के साथ निरंतर परिवर्तित होती रही है। पारंपरिक समाज में शिक्षक को सामाजिक स्थिरता, सांस्कृतिक संरक्षण और नैतिक अनुशासन का वाहक माना जाता था। गुरु–शिष्य परंपरा में शिक्षक का स्थान अत्यंत सम्मानजनक और सत्ता–संपन्न था, जहाँ उसका उद्देश्य समाज की स्थापित व्यवस्था को अगली पीढ़ी तक हस्तांतरित करना था।

औद्योगीकरण, शहरीकरण और आधुनिकीकरण की प्रक्रियाओं ने शिक्षा के उद्देश्य और स्वरूप दोनों को बदल दिया। शिक्षक अब केवल परंपराओं का संरक्षक नहीं रहा, बल्कि उसे व्यावसायिक कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा देने वाला माना गया। समाजशास्त्रीय दृष्टि से यह परिवर्तन शिक्षक को सामाजिक परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण एजेंट के रूप में स्थापित करता है।

समकालीन वैश्वीकृत और डिजिटल समाज में शिक्षक की भूमिका और भी जटिल तथा बहुआयामी हो गई है। नवीन शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षक को शिक्षा व्यवस्था का केंद्र मानते हुए उसकी पेशेवर क्षमता, स्वायत्तता और प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया है। शिक्षक अब ज्ञान का एकमात्र स्रोत नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का मार्गदर्शक, सह–निर्माता और सामाजिक न्याय का संवाहक बन गया है।

समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से शिक्षक की भूमिका का मूल्यांकन – कार्यात्मक सिद्धांत के अनुसार शिक्षक समाज में संतुलन और एकीकरण बनाए रखने में सहायक होता है। शिक्षा के माध्यम से शिक्षक सामाजिक मूल्यों, मानदंडों और कौशलों का संचार करता है, जिससे समाज की निरंतरता बनी रहती है। वहीं संघर्ष सिद्धांत यह इंगित करता है कि शिक्षा और शिक्षक कभी–कभी सामाजिक असमानताओं को पुन: उत्पन्न करने में भी भूमिका निभाते हैं। पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली और संस्थागत ढाँचे अक्सर प्रभुत्वशाली वर्गों के हितों को प्रतिबिंबित करते हैं।

प्रतीकात्मक अंत:क्रियावाद के अनुसार शिक्षक और छात्र के बीच दैनिक अंत:क्रियाएँ छात्र की आत्म–छवि, आकांक्षाओं और सामाजिक पहचान को आकार देती हैं। इस दृष्टि से शिक्षक की भूमिका केवल संरचनात्मक नहीं, बल्कि सूक्ष्म सामाजिक स्तर पर भी अत्यंत प्रभावशाली है। इन सभी दृष्टिकोणों से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षक की भूमिका समाज के स्वरूप के साथ गहराई से जुड़ी हुई है।

शिक्षक के समक्ष समकालीन चुनौतियाँ – आज के समाज में शिक्षक को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। तकनीकी परिवर्तन की तीव्र गति, ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, प्रदर्शन–आधारित मूल्यांकन और प्रशासनिक दबाव शिक्षक की भूमिका को तनावपूर्ण बनाते हैं। इसके अतिरिक्त, सामाजिक असमानता, डिजिटल विभाजन और विद्यार्थियों की विविध सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि शिक्षक के कार्य को और जटिल बना देती है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि शिक्षक को केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि संस्थागत और नीतिगत स्तर पर भी समर्थन दिया जाए। यदि शिक्षक स्वयं असुरक्षित और दबावग्रस्त होगा, तो उससे सामाजिक परिवर्तन की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं होगा।

सुझाव – इस शोध के आधार पर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

प्रथम, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक समाजशास्त्रीय और व्यावहारिक बनाया जाना चाहिए, ताकि शिक्षक सामाजिक विविधता और असमानताओं को समझ सके।

द्वितीय, नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत सतत व्यावसायिक विकास को वास्तविक रूप में लागू किया जाना चाहिए, न कि केवल औपचारिकता के रूप में।

तृतीय, डिजिटल शिक्षा के विस्तार के साथ–साथ डिजिटल समानता सुनिश्चित करना आवश्यक है, जिससे सभी विद्यार्थी समान अवसर प्राप्त कर सकें।

चतुर्थ, शिक्षक को पाठ्यक्रम और शिक्षण विधियों में अधिक स्वायत्तता दी जानी चाहिए, ताकि वह स्थानीय सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रदान कर सके।

पंचम, शिक्षा को सामाजिक न्याय और समावेशन का सशक्त माध्यम बनाने के लिए शिक्षक को संवेदनशील और आलोचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

भविष्य में समाज और शिक्षा दोनों में परिवर्तन की गति और तेज होने की संभावना है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वैश्विक नागरिकता और आजीवन अधिगम जैसे विचार शिक्षा के केंद्र में होंगे। ऐसे में शिक्षक की भूमिका और अधिक मार्गदर्शक, सहयोगी और नवाचारी होगी। समाजशास्त्रीय दृष्टि से शिक्षक भविष्य के समाज की संरचना को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह आवश्यक है कि शिक्षक को केवल नीति के क्रियान्वयनकर्ता के रूप में नहीं, बल्कि नीति–निर्माण में सहभागी के रूप में भी देखा जाए। तभी शिक्षा वास्तव में सामाजिक परिवर्तन और मानव विकास का सशक्त माध्यम बन सकेगी।

अंततः यह कहा जा सकता है कि शिक्षक की भूमिका स्थिर नहीं, बल्कि समाज के साथ निरंतर विकसित होने वाली प्रक्रिया है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से शिक्षक न केवल शिक्षा प्रणाली का अंग है, बल्कि समाज का संवेदनशील दर्पण और भविष्य का निर्माता भी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. Apple, M. W. (2013). Education and power (3rd ed.). Routledge.
2. Ballantine, J. H., & Hammack, F. M. (2012). The sociology of education: A systematic analysis (7th ed.). Pearson.
3. Banks, J. A. (2015). Cultural diversity and education: Foundations, curriculum, and teaching (6th ed.). Routledge.
4. Bourdieu, P., & Passeron, J. C. (1990). Reproduction in education, society and culture. Sage Publications.
5. Brint, S. (2006). Schools and societies (2nd ed.). Stanford University Press.
6. Dewey, J. (1916). Democracy and education. Macmillan.
7. Durkheim, É. (1956). Education and sociology. Free Press. (Original work published 1922)
8. Freire, P. (1970). Pedagogy of the oppressed. Continuum.
9. Giddens, A. (2017). Sociology (8th ed.). Polity Press.
10. Giroux, H. A. (2011). On critical pedagogy. Continuum.
11. Government of India. (2020). National Education Policy 2020. Ministry of Human Resource Development.
12. Illich, I. (1971). Deschooling society. Harper & Row.
13. Kumar, K. (2005). Political agenda of education: A study of colonialist and nationalist ideas. Sage Publications.
14. MHRD. (2020). National Education Policy 2020: Implementation guidelines. Government of India.
15. NCERT. (2021). Teacher education and professional development in India. NCERT.
16. Weber, M. (1978). Economy and society. University of California Press.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं पर घरेलू हिंसा पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. इनाम इलाही* रविन्द्र कुमार रेगर**

* पर्यवेक्षक, मौलाना आजाद विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, मौलाना आजाद विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं पर घरेलू हिंसा पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन पर शोध कार्य किया है। एघरेलू हिंसा भारतीय समाज की एक गंभीर, जटिल एवं दीर्घकालिक सामाजिक समस्या है, जिसका प्रभाव विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के जीवन पर गहराई से पड़ता है। यह हिंसा केवल शारीरिक कष्ट तक सीमित नहीं रहती, बल्कि महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक प्रतिष्ठा, आत्मसम्मान एवं संपूर्ण व्यक्तित्व विकास को भी प्रभावित करती है। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन, चेतना–विकास एवं महिला सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम माना जाता है। प्रस्तुत शोध–पत्र का उद्देश्य राजस्थान के झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं पर घरेलू हिंसा पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन करना तथा यह विश्लेषण करना है कि शिक्षा किस प्रकार घरेलू हिंसा की घटनाओं, महिलाओं की जागरूकता, प्रतिरोध क्षमता, निर्णय–निर्माण शक्ति एवं आत्मनिर्भरता को प्रभावित करती है। अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों के आधार पर यह स्पष्ट किया गया है कि अशिक्षित महिलाओं की तुलना में शिक्षित ग्रामीण महिलाओं में घरेलू हिंसा के प्रति अस्वीकार्यता अधिक पाई जाती है। शिक्षित महिलाएँ हिंसा को सामाजिक नियति मानकर स्वीकार नहीं करतीं, बल्कि उसे अन्याय के रूप में पहचानकर कानूनी एवं सामाजिक सहायता प्राप्त करने का साहस भी दिखाती हैं। शोध निष्कर्ष यह दर्शाते हैं कि शिक्षा ग्रामीण महिलाओं को घरेलू हिंसा से मुक्ति दिलाने का एक प्रभावी एवं दीर्घकालिक साधन है।

शब्द कुंजी – घरेलू हिंसा, शिक्षा और ग्रामीण महिलाएँ।

प्रस्तावना – ग्रामीण विकास में महिलाओं का योगदान अमूल्य है महिलाएँ किसी भी समाज और परिवार की आधारशिला होती है जिन पर समाज की उन्नति की पूरी जिम्मेदारी होती है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था कि 'जब तक भारत की महिलाएँ सार्वजनिक जीवन में हिस्सा नहीं लेंगी, देश उन्नति नहीं कर सकता।' राष्ट्रपिता का कथन बिल्कुल सत्य है। देश की आधी आबादी यदि अशिक्षा, गरीबी, शोषण और निष्क्रियता में जब तक रहेगी कोई भी देश उन्नति नहीं कर सकता है।

शिक्षा ऐसा हथियार है, जो हर स्त्री को समाज में जीवन जीने का ढंग सिखाता है, जो समाज पहले औरतों का अपने सामने बैठने भी नहीं दिया करता था, आज वहीं समाज स्त्री को पहले अपनी बात रखने का हक देता है। महिलायें इस कदर जागरूक हुई हैं, कि उन्हें यह पता है कि वह अपने बच्चों का भी भविष्य किस तरह बेहतर कर सकती है। समय कितना ही पीछे क्यों न हो, या कितने ही आगे क्यों न निकल जायें, जब तक स्त्री अपने प्रति जागरूक नहीं हो पाती तब तक वह किसी का भी भला नहीं कर सकती। कोई भी महिला समाज का भी भला तभी कर सकती है, जब उसमें आत्मज्ञान या आत्मविश्वास जागता है। रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ जब वह जीवन जीने का तरीका सीख लेती है, तो कोई भला कौन उसे पीछे कर सकता है। आज महिला अकेली ही नहीं है, जो अपना भला कर रही है, या सोच रही है, उसके पीछे समाज के कई लोगों का योगदान भी है, उसे आगे बढ़ाने में। समाज के सहयोग व योगदान से ही आज यह सब सम्भव हुआ है। आज के दौर में मायका पक्ष तो बेटी के साथ रहता ही है, परन्तु ससुराल पक्ष वाले भी अपनी बहुओं का साथ देते हैं, उनकी शिक्षा में, उनकी तरक्की के दौर में, उनके हर फैसले में, उनका साथ हमेशा रहता है। यदि किसी लड़की की पढ़ाई पूरी होने से पूर्व ही शादी हो जाती है, तो उसके ससुराल वाले उसकी पढ़ाई पूर्ण करवाने में उसका सहयोग देते हैं पर यह बात भी तभी लागू होती है, जब स्वयं वह लड़की पढ़ने की इच्छा जाहिर करें। यह भी लड़कियों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता को दर्शाता है।

भारतीय समाज में घरेलू हिंसा एक दीर्घकालिक और जटिल सामाजिक समस्या रही है, जिसका प्रभाव महिलाओं के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और भी गंभीर रूप ले लेती है, जहाँ परंपरागत सामाजिक संरचनाएँ, पितृसत्तात्मक सोच, अशिक्षा, आर्थिक निर्भरता और जागरूकता की कमी महिलाओं को घरेलू हिंसा के विरुद्ध असहाय बना देती है। घरेलू हिंसा महिलाओं के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, जो समाज की प्रगति एवं विकास की प्रक्रिया को भी बाधित करती है। भारतीय समाज, विशेष रूप से ग्रामीण समाज, पितृसत्तात्मक संरचना पर आधारित रहा है, जहाँ पुरुषों को निर्णयात्मक एवं नियंत्रक भूमिका प्राप्त है, जबकि महिलाओं से सहनशीलता, त्याग एवं समर्पण की अपेक्षा की जाती है। इस सामाजिक ढाँचे में घरेलू हिंसा को अक्सर पारिवारिक विषय मानकर अनदेखा कर दिया जाता है। ग्रामीण महिलाएँ सामाजिक दबाव, आर्थिक निर्भरता, अशिक्षा एवं लोक–लज्जा के कारण हिंसा को सहने के लिए विवश रहती हैं।

शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम माना जाता है। शिक्षा

व्यक्ति की सोच, दृष्टिकोण और व्यवहार में परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाती है। यह अध्ययन इस प्रश्न पर केंद्रित है कि क्या और किस प्रकार शिक्षा झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं को घरेलू हिंसा के दुष्चक्र से बाहर निकलने में सहायता करती है।

राजस्थान का झालावाड़ जिला भौगोलिक एवं सामाजिक दृष्टि से ग्रामीण बहुल क्षेत्र है। यहाँ की महिलाओं की सामाजिक स्थिति पारंपरिक मान्यताओं, सीमित शैक्षिक अवसरों एवं आर्थिक संसाधनों की कमी से प्रभावित है। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार माना जाता है, क्योंकि यह व्यक्ति की सोच, दृष्टिकोण एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। महिला शिक्षा न केवल साक्षरता तक सीमित है, बल्कि यह महिलाओं को आत्मसम्मान, अधिकार-बोध एवं निर्णय क्षमता प्रदान करती है। इस अध्ययन में यह समझने का प्रयास किया गया है कि झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं के संदर्भ में शिक्षा किस प्रकार घरेलू हिंसा के स्वरूपों एवं उसकी तीव्रता को प्रभावित करती है।अत: भारतीय समाज में ग्रामीण महिलाओं परघरेलू हिंसा पर शिक्षाके प्रभाव का अध्ययन आज के परिवेश में एक अध्ययन की आवश्यकता हो गयी है।

संबधित साहित्य का पुनरावलोकन

स्वाती शुक्ला (2018) ने अपने शोध पत्र 'रीवा जिले में घरेलू हिंसा-एक समाजशास्त्रीय अध्ययन' भारतीय समाज में हो रही घरेलू हिंसा की घटना एक प्रमुख समस्या इस समस्या के समाधान हेतु सरकार स्वयं प्रयत्नशील है। इस संबंध में अधिक सुविधापूर्वक तरीके से जनमत को जानने हेतु सरकार, देश की उच्च शिक्षित संस्थाओं से सहायता प्राप्त करना चाहती है तथा प्राप्त भी कर रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आदि। इसके अलावा गैर सरकारी संस्थाएँ भी महिलाओं पर रही घरेलू हिंसा के कारणों जैसे पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति, दहेज, वैश्यावृत्ति, कन्या भ्रूण हत्या आदि कारणों के पक्षो को जानने एवं समाधान के लिए सभी पक्षों का विश्लेषण करना होगा।

रितु गुलाठी एवं रश्मि(2018) ने अपने शोध पत्र ग्रामीण महिलाओं पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययनमें लिखा है कि भारत सरकर ने महिलाओं के कल्याण के लिए न जाने कितनी योजनायें पिछले 25 वर्षो में संचालित रखी है जिनमें सैकड़ों करोड़ रूपये खर्च किये जाते हैं। लेकिन इन योजनाओं की जानकारी उन्हें शिक्षित होना जरूरी है। महिलाओं के बहुमुखी विकास के लिए महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। आज समाज में महिलायें तेजी से शिक्षा के क्षेत्र में अपने आपको स्थापित कर रही है हाल ही में विश्वविद्यालय के आंकडे दर्शाते हैं कि लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी उपस्थिति हुई है जिसके कारण समाज में जागरूकता का बढ़ना एवं परम्परावादी सोच का घटना दिखायी पड़ता है। प्रस्तुत लेख में महिलाओं की स्थिति पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

घरेलू हिंसा – घरेलू हिंसा से तात्पर्य परिवार के भीतर महिलाओं पर होने वाले शारीरिक, मानसिक, यौन, आर्थिक और भावनात्मक अत्याचार से है। यह हिंसा केवल शारीरिक मार-पीट तक सीमित नहीं होती, बल्कि अपमान, धामकी, नियंत्रण, आर्थिक शोषण और सामाजिक अलगाव भी इसके प्रमुख रूप हैं। ग्रामीण समाज में घरेलू हिंसा को प्राय: 'घरेलू मामला' मानकर छुपा दिया जाता है, जिससे महिलाओं की पीड़ा अदृश्य बनी रहती है।घरेलू हिंसा परिवार या वैवाहिक संबंधें के भीतर महिलाओं के प्रति होने वाले शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आर्थिक एवं यौन उत्पीड़न से है। यह हिंसा कई रूपों में प्रकट होती है, जैसे मार-पीट, अपमानजनक भाषा, धामकी, आर्थिक नियंत्रण, सामाजिक अलगाव तथा मानसिक दबाव। ग्रामीण समाज में घरेलू हिंसा को अक्सर परंपरा, अनुशासन या पारिवारिक अधिकार के रूप में देखा जाता है, जिससे महिलाओं की पीड़ा अदृश्य बनी रहती है।अशिक्षा एवं जागरूकता की कमी के कारण ग्रामीण महिलाएँ हिंसा और अधिकारों के बीच अंतर नहीं कर पातीं। वे इसे अपने भाग्य या वैवाहिक कर्तव्य के रूप में स्वीकार कर लेती हैं। परिणामस्वरूप, हिंसा की श्रृंखला पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है

शिक्षा – यह सार्वभौम स्वीकार्य तथ्य है कि महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा और विकास के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध है। महिलाओं को शिक्षा और अधिकार दिये बिना कोई समाज खुशहाल नहीं हो सकता। व्यक्ति, परिवार, समुदाय और राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विकास में महिलाओं की शिक्षा एवं साक्षरता का महत्व सभी जगह स्वीकार किया गया है। पिछले एक दशक में एक बड़ा परिवर्तन यह हुआ है कि महिलाओं के लिए समानता हासिल करने के लिये जारी संघर्ष के केन्द्र में महिलाओं की शिक्षा को मान्यता प्रदान की गयी। सन् 2000 तक सबको साक्षर बनाने अर्थात सार्वभौमिक साक्षरता का लक्ष्य हासिल करने का नारा दिया गया है। आजादी के बाद भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में जो तरक्की की है, वह अभूतपूर्व है। भारत के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति अपनायी है। उसमें इन वर्गो खासकर महिलाओं को समान अवसर देने पर बल दिया गया है, जिन्हें अभी तक समानता नहीं मिल पायी थी।

शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार है। इसके माध्यम से ही महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण सम्भव है, महिला आबदी का एक बहुत बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। परिवार एवं समाज की प्रगति का एक बहुत बड़ा आधार महिलाएं ही है। मलिाओं के शिक्षित होने पर ही एक प्रगतिशील समाज का, देश का निर्माण संभव है। ग्रामीण महिलाओं की शिक्षा के विषय में पूर्व में भी कई अध्ययन कार्य हुए हैं, ग्रामीण महिलाओं में विशेषकर युवतियों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की लगन स्पष्टत: दिखायी देती है, परंतु फिर भी समय-समय पर देखने को मिलता है कि भले ही ग्रामीण महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हो, लेकिन समाज के नियमों का दबाव निरन्तर इन पर बना रहता है, तथा उच्च शिक्षा हासिल कर लेने के बाद भी उन पर समाज के नियमों का परमपरागत रूप से पालन करना अनिवार्य समझा जाता है।

शोध के उद्देश्य :

1. झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं में घरेलू हिंसा के स्वरूपों का अध्ययन करना।
2. ग्रामीण महिलाओं के शैक्षिक स्तर का विश्लेषण करना।
3. शिक्षा और घरेलू हिंसा के बीच संबंध का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध-पत्र के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इसमें द्वितीयक आकडों का उपयोग किया गया हैं।

संमकों का संग्रहण – प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अनुसंधान पद्धति का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक आँकड़े प्रश्नावली एवं साक्षात्कार के माध्यम से एकत्र किए गए, जबकि द्वितीयक आँकड़े पुस्तकों, शोध-पत्रों, सरकारी रिपोर्टों एवं सांख्यिकीय दस्तावेजों से प्राप्त

किए गए।

निष्कर्ष

उद्देश्य 01 – झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं में घरेलू हिंसा के स्वरूपों का अध्ययन करना।

झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं में घरेलू हिंसा के स्वरूपों के अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि घरेलू हिंसा एक बहुआयामी, जटिल एवं गहराई तक जड़ें जमाए हुए सामाजिक समस्या है, जो केवल शारीरिक उत्पीड़न तक सीमित न होकर मानसिक, भावनात्मक, आर्थिक तथा सामाजिक हिंसा के विभिन्न रूपों में महिलाओं के दैनिक जीवन को प्रभावित करती है। अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण परिवेश में घरेलू हिंसा को प्राय: पारिवारिक अनुशासन, पति का अधिकार या सामाजिक परंपरा मानकर स्वीकार कर लिया जाता है, जिसके कारण महिलाएँ अपनी पीड़ा को खुलकर व्यक्त नहीं कर पातीं। शारीरिक हिंसा के रूप में मारपीट, धक्का देना, भोजन से वंचित करना तथा उपचार से रोकना जैसी घटनाएँ सामान्य रूप से देखने को मिलीं, जबकि मानसिक एवं भावनात्मक हिंसा जैसे तिरस्कार, अपमानजनक भाषा, धमकी देना, संदेह करना और सामाजिक अलगाव अधिक व्यापक एवं निरंतर पाई गई। आर्थिक हिंसा के अंतर्गत महिलाओं की आय पर नियंत्रण, आवश्यकताओं के लिए धान न देना, संपत्ति से वंचित रखना तथा कार्य करने से रोकना प्रमुख रूप से सामने आए। अध्ययन यह भी दर्शाता है कि अशिक्षा, आर्थिक निर्भरता, पितृसत्तात्मक सोच, दहेज प्रथा, नशाखोरी तथा सामाजिक दबाव घरेलू हिंसा के प्रमुख कारक हैं। ग्रामीण महिलाएँ परिवार की प्रतिष्ठा, बच्चों के भविष्य और सामाजिक भय के कारण हिंसा सहन करने को विवश रहती हैं। अनेक मामलों में महिलाओं को यह भी ज्ञात नहीं होता कि उनके साथ होने वाला व्यवहार हिंसा की श्रेणी में आता है और उसके विरुद्ध कानूनी या सामाजिक सहायता उपलब्ध है। निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि झालावाड़ जिले की ग्रामीण महिलाओं में घरेलू हिंसा के स्वरूप न केवल विविध हैं, बल्कि गहराई से सामाजिक संरचना से जुड़े हुए हैं। इस समस्या के समाधान के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं है, बल्कि महिलाओं में शिक्षा, जागरूकता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक समर्थन को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे हिंसा को नियति मानने के स्थान पर अन्याय के रूप में पहचान सकें और सम्मानपूर्ण जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

उद्देश्य 02 –ग्रामीण महिलाओं के शैक्षिक स्तर का विश्लेषण करना।

ग्रामीण महिलाओं के शैक्षिक स्तर के विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शिक्षा की स्थिति आज भी असमान, सीमित एवं सामाजिक–आर्थिक कारकों से गहराई से प्रभावित है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अधिकांश ग्रामीण महिलाएँ या तो पूर्णत: अशिक्षित हैं अथवा केवल प्राथमिक स्तर तक ही शिक्षा प्राप्त कर पाई हैं, जबकि माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा तक पहुँचने वाली महिलाओं का अनुपात अपेक्षाकृत कम है। इसके प्रमुख कारणों में आर्थिक गरीबी, पारंपरिक सामाजिक मान्यताएँ, बाल विवाह, घरेलू कार्यों का बोझ, विद्यालयों की दूरी तथा बालिकाओं की शिक्षा के प्रति परिवार की उदासीनता प्रमुख रूप से सामने आए हैं। कई परिवारों में आज भी यह धारणा विद्यमान है कि महिला की मुख्य भूमिका गृहस्थी तक सीमित है, इसलिए उसकी शिक्षा को अनावश्यक समझा जाता है। अध्ययन यह भी दर्शाता है कि जिन महिलाओं को शिक्षा का अवसर मिला है, उनमें आत्मविश्वास, निर्णय–निर्माण क्षमता एवं सामाजिक जागरूकता अपेक्षाकृत अधिक पाई गई। शिक्षित महिलाएँ अपने अधिकारों, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा एवं पारिवारिक कल्याण के प्रति अधिक सचेत दिखाई देती हैं। इसके विपरीत, अशिक्षित महिलाओं में सामाजिक निर्भरता, आत्मसंकोच एवं जानकारी के अभाव की स्थिति स्पष्ट रूप से देखी गई। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण महिलाओं का निम्न शैक्षिक स्तर न केवल उनके व्यक्तिगत विकास को बाधित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज के समग्र विकास में भी अवरोधा उत्पन्न करता है। अत: ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करना, विद्यालयीय सुविधाओं का विस्तार करना तथा सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन लाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि ग्रामीण महिलाएँ शिक्षा के माध्यम से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं सम्मानपूर्ण जीवन जी सकें।

उद्देश्य 03– शिक्षा और घरेलू हिंसा के बीच संबंध का अध्ययन करना।

शिक्षा और घरेलू हिंसा के बीच संबंध के अध्ययन से यह निष्कर्ष स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आता है कि शिक्षा महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने तथा उसके विरुद्ध सशक्त रूप से खड़े होने का एक प्रभावी माध्यम है। अध्ययन में यह पाया गया कि जिन महिलाओं का शैक्षिक स्तर निम्न या शून्य है, वे घरेलू हिंसा को अधिक सहन करती हैं और प्राय: उसे अपनी नियति या पारिवारिक दायित्व मानकर स्वीकार कर लेती हैं। इसके विपरीत, शिक्षित महिलाओं में हिंसा के प्रति अस्वीकार्यता, जागरूकता और प्रतिरोध की प्रवृत्ति अधिक पाई गई। शिक्षा महिलाओं को यह समझने में सक्षम बनाती है कि शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या भावनात्मक उत्पीड़न किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और यह उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। अध्ययन से यह भी स्पष्ट हुआ कि शिक्षा महिलाओं में आत्मविश्वास, तर्कशीलता एवं निर्णय–निर्माण क्षमता का विकास करती है, जिससे वे घरेलू हिंसा के विरुद्ध अपनी बात रखने और सहायता प्राप्त करने का साहस जुटा पाती हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा रोजगार एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करती है, जिससे महिलाओं की पारिवारिक निर्भरता कम होती है और वे हिंसा को सहने के लिए बाध्य नहीं रहतीं। शिक्षित महिलाओं के परिवारों में संवाद, पारस्परिक सम्मान और सहयोग की प्रवृत्ति अधिक देखी गई, जिससे हिंसात्मक व्यवहार की संभावना कम होती है। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि शिक्षा और घरेलू हिंसा के बीच नकारात्मक सहसंबंध पाया जाता है, अर्थात् शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ घरेलू हिंसा की तीव्रता एवं आवृत्ति में कमी आती है। इसलिए घरेलू हिंसा की समस्या के समाधान हेतु महिला शिक्षा को प्राथमिकता देना सामाजिक न्याय एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

सुझाव :

1. ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका एवं महिला शिक्षा को अनिवार्य किया जाए।
2. घरेलू हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएँ
3. शिक्षित महिलाओं के लिए स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएँ।
4. विद्यालय स्तर पर लैंगिक समानता और मूल्य शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।
5. पंचायत एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएँ।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. नीरा देसाई (1987), वुमेन इन मॉडर्न इण्डिया, वोरा एण्ड कम्पनी पब्लिशर्स, बाम्बे।
2. पद्मिनी सेन गुप्ता (1996), वुमेन्स वर्कर्स एजूकेशन ऑफ इण्डिया, एशिया पब्लिशिंग हाउस, न्यूयॉर्क।
3. एस0 के0 घोष (1999), वुमेन इन ए चेन्जिंग सोसाइटी, साउथ एशिया बुक्स, नई दिल्ली।
4. राजकिशोर (1999), स्त्री परंपरा और आधुनिकता, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. पी0 एन0 प्रभु (2002), हिन्दू समाज संगठन, पॉपुलर बुक डिपो, बॉम्बे।
6. शर्मा, डॉ एम के (2010), भारतीय समाज में नारी पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
7. डॉ. ममता (2010), घरेलू हिंसा अधिकारों के प्रति जागरूकता प्रो आभा एव आहूजा प्रकाशन, दिल्ली।
8. आशा कौशिक (2011), नारी सशक्तिकरण विमर्श एवं यथार्थ, प्वाइण्टर पब्लिशर्स, जयपुर।
9. रितु गुलाठी एवं रश्मि(2018) 'ग्रामीण महिलाओं पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन' शोध मंथन, (SJIF), UGC No. 40908 ISSN: (P): 0976-5255, (e) : 2454-339X, 142 Available at: http:/ shodhmanthan.anubooks.com/https://doi.org/10.31995/shodhmanthan
10. वर्मा सवालिया बिहारी (2011) – ग्रामीण महिलाओं की स्थिति, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
11. एम.कृष्ण राज (1987) वूमेन एण्ड सोसायटी एन इण्डिया, अजन्ता बुक इंटरनेशनल, दिल्ली।
12. देवी राम इन्दिरा वूमेन एजूकेशन इम्पलाइमेंट : फैमिली लिविंग, ज्ञान पब्लिकेशन हाउस, दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

झालावाड़ जिले के अशासकीय बैंकों की कार्य प्रणाली पर सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. सीमा परवीन खान* मीनाक्षी वर्मा **

* पर्यवेक्षक, मौलाना आजाद विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, मौलाना आजाद विश्वविद्यालय, जोधपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में झालावाड़ जिले कें अशासकीय बैंकों की कार्य प्रणाली पर सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रभाव का अध्ययन पर शोध कार्य किया है। आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था में कोर बैंकिंग प्रणाली, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम, डिजिटल भुगतान एवं प्रबंधान सूचना प्रणाली ने बैंकिंग सेवाओं को अधिक तीव्र, पारदर्शी एवं ग्राहक-केंद्रित बनाया है। इस अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों के आधार पर यह विश्लेषण किया गया है कि ICT के उपयोग से बैंक कर्मचारियों की कार्य-दक्षता, ग्राहकों की संतुष्टि तथा बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अध्ययन के निष्कर्ष यह संकेत करते हैं कि तकनीकी नवाचारों ने अशासकीय बैंकों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सुदृढ़ किया है।

शब्द कुंजी – अशासकीय बैंक, कार्य प्रणाली, डिजिटल बैंकिंग, ग्राहक संतुष्टि, सूचना प्रौद्योगिकी।

प्रस्तावना – बैंक किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा होती है। अर्थव्यवस्था में सन्तुलन और विकास के लिए बैंकों की कार्यप्रणाली सुव्यवस्थित होनी आवश्यक है। विशेष रूप से उदारीकरण और वैश्वीकरण के सन्दर्भ में यह और भी आवश्यक है। अत: भारत में बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों के लिए सरकार ने श्री एम0नरसिम्हन की अध्यक्षता में वर्ष 1991 में एक कमेटी गठित की जिसमें आर्थिक सुधारों की गति तीव्र करने, अर्थव्यवस्था के विकास और बैंकों के कार्यों में पारदर्शिता लाने हेतु सिफारिशें की गईं थीं ताकि बैंकों की उत्पादकता, कुशलता और लाभप्रदता में सुधार लाया जा सके। आज बैंकिंग परिदृश्य बहुत तीव्र गति से परिवर्तित हो रहा है। सम्पूर्ण विश्व में लगभग सभी देशों में बैंक बदलते वातावरण के अनुसार अपनी कार्य प्रणाली, अपने स्वरूप एवं अपने उत्पादों को परिवर्तित करने के लिए अग्रसर है।

भारत एक विकासशील देश है। भारत को विकासशील देश बनाने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में बैंकिंग क्षेत्र का बहुमूल्य योगदान रहा है। बैंकिंग क्षेत्र आज शहर से लेकर गांव तक फैला हुआ है। प्राचीन काल में बैंकिंग क्षेत्र सीमित हुआ करता था एवं इससे जुड़े ग्राहकों की संख्या भी सीमित हुआ करती थी, परंतु आज वर्तमान समय में बैंकिंग क्षेत्र बहुत अधिक विस्तृत हो गया है एवं इससे जुड़ने वाले ग्राहकों की संख्या हजारों से लाखों करोड़ों में पहुंच गयी है। इसलिए बैंकिंग क्षेत्र के समय पर अपने आप को नई-नई तकनीकों से जोड़ना पड़ता है जिससे कि वह ग्राहकों के हित में कार्य कर सकें तथा ग्राहकों को पूर्ण रूप से संतुष्ट कर सकें। इसके लिए आज बैंकों ने कम्प्यूटरीकरण को अपनाया है। आज के दौर में कम्प्यूटर ने बैंकिंग प्रणाली के कार्यों को जटिल से काफी सरल बना दिया है। देशभर के सभी बैंकों द्वारा कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है जिससे कार्य करने की क्षमता में वृद्धि हुई है एवं कार्यों में तीव्रता आई है।

सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी ने वैश्विक स्तर पर बैंकिंग व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया है। पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली जहाँ मैनुअल प्रक्रियाओं, कागजी अभिलेखों एवं सीमित सेवाओं पर आधारित थी, वहीं ICT आधारित बैंकिंग ने सेवाओं को स्वचालित, सुरक्षित एवं समयबद्ध बनाया है। भारत में उदारीकरण के पश्चात् अशासकीय बैंकों ने नवीन तकनीकों को शीघ्रता से अपनाकर अपनी कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया। झालावाड़ जिला, जो एक अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण परिवेश वाला जिला है, वहाँ ICT आधारित बैंकिंग का प्रभाव विशेष रूप से अध्ययन योग्य है।

पूर्व के समय में बैंक कर्मचारियों को बैंक का कार्य स्वयं करना पड़ता था जैसे बैक के लेन-देन का हिसाब लिखना, लेजर पर कार्य करना, बही लेखे करना, वाउचर बनाना, प्रविष्टि करना, बैंक ग्राहकों के लेन-देन का हिसाब रखना, ब्याज लगाना आदि यह सब कार्य पूर्व में बैंक कर्मचारी स्वयं किया करते थे जिसे करने में कर्मचारियों को बहुत अधिक लगता था तथा ग्राहकों को भी घण्टों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। बैंक कर्मचारी अपनी कार्य क्षमता अनुसार कार्य किया करते थे, परन्तु बैंकों का कार्य भार अधिक होता था तथा कर्मचारियों की कार्यक्षमता कम थी जिससे अधिक समय में कम कार्य हो पाता था।बैंकों में कम्प्यूटरीकरण से कर्मचारियों के कार्य संतोष पर कर्मचारियों की आयु, लिंग, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव और प्रतिबल का अनुकूल व प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कई बार बैंकों में इंटरनेट या लाईट की सुविधा ना होने पर कर्मचारियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पडता है जिससे उनकी कार्य संतुष्टि प्रभावित होती है और उनपर प्रतिबल होता है।

झालावाड़ जिला, जो राजस्थान राज्य का एक प्रमुख जिला है, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अग्रणी है। यहाँ की बैंकिंग व्यवस्था में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कई वर्षों से हो रहा है, लेकिन इसके प्रभाव, चुनौतियाँ, जागरूकता और ग्राहक संतुष्टि का मूल्यांकन आवश्यक है। वर्तमान समय में बैकिंग क्षेत्र में ई-बैकिंग के माध्यम से ही बैंकों के सभी कार्य सम्पूर्ण हो रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी का झालावाड़ जिले के शासकीय बैकिंग क्षेत्र में

अति-महत्वपूर्ण स्थान हैं। इसी उद्देश्य को लेकर यह शोध 'झालावाड़ जिले कें अशासकीय बैंकों की कार्य प्रणाली पर सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रभाव का अध्ययन' किया गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी का अर्थ – वर्तमान युग सूचना का युग है। जिसके पास जितनी अधिक जानकारी है, वह उतना ही ज्ञानी है। जो व्यक्ति अपनी जानकारी का जितना सक्षम उपयोग कर सकता है, वह उतना ही अधिक शक्ति सम्पन्न माना जाता है। आधुनिक सूचना क्रान्ति का सूत्रपात प्रसिद्ध वैज्ञानिक आर्थर सी क्लार्क की एक विज्ञान कथा से हुआ है, जिसमें संचार उपग्रह की कल्पना की गयी है। यह अंतरिक्ष अनुसंधान द्वारा उत्पाद है। वास्तव में, यह सूचना क्रान्ति मानव-स्मृति और उसकी सृजन क्षमता की परिचायक है। सूचना के आदान-प्रदान की जो तकनीकें इस शताब्दी में विकसित हुई हैं, उन्होंने सूचना क्षेत्र के अब तक के सारे आविष्कारों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। इन आविष्कारों ने हमारे वैयक्तिक और सामाजिक जीवन को अत्यधिक प्रभावित किया है। अशासकीय बैंकों के लिए इस सूचना क्रान्ति का उपयोग करना समय की मांग है।

यूनेस्कों के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी की परिभाषा – सूचना प्रोद्योगिकी, 'वैज्ञानिक, प्रोद्योगिकीय और इंजीनियरिंग विषय हैं और सूचना की प्रोसेसिंग, उनके अनुपयोगो की प्रबन्ध तकनीके हैं। कम्प्यूटर और उनकी मानव तथा मशीन के साथ अंत: क्रिया एवम् सम्बद्ध सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक विषय हैं।'

बैंकों की कार्यप्रणाली एवं प्रौद्योगिकी – वर्तमान एवं भविष्य में आने वाले समय में बैंकों को इंटरनेट द्वारा वेबसाइट अपने ग्राहकों को अवश्य रूप से सुलभ करानी होगी और अपने लिये आधुनिक तकनीक विकसित करनी होगी। समर्पित मानव संसाधन के साथ-साथ उन्नत सॉफ्टवेयर तकनीक विकसित करनी होगी। इंटरनेट आधारित अनुप्रयोग विकसित करने होंगे। अपने ग्राहकों के लिये सुरक्षा एवं गोपनीयता के कोड विकसित करने होंगे। इंटरनेट अन्तर्राष्ट्रीय जगत में 10 वर्ष पुराना है और भारतीय बैंकिंग भी सन् 2000 के बाद उसी दिशा में अग्रसर है। अन्तत: प्रतिस्पर्धा में चाह रखने वाले हर बैंक को नई सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। जो बैंक चाहे शासकीय हो या अशासकीय, जितनी जल्द हो सकें, वह इसे अपना लेगा तो वह प्रतिस्पर्धा में उतना ही आगे निकल जायेगा। जहां वित्तीय संस्थाएं और अशासकीय क्षेत्र के बैंक अनेक प्रतिस्पर्धी शक्तियां लेकर बाजार में उतर रहे हैं जिनमें अति आधुनिकतम प्रौद्योगिकी और विश्वव्यापीकरण शामिल है, वहीं ग्राहक भी कम लागत पर बेहतर सेवाओं की अपेक्षा करने लगे हैं। इंटरनेट की वेबसाइट ने ग्राहकों को ई-कॉमर्स के युग में पहुंचा दिया है। वेबसाइट की अभूतपूर्व वृद्धि से उपभोक्ताओं के समक्ष हजारों विकल्प हो गये हैं जिनसे वे विविध प्रारूपों में विविध सूचनाएं एकत्रित कर सकते हैं। इन सभी विकल्पों में उपयुक्त माध्यमों का चयन ही ई - कॉमर्स की कुशल व्यवस्था होती है और यह तभी सम्भव है जब हम उपयोग की आवश्यकता का आकलन कर ले। अत: आवश्यकताओं और उपलब्ध साधनों के मध्य सामंजस्य बैठाना परमावश्यक हो जाता है। विश्वव्यापी वेबसाइट तथा इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स के वृहत शरीर रूप में अनेक छिद्र मौजूद हैं जो हजारों कार्य करने, क्रय विक्रय करने, उत्पाद की शोध, बैंकिंग व्यवहार को उपयोग स्तर तक उपलब्ध कराने तथा सम्प्रेषण की पद्धति को परिवर्तित करने की विस्मयकारी सम्भावना को उपलब्ध कराती है। आने वाले समय में डिजिटल हस्ताक्षर तकनीक से साथ भेजे गये इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज में किये गये हेर-फेर का पता लगाया जा सकता है। डिजिटल हस्ताक्षर के साथ भेजे गये दस्तावेज को प्रमाणीकरण क्रिया कहा जाता है। इस प्रकार के हस्ताक्षर से संदेश की गोपनीयता बनी रहती है।

इसी श्रृंखला में आरटीजीएस (Real Time Grass Settlement Method) भारतीय बैंकिंग उद्योग का एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है। भुगतान एवं निपटान पद्धतियों के क्षेत्र में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय - समय पर की गई पहल के रूप में आरटीजीएस पद्धति की भूमिका अहम् है। भारत में आरटीजीएस पद्धति का कार्यान्वयन 26 मार्च, 2004 को मुम्बई में किया गया। भारतीय वित्तीय बाजार में इसका आरम्भ करने से पूर्व भारतीय रिज़र्व बैंक ने इस सॉफ्टवेयर की व्यापक लेखा परीक्षा एवं समीक्षा की एवं वाणिज्य बैंकों में उपयोगकर्ताओं के लिए सघन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। आरटीजीएस एक सॉफ्टवेयर पैकेज हैं जो वित्तीय संस्थाओं के बीच भुगतान करने की ऑन-लाइन सुविधा प्रदान करता है। बैंकों के बीच भुगतान, निर्देशों पर कार्य किया जाता है एवं इन निर्देशों के अलग-अलग आधार पर पूरे दिन निरन्तर निपटान किया जाता है।

बैंकिंग उद्योग इतना जटिल तथा इसका क्षेत्र इतना व्यापक है कि आने वाले 10 वर्षों में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन परिलक्षित होंगे। आधुनिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी की वजह से नये व्यवसायिक क्षेत्र भी खुलेंगे जो चहुँमुखी वृद्धि के प्राप्त अवसर प्रदान करेंगे।

संबधित साहित्य का पुनरावलोकन

दारू, महेश (2015) ने 'Role Of Computerized Accounting In Banking Sector' पर शोध कार्य किया। इन्होंने अपने शोध में पाया कि लेखा प्रणाली को कम्प्यूटरीकृत करने का मुख्य उद्देश्य सेवा वितरण के मानक को ऊपर उठाना है। ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कम्प्यूटरीकृत बैंकिंग प्रणाली एक बेहतर सेवा वितरण, कुशलता और तेजी प्रदान करती है। अपने ग्राहकों के लिए बैंकों द्वारा जो सेवाएं दी जाती हैं वे दूसरी बैंकों से प्रतिस्पर्धा में भी काम आती हैं। बैंक किसी भी प्रबंधान के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च प्रशिक्षित विशेषज्ञों को नियुक्त करता है क्योंकि अप्रत्याशित घटनायें जो बैंकिंग गतिविधियों के सुचारू प्रवाह को बाधित कर सकती हैं, जैसे लगातार बिजली की विफलता से साफ्टवेयर समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, ऐसे में प्रशिक्षित विशेषज्ञ उन्हें सुधार कर कम्प्यूटर द्वारा बैंकों की सेवाओं को बिना किसी बाधा के ग्राहकों को बैंकों से जोड़ देते हैं।

विरदु जॉन (2020) 'The Impact of Information and Communication Technology (ICT) on Rural Banks Management A Case Study of Atiwa-Rural Bank Limited in Ghana' विषय पर शोध कार्य किया। इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण बैंकिंग क्षेत्र में सूचना, संचार और प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के रणनीतिक प्रभाव और घाना में आईसीटी प्रारंभ करने के लाभों का आकलन करना था। तथ्यों का विश्लेषण करने के लिए SPSS और Microsoft Excel का उपयोग किया गया था। अध्ययन से पता चलता है कि ग्रामीण बैंक के पास अपने संचालन का समर्थन करने के लिए वांछित तकनीकों का अभाव है, लेकिन ग्राहकों के प्रतीक्षा समय को सीमित करने, ग्राहकों के साथ तेजी से व्यापार करने के लिए बैंक प्रतिबद्ध हैं। अध्ययन में सुझाव भी दिये कि अतिवा ग्रामीण बैंकों के प्रबंधन को बैंकिंग उद्योग में प्रतिस्पर्धा से बचने में सहायता करने के लिए और अधिक नवीन तकनीकों को सामने लाने का प्रयास करना चाहिए

ताकि कम्प्यूटर द्वारा बैंकों के आर्थिक विकास में उसकी भूमिका का योगदान पहचाना जा सके।

शोध के उद्देश्य :

1. झालावाड़ जिले के अशासकीय बैंकों में प्रयुक्त सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी साधानों का अध्ययन करना।
2. बैंक कर्मचारियों की कार्य प्रणाली पर सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रभाव का विश्लेषण करना।
3. ग्राहकों की संतुष्टि एवं सेवा गुणवत्ता का मूल्यांकन करना।
4. डिजिटल बैंकिंग से संबंधित चुनौतियों की पहचान करना।

परिकल्पनाएँ:

1. सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी के उपयोग से अशासकीय बैंकों की कार्य प्रणाली अधिक प्रभावी हुई है।
2. सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं से ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि हुई है।
3. डिजिटल बैंकिंग से बैंकिंग कार्यों में पारदर्शिता बढ़ी है।

शोध पद्धति – प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध विधि अपनाई गई है। प्राथमिक आँकड़े प्रश्नावली द्वारा कर्मचारियों एवं ग्राहकों से संकलित किए गए। द्वितीयक आँकड़े पुस्तकों, शोध-पत्रों, RBI रिपोर्ट्स एवं बैंक अभिलेखों से प्राप्त किए गए।

शोध प्रविधि – प्रतिशत विश्लेषण एवं तालिकीय प्रस्तुतीकरण का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में 100 ग्राहक एवं 50 बैंक कर्मचारियों का चयन किया गया।

आंकड़ों का विश्लेषण

तालिका 01: बैंक कर्मचारियों की प्रतिक्रियाएँ (N = 50)

क्र.	प्रश्न	हाँ (%)	नहीं (%)
1	सूचना प्रौद्योगिकी से कार्य कुशलता में वृद्धि	96%	04%
2	एटीएम	92%	08%
3	मोबाइल बैंकिंग	66%	34%
4	डिजिटल भुगतान	82%	18%

उपरोक्त तालिका 01 से स्पष्ट है किझालावाड़ जिले के अशासकीय बैंक कर्मचारियों से प्राप्त जानकारी एवं उनके द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं से यह ज्ञात होता है कि सूचना प्रौद्योगिकी से कार्य कुशलता में 96 प्रतिशत वृद्धि हुई है, 92 प्रतिशत ग्राहकों द्वारा एटीएम का उपयोग किया गया है, 66 प्रतिशत मोबाइल बैंकिंग को लेकर ग्राहकों में जागरूकता देखी गई एवं 82 प्रतिशत ग्राहकोंद्वाराबैंकों मेंडिजीटल भुगतान किया जाता है।

तालिका 02: ग्राहकों(खाता धारकों)का संतुष्टि स्तर विश्लेषण (N = 100)

क्र.	सेवायें	संतुष्टि का स्तर	
		हाँ (%)	नहीं (%)
1	एटीएम सेवा	96%	04%
2	इंटरनेट बैंकिंग	83%	27%
3	मोबाइल बैंकिंग	90%	10%
4	UPI & QR Code सेवा	95%	05%
5	ग्राहक सेवा (Helpdesk)	85%	15%

उपरोक्त तालिका 02 से स्पष्ट है किझालावाड़ जिले के अशासकीय बैंकों के ग्राहकों (खाता धारकों) से प्राप्त जानकारिओं से यह ज्ञात होता है कि 96 प्रतिशत ग्राहक एटीएम सेवा से संतुष्ट पाये गये, 83 प्रतिशत ग्राहक इंटरनेट बैंकिंगसे संतुष्ट पाये गये,90 प्रतिशत ग्राहक मोबाइल बैंकिंग से संतुष्ट पाये गये, 95 प्रतिशत ग्राहक UPI & QR Code सेवा से संतुष्टपाये गये और 85 प्रतिशत ग्राहक, ग्राहक सेवा (Helpdesk) से संतुष्ट पाये गये।

निष्कर्ष – इस अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी ने झालावाड़ जिले के अशासकीय बैंकों की कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं ग्राहक-केंद्रित बनाया है। डिजिटल बैंकिंग ने बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है।सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रयोग से लेन-देन की गति में वृद्धि हुई है, त्रुटियों में कमी आई है तथा कर्मचारियों का कार्यभार कम हुआ है। ऋण स्वीकृति, खाता संचालन एवं शिकायत निवारण जैसे कार्य अधिक व्यवस्थित हुए हैं।फिर भी, कुछ चुनौतियाँ जैसे साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता की कमी, एवं तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता निरंतर बनी हुई है।इसलिए, यह आवश्यक है कि सरकार, बैंक प्रबंधान एवं समाज मिलकर सूचना प्रौद्योगिकी को अधिक प्रभावी, सर्वसुलभ और सुरक्षित बनाएं और झालावाड़ जिले के शासकीय बैंकिंगक्षेत्र में भी भविष्य में सूचना प्रौद्योगिकी के विकास से बैंकिंग क्षेत्र में नए प्रयोग होगें। भविष्य में भी सूचना प्रौद्योगिकी आवश्यकता बनी रहेगी।

सुझाव :

1. प्रत्येक शाखा में आई.टी. हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए।
2. ग्राहकों के लिए डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किए जाएं।
3. कर्मचारियों को हर 6 महीने में आई.टी. आधारित प्रशिक्षण दिया जाए।
4. नियमित ICT प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
5. साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।
6. ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाई जाए।
7. नवीन तकनीकों को चरणबद्ध रूप से लागू किया जाए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. Bank Quest
2. Reserve Bank of India – Annual Reports
3. Banking Technology related Journals
4. ICT and Banking – Research Articles
5. ICT frameworks and performance in the banking sector Int. J. Bank. Res., 14 (2) (2022), pp. 88-102
6. Margaret Rouse (2005) ICT (Information and Communications Technology). http://searchcio. techtarget.com/definition/ICT-information-and-communications-t echnology-or-technologies
7. https://en.wikipedia.org/wiki/Information_technology
8. Ekwonwune, E. and Dike, J. (2006) The Role of Information Technology in the Employment Generation Using UBA as a Case. An Unpublished MSC Thesis, Department of Computer Science, Imo State University, Owerri.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Unlawful Police Detention in India: A Critical Analysis of the CrPC, 1973 and BNSS, 2023

Nikhil Shrivastava* **Dr. Ratan Singh Tomar****

***Research Scholar, Maharaja Chhatarsal Bundelkhand University, Chhatarpur (M.P.) INDIA**
****Assistant Professor, Pt. Motilal Nehru Law College Chhatarpur (M.P.) INDIA**

Abstract: Unlawful detention by police continues to undermine constitutional guarantees of liberty in India. Despite safeguards under the Code of Criminal Procedure, 1973 (CrPC), arbitrary arrests and custodial excesses persist. The Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 (BNSS), which replaces the CrPC, introduces procedural refinements but raises questions about substantive reform. This paper critically analyses the continuities and departures between the CrPC and BNSS, focusing on police powers of arrest and detention, judicial oversight, and accountability mechanisms. Drawing on constitutional jurisprudence, statutory provisions, and international standards, it argues that while BNSS modernises procedure, systemic reforms in police accountability and judicial review remain indispensable.
Keywords: unlawful detention, police powers, CrPC, BNSS, custodial rights, judicial oversight.

Introduction - Unlawful detention by police represents a persistent challenge to India's criminal justice system. The constitutional guarantee of personal liberty under Article 21 is compromised when police powers of arrest are exercised arbitrarily. The CrPC, 1973, codified procedural safeguards, yet misuse remains endemic. The BNSS, 2023, seeks to modernise criminal procedure, but its effectiveness in curbing unlawful detention requires critical evaluation. The replacement of the Code of Criminal Procedure, 1973 ('CrPC') by the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 ('BNSS') marks a significant development in India's criminal justice system. The stated objectives of the BNSS include expediting trials, leveraging technology, and enhancing procedural transparency. This article examines whether these reforms meaningfully strengthen safeguards against unlawful detention or merely restate existing protections without addressing enforcement failures.

Conceptual Framework of Unlawful Detention: Unlawful detention refers to deprivation of liberty without lawful authority or due process.[1] Constitutional safeguards under Articles 21 and 22 prohibit arbitrary arrest, while India's obligations under the ICCPR reinforce this prohibition.[2] Indian courts have consistently held that even brief illegal detention constitutes a violation of Article 21 of the Constitution.[3] The concept extends beyond formal legality to include arbitrariness, unfairness, and lack of proportionality in the exercise of police power.

Police Powers under the CrPC, 1973: Sections 41–44 CrPC empower police to arrest without warrant under specified circumstances.[4] Section 57 mandates production before a magistrate within 24 hours. Judicial interpretation, notably in *DK Basu v State of West Bengal*, underscored procedural safeguards against custodial abuse.[5] Despite codification, misuse of arrest powers remains rampant, disproportionately affecting marginalised communities.

The BNSS, 2023: Continuities and Departures: The BNSS retains much of the CrPC framework but introduces refinements in documentation and digital processes.[6] It enhances provisions for informing the arrested person of rights, including access to legal aid.[7] However, it lacks robust accountability mechanisms for police misconduct. Comparative analysis reveals alignment with global trends of digitisation but insufficient embedding of independent oversight.

A. Retention of Core Safeguards: The BNSS largely retains the CrPC framework:

1. Section 35 BNSS corresponds to Section 41 CrPC,
2. Section 47 BNSS mirrors Section 50 CrPC,
3. Section 58 BNSS replaces Section 57 CrPC,
4. Section 187 BNSS replaces Section 167 CrPC.

The twenty-four-hour rule and magistrate oversight remain intact.

B. Procedural and Technological Reforms: The BNSS introduces:

1. Electronic transmission of arrest and remand documents,
2. Audio-video production of accused persons before magistrates,
3. Digital maintenance of arrest records.

While these measures enhance efficiency and transparency, they do not create new substantive rights nor impose penalties for illegal detention.

C. Limitations of BNSS Reforms: The BNSS does not:

1. Codify a right to compensation for unlawful detention,
2. Provide independent oversight over police detention practices,
3. Prescribe penal consequences for violation of arrest safeguards.

As a result, unlawful detention persists as an institutional practice rather than a procedural aberration.

Judicial Oversight and Remedies: The writ of habeas corpus under Articles 226 and 32 remains a vital remedy against unlawful detention.[8] Courts have awarded compensation for custodial violations, as in *Nilabati Behera v State of Orissa*.[9] Yet judicial remedies are reactive rather than preventive, contingent on individual litigation.

Role of Legal Aid and Civil Society: The Legal Services Authorities Act, 1987, provides for free legal aid,[10]but implementation is uneven. Civil society organisations play a crucial role in documenting and challenging unlawful detention. Institutional strengthening of legal aid and independent monitoring bodies is essential to curb systemic abuse.

Recommendations:

1. Establish independent police complaints authorities with binding powers.
2. Mandate automatic judicial scrutiny of detentions beyond 24 hours.
3. Institutionalise early access to counsel through strengthened legal aid.
4. Train police in human rights and procedural safeguards.
5. Use technology for real-time monitoring of arrests and detentions.

